कहत नशाइ होइ अति नीकी। रीझत राम जानि जन जीकी॥
रहत न प्रभुचित चूक कियेकी। करत सुरति सौ बार हियेकी॥
जेंहि अघ बधेउ ब्याध जिमि बाली। फिरि सुकंठ सोइ कीन्ह कुचाली॥

सोइ करतूति विभीषन केरी। सपनेउ सो न राम हियँ हेरी॥
ते भरतहि भेंटत सनमानें। राजसभा रघुराज बषानें॥

दोहा

प्रभु तरु तर कपि डार पर ते किय आपु समान।
तुलसी कहूँ न राम से साहिब सीलनिधान॥
राम निकाई रावरी है सबही को नीक।
जो यह सांची है सदा तौ नीको तुलसी क॥
यहि विधि निज गुन दोष कहि सबहिँ बहुरि सिरु नाय।
बरनउं रघुबर विशदजसु सुनि कलिकलुष नसाय॥

चौपाई

याग़वल्क्य जो कथा सुहाई। भरद्वाज मुनिवरहिं सुनाई॥
कहिहौं सोइ संवाद बषानी। सुनहु सकल सज्जन सुषु मानी॥
संभु कीन्ह यह चरित सुहावा। बहुरि कृपा करि उमहिं सुनावा॥
सो शिव कागभुशुण्डिहि दीन्हा। रामभगति-अधिकारी चीन्हा॥
तेहि सन यागवल्क्य मुनि पावा। तिन पुनि भरद्वाज प्रति गावा॥
ते बकता श्रोताबकता सम शीला। समदरशी जानहिँ हरिलीला॥
जानहि तीनिकाल निज ग्याना। करतलगत आमलक समाना॥
औरौ जे हरिभगत सुजाना। कहहिं सुनहिंसमुझहिं विधिनाना॥

दोहा

मैं पुनि निज गुरु सन सुनी कथा सु सूकरषेत।
समुझी नहिं तसि बालपन तब अति रहेउँ अचेत॥
स्रोता बकता ग्याननिधि कथा, राम कै गूढ़।
किमि समुझै यह जीव जड़ कलिमलग्रसित विमूढ़॥

चौपाई

तदपि कही गुर बारहिं बारा। समुझि परी कछु मति अनुसारा॥
भाषावद्ध करब मैं सोई। मोरे मन प्रबोध जेहि होई॥
जस कछु बुधि विवेक बल मेरे। तस कहिहौं हियँ हरिके प्रेरे॥
निज संदेह मोह भ्रम हरनी। करौं कथा भवसरितातरनी॥

बुध विश्राम सकलजनरंजनि। रामकथा कलिकलुषविभंजनि ॥
रामकथा कलिपन्नगभरनी। पुनि विवेकपावक कहुँ अरनी ॥
राम कथा कलिकामद गाई। सुजन सजीवनिमूरि सुहाई ॥
सोइ वसुधातल सुधातरंगिनि। भयभंजनि भ्रमभेकभुअंगिनि ॥
असुरसेन सम नरकनिकंदिनि। साधु विबुध कुलहित गिरिनंदिनि ॥
सन्तसमाजपयोधि रमा सी। विश्वभारभर अचल छमा सी ॥
जमगनमुहँमसि जग जमुनासी। जीवनमुकुति हेतु जनु कासी ॥
रामहिं प्रिय पावनि तुलसी सी। तुलसिदास-हित हिय हुलसी सी ॥
शिवप्रिय मेकलसैलसुतासी। सकल सिद्धि सुखसम्पतिरासी ॥
सद्गुन सुरगन अंब अदिति सी। रघुवरभगत प्रेमपरमिति सी ॥

दोहा

रामकथा मंदाकिनी चित्रकूट चित चारु।
तुलसी सुभग सनेहबन सियरघुवीरविहारु ॥

चौपाई

रामचरित चिंतामनि चारू। संतसुमति तिअ सुभग सिंगारू ॥
जग मंगल गुन ग्राम राम के। दानि मुकुति धन धरम धाम के ॥
सद्गुर ग्यान विराग जोग के। विबुध बैद भवभीमरोग के ॥
जननि जनक सियरामपेम के। बीज सकल ब्रत धरम नेम के ॥
समन पाप संताप सोक के। प्रिय पालक परलोक लोक के ॥
सचिव सुभट भूपति विचार के। कुंभज लोभउदधि अपार के ॥
काम कोह कलिमल करिगन के। केहरिसावक जनमन बन के ॥
अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के। कामद घन दारिद दवारि के ॥
मंत्र महामनि विषयव्याल के। मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥
हरन मोहतम दिनकरकर से। सेवकसालिपाल जलधर से ॥
अभिमत दानि देवतरुवर से। सेवत सुलभ सुखद हरि हर से ॥
सुकवि सरद नभ मन उडगन से। रामभगत जन जीवनधर से ॥
सकल सुकृत फल भूरिभोगसे। जगहित निरुपधि साधु लोग से ॥
सेवकमनमानस मराल से। पावन गंगतरंगमाल से ॥

दोहा

कुपथ कुतरक कुचाल कलि कपटदंभ पाषंड ।
दहन रामगुनग्राम जिमि इंधन अनल प्रचंड ॥
रामचरित राकेसकर सरिस सुपद सब काहु ।
सज्जनकुमुद चकोर चित हित बिसेषि बड़लाहु ॥

चौपाई

कीन्ह प्रश्न जेहि भांति भवानी । जेहिबिधि शंकर कहा बषानी ॥
सो सब हेतु कहब मैं गाई । कथा प्रबंध बिचित्र बनाई ॥
जेहि यह कथा सुनी नहि होई । जनि आचरज करैं सुनि सोई ॥
कथा अलौकिक सुनहिं जे ग्यानी । नहिं आचरज करहिं अस जानी ॥
राम कथा के मिति जग नाहीं । अस प्रतीति तिनके मनमाहीं ॥
नाना भांति रामअवतारा । रामायन सतकोटि अपारा ॥
कलपभेद हरिचरित सुहाये । भांति अनेक मुनीसन्ह गाये ॥
करिय न संसय अस उर आनी । सुनिअ कथा सादर रति मानी ॥

दोहा

राम अनंत अनंतगुन अमित कथा बिस्तार ।
सुनि आचरजु न मानिहहिं जिनके बिमल बिचार ॥

चौपाई

येहिबिधि सब संसय करि दूरी । सिरधरि गुरपदपंकजधूरी ॥
पुनि सबही बिनवौं कर जोरी । करत कथा जेहि लागु न षोरी ॥
सादर शिवहिं नाइ अब माथा । बरनउं बिसद रामगुनगाथा ॥
संबत सोरह सै इकतीसा । करौं कथा हरिपद धरि सीसा ॥
नौमी भौमवार मधु मासा । अवधपुरी यह चरित प्रकासा ॥
जेहि दिन रामजनम श्रुति गावहिं । तीरथ सकल तहां चलि आवहिं ॥
असुर नाग षग नर मुनि देवा । आय करहिं रघुनायकसेवा ॥
जन्ममहोत्सव रचहिं सुजाना । करहिं रामकलकीरति गाना ॥

दोहा

मज्जहिं सज्जनवृन्द बहु पावन सरजूनीर ।

जपहिं राम धरि ध्यान उर सुंदर स्याम सरीर ॥

चौपाई

दरस परस मज्जन अरु पाना । हरैं पाप कह वेद पुराना ॥
नदी पुनीत अमित महिमा अति । कहि न सकै सारदा विमलमति ॥
रामधामदा पुरी सुहावनि । लोक समस्त विदित जगपावनि ॥
चारि षानि जगजीव अपारा । अवध तजे तनु नहिं संसारा ॥
सब विधि पुरी मनोहर जानी । सकलसिद्धिप्रद मंगलषानी ॥
विमल कथा कर कीन्ह अरंभा । सुनत नसाहिं काममददंभा ॥
रामचरितमानस यहि नामा । सुनत श्रवन पाइय विश्रामा ॥
मनकर विषय अनल बन जरई । होइ सुषी जो यहि सर परई ॥
रामचरितमानस मुनिभावन । बिरचेउ संभु सुहावन पावन ॥
त्रिविधदोषदुषदारिद दावन । कलिकुचाल कलिकलुषनसावन ॥
रचि महेस निज मानस राषा । पाइ सुसमउ सिवा सन भाषा ॥
ताते रामचरितमानस वर । धरेउ नाम हिअ हेरि हरषि हर ॥
कहौं कथा सोइ सुषद सुहाई । सादर सुनहु सुजन मन लाई ॥

दोहा

जस मानस जेहि विधि भयो जग प्रचार जेहि हेतु ।
अब सोइ कहौं प्रसंग सब सुमिरि उमा वृषकेतु ॥

चौपाई

संभुप्रसाद सुमति हिअ हुलसी । राम चरितमानस कवि तुलसी ॥
करइ मनोहर मति अनुहारी । सुजन सुचित सुनि लेहु सुधारी ॥
सुमति भूमिथल हृदय अगाधू । वेद पुरान उदधि घन साधू ॥
वर्षहिं राम सुजस वर वारी । मधुर मनोहर मंगलकारी ॥
लीलासगुन जो कहहिं बषानी । सोइ स्वच्छता करै मलहानी ॥
प्रेम भगति जो बरनि न जाई । सोइ मधुरता सुसीतलताई ॥
सो जल सुकृतसालि हित होई । रामभगति जन जीवन सोई ॥
मेधा महिगत सो जल पावन । सकिलि श्रीवणमगु चलेउ सुहावन ॥
भरेउ सुमानस सुथल थिराना । सुषद सीत रुचि चारु चिराना ॥

दोहा

सुठि सुन्दर संबादवर बिरचेउ बुद्धि बिचारि।
तेई यहि पावन सुभग सर घाट मनोहर चारि॥

चौपाई

सप्त प्रबंध सुभग सोपाना। ग्याननयन निरषत मनमाना॥
रघुपतिमहिमा अगुन अबाधा। बरनब सोइ बरवारि अगाधा॥
रामसीयजस सलिल सुधासम। उपमा बीचिविलास मनोरम॥
पुरइनि सघन चारु चौपाई। जुगुति मंजु मनि सीप सुहाई॥
छन्द सोरठा सुंदर दोहा। सोइ बहुरंग कमलकुल सोहा॥
अरथ अनूप सुभाव सुभासा। सोइ पराग मकरन्द सुबासा॥
सुकृतपुंज मंजुल अलिमाला। ग्यान बिराग बिचार मराला॥
धुनि अवरेव कबित गुनजाती। मीन मनोहर ते बहु भांती॥
अर्थ धर्म कामादिक चारी। कहब ग्यान बिग्यान बिचारी॥
नवरस जपतप जोग बिरागा। ते सब जलचर चारु तड़ागा॥
सुकृती साधु नाम गुनगाना। ते बिचित्र जलविहँग समाना॥
सन्तसभा चहुँदिसि अँबराई। श्रद्धा रितु वसंत सम गाई॥
भगति निरूपन विविध विधाना। छमा दया दम लता विताना॥
सम यम नियम फूलफल ग्याना। हरिपद रस बर वेद बषाना॥
औरौ कथा अनेक प्रसंगा। तेइ सुक पिक बहु बरन विहंगा॥

दोहा

पुलक वाटिका बागवन सुष सुविहंग विहारु।
माली सुमन सनेहजल सींचत लोचन चारु॥

चौपाई

जे गावहिं यह चरित सँभारे। तेइ यहि ताल चतुर रषवारे॥
सदा सुनहिं सादर नर नारी। ते सुरवर मानस अधिकारी॥
अतिषल जे विषयी बक कागा। यहिसरनिकट न जाहिं अभागा॥
संबुक भेक सिवार समाना। इहां न विषयकथारस नाना॥
तेहि कारन आवत हिअंहारे। कामी काक बलाक बिचारे॥

आवत यहि सर अति कठिनाई । रामकृपा बिनु आइ न जाई ॥
कठिन कुसंग कुपंथ कराला । तिन के बचन बाघ हरि ब्याला ॥
गृहकारज नाना जंजाला । तेइ अतिदुर्गम सैल बिसाला ॥
बन बहु विषय मोह मदमाना । नदी कुतर्क भयंकर नाना ॥

दोहा

जे श्रद्धासंबल रहित नहिं संतन्ह कर साथ ।
तिनकहँ मानस अगम अति जिनहिं न प्रिय रघुनाथ ॥

चौपाई

जो करि कष्ट जाइ पुनि कोई । जातहिं नींद जुड़ाई होई ॥
जड़ता जाड़ विषम उर लागा । गयहु न मज्जन पाव अभागा ॥
करि न जाइ सर मज्जन पाना । फिरि आवहिं समेत अभिमाना ॥
जो बहोरि कोउ पूछन आवा । सर निंदा करि ताहि बुझावा ॥
सकल विघ्न व्यापहिं नहिं तेही । राम सुकृपा बिलोकहिं जेही ॥
सोइ सादर सर मज्जन करई । महाघोर त्रयताप न जरई ॥
ते नर यह सर तजहिं न काऊ । जिन्ह के रामचरण भलभाऊ ॥
जो नहाइ चह यहि सर भाई । सो सतसंग करै मन लाई ॥
अस मानस मानसचष चाही । भइ कविबुद्धि विमल अवगाही ॥
भयो हृदय आनंद उछाहू । उमगेउ प्रेम प्रमोद प्रबाहू ॥
चली सुभग कविता सरिता सो । राम विमलयश जलभरिता सो ॥
सरजू नाम सुमंगल मूला । लोक वेद मत मंजुल कूला ॥
नदी पुनीत सुमानसनंदिनि । कलिमलत्रिनतरुमूलनिकंदिनि ॥

दोहा

श्रोता त्रिविध समाजपुर ग्रामनगर दुहुंकूल ।
सन्तसभा अनुपम अवध सकल सुमंगल मूल ॥

चौपाई

रामभगति सुरसरितहिं जाई । मिली सुकीरति सरजु सुहाई ॥
सानुज राम समर जस पावन । मिलेउ महानदु सोन सुहावन ॥
जुग बिच भगति देवधुनिधारा । सोहति सहित सुविरति बिचारा ॥

त्रिविध ताप त्रासक त्रिमुहानी । रामसरूप सिंधु समुहानी ॥
मानस मूल मिली सुरसरिही । सुनत सुजनमन पावन करहीं ॥
बिच बिच कथा विचित्र विभागा । जनु सरितीर तीरवनु बागा ॥
उमा महेस विवाह बराती । ते जलचर अगनित बहु भाँती ॥
रघुबर जनम अनंद बधाई । भँवर तरंग मनोहरताई ॥

दोहा

बालचरित चहुँ बंधुके वनज विपुल बहुरंग ।
नृप रानी परिजन सुकृत मधुकर वारिविहंग ॥

चौपाई

सीयस्वयंवर कथा सुहाई । सरित सुहावनि सो छवि छाई ॥
नदी नाव पटु प्रश्न अनेका । केवट कुसल उतर सविवेका ।
सुनि अनुकथन परस्पर होई । पथिकसमाज सोह सरि सोई ॥
घोर धार भृगुनाथ रिसानी । घाट सुबद्ध रामबरबानी ॥
सानुज रामविवाह उछाहू । सो सुभ उमग सुषद सबकाहू ॥
कहत सुनत पुलकत हरषाहीं । ते सुकृती मन मुदित नहाहीं ॥
राम तिलकहित मंगल साजा । परब जोग जनु जुरे समाजा ॥
काई कुमति केकयी केरी । परी जासु फल विपति घनेरी ॥

दोहा

समन अमित उतपात सब भरत चरित जपयाग ।
कलिअघ षलअवगुनकथन ते जलमल बक काग ॥

चौपाई

कीरति सरित छहूं ऋतु रूरी । समय सुहावनि पावनि भूरी ॥
हिम हिमसैलसुता सिवब्याहू । सिसिरसुषद प्रभुजनमउछाहू ॥
बरनब राम विवाह समाजू । सो मुदमंगलमय रितुराजू ॥
ग्रीषम दुसह रामवनगवनू । पंथकथा षर आतप पवनू ॥
वर्षा घोर निसाचररारी । सुरकुलसालि सुमंगलकारी ॥
रामराजसुष विनय बड़ाई । विसद सुषद सोइ सरद सुहाई ॥
सतीसिरोमनिसिय गुनगाथा । सोइ गुन अमल अनूपम पाथा ॥

भरत सुभाउ सुसीतलताई। सदा एकरस बरनि न जाई॥

दोहा

अवलोकनि बोलनि मिलनि प्रीति परसपरहास।
भायप भलि चहुँ बंधु की जलमाधुरी सुबास॥

चौपाई

आरति विनय दीनता मोरी। लघुता ललित सुवारि न थोरी॥
अद्भुत सलिल सुनत सुषकारी। आस पियास मनोमलहारी॥
राम सुप्रेमहिं पोषत पानी। हरत सकल कलिकलुषगलानी॥
भवस्रमसोषक तोषक तोषा। शमन दुरित दुष दारिद दोषा॥
काम क्रोध मद मोह नसावन। विमल विवेक विराग बढ़ावन॥
सादर मज्जन पान किये ते। मिटत पाप परिताप हिये ते॥
जिन यहि वारि न मानस धोये। ते कायर कलिकाल विगोये॥
तृषित निरषि रविकरभववारी। फिरहहिं मृग जिमि जीवदुषारी॥

दोहा

मति अनुहारि सुवारिगुनगन गनि मन अन्हवाइ।
सुमिरि भवानी संकरहि कह कवि कथा सुहाइ॥

रामब्याह

चौपाई

चले राम लछिमन मुनि संगा। गये जहां जगपावनि गंगा॥
गाधिसूनु सब कथा सुनाई। जेहि प्रकार सुरसरि महि आई॥
तव प्रभु ऋषिन्ह समेत नहाये। विविधदान महिदेवन पाये॥
हरषि चले मुनिवृंद सहाया। वेगि विदेहनगर नियराया॥
पुररम्यता राम जब देषी। हरषे अनुज समेत विशेषी॥
बापी कूप सरित सर नाना। सलिल सुधासम मनिसोपाना॥
गुंजत मंजु मत्त रस भृंगा। कूजत कल बहु वरन विहंगा॥
बरन वरन विकसे वनजाता। त्रिविधि समीर सदा सुषदाता॥

दोहा

सुमन वाटिका बाग बन विपुल विहंगनिवास ।
फूलत फलत सुपल्लवित सोहत पुर चहुं पास ॥

चौपाई

बनै न बरनत नगरनिकाई । जहां जाइ मन तहइं लुभाई ॥
चारु बजार विचित्र अंबारी । मनिमय विधि जनु स्वकर सँवारी॥
धनिक वनिक वर धनद समाना । वैठे सकल वस्तु लिये नाना ॥
चौहट सुन्दर गली सुहाई । संतत रहहिं सुगंध सिंचाई ॥
मंगलमय मंदिर सब केरे । चित्रित जनु रतिनाथ चितेरे ॥
पुर नर नारि सुभग सुचि संता । धर्मसील ज्ञानी गुनवंता ॥
अति अनूप जहँ जनकनिवासू । विथकहिं विबुध विलोकि विलासू॥
होत चकित चित कोट विलोकी । सकलभुवन सोभा जनु रोकी ॥

दोहा

धवल धाम मनि पुरटपट सुघटित नाना भांति ।
सियनिवास सुन्दरसदन सोभा किमि कहि जाति ॥

चौपाई

सुभग द्वार सब कुलिसकपाटा । भूप भीर नट मागध भाटा ॥
बनी विसाल वाजिगजसाला । हयगजरथ संकुल सब काला ॥
सूर सचिव सेनप बहुतेरे । नृपगृह सरिस सदन सब केरे ॥
पुरबाहिर सर सरित समीपा । उतरे जहँ तहँ विपुल महीपा ॥
देषि अनूप एक अमराई । सब सुपास सब भांति सुहाई ॥
कौसिक कहेउ मोर मन माना । यहां रहिय रघुवीर सुजाना ॥
भलेहि नाथ कहि कृपानिकेता । उतरे तहँ मुनिबृंद समेता ॥
विश्वामित्र महामुनि आये । समाचार मिथिलापति पाये ॥

दोहा

संग सचिव सुचि भूरि भट भूसुर वर गुरु ज्ञाति ।
चले मिलन मुनिनायकहि मुदित राउ यहि भांति ॥

चौपाई

कीन्ह प्रनाम चरन धरि माथा। दीन्ह असीस मुदित मुनिनाथा॥
विप्रवृंद सब सादर बंदे। जानि भाग्य बडि राउ अनंदे॥
कुसलप्रश्न कहि बारहिं बारा। विश्वामित्र राउ बैठारा॥
तेहि अवसर आये दोउ भाई। गये रहे देखन फुलवाई॥
स्याम गौर मृदु वयस किसोरा। लोचन सुखद विश्वचितचोरा॥
उठे सकल जब रघुपति आये। विश्वामित्र निकट बैठाये॥
भे सब सुषी देषि दोउ भ्राता। वारि विलोचन पुलकित गाता॥
मूरति मधुर मनोहर देषी। भये विदेह विदेह विशेषी॥

दोहा

प्रेममगन मन जानि नृप करि विवेक मतिधीर।
बोलेउ मुनिपद नाइ सिर गदगद गिरा गंभीर॥

चौपाई

कहहु नाथ सुन्दर दोउ बालक। मुनिकुलतिलक कि नृपकुलपालक॥
ब्रह्म जो निगम नेति कहि गावा। उभय वेष धरि सोइ कि आवा॥
सहज विरागरूपमन मोरा। थकित होत जिमि चंद्र चकोरा॥
ताते प्रभु पूछौं सतिभाऊ। कहहु नाथ जनि करहु दुराऊ॥
इनहिं विलोकत अति अनुरागा। बरबस ब्रह्मसुषहिं मन त्यागा॥
कह मुनि विहँसि कहेहु नृपनीका। वचन तुम्हार कि होइ अलीका॥
ये प्रिय सबहिं जहां लगि प्रानी। मन मुसुकाहिं राम सुनि बानी॥
रघुकुलमनि दसरथ के जाये। मम हित लागि नरेस पठाये॥

दोहा

राम लषन दोउ बन्धुवर रूप शील बलधाम।
मष राषेउ सब साषि जग जीति असुर संग्राम॥

चौपाई

मुनि तव चरन देषि कह राऊ। कहि न सकौं निज पुन्य प्रभाऊ॥
सुन्दर स्याम गौर दोउ भ्राता। आनंदहु के आनँददाता॥
इनकी प्रीति परस्पर पावनि। कहि न जाय मन भाव सुहावनि॥

सुनहु नाथ कह मुदित विदेहू। ब्रह्म जीव इव सहज सनेहू॥
पुनि पुनि प्रभुहि चितव नरनाहू। पुलकगात उर अधिक उछाहू॥
मुनिहि प्रसंसि नाइ पद सीसू। चले लिवाय नगर अवनीसू॥
सुंदर सदन सुषद सब काला। तहां बास लै दीन्ह भुआला॥
करि पूजा सब विधि सेवकाई। गयउ राउ गृह बिदा कराई॥

दोहा

ऋषय संग रघुवंशमनि करि भोजन विश्राम।
बैठे प्रभु भ्राता सहित दिवस रहा भरि जाम॥

चौपाई

लषनहृदय लालसा विशेषी। जाय जनकपुर आइय देषी॥
प्रभुभय बहुरि मुनिहिं सकुचाहीं। प्रकट न कहहिं मनहिं मुसुकाहीं॥
राम अनुजमन की गति जानी। भगतबछलता हिय हुलसानी॥
परम विनीत सकुचि मुसुकाई। बोले गुरुअनुसासन पाई॥
नाथ लषन पुर देखन चहहीं। प्रभु सकोच डर प्रकट न कहहीं॥
जो राउर आयस मैं पाऊं। नगर दिषाय तुरत लै आऊं॥
सुनि मुनीस कह वचन सप्रीती। कस न राम तुम राषहु नीती॥
धर्मसेतुपालक तुम ताता। प्रेमविवस सेवकसुषदाता॥

दोहा

जाइ देषि आवहु नगर सुषनिधान दोउ भाइ।
करहु सफल सबके नयन सुन्दर वदन दिखाइ॥

चौपाई

मुनिपदकमल बंदि दोउ भ्राता। चले लोकलोचनसुष दाता॥
बालक वृंद देषि अति सोभा। लगे संग लोचन मनु लोभा॥
पीत बसन परिकर कटि भाथा। चारु चाप सर सोहत हाथा॥
तनु अनुहरत सुचन्दन षोरी। श्यामल गौर मनोहर जोरी॥
केहरि कंधर बाहु बिसाला। उर अति रुचिर नागमनिमाला॥
सुभग श्रौन सरसीरुह लोचन। वदनमयंक तापत्रयमोचन॥
कानन्हि कनकफूल छवि देही। चितवत चितै चोरि चित लेहीं॥

चितवनि चारु भृकुटिवर बाँकी। तिलकरेष सोभा जनु चाँकी॥

दोहा

रुचिर चौतनी सुभग सिर मेचक कुंचित केस।
नष सिष सुन्दर बंधु दोउ सोभा सकल सुदेस॥

चौपाई

देषन नगर भूपसुत आये। समाचार पुरवासिन्ह पाये॥
धाये धाम काम सब त्यागा। मनहुं रंक निधि लूटन लागा॥
निरषि सहज सुन्दर दोउ भाई। होहिं सुषी लोचन फल पाई॥
जुवती भवन झरोखनि लागी। निरषहिं रामरूप अनुरागी॥
कहहिं परस्पर बचन सप्रीती। सषि इन कोटि काम छबि जीती॥
सुर नर असुर नाग मुनि माहीं। सोभा असिकहुं सुनियत नाहीं॥
विष्णु चारिभुज बिधि मुष चारी। बिकट वेष मुष पंच पुरारी॥
अपर देव अस को जग आही। यहि छबि सषि पटतरिये जाही॥

दोहा

वय किसोर सुषमासदन स्याम गौर सुषधाम।
अंग अग पर वारिये कोटि कोटि सत काम॥

चौपाई

कहहु सषी अस को तनुधारी। जो न मोह यह रूप निहारी॥
कोउ सप्रेम योली मृदु वानी। जो मैं सुना सो सुनहु सयानी॥
ये दोऊ दसरथ के ढोटा। बाल मरालन के कल जोटा॥
मुनिकौसिक मष के रषवारे। जिन रनअजिर निसाचार मारे॥
स्यामगात कलकञ्ज विलोचन। जोमारीच सुभुजमदमोचन॥
कौसल्यासुत सो सुषषानी। नामु रामु धनु सायक पानी॥
गौर किसोर वेष वर काछे। कर शर चाप राम के पाछे॥
लछिमनु नामु राम लघुभ्राता। सुनु सषि तासु सुमित्रा माता॥

दोहा

विप्रकाज करि बन्धु दोउ मग मुनिबधू उधारि।
आये देषन चापमष सुनि हरषीं सब नारि॥

चौपाई

देषि रामछवि कोउ इक कहई। जोगु जानकिहि यह वर अहई॥
जा सषि इनहिं देषि नरनाहू। पनु परिहरि हठ करहि विवाहू॥
कोउ कह ए भूपति पहिचाने। मुनि समेत सादर सनमाने॥
सषि परंतु पनु राउ न तजई। विधि बस हठि अविवेकहि भजई॥
कोउ कह जो भल अहै विधाता। सब कहँ सुनिअ उचित फलदाता॥
तौ जानकिहि मिलिहि वर येहू। नाहिंन आलि इहां सन्देहु॥
जो विधिवश यह बनै संजोगू। तौ कृतिकृत्य होहिं सब लोगू॥
सषि हमरे अति आरति ताते। कबहुंक ये आवहिं यहि नाते॥

दोहा

नाहित हमकहँ सुनहु सषि इनकर दर्सन दूरि।
यह संघट तब होइ जब पुन्य पुराकृत भूरि॥

चौपाई

बोली अपर कहेउ सषि नीका। यह विवाह अतिहित सबही का॥
कोउ कह शंकरचाप कठोरा। ये स्यामल मृदुगात किसोरा॥
सब असमंजस अहै सयानी। यह सुनि अपर कहै मृदुबानी॥
सषि इन कहँ कोउको अस कहहीं। बड़ प्रभाव देषत लघु अहहीं॥
परसि जासु पदपंकजधूरी। तरी अहल्या कृतअघभूरी॥
सो कि रहै बिनु शिवधनुतोरें। यह प्रतीति परिहरिय न भोरें॥
जेहि विरंचि रचि सीय सँवारी। तेहिं श्यामल वर रचेउ विचारी॥
तासु वचन सुनि सब हरषानी। ऐसेइ होउ कहइं मृदु बानी॥

दोहा

हिय हरषहिं बरषहिं सुमन सुमुषि सुलोचनिवृंद।
जहँ जहँ जाहिं बन्धु दोउ तहँ तहँ परमानंद॥

चौपाई

पुर पूरबदिशि गे दोउ भाई। जहाँ धनुषमष भूमि बनाई॥
अति विस्तार चारु गच ढारी। विमल वेदिका रुचिर सँवारी॥
चहुंदिशि कंचनमंच विसाला। रचे जहाँ बैठहिं महिपाला॥

तेहि पाछे समीप चहुं पासा। अपर मच मंडली बिलासा॥
कछुक ऊंच सब भाँति सुहाई। बैठहिं नगर लोग जहँ जाई॥
तिनके निकट बिसाल सुहाये। धवल धाम बहु बरन बनाये॥
जहँ बैठी देषहिं सब नारी। यथा जोग निजकुल अनुहारी॥
पुरबालक कहि कहि मृदु वचना। सादर प्रभुहिं देषावहिं रचना॥

दोहा

सब सिसु इहि मिसु प्रेमवस परसि मनोहर गात।
तनुपुलकहिं अतिहरष हिय देषि देषि दोउ भ्रात॥

चौपाई

सिसु सब राम प्रेमवस जाने। प्रीति समेत निकेत बषाने॥
निज निज रुचि सब लेहिं बुलाई। सहित सनेह जाहिं दोउ भाई॥
राम देषावहिं अनुजहि रचना। कहि प्रिय मधुर मनोहर वचना॥
लव निमेष महँ भुवननिकाया। रचै जासु अनुसासन माया॥
भगत हेतु सोइ दीनदयाला। चितवत चकित धनुष मषशाला॥
कौतुक देषि चले गुरु पाहीं। जानि बिलंब त्रासु मनमाहीं॥
जासु त्रास डरकहँ डर होई। भजनप्रभाव देषावत सोई॥
कहि बातैं मृदुमधुर सुहाई। किये बिदा बालक बरिआई॥

दोहा

सभय सप्रेम विनीत अति सकुच सहित दोउ भाइ॥
गुरुपदपंकज नाइ सिर बैठे आयसु पाइ॥

चौपाई

निसिप्रवेस मुनि आयसु दीन्हा। सबही संध्यावंदन कीन्हा॥
कहत कथा इतिहास पुरानी। रुचि रजनी जुगजाम सिरानी॥
मुनिवर सयन कीन्ह तब जाई। लगे चरन चापन दोउ भाई॥
जिनके चरनसरोरुह लागी। करत विविध जपजोग विरागी॥
ते दोउ बन्धु प्रेम जनु जीते। गुरुपदकमल पलोटत प्रीते॥
बार बार मुनि अग्या दीन्हा। रघुबर जाइ सयन तब कीन्हा॥
चापत चरन लषन उर लाये। सभय सप्रेम परम सचु पाये॥

मुनि पुनि प्रभु कह सोवहु ताता। पौढ़े धरि उर पद जलजाता॥

दोहा

उठे लषन निसि विगत सुनि अरुनशिषाधुनि कान।
गुरु ते पहिले जगतपति जागे राम सुजान॥

चौपाई

सकल सौच करि जाय नहाये। नित्य निबाहि मुनिहिं सिर नाये॥
समय जानि गुरु आयसु पाई। लेन प्रसून चले दोउ भाई॥
भूप बाग बर देषेउ जाई। जहँ वसंतऋतु रहै लुभाई॥
लागे विटप मनोहर नाना। वरन वरन वर बेलिविताना॥
नव पल्लव फल सुमन सुहाये। निजसंपति सुररूष लजाये॥
चातक कोकिल कीर चकोरा। कूजत विहग नचत कल मोरा॥
मध्यबाग सर सुभग सुहावा। मनि सोपान विचित्र बनावा॥
विमल सलिल सरसिज बहुरंगा। जलषग कूजत गुंजत भृंगा॥

दोहा

बागतड़ाग विलोकि प्रभु हरषे बन्धु समेत।
परमरम्य आराम यह जो रामहिं सुष देत॥

चौपाई

चहुं दिसि चितै पूछि मालीगन। लगे लेन दल फूलि मुदित मन॥
तेहि अवसर सीता तहँ आई। गिरिजा पूजन जननिपठाई॥
संग सषी सब सुभग सयानी। गावहिं गीत मनोहर बानी॥
सरसमीप गिरिजा गृह सोहा। वरनि न जाय देषि मन मोहा॥
मज्जन करि सर सषिन समेता। गई मुदित मन गौरिनिकेता॥
पूजा कीन्ह अधिक अनुरागा। निज अनुरूप सुभग वर माँगा॥
एक सखी सिय संग विहाई। गई रही देषन फुलवाई॥
ते दोउ बन्धु विलोकेउ जाई। प्रेम विवस सीता पहँ आई॥

दोहा

तासु दसा देषी सषिन पुलकगात जलनैन।
कहु कारन निज हरषकर पूछहिं सब मृदुबैन॥

चौपाई

देषन बाग कुंवर दुइ आये। वयकिसोर सब भांति सुहाये॥
स्याम गौर किमि कहौं बषानी। गिराअनयन नयन बिनुवानी॥
सुनि हरषीं सब सषी सयानी। सियहिय अति उतकंठा जानी॥
एक कहहिं नृपसुत ते आली। सुने जे मुनि सँग आये काली॥
निज निजरूप मोहनी डारी। कीन्हे स्ववश नगर नरनारी॥
बरनत छवि जहँ तहँ सब लोगू। अवसि देखिये देषनजोगू॥
तासु वचन अति सियहि सुहाने। दरसलागि लोचन अकुलाने॥
चली अग्रकरि प्रिय सषि सोई। प्रीति पुरातनि लषै न कोई॥

दोहा

सुमिरि सीय नारदवचन उपजी प्रीति पुनीत।
चकित विलोकति सकल दिशि जनु सिसुमृगी सभीत॥

चौपाई

कंकन किंकिनि नूपुरधुनि सुनि। कहत लषन सन राम हृदय गुनि॥
मानहुं मदनदुंदुभी दीन्ही। मनसा विश्वविजय कहँ कीन्ही॥
अस कहि फिरि चितए तेहि ओरा। सियमुषससि भए नयन चकोरा॥
भये विलोचन चारु अचंचल। मनहुं सकुचिनिमि तजेउ दृगंचल॥
देखि सीयसोभा सुष पावा। हृदय सराहत बचन न आवा॥
जनु विरंचि सब निज निपुनाई। विरचि विश्व कहँ प्रकट दिखाई॥
सुन्दरता कहँ सुन्दर करई। छविगृह दीपसिषा जनु बरई॥
सब उपमा कवि रहे जुठारी। किहि पटतरिय विदेहकुमारी॥

दोहा

सियसोभा हिय वरनि प्रभु आपनि दसा विचारि।
बोले सुचिमन अनुजसन वचन समय अनुहारि॥

चौपाई

तात जनकतनया यह सोई। धनुषजग्य जेहि कारन होई॥
पूजन गौरि सषी लै आई। करति प्रकास फिरति फुलवाई॥
जासु विलोकि अलौकिक सोभा। सहज पुनीत मोर मन छोभा॥

सो सब कारन जान विधाता। फरकहिँ सुभग अंग सुनु भ्राता॥
रघुवंसिन कर सहज सुभाऊ। मन कुपंथ पग धरैं न काऊ॥
मोहिँ अतिसय प्रतीति मन केरी। जेहि सपनेहु परनारि न हेरी॥
जिनके लहहिँ न रिपु रन पीठी। नहिं लावहिँ परतिय मनुदीठी॥
मंगन लहहिँ न जिनके नाहीं। ते नरवर थोरे जगमाहीं॥

दोहा

करत बतकही अनुज सन मन सियरूप लुभान।
मुखसरोजमकरन्द छवि करत मधुप इव पान॥

चौपाई

चितवत चकित चहूं दिसि सीता। कहँ गये नृपकिसोर मनचीता॥
जहँ विलोक मृगसावकनैनी। जनु तहँ बरष कमलसितश्रेनी॥
लता ओट तब सखिन लषाये। स्यामल गौर किसोर सुहाये॥
देषि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिँचाने॥
थके नयन रघुपतिछवि देषी। पलकनहूँ परिहरी निमेषी॥
अधिक सनेह देह भइ भोरी। सरदससिहि जनु चितव चकोरी॥
लोचनमगु रामहिं उर आनी। दीन्हे पलककपाट सयानी॥
जब सिय सखिन प्रेमबस जानी। कहि न सकहिं कछु मन सकुचानी॥

दोहा

लताभवन ते प्रगट भे तेहि अवसर दोउ भाइ।
निकसे जनु जुग विमल विधु जलदपटल बिलगाइ॥

चौपाई

सोभासींव सुभग दोउ बीरा। नील पीत जलजात सरीरा॥
काकपक्ष सिर सोहत नीके। गुच्छा बिचबिच कुसुमकलीके॥
भालतिलक श्रमबिंदु सुहाये। श्रवनसुभग भूषन छवि छाये॥
विकट भृकुटि कच घूंघरवारे। नव सरोज लोचन रतनारे॥
चारु चिबुक नासिका कपोला। हासविलास लेत मन मोला॥
मुषछवि कहि न जाति मोहिं पाहीं। जेहि विलोक बहु काम लजाहीं॥
उर मनिमाल कम्बुकलग्रींवा। कामकलभकर भुज बलसींवा॥

सुमन समेत घाम कर दोना। सांवर कुंवर सखी सुठि लोना॥

दोहा

केहरि कटि पटपीतधर सुषमासीलनिधान।
देखि भानुकुलभूषनहिं बिसरा सखिन अपान॥

चौपाई

धरि धीरज इक सखी सयानी। सीता सन बोली मृदु बानी॥
बहुरि गौरि कर ध्यान करेहु। भूपकिसोर देषि किन लेहु॥
सकुचि सीय तब नयन उघारे। संमुष दोउ रघुवीर निहारे॥
नषसिष देषि राम की सोभा। सुमिरिपितापन मन अति छोभा॥
परवस सषिन लषी जब सीता। भयउ गहरु सब कहहिं सभीता॥
पुनि आउब इहि बिरियां काली। असकहि मन विहँसी इक आली॥
गूढ़ गिरा सुनि सिय सकुचानी। भयउ बिलंब मातुभय मानी॥
धरि बड़ धीर राम उर आनी। फिर आपनपौ पितुवस जानी॥

दोहा

देषन मिसु मृग बिहग तरु फिरै बहोरि बहोरि।
निरषि निरषि रघुबीरछबि बाढ़ी प्रीति न थोरि॥

चौपाई

जानि कठिन सिवचाप बिसूरति। चली राषि उर श्यामल मूरति॥
प्रभु जब जात जानकी जानी। सुष सनेह सोभा की षानी॥
परमप्रेममय मृदु मसि कीन्ही। चारु चित्र भीतर लिषि लीन्ही॥
गई भवानीभवन बहोरी। बन्दि चरन बोली कर जोरी॥
जय जय जय गिरिराजकिसोरी। जय महेसमुषचन्द्रचकोरी॥
जय गजवदन षड़ानन माता। जगत जननि दामिनि द्युतिगाता॥
नहिं तव आदि मध्य अवसाना। अमित प्रभाव वेद नहिं जाना॥
भव भव विभव पराभवकारिनि। विश्वविमोहनि स्ववस विहारिनि॥

दोहा

पतिदेवता सुतीय महँ मातु प्रथम तव रेष।
महिमा अमित न कहि सकहिं सहस सारदा सेष॥

चौपाई

सेवत तोहिं सुलभ फलचारी। वरदायिनि त्रिपुरारिपियारी॥
देवि पूजि पदकमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होहिं सुषारे॥
मोर मनोरथ जानहु नीके। बसहु सदा उरपुर सबही के॥
कीन्हेउँ प्रकट न कारन तेही। अस कहि चरन गहे वैदेही॥
विनयप्रेमवस भई भवानी। षसीमाल मूरति मुसुकानी॥
सादर सिय प्रसाद उर धरेऊ। बोली गौरि हरष उर भरेऊ॥
सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजिहिं मन कामना तुम्हारी॥
नारद वचन सदा सुचि सांचा। सोर वर मिलिहि जाहि मनरांचा॥

छंद

मन जाहि रांचो मिलिहि सो वर सहज सुंदर सांवरो।
करुनानिधान सुजान सील सनेह जानत रावरो॥
यहि भांति गौरि असीस सुनि सिय सहित हिय हरषिति अली।
तुलसी भवानिहि पूजि पुनि पुनि मुदितमन मंदिर चली॥

सोरठा

जानि गौरि अनुकूल सियहियहरष न जाय कहि।
मजुल मंगलमूल वाम अंग फरकन लगे॥

चौपाई

हृदय सराहत सीयलुनाई। गुरु समीप गवने दोउ भाई॥
राम कहा सब कौशिक पाहीं। सरल सुभाव छुवा छल नाहीं॥
सुमन पाइ मुनि पूजा कीन्हीं। पुनि असीस दोउ भाइन्ह दीन्हीं॥
सुफल मनोरथ होहिं तुम्हारे। राम लषन सुनि भये सुषारे॥
करि भोजन मुनिवर विग्यानी। लगे कहन कछु कथा पुरानी॥
विगत दिवस गुरुआयसु पाई। संध्या करन चले दोउ भाई॥
प्राची दिशि ससि उगेउ सुहावा। सियमुष सरिस देषि मन भावा॥
बहुरि विचार कीन्ह मन माहीं। सीयवदन सम हिमकर नाहीं॥

दोहा

जन्मसिंधु पुनि बंधु विष दिन मलीन सकलंक।
सियमुषसमता पाव किमि चंद बापुरो रंक॥

चौपाई

घटै बढ़ै विरहिनिदुषदाई। ग्रसै राहु निज संधिहि पाई॥
कोकशोकप्रद पंकजद्रोही। अवगुन बहुत चंद्रमा तोही॥
वैदेहीमुष पटतर दीन्हे। होइ दोष बड़ अनुचित कीन्हे॥
सियमुष छबि विधुब्याज बषानी। गुरुपहि चले निशा बड़ि जानी॥
करि मुनिचरनसरोज प्रनामा। आयेसु पाइ कीन्ह विश्रामा॥
बिगत निशा रघुनायक जागे। बंधु विलोकि कहन अस लागे॥
उगेउ अरुन अवलोकहु ताता। पंकज कोक लोक सुषदाता॥
बोले लषन जोरि युग पानी। प्रभुप्रभावसूचक मृदुवानी॥

दोहा

अरुनोदय सकुचे कुमुद उडगन ज्योतिमलीन।
तिमि तुम्हार आगमन सुनि भये नृपति बलहीन॥

चौपाई

नृप सब नषत करहिं उजियारी। टारि न सकहिं चापतम भारी॥
कमल कोक मधुकर षग नाना। हरषे सकल निसाअवसाना॥
ऐसहि प्रभु सब भगत तुम्हारे। होइहहिं टूटे धनुष सुषारे॥
उयेभानु बिनु ; श्रम तम नासा। दुरे नषत जग तेज प्रकासा॥
रवि निज उदयब्याज रघुराया। प्रभुप्रताप सब नृपन दिषाया॥
तव भुजबल महिमा उदघाटी। प्रकटी धनुविघटन परिपाटी॥
बंधुबचन सुनि प्रभु मुसुकाने। होइ शुचि सहजपुनीत नहाने॥
नित्यक्रिया करि गुर. पहँ आये। चरनसरोज सुभग सिरनाये॥
शतानंद तब जनक बुलाये। कौसिक मुनि पहँ तुरत पठाये॥
जनक विनय तिनि आय सुनाई। हरषे बोलि लिये दोउ भाई॥

दोहा

शतानंदपद बंदि प्रभु बैठे गुरु पहँ जाइ।
चलहु तात मुनि कहेउ तब पठवा जनक बुलाइ॥

चौपाई

सीयस्वयंवर देषिय जाई। ईश काहि धौं देइ बड़ाई॥

लषन कहा जसभाजन सोई। नाथ कृपा तव जा पर होई॥
हरषे सुनि सब मुनिवर बानी। दीन्ह असीस सबहिं सुष मानी॥
पुनि मुनिबृन्द समेत कृपाला। देषन चले धनुषमषसाला॥
रंगभूमि आये दोउ भाई। अस सुधि सब पुरवासिन पाई॥
चले सकल गृहकाज बिसारी। बालक युवा जरठ नर नारी॥
देषा जनक भीर भइ भारी। सुचि सेवक सब लिये हँकारी॥
तुरत सकल लोगन पहँ जाहू। आसन उचित देहु सब काहू॥

दोहा

कहि मृदु वचन विनीत तिन बैठारे नर नारि।
उत्तम मध्यम नीच लघु निज निज थल अनुहारि॥

चौपाई

राजकुंवर तेहि अवसर आये। मनहुं मनोहरता तन छाये॥
गुनसागर नागर बरवीरा। सुंदर श्यामल गौर सरीरा॥
राज समाज विराजत रूरे। उडगन महँ जनु युग विधु पूरे॥
जिनके रही भावना जैसी। प्रभुमूरति देषी तिन तैसी॥
देषहिं भूप महा रनधीरा। मनहुं वीररस धरे शरीरा॥
डरे कुटिल नृप प्रभुहिं निहारी। मनहुं भयानक मूरति भारी॥
रहे असुर छलछोनिपवेषा। तिन प्रभु प्रकट काल सम देषा॥
पुरवासिन देषे दोउ भाई। नरभूषन लोचनसुषदाई॥

दोहा

नारि विलोकहिं हरषि हिय निज निज रुचिअनुरूप।
जनु सोहत शृङ्गार धरि मूरति परम अनूप॥

चौपाई

विदुषन प्रभु विराटमय दीशा। बहुमुष कर पग लोचन शीशा॥
जनकजाति अवलोकहिं कैसे। सजन सगे प्रिय लागहिं जैसे॥
सहित विदेह विलोकहिं रानी। शिशुसम प्रीति न जाय बषानी॥
योगिन परम तत्त्वमय भासा। शान्तशुद्ध मन सहजप्रकासा॥
हरिभक्तन देषे दोउ भ्राता। इष्टदेव इव सब सुषदाता॥

रामहिं चितव भाव जेहि सीया। सो सनेहसुष नहिं कथनीया॥
उर अनुभवति न कहि सक सोऊ। कवन प्रकार कहै कवि कोऊ॥
यहि विधि रहा जाहि जस भाऊ। तेहि तस देषेउ कोशलराऊ॥

दोहा

राजत राज समाज महँ कोशलराजकिशोर।
सुंदर श्यामल गौरतन विश्वविलोचनचोर॥

चौपाई

सहज मनोहर मूरति दोऊ। कोटिकामउपमा लघु सोऊ॥
शरद चंद निंदक मुष नीके। नीरज नयन भावते जीके॥
चितवनि चारु मारमदहरनी। भावत हृदय जाय नहिं बरनी॥
कलकपोल श्रुतिकुंडल लोला। चिबुक अधर सुंदर मृदु बोला॥
कुमुदबन्धुकर निंदक हासा। भृकुटी विकट मनोहर नासा॥
भालविशाल तिलक झलकाहीं। कचविलोकिअलिअवलिलजाहीं॥
पीत चौतनी शिरन सुहाई। कुसुमकली बिचबीच बनाई॥
रेषा रुचिर कंबुकलग्रीवां। जनु त्रिभुवनसुषमाकी सींवां॥

दोहा

कुंजरमनि कंठा कलित उर तुलसी की माल।
वृषभकंध केहरिठवनि बलनिधि बाहु विशाल॥

चौपाई

कटि तूनीर पीत पट बांधे। कर शर धनुष बामवर कांधे॥
पीत यज्ञउपवीत सुहाई। नषशिष मंजु महाछवि छाई॥
देषि लोग सब भये सुषारे। इकटक लोचन टरत न टारे॥
हरषे जनक देषि दोउ भाई। मुनिपदकमल गहे तब जाई॥
करि विनती निज कथा सुनाई। रंगअवनि सब मुनिहिं दिषाई॥
जहँ जहँ जाहिं कुंवरवर दोऊ। तहँ तहँ चकित चितव सब कोऊ॥
निज निज रुचि रामहिं सब देषा। कोउ न जान कछु मर्म विशेषा॥
भलि रचना नृपसन मुनि कहेऊ। राजा मुदित महासुष लहेऊ॥

दोहा

सब मंचन ते मंच इक सुंदर विशद विशाल।
मुनि समेत दोउ बन्धुवर बैठारे महिपाल॥

चौपाई

प्रभुहिं देषि सब नृप हिय हारे। जनु राकेशउदय भए तारे॥
अस प्रतीति तिनके मन माहीं। राम चाप तोरब शक नाहीं॥
बिनु भंजेहु भवधनुष विशाला। मेलिहि सोय रामउर माला॥
अस विचारि गवनहु घर भाई। जस प्रताप बल तेज गँवाई॥
विहँसे अपर भूप सुनि बानी। जे अविवेकअंध अभिमानी॥
तोरेउ धनुष व्याह अवगाहा। बिनु तोरे। को कुंवरि विवाहा॥
एक बार कालहु किन होई। सिय हित समर जितब हम सोई॥
यह सुनि अपर भूप मुसुकाने। धर्म शील हरिभगत सयाने॥

सोरठा

सीय बिवाहब राम, गर्ब दूरि करि नृपन कर।
जीति को सक संग्राम, दशरथ के रनबांकुरे॥

चौपाई

वृथा मरहु जनि गाल बजाई। मनमोदक नहिं भूष बुताई॥
सिष हमारि सुनि परम पुनीता। जगदम्बा जानहु जिय सीता॥
जगतपिता रघुपतिहि विचारी। भरि लोचन छवि लेहु निहारी॥
सुंदर सुषद सकल गुनरासी। ये दोउ बंधु शंभुउरबासी॥
सुधासमुद्र समीप बिहाई। मृगजल निरखि मरहु कतधाई॥
करहु जाय जा कहँ जोइ भावा। हम तो आजु जनमफल पावा॥
अस कहि भले भूप अनुरागे। रूप अनूप विलोकन लागे॥
देषहिं सुर नभ चढ़े बिमाना। बरषहिं सुमन करहिं कल गाना॥

दोहा

जानि सुअवसर सीय तब पठई जनक बुलाय।
चतुर सषी सुंदर सकल सादर चलीं लिवाय॥

चौपाई

सियशोभा नहिं जाइ बषानी। जगदम्बिका रूपगुनषानी॥
उपमा सकल मोहिं लघुलागी। प्राकृत नारिअंग अनुरागी॥
सीय वरनि तेहि उपमा देई। कुकबि कहाइ अयश को लेई॥
जो पटतरिय तियन सम सीया। जग अस युवति कहां कमनीया॥
गिरा मुषर तनु अर्ध भवानी। रति अति दुषित अतनु पति जानी॥
विष वारुनी बंधु प्रिय जेही। कहिय रमासम किमि वैदेही॥
जो छविसुधा पयोनिधि होई। परमरूपमय कच्छप सोई॥
शोभा रजु मंदर शृंगारू। मथै पानिपंकज निज मारू॥

दोहा

यहि विधि उपजै लच्छि जब सुंदरतासुषमूल।
तदपि सकोच समेत कवि कहहिं सीयसम तूल॥

चौपाई

चली संग लै सषी सयानी। गावत गीत मनोहर बानी॥
सोह नवलतन सुंदर सारी। जगत जननि अतुलितछबि भारी॥
भूषन सकल सुदेश सुहाये। अंग अंग रचि सखिन बनाये॥
रंगभूमि जब सिय पगु धारी। देषि रूप मोहे नर नारी॥
हरषि सुरन दुंदुभी बजाई। बरषि प्रसून अप्सरा गाई॥
पानिसरोज सोह जयमाला। औचक चितये सकल भुपाला॥
सीय चकितचित रामहिं चाहा। भये मोहवश सब नरनाहा॥
मुनि समीप बैठे दोउ भाई। लगे ललकि लोचन निधि पाई॥

दोहा

गुरुजन लाज समाज बड देषि सीय सकुचानि।
लगी विलोकन सषिनतन रघुबीरहि उर आनि॥

चौपाई

रामरूप अरु सियछवि देषी। नर नारिन परिहरी निमेषी॥
शोचहिं सकल कहत सकुचाहीं। विधिसन विनय करहिं मन माहीं॥
हरु विधि बेगि जनक जड़ताई। मति हमारि असि देहु सुहाई॥

बिनु बिचारि पन तजि नरनाहू। सीय राम कर करइ बिवाहू॥
जगभल कहहि भाव सब काहू। हठ कीन्हे उर अन्तर दाहू॥
यहि लालसा मगन सब लोगू। वर सांवरो जानकी जोगू॥
सब बंदीजन जनक बुलाये। बिरदावली वदत चलि आये॥
कह नृप जाइ कहहु पन मोरा। चले भाट हिअ हर्ष न थोरा॥

दोहा

बोले बन्दी वचनवर सुनहु सकल महिपाल।
पन विदेह कर कहहिं हम भुजा उठाइ बिशाल॥

चौपाई

नृपभुजबल विधु शिवधनु राहू। गरुअ कठोर विदित सब काहू॥
रावन बान महाभट भारे। देखि शरासन गवहिँ सिधारे॥
सो पुरारिकोदंड कठोरा। राजसमाज आज जेइ तोरा॥
त्रिभुवनजय समेत वैदेही। विना विचार बरै हठि तेही॥
सुनि पन सकल भूप अभिलाषे। भटमानी अतिशय मन माषे॥
परिकर बाँधि उठे अकुलाई। चले इष्टदेवन शिर नाई॥
तमकि तमकि तकि शिवधनु धरहीं। उठै न कोटि भांति बल करहीं॥
जिन्ह के कछु विचार मनमाहीं। चाप समीप महीप न जाहीं॥

दोहा

तमकि धरहिं धनु मूढ़ नृप उठै न चलहिँ लजाइ।
मनहु पाइ भट बाहुबल अधिक अधिक गरुआइ॥

चौपाई

भूप सहस दस एकहि बारा। लगे उठावन टरै न टारा॥
डिगै न संभुसरासन कैसे। कामीवचन सतीमन जैसे॥
सब नृप भए जोग उपहासी। जैसे बिनु बिराग सन्यासी॥
कीरति विजय वीरता भारी। चले चापकर बरबस हारी॥
श्रीहत भये हारि सब राजा। बैठे निज निज जाइ समाजा॥
नृपन विलोकि जनक अकुलाने। बोले बचन रोष जनु साने॥
दीप दीप के भूपति नाना। आए सुनि हम जो पन ठाना॥

देव दनुज धरि मनुज शरीरा। विपुल बीर आए रनधीरा॥

दोहा

कुंवरि मनोहरि विजय बड़ि कीरति अति कमनीय।
पावनहार विरंचि जनु रचेउ न धनुदमनीय॥

चौपाई

कहहु काहि यह लाभ न भावा। काहु न संकरचाप चढ़ावा॥
रहा चढ़ाउब तोरब भाई। तिल भरि भूमि न सके छुड़ाई॥
अब जनि कोउ माषै भटमानी। वीरविहीन मही मैं जानी॥
तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिषा न विधि वैदेहिविवाहू॥
सुकृत जाय जो पन परिहरऊं। कुंअरि कुंआरि रहौ का करऊँ॥
जो जनतेउँ बिनुभट महि भाई। तौ पनकरि होत्यो न हँसाई॥
जनकवचन सुनि सब नर नारी। देषि जानकिहि भए दुषारी॥
माषे लषन कुटिल भई भौंहैं। रदपुट फरकत नयन रिसौहैं॥

दोहा

कहि न सकत रघुवीरडर लगे बचन जनु बान।
नाइ रामपद कमल सिर बोले गिरा प्रमान॥

चौपाई

रघुवंसिन महँ जहँ कोउ होई। तेहि समाज अस कहै न कोई॥
कही जनक जस अनुचित बानी। विद्यमान रघुकुलमनि जानी॥
सुनहु भानुकुलपंकजभानू। कहौं सुभाव न कछु अभिमानू॥
जो तुम्हार अनुसासन पावों। कन्दुक इव ब्रह्मांड उठावों॥
काचे घट जिमि डारौं फोरी। सकौं मेरु मूलक इव तोरी॥
तव प्रताप महिमा बलवाना। का बापुरो पिनाक पुराना॥
नाथ जानि अस आयसु होऊ। कौतुक करौं विलोकिय सोऊ॥
कमलनाल इमि चाप चढ़ावों। योजन शत प्रमान लै धावों॥

दोहा

तोरौं छत्रकदंड जिमि तव प्रताप बल नाथ।
जो न करौं प्रभुपदशपथ कर न धरौं धनु हाथ॥

चौपाई

लषन सकोप वचन जब बोले। डगमगानि महि दिग्गज डोले॥
सकल लोक सब भूप डेराने। सियहिय हर्ष जनक सकुचाने॥
गुर रघुपति सब मुनि मन माहीं। मुदित भए पुनि पुनि पुलकाहीं॥
सैनहिं रघुपति लषन निवारे। प्रेम समेत निकट बैठारे॥
बिस्वामित्र समय शुभ जानी। बोले अति सनेहमय वानी॥
उठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनकपरितापा॥
सुनि गुरु वचन चरन सिर नावा। हर्ष बिषाद न कछु उर आवा॥
ठाढ़ भये उठि सहज सुहाए। ठवनि जुवा मृगराज लजाए॥

दोहा

उदितउदयगिरिमंच पर रघुवरबालपतंग।
बिगसे संतसरोज सब हरषे लोचनभृंग॥

चौपाई

नृपन केरि आसा निसि नासी। बचन नषतअवली न प्रकासी॥
मूढ़ महीप कुमुद सकुचाने। कपटी भूप उलूक लुकाने॥
भए विशोक कोक मुनिदेवा। बरषहिं सुमन जनावहिं सेवा॥
गुरुपद वंदि सहित अनुरागा। राम मुनिनसन आयसु मांगा॥
सहजहि चले सकलजगस्वामी। मत्त मंजु कुंजर वर गामी॥
चलत राम सब पुर नर नारी। पुलकपूरि तन भए सुषारी॥
वंदि पित्तर सुर सुकृत सँभारे। जो कछु पुन्य प्रभाव हमारे॥
तौ सिवधनु मृनाल की नाईं। तोरहिं राम गनेस गुसाईं॥

दोहा

रामहिं प्रेम समेत लषि सषिन समीप बुलाइ।
सीतामातु सनेह बस वचन कहै बिलषाइ॥

चौपाई

सषि सब कौतुक देषनहारे। जेउ कहावत हितू हमारे॥
कोउ न बुझाइ कहइ नृप पाहीं। ए बालक अस हठ भल नाहीं॥
रावन बान छुआ नहिं चापा। हारे सकल भूप करि दापा॥

सो धनु राजकुँवर कर देहीं। बाल मराल कि मंदर लेहीं॥
भूपसयानप सकल सिरानी। सषि विधिगतिकछु जाय न जानी॥
बोली चतुर सषी मृदु वानी। तेजवंत लघु गनिय न रानी॥
कहँ कुंभज कहँ सिन्धु अपारा। सोषेउ सुयश सकल संसारा॥
रविमंडल देषत लघु लागा। उदय तासु त्रिभुवनतम भागा॥

दोहा

मंत्र परमलघु जासु वस विधि हरि हर सुर सर्व।
महा मत्त गजराज कहँ बस कर अंकुस षर्व॥

चौपाई

काम कुसुम धनु सायक लीन्हे। सकल भुवन अपने बस कीन्हे॥
देषि तजिय संसय अस जानी। भंजब धनुष राम सुनु रानी॥
सषी वचन सुनि भइ परतीती। मिटा विषाद बढ़ी अति प्रीती॥
तब रामहिं बिलोकि वैदेही। सभय हृदय बिनवति जेहि तेही॥
मनहीं मन मनाव अकुलानी। होउ प्रसंन महेस भवानी॥
करहु सुफल आपनि सेवकाई। करि हित हरहु चाप गरुआई॥
गननायक वरदायक देवा। आजु लगे कीन्हेउ तव सेवा॥
बार बार सुनि बिनती मोरी। करहु चाप गरुता अतिथोरी॥

दोहा

देषि देषि रघुबीर तन सुर मनाव धरि धीर।
भरे बिलोचन प्रेमजल पुलकावली सरीर॥

चौपाई

नीके निरषि नयन भरि शोभा। पितुपन सुमिरि बहुरि मन छोभा॥
अहह तात दारुन हठ ठानी। समुझत नहिं कछु लाभ न हानी॥
सचिव सभय सिष देइ न कोई। बुध समाज बड़ अनुचित होई॥
कहँ धनु कुलिसहु चाहि कठोरा। कहँ श्यामल मृदु गात किसोरा॥
विधि केहि भांति धरौं उर धीरा। सिरस सुमनकन बेधिहि हीरा॥
सकल सभा कै मति भइ भोरी। अब मोहिं शंभुचाप गति तोरी॥
निज जड़ता लोगन पर डारी। होहु हरुअ रघुपतिहि निहारी॥

अति परिताप सीयमन माहीं। लवनिमेष जुगसय सम जाहीं॥

दोहा

प्रभुहि चितै पुनि चितै महि राजत लोचन लोल।
खेलत मनसिजमीन जुग जनु विधुमंडल डोल॥

चौपाई

गिराअलिन मुषपंकज रोकी। प्रकट न लाजनिसा अवलोकी॥
लोचनजल रह लोचन कोना। जैसे परम कृपन कै सोना॥
सकुची ब्याकुलता बड़ि जानी। धरि धीरज प्रतीति उर आनी॥
तन मन वचन मोर मन सांचा। रघुपतिपदसरोज चित रांचा॥
तौ भगवान सकलउरवासी। करिहि मोहिं रघुबर की दासी॥
जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू। सो तेहि मिलइ न कछु संदेहू॥
प्रभु तन चितै प्रेमपण ठाना। कृपानिधान राम सब जाना॥
सियहि विलोकि तकेउ धनु कैसे। चितव गरुड़ लघुब्यालहि जैसे॥

दोहा

लषन लषेउ रघुवंशमनि ताकेउ हरकोदंड।
पुलकिगात बोले बचन चरन चापि ब्रह्मंड॥

चौपाई

दिशिकुंजरहु कमठ अहि कोला। धरहु धरनिधरि धीर न डोला॥
राम चहहिं संकर धनु तोरा। होहु सजग सुनि आयसु मोरा॥
चाप समीप राम जब आये। नर नारिन सुर सुकृत मनाये॥
सब कर संसय अरु अग्यानू। मंद महीपन कर अभिमानू॥
भृगुपति केरि गर्व गुरुआई। सुरि मुनिवरन्ह केरि कदराई॥
सियकर सोच जनकपछितावा। रानिन्ह कर दारुन दुषदावा॥
शम्भुचाप बोहित बड पाई। चढे जाइ सब संग बनाई॥
रामसिन्धु घनवाह अपारू। चाहत पार नहि कोउ कनहारू॥

दोहा

राम विलोके लोग सब चित्र लिषे से देषि।
चितई सीय कृपायतन जानी विकल विशेषि॥

चौपाई

देषी विपुल विकल वैदेही। निमिष विहात कलप सम तेही॥
तृषित वारि बिनु जो तनु त्यागा। मुए करै का सुधातडागा॥
का वर्षा जब कृषी सुषाने। समै चुके पुनि का पछिताने॥
अस जिय जानि जानकिहि देषी। प्रभु पुलके लषि प्रीति विशेषी॥
गुरुहि प्रनाम मनहिं मन कीन्हा। अति लाघव उठाय धनु लीन्हा॥
दमकेउ दामिनि जिमि जब लयऊ। पुनि धनु नभमंडल सम भयऊ॥
लेत चढ़ावत षैंचत गाढ़े। काहु न लषा देषि सब ठाढ़े॥
तेहि छन राम मध्य धनु तोरा। भरेउ भुवन धुनि घोर कठोरा॥

छंद

भरि भुवन घोर कठोर रव रविवाजि तजि मारग चले।
चिक्करहिं दिग्गज डोल महि अहि कोल कूरम कलमले॥
सुर असुर मुनि कर कान दीन्हे सकल विकल विचारहीं।
कोदंड भंजेउ राम तुलसी जयति बचन उचारहीं॥

सोरठ

संकरचाप जहाज सागर रघुवरबाहुबल।
बूड सु सकल समाज चढ़े जे प्रथमहि मोहवश॥

चौपाई

प्रभु दोउ चापषंड महि डारे। देषि लोग सब भए सुषारे॥
कौशिकरूप पयोनिधि पावन। प्रेमवारि अवगाह सुहावन॥
रामरूपराकेश निहारी। बढ़त वीचि पुलकावलि भारी॥
बाजे नभ गहगहे निशाना। देववधू नाचहिं करि गाना॥
ब्रह्मादिक सुर सिद्ध मुनीसा। प्रभुहि प्रसंसहि देहिं असीसा॥
बरषहिं सुमन रंग बहु माला। गावहिं किन्नर गीत रसाला॥
रही भुवन भरि जयजय वानी। धनुषभंग धुनि जात न जानी॥
मुदित कहहिं जहँ तहँ सब नारी। भंजेउ राम शम्भुधनु भारी॥

दोहा

वंदी मागध सूतगन बिरद वदहिं मतिधीर।
करहिं निछावरि लोग सब हय गय मनि धन चीर॥

चौपाई

झांझ मृदंग शंष सहनाई। भेरि ढोल डिंडिभी सुहाई॥
बाजहिं बहु बाजने सुहाये। युवतिन जहँ तहँ मङ्गल गाये॥
सषिन सहित हरषित सब रानी। सूषत धान परा जनु पानी॥
जनक लहेउ सुष सोच विहाई। पैरत थके थाह जनु पाई॥
श्रीहत भये भूप धनु टूटे। जैसे दिवस दीप छवि छूटे॥
सीयसुषहि बरनिय केहि भांती। जनु चातकी पाय जल स्वाती॥
रामहि लषन विलोकत कैसे। शशिहि चकोरकिसोरक जैसे॥
सतानन्द तब आयसु दीन्हा। सीता गमन राम पहँ कीन्हा॥

दोहा

संग सषी सुंदरि चतुर गावहिं मंगलचार।
गवनी बालमरालगति सुषमा अग अपार॥

चौपाई

सषिन मध्य सिय सोहति कैसी। छबि गन मध्य महा छवि जैसी॥
करसरोज जयमाल सुहाई। विश्वविजय सोभा जनु छाई॥
तन सकोच मन परम उछाहू। गूढ़ प्रेम लषि परै न काहू॥
जाइ समीप रामछवि देषी। रहि जनु कुंवरि चित्रअवरेषी॥
चतुर सषी लषि कहा बुझाई। पहिरावहु जयमाल सुहाई॥
सुनत जुगल कर माल उठाई। प्रेमविवश पहिराइ न जाई॥
सोहत जनु जुगजलज सनाला। शशिहि सभीत देत जयमाला॥
गावहिं छवि अवलोकि सहेली। सिय जयमाल रामउर मेली॥

सोरठा

रघुवरउर जयमाल देषि देव वरषहिं सुमन।
सकुचे सकल भुआल जनु विलोकि रवि कुमुदगन॥

चौपाई

पुर अरु व्योम बाजने बाजे। षल भे मलिन साधु सब गाजे॥
सुर किन्नर नर नाग मुनीशा। जयजय सब कहि देहिं अशीशा॥
नाचहिं गावहिं विबुधवधूटी। बारबार कुसुमावलि छूटी॥

जहँ तहँ विप्र वेदधुनि करहीं। बंदी विरदावलि उच्चरहीं॥
महि पाताल नाक जस ब्यापा। राम वरी सिय भंजेउ चापा॥
करहिं आरती पुर नर नारी। देहिं निछावरि वित्त बिसारी॥
सोहत सिया राम कै जोरी। छवि सृंगार मनहुं इक ठोरी॥
सषी कहहिं प्रभुपद गहु सीता। करति न चरनपरस अति भीता॥

दोहा

गौतमतियगति सुरति करि नहिं परसति पद पानि।
मन विहँसे रघुवशमनि प्रीति अलौकिक जानि॥

चौपाई

तब सिय देषि भूप अभिलाषे। कूर कपूत मूढ़ मन माषे॥
उठि उठि पहिरि सनाह अभागे। जहँ तहँ गाल बजावन लागे॥
लेहु छुड़ाइ सीय कहँ कोऊ। धरि मारहु नृपबालक दोऊ॥
तोरेउ धनुष चाड नहिं सरई। जीवत हमहिँ कुंवरि को बरई॥
जो विदेह कछु करै सहाई। जीतहु समर सहित दोउ भाई॥
साधु भूप बोले सुनि बानी। राजसमाजहि लाज लजानी॥
बल प्रताप वीरता बड़ाई। नाक पिनाकहि संग सिधाई॥
सोइ शूरता कि अब कहुँ पाई। अस बुधि तौ विधि मुंह मसिलाई॥

दोहा

देषहु रामहिं नयन भरि तजि ईर्षा मद मोहु।
लषनरोषपावक प्रबल जानि शलभ जनि होहु॥

चौपाई

वैनतेयबलि जिमि चह कागा। जिमि शश चहहि नागअरि भागा॥
जिमि चह कुशल अकारन कोही। सुषसम्पदा चहै शिवद्रोही॥
लोभी लोलुप कीरति चहई। निकलंकता कि कामी लहई॥
हरिपद विमुष परमगति चाहा। तस तुम्हार लालच नरनाहा॥
कोलाहल सुनि सीय सकानी। सषी लिवाय गईं जहँ रानी॥
राम सुभाय चले गुरु पाहीं। सियसनेह वरमत मनमाहीं॥
रानिन सहित शोचबश सीया। अवधौं विधिहि कहा करनीया॥

भूपवचन सुनि इत उत तकहीं। लषन रामडर बोलि न सकहीं ॥

दोहा

अरुननयन भृकुटी कुटिल चितवत नृपन सकोप।
मनहुँ मत्तगजगन निरषि सिंहकिसोरहि चोप ॥

चौपाई

षरभर देषि विकल नरनारी। सब मिलि देहिं महीपन गारी ॥
तेहि अवसर सुनि शिवधनुभंगा। आये भृगुकुलकमलपतंगा ॥
देषि महीप सकल सकुचाने। बाजझपट जनु लवा लुकाने ॥
गौर शरीर भूति भलि भ्राजा। भाल विशाल त्रिपुंड विराजा ॥
शीशजटा शशिवदन सुहावा। रिसिवश कछुक अरुन होइ आवा ॥
भृकुटी कुटिल नयन रिस राते। सहजहु चितवत मनहुं रिसाते ॥
बृषभकंध उर बाहु बिशाला। चारु जनेउ माल मृगछाला ॥
कटि मुनिबसन तून दुइ बांधे। धनु शर कर कुठार कल कांधे ॥

दोहा

साधु वेष करनी कठिन वरनि न जाय सरूप।
धरि मुनितन जनु वीररस आये जहँ सब भूप ॥

चौपाई

देषत भृगुपतिवेष कराला। उठे सकल भयविकल भुआला ॥
पितु समेत निज निज कहि नामा। लगे करन सब दंड प्रनामा ॥
जेहि सुभाव चितवहिं हित जानी। सो जानै जनु आयु षोटानी ॥
जनक बहोरि आय शिर नावा। सीय बुलाय प्रनाम करावा ॥
आशिष दीन सषी हरषानी। निज समाज लै गई सयानी ॥
विस्वामित्र मिले तब आई। पद सरोज मेले दोउ भाई ॥
राम लषन दशरथ के ढोटा। देषि असीस दीन्ह भल जोटा ॥
रामहि चितै रहे भरि लोचन। रूप अपार मार मद मोचन ॥

दोहा

बहुरि विलोकि विदेह सन कहहु कहा अति भीर।
पूछत जानि अजान जिमि व्यापेउ कोप शरीर ॥

चौपाई

समाचार कहि जनक सुनाये। जेहि कारन महीप सब आये॥
सुनत वचन तब अनत निहारे। देषे चापषंड महि डारे॥
अतिरिस बोले बचन कठोरा। कहु जड़ जनक धनुष केहि तोरा॥
वेगि देषाउ मूढ़ नतु आजू। उलटौं महि जहँ लगि तव राजू॥
अति डर उतर देत नृप नाहीं। कुटिल भूप हरषे मन माहीं॥
सुर मुनि नाग नगर नर नारी। सोचहि सकल त्रास उर भारी॥
मन पछिताति सीयमहतारी। बिधि सँवारि सब बात बिगारी॥
भृगुपति कर सुभाव सुनि सीता। अर्ध निमेष कल्प सम बीता॥

दोहा

सभय विलोके लोग सब जानि जानकीभीर।
हृदय न हर्ष विषाद कछु बोले श्रीरघुबीर॥

चौपाई

नाथ शंभुधनुभंजनिहारा। होइहि कोउ इक दास तुम्हारा॥
आयसु कहा कहिय किन मोही। सुनि रिसाय बोले मुनि कोही॥
सेवक सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिय लराई॥
सुनहु राम जेहिं शिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥
सो बिलगाउ बिहाउ समाजा। नतु मारे जैहै सब राजा॥
सुनि मुनिबचन लषन मुसुकाने। बोले परशुधरहि अपमाने॥
बहु धनुही तोरेउँ लरिकाईं। कबहुँ न अस रिस कीन्ह गुसाईं॥
एहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाय कह भृगुकुलकेतू॥

दोहा

रे नृपबालक कालबस बोलत तोहिं न सँभार।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु विदित सकल संसार॥

चौपाई

लषन कहा हँसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना॥
का छति लाभ जोर्न धनु तोरे। देषा राम नए के भोरे॥
छुवत टूट रघुपतिहिं न दोषू। मुनि बिनुकाज करिय कत रोषू॥

बोले चितय परशु की ओरा। रे शठ सुने प्रभाव न मोरा॥
बालक बोलि बधौं नहिं तोहीं। केवल मुनि जड़ जानेसि मोहीं॥
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। विश्वविदित छत्रीकुलद्रोही॥
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। विपुल बार महिदेवन दीन्ही॥
सहसबाहुभुजछेदनहारा। परशु विलोकु महीपकुमारा॥

दोहा

मातु पितहि जनि सोच वश करसि महीपकिसोर।
गर्भन के अर्भक दलन परशु मोर अति घोर॥

चौपाई

बिहँसि लषन बोले मृदुबानी। अहो मुनीश महाभट मानी॥
पुनि पुनि मोहिं देषाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥
इहां कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जो तरजनी देषि मरि जाहीं॥
देषि कुठार शरासन बाना। मैं कछु कहेउं सहित अभिमाना॥
भृगुकुल समुझि जनेउ विलोकी। जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी॥
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन पर न सुराई॥
बधे पाप अपकीरति हारे। मारतहू पां परिय तुम्हारे॥
कोटिकुलिस सम बचन तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा॥

दोहा

जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर।
सुनि सरोष भृगुवंशमनि बोले गिरा गँभीर॥

चौपाई

कौशिक सुनहु मंद यह वालक। कुटिल कालबस निजकुलघालक॥
भानुवंश राकेश कलंकू। निपट निरंकुश अबुध अशंकू॥
कालकवर होइहि छन माहीं। कहौं पुकारि षोरि मोहिं नाहीं॥
तुम हटकहु जो चहहु उबारा। कहि प्रताप बल रोष हमारा॥
लषन कहेउ मुनि सुजस तुम्हारा। तुमहिं अछत को बरनै पारा॥
अपने मुष तुम आपनि करनी। बार अनेक भांति बहु बरनी॥
नहिं संतोष तो पुनि कछु कहहू। जनि रिसि रोकि दुसह दुष सहहू॥

वीरव्रती तुम धीर अछोभा। गारी देत न पावहु शोभा॥

दोहा

सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आप।
विद्यमान रिपु पाइ रनि कायर करहिं प्रलाप॥

चौपाई

तुम तौ काल हाँकि जनु लावा। बार बार मोहिं लागि बुलावा॥
सुनत लषन के बचन कठोरा। परशु सुधारि धरेउ कर घोरा॥
अब जनि दोष देहु मोहिं लोगू। कटुवादी बालक बधजोगू॥
बाल बिलोकि बहुत मै बांचा। अब यह मरनहार भा सांचा॥
कौशिक कहा छमिय अपराधू। बालदोषगुन गनहिं न साधू॥
कर कुठार मैं अकरन कोही। आगे अपराधी गुरुद्रोही॥
उतर देत छांड़ौ बिनु मारे। केवल कौशिक शील तुम्हारे॥
नतु यहि काटि कुठार कठोरे। गुरुहिं उरिन होतेउँ श्रम थोरे॥

दोहा

गाधिसुवन कह हृदय हँसि मुनिहिं हरिअरे सूझ।
अजगव षंडेउ ऊष जिमि अजहुं न बूझ अबूझ॥

चौपाई

कह्यो लषन मुनि शील तुम्हारा। को नहिं जान विदित संसारा॥
मातहिं पितहिं उरिन भय नीके। गुरुरिन रहा सोच बड़ जीके॥
सो जनु हमरे माथे काढ़ा। दिन चलि गयउ ब्याज बहु बाढ़ा॥
अब आनिय ब्यवहरिया बोली। तुरत देउँ मैं थैली षोली॥
सुनि कटुबचन कुठार सुधारा। हाय हाय सब सभा पुकारा॥
भृगुवर परशु देषावहु मोही। विप्र विचारि बचौ नृपद्रोही॥
मिले न कबहुं सुभट रनगाढ़े। द्विज देवता घरहि के बाढ़े॥
अनुचित कहि सब लोग पुकारे। रघुपति सैनहिं लषन निवारे॥

दोहा

लषन उतर आहुति सरिस भृगुवरकोप कृशान।
बढ़त देषि जलसम बचन बोले रघुकुलभान॥

चौपाई

नाथ करहु बालकपर छोहू। सूध दूधमुख करिय न कोहू॥
जो पै प्रभु प्रभाव कछु जाना। तौ कि बराबरि करत अजाना॥
जो लरिका कछु अचगर करही। गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं॥
करिअ कृपा शिशु सेवक जानी। तुम सम शील धीर मुनि ज्ञानी॥
रामवचन सुनि कछुक जुड़ाने। कहि कछु लषन बहुरि मुसुकाने॥
हँसत देषि नष शिष रिस व्यापी। राम तोर भ्राता बड़ पापी॥
गौर शरीर श्याम मन माहीं। कालकूटमुष पयमुष नाहीं॥
सहज टेढ़ अनुहरै न तोही। नीच मीच सम देषि न मोहीं॥

दोहा

लषम कहेउ हँसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल।
जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं विश्वप्रतिकूल॥

चौपाई

मैं तुम्हार अनुचर मुनिराया। परिहरि कोप करिअ अब दाया॥
टूट चाप नहिं जुरहिं रिसाने। बैठिय होइहिं पांय पिराने॥
जो अतिप्रिय तौ करिय उपाई। जोरिय कोउ बड़ गुनी बुलाई॥
बोलत लषनहिं जनक डराहीं। मष्ट करहु अनुचित भल नाहीं॥
थर थर कांपहिं पुर नर नारी। छोट कुमार षोट अति भारी॥
भृगुपति सुनि सुनि निरभय वानी। रिस तनु जयै होय बलहानी॥
बोले रामहिं देइ निहोरा। बचौ विचारि बंधु लघु तोरा॥
मनमलीन तनु सुंदर कैसे। विषरस भरा कनकघट जैसे॥

दोहा

सुनि लछिमन बिहँसे बहुरि नयन तरेरे राम।
गुरु समीप गवने तुरत परिहरि वानी वाम॥

चौपाई

अति विनीत मृदु शीतल वानी। बोले राम जोरि जुग पानी॥
सुनहु नाथ तुम सहज सुजाना। बालक वचन करिअ नहिं काना॥
बरै बालक एक सुभाऊ। इनहिं न विदुष विदूषहिं काऊ॥

तेइ नाहीं कछु काज बिगारा। अपराधी मैं नाथ तुम्हारा॥
कृपा कोप बध बंध गुसाईं। मोपर करिअ दास की नाईं॥
कहिअ बेगि जेहि बिधि रिसि जाई। मुनिनायक सोइ करिअ उपाई॥
कह मुनि राम जाइ रिस कैसे। अजहुं अनुज तव चितव अनैसे॥
यहि के कंठ कुठार न दीन्हा। तौ मैं काह कोप करि कीन्हा॥

दोहा

गर्भ स्रवहिं अवनिपरमनि सुनि कुठारगति घोर।
परशु अछत देखौं जियत बैरी भूपकिसोर॥

चौपाई

बहै न हाथ दहै रिस छाती। भा कुठार कुंठित नृपघाती॥
भयउ बामबिधि फिरेउ सुभाऊ। मोरे हृदय कृपा कस काऊ॥
आजु दैव दुखु दुसह सहावा। सुनि सौमित्र बहुरि सिर नावा॥
बाउ कृपा मूरति अनुकूला। बोलत बचन झरत जनु फूला॥
जो पै कृपा जरै मुनिगाता। क्रोध भये तनु राखु बिधाता॥
देखु जनक हठि बालक येहू। कीन्ह चहत जड़ जमपुर गेहू॥
बेगि करहु किन आंखिन ओटा। देखत छोट खोट नृपढोटा॥
बिहँसे लखन कहा मुनि पाहीं। मूंदे आंखि कतहुं कोउ नाहीं॥

दोहा

परशुराम तब रामप्रति बोले बचन सक्रोध।
शम्भुशरासन तोरि शठ करसि हमार प्रबोध॥

चौपाई

बंधु कहै कटु सम्मत तोरे। तू छल बिनय करसि कर जोरे॥
करु परितोष मोर संग्रामा। नाहिंत छांडु कहाउब रामा॥
छलतजि समर करहु शिवद्रोही। बंधुसहित नतु मारौं तोही॥
भृगुपति बकहिं कुठार उठाये। मन मुसुकाहिं राम सिर नाये॥
गुनहु लखन कर हम पर रोषू। कतहुँ सुधाइहु ते बड़ दोषू॥
टेढ़ जानि शङ्का सब काहू। बक्र चन्द्रमहिं ग्रसै न राहू॥
राम कहेउ रिस तजहु मुनीशा। कर कुठार आगे यह शीशा॥

जेहि रिस जाइ करिअ सोइ स्वामी। मोहिं जानि आपन अनुगामी॥

दोहा

प्रभुहिं सेवकहिं समर कस तजहु विप्रबर रोष।
वेष विलोकि कहेसि कछु बालकहू नहिं दोष॥

चौपाई

देखि कुठार बान धनुधारी। भय लरिकहि रिस वीर बिचारी॥
नाम जान पै तुमहिं न चीन्हा। वंश सुभाव उतरु तेइ दीन्हा॥
जो तुम अवतेउ मुनिकी नाईं। पदरज शिर शिशु धरत गुसाईं॥
छमहु चूक अनजानत केरी। चहिय विप्रउर कृपा घनेरी॥
हमहिं तुमहिं सरिबरि कस नाथा। कहहु तो कहां चरन कहँ माथा॥
राममात्र लघु नाम हमारा। परशु सहित बड़ नाम तुम्हारा॥
देव एक गुन धनुष हमारे। नव गुन परमपुनीत तुम्हारे॥
सब प्रकार हम तुम सन हारे। छमहु विप्र अपराध हमारे॥

दोहा

बार बार मुनि विप्रवर कहा राम सन राम।
बोले भृगुपति सरुष होइ तुहूँ बंधु सम वाम॥

चौपाई

निपटहि द्विजकरि जाने मोहीं। मैं जस विप्र सुनावौं तोहीं॥
चाप स्रुवा शर आहुति जानू। कोप मोर अतिघोर कृशानू॥
समिधा सेन चतुरंग सुहाई। महामहीप भये पशु आई॥
मैं यहि परशु काटि बल दीन्ह। समरजग्य जग कोटिन कीन्ह॥
मोर प्रभाव विदित नहिं तोरे। बोलसि निदरि विप्र के भोरे॥
भंजेउ चाप दाप बड़ बाढ़ा। अहमिति मनहु जीति जग ठाढ़ा॥
राम कहा मुनि कहहु विचारी। रिस अति बड़ि लघु चूक हमारी॥
छुवतहि टूट पिनाक पुराना। मैं केहि हेतु करौं अभिमाना॥

दोहा

जो हम निदरहिं विप्र बदि सत्य सुनहु भृगुनाथ।
तौ अस जग को सुभट जेहि भयवस नावहिं माथ॥

चौपाई

देव दनुज भूपति भट नाना । समबल अधिक होउ बलवाना ॥
जो रन हमहि प्रचारै कोऊ । लरहिं सुखेन काल किन होऊ ॥
छत्रियतनु धरि समर सकाना । कुलकलंक तेहि पांवर जाना ॥
कहौं सुभाव न कुलहिं प्रसंसी । कालहु डरहिं न रन रघुवंसी ॥
विप्रवंश कै अस प्रभुताई । अभय होइ जो तुमहिं डराई ॥
सुनि मृदु वचन गूढ़ रघुपति के । उघरे पटल परशुधरमति के ॥
राम रमापति कर धनु लेहू । खैंचहु मोर मिटै सदेहू ॥
देत चाप आपुहि चढ़ि गयऊ । परशुराममन विस्मय भयऊ ॥

दोहा

जाना राम प्रताप तब पुलक प्रफुल्लितगात ।
जोरि पानि बोले वचन प्रेम न हृदय समात ॥

चौपाई

जय रघुवंशवनजवन भानू । गहनदनुजकुल दहन कृशानू ॥
जय सुर विप्र धेनु हितकारी । जय मद मोह कोह भ्रमहारी ॥
विनयशीलकरुना गुनसागर । जयति वचनरचना अतिआगर ॥
सेवकसुखद सुभग सब अंगा । जय शरीर छवि कोटि अनंगा ॥
करौं कहा मुख एक प्रशंसा । जय महेशमनमानसहंसा ॥
अनुचित बहुत कहेउ अग्याता । छमहु छमामन्दिर दोउ भ्राता ॥
कहि जय जय जय रघुकुलकेतू । भृगुपति गएउ वनहिं तप हेतू ॥
अपभय सकल महीप डराने । जहँ तहँ कायर गवहिं पराने ॥

दोहा

देवन दीन्ही दुंदुभी प्रभु पर वरषहिं फूल ।
हरखे पुर नर नारि सब मिटा मोह भय सूल ॥

चौपाई

अति गहगहे बाजने बाजे । सबहिं मनोहर मंगल साजे ॥
जुत्थ जुत्थ मिलि सुमुखि सुनयनी । करहिं गान कलकोकिलबयनी ॥
सुख बिदेहकर बरनि न जाई । जनम दरिद्र मनहुं निधि पाई ॥

विगत त्रास भइ सीय सुखारी। जिमि बिधुउदय चकोरकुमारी॥
जनक कीन्ह कौशिकहि प्रनामा। प्रभुप्रसाद धनु भंजेउ रामा॥
मोहिं कृतकृत्य कीन्ह दुहुँ भाई। अब जो उचित सो कहिय गुसाँई॥
कह मुनि सुनु नरनाथ प्रवीना। रहा विवाह चापआधीना॥
टूटतही धनु भयउ विवाहू। सुरनरनाग विदित सब काहू॥

दोहा

तदपि जाइ तुम करहु अब यथा वंशव्यवहार।
बूझि विप्र कुल वृद्ध गुरु वेदविदित आचार॥

चौपाई

दूत अवधपुर पठवहु जाई। आनौ नृप दशरथहिं बुलाई॥
मुदित राउ कहि भलहि कृपाला। पठये दूत अवध तेहि काला॥
बहुरि महाजन सकल बुलाये। आइ सबनि सादर सिर नाये॥
हाट वाट मन्दिर सुरवासा। नगर सँवारहु चारिहु पासा॥
हरषि चले निज निज गृह आए। पुनि परिचारकनिकर बोलाए॥
रचहु विचित्र वितान बनाई। सिर धरि वचन चले सचुपाई॥
पठए बोलि गुनी तिन्ह नाना। जे वितानविधिकुशल सुजाना॥
विधिहि वंदि तिन्ह कीन्ह अरम्भा। बिरचे कनककेदलि के थंभा॥

दोहा

हरित मनिन के पत्र फल पद्मराग के फूल।
रचना देखि विचित्र अति मन विरंचि कर भूल॥

चौपाई

वेनु हरितमनिमय सब कीन्हे। सरस सपर्न परहिं नहिं चीन्हे॥
कनक कलित अहिबेलि बनाई। लखि नहिं परै सपरनसुहाई॥
तेहि के रचि पचि बंध बनाये। बिचबिच मुकतादाम सुहाये॥
मानिक मरकत कुलिश पिरोजा। चीरि कोरि पचि रचे सरोजा॥
किये भृंग बहु रंग विहंगा। गुंजहिं कूजहिं पवन प्रसंगा॥
सुरप्रतिमा थंभन गढ़ि काढ़ी। मंगल द्रब्य लिये सब ठाढ़ी॥
चौकैं भांति अनेक पुराईं। सिंदुरमनिमय सहज सुहाईं॥

दोहा

सौरभ पल्लव सुभग सुठि किये नीलमनि कोरि।
हेम बौर मरकत घवरि लसत पाटमय डोरि॥

चौपाई

रचे रुचिर वर बंदनवारे। मनहुँ मनोभवफंद सँवारे॥
मंगल कलश अनेक बनाये। ध्वज पताक पट चमर सुहाये॥
दीप मनोहर मनिमय नाना। जाइ न वरनि विचित्र विताना॥
जेहि मंडप दुलहिनि वैदेही। सो वरनै अस मति कवि केही॥
दूलह राम रूपगुनसागर। सो वितान तिहुँ लोक उजागर॥
जनकभवन कै शोभा जैसी। गृह गृह प्रति पुर देषिय तैसी॥
जेहि तिरहुति तेहि समय निहारी। तेहि लघु लगे भुवन दसचारी॥
जो संपदा नीच गृह सोहा। तेहिं विलोकि सुरनायक मोहा॥

दोहा

बसै नगर जेहि लच्छि करि कपटनारिवरवेष।
तेहिं पुर कै शोभा कहत सकुचहि शारद शेष॥

चौपाई

पहुंचे दूत रामपुर पावन। हरषे नगर विलोकि सुहावन॥
भूपद्वार तिन षबरि जनाई। दशरथ नृप सुनि लिये बोलाई॥
करि प्रनाम तिन्ह पाती दीन्ही। मुदित महीप आप उठि लीन्ही॥
वारि बिलोचन बांचत पाती। पुलकिगात आई भरि छाती॥
राम लषन उरकरवर चीठी। रहिगये कहत न षाटी मीठी॥
पुनि धरि धीर पत्रिका बांची। हरषी सभा बात सुनि सांची॥
षेलत रहे तहां सुधि पाई। आये भरत सहित लघु भाई॥
पूंछत अति सनेह सकुचाई। तात कहां ते पाती आई॥

दोहा

कुशल प्रानप्रिय बंधु दोउ अहहिं कहहु केहि देश।
सुनि सनेह साने वचन बांची बहुरि नरेश॥

चौपाई

सुनि पाती पुलके दोउ भ्राता। अधिक सनेह समात न गाता॥
प्रीति पुनीत भरत कै देषी। सकल सभा सुष लहेउ विशेषी॥
तब नृप दूत निकट बैठारे। मधुर मनोहर बचन उचारे॥
भैया कहहु कुशल दोउ बारे। तुम नीके निज नैन निहारे॥
श्यामल गौर धरे धनु भाथा। वय किशोर कौशिक मुनि साथा॥
पहिचानेउ तुम कहहु सुभाऊ। प्रेम बिबस पुनि पुनि कह राऊ॥
जा दिन ते मुनि गएउ लवाई। तब ते आजु सांचि सुधि पाई॥
कहहु विदेह कवन विधि जाने। सुनि प्रिय वचन दूत मुसुकाने॥

दोहा

सुनहु महीपति मुकुटमनि तुमसम धन्य न कोउ।
राम लषन जाके तनय विस्वविभूषन दोउ॥

चौपाई

पूंछन जोग न तनय तुम्हारे। पुरुषसिंह तिहुं पुर उजियारे॥
जिनके जसु प्रताप के आगे। शशि मलीन रवि शीतल लागे॥
तिनकहँ कहिय नाथ किमि चीन्हे। देषिय रविहि कि दीपक लीन्हे॥
सीयस्वयंवर भूप अनेका। सिमिटे सुभट एक ते एका॥
शंभुशरासन काहु न टारा। हारे सकल भूप बरियारा॥
तीन लोक महँ जे भट मानी। सबकी शक्ति शंभुधनु भानी॥
सकइ उठाइ सुरासुर मेरू। सो हिय हारि गए कर फेरू॥
जेहि कौतुक शिवशैल उठावा। सोउ तेहि सभा पराभव पावा॥

दोहा

तहां राम रघुवंसमनि सुनिय महामहिपाल।
भंजेउ चाप प्रयास बिनु जिमि गज पंकजनाल॥

चौपाई

सुनि सरोष भृगुनायक आए। बहुत भांति तिन आंषि दिषाए॥
देषि रामबल निज धनु दीन्हा। करि बहु विनय गवन बन कीन्हा॥
राजन राम अतुलबल जैसे। तेजनिधान लषन पुनि तैसे॥

कंपहिं भूप विलोकत जाके। जिमि गज हरिकिशोर के ताके॥
देव देषि तव बालक दोऊ। अवनि आंषि तर आव न कोऊ॥
दूत बचनरचना प्रिय लागी। प्रेम प्रताप वीररस पागी॥
सभा समेत राउ अनुरागे। दूतन्ह देन निछावरि लागे॥
कहि अनीति ते मूदेउ काना। धर्म विचारि सबहिं सुषु माना॥

दोहा

तव उठि भूप वसिष्ठ कहँ दीन्हि पत्रिका जाइ।
कथा सुनाई गुरुहिं सब सादर दूत बुलाइ॥

चौपाई

सुनि बोले मुनि अति सुषु पाई। पुण्यपुरुष कहुं महि सुष छाई॥
जिमि सरिता सागर महुं जाहीं। यद्यपि ताहि कामना नाहीं॥
तिमि सुषसंपति बिनहिं बुलाए। धर्मशील पहँ जाहिं सुभाए॥
तुम गुर विप्र धेनु सुरसेवी। तसि पुनीत कौशल्या देवी॥
सुकृती तुम समान जग माहीं। भयउ न है कोउ होनेउ नाहीं॥
तुम ते पुण्य अधिक बड़ काके। राजन राम सरिस सुत जाके॥
वीर विनीत धर्म व्रतधारी। गुनसागर वरबालक चारी॥
तुमकहँ सर्व काल कल्याना। सजहु बरात बजाइ निशाना॥

दोहा

चलहु वेगि सुनि गुरुवचन भलेहि नाथ सिर नाइ।
भूपति गवने भवन तब दूतन्ह वास दिवाइ॥

चौपाई

राजा सब रनिवास बुलाई। जनकपत्रिका बांचि सुनाई॥
सुनि संदेस सकल हरषानी। अपरकथा सब भूप बषानी॥
प्रेम प्रफुल्लित राजा रानी। मनहुं शिषिन सुनि वारिदबानी॥
मुदित असीस देहिं गुरुनारी। अति आनंद मगन महतारी॥
लेहिं परस्पर अति प्रिय पाती। हृदय लगाइ जुड़ावहिं छाती॥
रामलषन कै कीरति करनी। बारहिं बार भूपवर वरनी॥
मुनिप्रसाद कहि द्वार सिधाए। रानिन तब महिदेव बुलाए॥

दिये दान आनंद समेता। चले विप्रवर आशिष देता॥

सोरठ

याचक लिये हँकारि दिये निछावरि कोटि विधि।
चिरजीवहु सुत चारि चक्रवर्ति दशरत्थके॥

चौपाई

कहत चले पहिरे पट नाना। हरषि हने गहगहे निसाना॥
समाचार सब लोगन पाये। लागे घर घर होन बधाये॥
भुवन चारि दश भरेउ उछाहू। जनकसुता रघुवीर विवाहू॥
सुनि शुभ कथा लोग अनुरागे। मग गृह गली सँवारन लागे॥
यद्यपि अवध सदैव सुहावनि। रामपुरी मंगलमय पावनि॥
तदपि प्रीति की रीति सुहाई। मंगल रचना रची बनाई॥
ध्वज पताक पट चामर चारू। छावा परम विचित्र बजारू॥
कनककलश तोरन मनिजाला। हरद दूध दधि अच्छत माला॥

दोहा

मंगलमय निज निज भवन लोगनु रचे बनाइ।
बीथी सींची चतुर सब चौकै चारु पुराइ॥

चौपाई

जहँ तहँ यूथ यूथ मिलि भामिनि। सजि नव सप्त सकल द्युतिदामिनि॥
विधुवदनी मृगशावकलोचनि। निज सरूप रतिमानविमोचनि॥
गावहिं मंगल मंजुल बानी। सुनि कलरव कलकंठ लजानी॥
भूपभवन किमि जाइ बषाना। विश्वविमोहन रचेउ बिताना॥
मंगल द्रव्य मनोहर नाना। राजत बाजत विपुल निसाना॥
कतहुं बिरद वंदी उच्चरहीं। कतहुँ वेदधुनि भूसुर करहीं॥
गावहिं सुंदरि मंगल गीता। लै लै नाम राम अरु सीता॥
बहुत उछाहु भवन अति थोरा। मानहुँ उमँगि चला चहुँ ओरा॥

दोहा

शोभा दशरथ भवन कै को कवि वरनै पार।
जहां सकल सुरशीशमनि राम लीन्ह अवतार॥

चौपाई

भूप भरत पुनि लिये बुलाई। हय गज स्यन्दन साजहु जाई॥
चलहु बेगि रघुबीरबराता। सुनत पुलक पूरे दोउ भ्राता॥
भरत सकल साहनी बुलाये। आयसु दीन्ह मुदित उठि धाये॥
रचि रुचि जीन तुरंग तिन साजे। बरन बरन वर वाजि बिराजे॥
सुभग सकल सुठि चंचलकरनी। अवं इव जरत धरत पगु धरनी॥
नाना भांति न जाहिं बषाने। निदरि पवन जनु चहत उड़ाने॥
तिन्ह सब छयल भये असवारा। भरत सरिस सब राजकुमारा॥
सब सुन्दर सब भूषनधारी। कर सर चाप तून कटि भारी॥

दोहा

छरे छबीले छयल सब शूर सुजान नवीन।
जुग पदचर असवार प्रति जे असिकलाप्रवीन॥

चौपाई

बांधे बिरद वीर रनगाढ़े। निकसि भये पुर बाहेर ठाढ़े॥
फेरहिं चतुर तुरगगति नाना। हरषहिं सुनि सुनि पनव निशाना॥
रथ सारथिन विचित्र बनाये। ध्वज पताक मनि भूषन छाये॥
चंवरचारूं किंकिनि ध्वनि करहीं। भानुजान शोभा अपहरहीं॥
श्यामकरन अगनित हय होते। ते तिन रथन सारथिन जोते॥
सुन्दर सकल अलंकृत सोहैं। जिनहिं विलोकत मुनि मन मोहैं॥
जे जल चलहिं थलहिं की नाई। टाप न बूड़ वेग अधिकाई॥
अस्त्र शस्त्र सब साज बनाई। रथी सारथिन लिये बुलाई॥

दोहा

चढ़ि चढ़ि रथ बाहेर नगर लागी जुरन बरात।
होत सगुन सुंदर सबहि जो जेहि कारज जात॥

चौपाई

कलित करिवरन परी अँबारी। कहि न जाहि जेहि भाँति सँवारी॥
चले मत्त गज घंट विराजे। मनहुँ सुभग सावनघन गाजे॥
बाहन अपर अनेक विधाना। सिबिका सुभग सुषासन जाना॥

तिन चढ़ि चले विप्रवर बृंदा। जनु तनु धरे सकल श्रुति छंदा॥
मागध सूत बंदि गुनगायक। चले जान चढ़ि जो जेहि लायक॥
बेसर ऊंट वृषभ बहु जाती। चले वस्तु भरि अगनित भांती॥
कोटिन कांवरि चले कहारा। विविध वस्तु को बरनै पारा॥
चले सकल सेवक समुदाई। निज निज साज समाज बनाई॥

दोहा

सबके उर निर्भर हरष पूरित पुलकशरीर।
कबहुँ देषिबे नयन भरि राम लषन दोउ वीर॥

चौपाई

गरजहिं गजघंटा धुनि घोरा। रथरव बाजिहींस चहुँ ओरा॥
निदरि घनहि घुम्मरहि निशाना। निज पराव कछु सुनिय न काना॥
महाभीर भूपति के द्वारे। रज होइ जाइ पषान पवारे॥
चढ़ी अटारिन देषिहिं नारी। लिये आरती मंगल थारी॥
गावहिं गीत मनोहर नाना। अति अनंद नहिं जाइ बषाना॥
तब सुमंत दुइ स्यन्दन साजी। जोते रविहयनिंदक वाजी॥
दोउ रथ रुचिर भूप पहँ आने। नहिं शारद पहिं जाहिं बषाने॥
राजसमाज एक रथ भ्राजा। दूसर तेजपुंज अति राजा॥

दोहा

तेहि रथ रुचिर वसिष्ठ कहँ हरषि चढ़ाइ नरेश।
आपु चढ़यो स्यंदन सुमिरि हर गुरु गौरि गनेश॥

चौपाई

सहित वशिष्ठ सोह नृप कैसे। सुरगुरु संग पुरंदर जैसे॥
करि कुलरीति वेदविधि राऊ। देषि सबहिं सब भांति बनाऊ॥
सुमिरि राम गुरुआयसु पाई। चले महीपति शंख बजाई॥
हरषे विबुध विलोकि बराता। बरषहिं सुमन सुमंगलदाता॥
भयउ कोलाहल हय गज गाजे। व्योम बरात बाजने बाजे॥
सुर नर नारि सुमंगल गाई। सरस राग बाजहिं सहनाई॥
घंट घंटि धुनि बरनि न जाई। सरौं करे पायक फहराई॥

करहिं विदूषक कौतुक नाना। हास कुशल कलगानसुजाना॥

दोहा

तुरग नचावहिं कुंवरवर अकनि मृदंग निशान।
नागरनट चितवहिं चकित डिगहिं न ताल विधान॥

चौपाई

बनै न बरनत बनी बराता। होहिं सगुन सुंदर शुभ दाता॥
चारा चाष वाम दिशि लेई। मनहुँ सकल मंगल कहि देई॥
दाहिन काग सुषेत सुहावा। नकुलदरश सब काहू पावा॥
सानुकूल बह त्रिविध बयारी। सघट सवाल आव बरनारी॥
लोवा फिरि फिरि दरश दिषावा। सुरभी सनमुष शिशुहि पियावा॥
मृगमाला फिरि दाहिनि आई। मंगलगन जनु दीह दिषाई॥
छेमकरी कह छेम विशेषी। श्यामा वाम सुतरु पर देषी॥
सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना॥

दोहा

मंगलमय कल्यानमय अभिमत फलदातार।
जनु सब सांचे होन हित भए सगुन इक बार॥

चौपाई

मंगल सगुन सुगम सब ताके। सगुन ब्रह्म सुन्दर सुत जाके॥
रामसरिस वर दुलहिनि सीता। समधी दशरथ जनक पुनीता॥
सुनि अस ब्याहु सगुन सब नाचे। अब कीन्हें विरंचि हम सांचे॥
यहि विधि कीन्ह बरात पयाना। हय गय गाजहि हनहिं निशाना॥
आवत जानि भानुकुलकेतू। सरितन जनक बँधाये सेतू॥
बीच बीच वर वास बनाये। सुरपुर सरिस संपदा छाये॥
अशन शयन वर बसन सुहाए। पावहिं सब निज निज मन भाए॥
नितनूतन सुष लषि अनुकूले। सकल बरातिन मंदिर भूले॥

दोहा

आवत जानि बरात वर सुनि गहगहे निशान।
सजि गज रथ पदचर तुरग लेन चले अगवान॥

चौपाई

कनक कलश कोपर भरि थारा । भाजन ललित अनेक प्रकारा ॥
भरे सुधासम सब पकवाना । भांति भांति नहिं जाहिं बषाना ॥
फल अनेक वर वस्तु सुहाई । हरषि भेंट हित भूप पठाई ॥
भूषन वसन महामनि नाना । षग मृग हय गय वहु विधि याना ॥
मंगल सगुन सुगंध सुहाये । बहुत भांति महिपाल पठाये ॥
दधि चिउरा उपहार अपारा । भरिभरि कांवरि चले कहारा ॥
अगवानिन्ह जब दीष बराता । उर आनंद पुलक भरि गाता ॥
देषि बनाव सहित अगवाना । मुदित बरातिन हने निशाना ॥

दोहा

हरषि परसपर मिलन हित कछुक चले बगमेल ।
जनु आनंदसमुद्र दुइ मिलत विहाय सुवेल ॥

चौपाई

बरषि सुमन सुरसुंदरि गावहिं । मुदित देव दुंदुभी बजावहिं ॥
वस्तु सकल राषी नृप आगें । विनय कीन्ह तिन अति अनुरागें ॥
प्रेमसमेत राय सब लीन्हा । भइ बकशीश जाचकन्ह दीन्हा ॥
करि पूजा मान्यता बड़ाई । जनवासे कहुँ चले लिवाई ॥
वसन विचित्र पांवड़े परहीं । देषि धनद धनमद परिहरहीं ॥
अति सुन्दर दीन्हेउ जनवासा । जहँ सब कहँ सब भांति सुपासा ॥
जानी सिय बरात पुर आई । कछु निज महिमा प्रगट जनाई ॥
हृदय सुमिरि सब सिद्धि बुलाईं । भूप पहुनई करन पठाईं ॥

दोहा

सिधि सब सिय आयसु अकनि गईं जहां जनवास ।
लिये संपदा सकल सुष सुरपुरभोगविलास ॥

चौपाई

निज निज वास विलोकि बराती । सुर सुषु सकल सुलभ सब भांती ॥
विभवभेद कछु कोउ न जाना । सकल जनक कर करहिं बषाना ॥
सियमहिमा रघुनायक जानी । हरषे हृदय हेतु पहिचानी ॥

पितु आगमन सुनत दोउ भाई। हृदय न अति आनंदु अमाई॥
सकुचत कहि न सकत गुरुपाहीं। पितुदरशन लालचु मन माहीं॥
विश्वामित्र विनय बड़ि देषी। उपजा उर आनंद विशेषी॥
हरषि बंधु दोउ हृदय लगाए। पुलकि अंग अंबक जल छाए॥
चले जहां दशरथ जनवासें। मनहुं सरोवर तकेउ पिआसें॥

दोहा

भूप विलोके जबहिं मुनि आवत सुतन समेत।
उठेउ हरषि सुषसिंधु महँ चले थाह सी लेत॥

चौपाई

मुनिहि दंडवत कीन्ह महीशा। बारबार पदरज धरि शीशा॥
कौशिक राउ लिये उर लाई। कहि अशीश पूंछी कुशलाई॥
पुनि दंडवत करत दोउ भाई। देषि नृपति उर सुष न समाई॥
सुत हिय लाइ दुसह दुष मेटे। मृतक शरीर प्रान जनु भेटे॥
पुनि वसिष्ठपद शिर तिन नाये। प्रेम मुदित मुनिवर उर लाये॥
विप्रबृंद बंदे दुहुं भाई। मन भावतै अशीशै पाई॥
भरत सहानुज कीन्ह प्रनामा। लिए उठाइ लाइ उर रामा॥
हरषे लषन देषि दोउ भ्राता। मिले प्रेमपरिपूरन गाता॥

दोहा

पुरजन परिजन जातिजन जाचक मंत्री मीत।
मिले यथाविधि सबहिं प्रभु परम कृपालु विनीत॥

चौपाई

रामहिं देषि बरात जुड़ानी। प्रीति कि रीति न जाय बषानी॥
नृप समीप सोहहिं सुत चारी। जनु धन धरमादिक तनुधारी॥
सुतन समेत दशरथहिं देषी। मुदित नगर नर नारि विशेषी॥
सुमन वरषि सुर हनहिं निशाना। नाकनटी नाचहिं करि गाना॥
शतानन्द अरु विप्र सचिवगन। मागध सूत विदुष बंदीजन॥
सहित बरात राउ सनमाना। आयसु माँगि फिरे अगवाना॥
प्रथम बरात लगन ते आई। ताते पुर प्रमोद अधिकाई॥

ब्रह्मानंद लोग सब लहहीं। बढ़हु दिवस निशि विधि सन कहहीं ॥

दोहा

राम सीय शोभाअवधि सुकृतअवधि दोउ राज।
जहँ तहँ पुरजन कहहिं अस मिलि नरनारिसमाज ॥

चौपाई

जनकसुकृतमूरति वैदेही। दशरथसुकृत राम धरें देही ॥
इनसम काहु न शिवआराधे। काहु न इन समान फल साधे ॥
इन सम कोउ न भयउ जगमाहीं। है नहिं कतहुं होनेहु नाहीं ॥
हम सब सकल सुकृत कै रासी। भये जग जनमि जनकपुरवासी ॥
जिन जानकी राम छवि देषी। को सुकृती हम सरिस विशेषी ॥
पुनि देषब रघुवीर विवाहू। लेब भली विधि लोचन लाहू ॥
कहहिं परसपर कोकिलबयनी। यहि विवाह बड़लाहु सुनयनी ॥
बड़े भाग विधि बात बनाई। नयन अतिथि होइहैं दोउ भाई ॥

दोहा

बारहिंबार सनेहबस जनक बोलाउब सीय।
लेन आइहैं बंधु दोउ कोटिकामकमनीय ॥

चौपाई

बिबिध भांति होइहि पहुनाई। प्रिय न काहि अस सासुर माई ॥
तब तब राम लषनहिं निहारी। होइहहिं सब पुरलोग सुषारी ॥
सषि जस रामलषन कर जोटा। तैसेइ भूप संग दुइ ढोटा ॥
श्याम गौर सब अंग सुहाये। ते सब कहहिं देषि जे आये ॥
कहा एक मैं आजु निहारे। जनु विरंचि निज हाथ सँवारे ॥
भरत रामही की अनुहारी। सहसा लषि न सकहिं नरनारी ॥
लषन शत्रुसूदन इक रूपा। नषशिष ते सब अग अनूपा ॥
मन भावहिं मुष बरनि न जाहीं। उपमा कहुँ त्रिभुवन कोउ नाहीं ॥

छंद

उपमा न कोउ कह दासतुलसी कतहुँ कवि कोविद कहैं।
बल विनय विद्या शील शोभासिन्धु इन सम यइ अहैं ॥

पुरनारि सकल पसारि अंचल विधिहि वचन सुनावहीं।
ब्याहियहुँ चारिउ भाइ यहि पुर हम सुमगल गावही॥

सोरठा

कहहिं परसपर नारि वारि विलोचन पुलक तन।
सषि सब करब पुरारि पुन्यपयोनिधि भूप दोउ॥

चौपाई

यहिविधि सकल मनोरथ करहीं। आनँद उमँगि उमँगि उर भरहीं॥
जे नृप सीयस्वयंवर आये। देषि बंधु तिन सब सुष पाये॥
कहत रामजस विशद विशाला। निज निज भवन गए महिपाला॥
गए बीति कछु दिन यहि भांती। प्रमुदित पुरजन सकल बराती॥
मंगल मूल लगनदिन आवा। हिमऋतु अगहनमास सुहावा॥
ग्रह तिथि नषत योग वर वारू। लगन शोधि विधि कीन्ह विचारू॥
पठै दीन नारद सन सोई। गनी जनकके गनकन्हि जोई॥
सुनी सकल लोगन यह बाता। कहहिं जोतिषी आहिं बिधाता॥

दोहा

धेनुधूलि वेला विमल सकलसुमंगल मूल।
विप्रन कहेउ विदेह सन जानि सगुन अनुकूल॥

चौपाई

उपरोहितहि कहेउ नरनाहा। अब विलंब कर कारन काहा॥
शतानंद तब सचिव बुलाए। मंगल सकल साजि सब ल्याए॥
शंष निशान पनव बहु बाजे। मंगल कलश सगुन सब साजे॥
सुभग सुआसिनि गावहिं गीता। करहिं वेदधुनि विप्र पुनीता॥
लेन चले सादर यहि भांती। गये जहां जनवास बराती॥
कोशलपति कर देषि समाजू। अतिलघु लगे तिनहिं सुरसाजू॥
भयउ समय अब धारिय पाऊ। यह सुनि परा निशानहि घाऊ॥
गुरहिं पूछि करि कुलविधि राजा। चले संग मुनि साजि समाजा॥

दोहा

भाग्य विभव अवधेश कर देषि देव ब्रह्मादि।
लगे सराहन सहसमुष जानि जनम निज बादि॥

चौपाई

सुरन सुमंगल अवसर जाना । बरषहिं सुमन बजाइ निशाना ॥
शिव ब्रह्मादिक विबुधबरूथा । चढ़े विमानीन्ह नाना जूथा ॥
प्रेमपुलक तन हृदय उछाहू । चले विलोकन रामविवाहू ॥
देषि जनकपुर सुर अनुरागे । निज निज लोक सबहिं लघु लागे ॥
चितवहिं चकित विचित्र विताना । रचना सकल अलौकिक नाना ॥
नगर नारि नर रूपनिधाना । सुघर सुधरम सुशील सुजाना ॥
तिनहिं देषि सब सुर सुरनारी । भये नषत जनु विधुउजियारी ॥
विधिहिं भयउ आचरजु विशेषी । निज करनी कछु कतहुँ न देषी ॥

दोहा

शिव समुझाये देव सब जनि आचरज भुलाहु ।
हृदय विचारहु धीर धरि सियरघुवीर विवाहु ॥

चौपाई

जिनकर नाम लेत जगमाहीं । सकल अमंगलमूल नशाहीं ॥
करतल होहिं पदारथ चारी । तेइ सियराम कहेउ कामारी ॥
यहिविधि शंभु सुरन समुझावा । पुनि आगे वर बसह चलावा ॥
देवन देषे दशरथ जाता । महामोदमन पुलकित गाता ॥
साधु समाज संग महिदेवा । जनु तनु धरे करहिं सुर सेवा ॥
सोहत साथ सुभग सुत चारी । जनु अपवरग सकल तनुधारी ॥
मरकत कनक वरन वर जोरी । देषि सुरन भइ प्रीति न थोरी ॥
पुनि रामहिं विलोकि हिय हरषे । नृपहि सराहि सुमन तिन्ह वरषे ॥

दोहा

रामरूप नषशिष सुभग बारहिं बार निहारि ।
पुलकगात लोचन सजल उमा समेत पुरारि ॥

चौपाई

केकिकंठ द्युति श्याममल अंगा । तडितबिनिन्दक वसन सुरंगा ॥
ब्याह विभूषन विविध बनाए । मंगलमय सब भांति सुहाए ॥
शरद विमल विधुवदन सुहावन । नयन नवलराजीवलजावन ॥

सकल अलौकिक सुंदरताई। कहि न जाय मनहीं मन भाई ॥
बंधु मनोहर सोहहिं संगा। जात नचावत चपल तुरंगा ॥
राजकुंवर वरवाजि देषावहिं। वंशप्रशंसक बिरद सुनावहिं ॥
जेहि तुरंग पर राम विराजे। गति विलोकि षगनायक लाजे ॥
कहि न जाइ सब भांति सुहावा। वाजिवेष जनु काम बनावा ॥

छंद

जनु वाजिवेष बनाइ मनसिज राम हित अति सोहई।
आपने वय बल रूप गुन गति सकल भुवन विमोहई ॥
जगमगति जीन जराव जोति सुमोति मनिमानिक लगे।
किंकिनि ललाम लगाम ललित विलोकि सुरनर मुनि ठगे ॥

दोहा

प्रभुमनसहि लय लीन मन चलत वाजि छवि पाव।
भूषित उडुगन तड़ितघन जनु वर बरहि नचाव ॥

चौपाई

जेहि वर वाजि राम असवारा। तेहि शारदहु न वरनै पारा ॥
शंकर राम रूप अनुरागे। नयन पंचदश अतिप्रिय लागे ॥
हरि हित सहित राम जब जोहे। रमा समेत रमापति मोहे ॥
निरषि रामछवि विधि हरषाने। आठहि नयन जानि पछिताने ॥
सुरसेनप उर बहुत उछाहू। विधि ते डेवढ़े लोचनलाहू ॥
रामहिं चितव सुरेश सुजाना। गौतमशाप परमहित माना ॥
देव सकल सुरपतिहिं सिहाही। आजु पुरंदरसम कोउ नाही ॥
मुदित देवगन रामहिं देषी। नृपसमाज दुहुँ हरष विशेषी ॥

छंद

अति हरषु राज समाज दुहुं दिशि दुंदुभी बाजहिं घनी।
बरषहिं सुमन सुर हरषि कहि जय जयति जय रघुकुलमनी॥
यहि भांति जानि बरात आवत बाजने बहु बाजहीं।
रानी सुआसिनि बोलि परिछन हेतु मंगल साजहीं ॥

दोहा

सजि आरती अनेक विधि मंगल सकल सँवारि।
चलीं मुदित परिछन करन गजगामिनि वरनारि॥

चौपाई

विधुवदनी सब सब मृगलोचनि। सब निज तनछवि रतिमदमोचनि॥
पहिरे वरन वरन वर चीरा। सकल विभूषन सजे शरीरा॥
सकल सुमंगल अंग बनाये। करहिं गान कलकंठ लजाये॥
कंकन किंकिनि नूपुर बाजहिं। चाल विलोकि कामगज लाजहिं॥
बाजहिं बाजन विविध प्रकारा। नभ अरु नगर सुमंगल चारा॥
शची शारदा रमा भवानी। जे सुरतिय शुचि सहज सयानी॥
कपटनारि वर वेष बनाई। मिली सकल रनिवासिनि जाई॥
करहिं गान कल मंगल वानी। हरषविवश सब काहु न जानी॥

छंद

को जान केहि आनंदवश सब ब्रह्मबर परिछन चलीं।
कलगान मधुर निशान वरषहिं सुमन सुरशोभा भलीं॥
आनंदकंद विलोकि दूलह सकल हिय हरषित भईं।
अंभोजअंबक अंबु उमँगि सुअंग पुलकावलि छईं॥

दोहा

जो सुष भा सियमातुमन देखि रामवरवेष।
सो न सकहिं कहि कलपशत सहस शारदा शेष॥

चौपाई

नयननीर हठि मंगल जानी। परिछनि करहिं मुदितमन रानी॥
वेदविहित अरु कुलआचारू। कीन्ह भलीविधि सब व्यवहारू॥
पंचसबदधुनि मंगल गाना। पट पांवड़े परहिं विधि नाना॥
करि आरती अरघ तिन्ह दीन्हा। राम गमन मंडप तब कीन्हा॥
दशरथ सहित समाज विराजे। विभव विलोकि लोकपति लाजे॥
समय समय सुर वरषहिं फूला। शांति पढ़हिं महिसुर अनुकूला॥
नभ अरु नगर कोलाहल होई। आपन पर कछु सुनै न कोई॥

यहि विधि राम मंडपहि आये। अरघ देइ आसन बैठाये॥

छंद

बैठारि आसन आरती करि निरषि वर सुष पावहीं।
मनि वसन भूषन भूरि वारहिं नारि मंगल गावहीं॥
ब्रह्मादि सुर वर विप्रवेष बनाइ कौतुक देषहीं।
अवलोकि रविकुलकमलरविछवि सुफल जीवन लेषहीं॥

दोहा

नाऊ बारी भाट नट रामनिछावरि पाइ।
मुदित अशीशहिं नाइ शिर हरष न हृदय समाइ॥

चौपाई

मिले जनक सादर अति प्रीती। करि वैदिक लौकिक सब रीती॥
मिलत महा दोउ राज विराजे। उपमा षोजि षोजि कवि लाजे॥
लही न कतहुँ हारि हिय मानी। इन सम यइ उपमा उर आनी॥
सामध देषि देव अनुरागे। सुमन वरषि जस गावन लागे॥
जग विरंचि उपजावा जब ते। देषे सुने ब्याह बहु तब ते॥
सकल भांति सब साज समाजू। सम समधी देषे हम आजू॥
देवगिरा सुनि सुंदरि सांचो। प्रीति अलौकिक दुहुँ दिशि मांची॥
देत पांवड़े अरघ सुहाये। सादर जनक मंएडपहिं ल्याये॥

छंद

मंडप विलोकि विचित्र रचना रुचिरता मुनिमन हरे।
निजपानि जनक सुजान सब कहँ आनि सिंहासन धरे॥
कुलइष्ट सरिस वशिष्ठ पूजे विनय करि आशिष लही।
कौशिकहि पूजत परमप्रीति कि रीति तौ न परै कही॥

दोहा

वामदेव आदिक ऋषय पूजे मुदित महीश।
दिये दिव्य आसन सबहिं सब सन लही अशीश॥

चौपाई

बहुरि कीन्ह कोशलपतिपूजा। जानि ईश सम भाव न दूजा॥

कीन्ह जोरि कर विनय बड़ाई। कहि निज भाग्यविभव बहुताई॥
पूजे भूपति सकल बराती। समधी सम सादर सब भांती॥
आसन उचित दिये सब काहू। कहौं कहा मुष एक उछाहू॥
सकल बरात जनक सनमानी। दान मान बिनती बर बानी॥
बिधि हरि हर दिशिपति दिनराऊ। जे जानहिं रघुवीरप्रभाऊ॥
कपट विप्रवर वेष बनाये। कौतुक देषहिं अति सचुपाये॥
पूजे जनक देव सम जाने। दिये सुआसन बिनु पहिंचाने॥

छंद

पहिंचान को केहि जान सबहि अपान सुधि भोरी भई।
आनंदकंद बिलोकि दूलहु उभय दिशि आनंदमई॥
सुर लषे राम सुजान पूजे मानसिक आसन दये।
अवलोकि शील सुभाव प्रभु को बिबुध मन प्रमुदित भये॥

दोहा

रामचंदमुषचंदछबि लोचन चारु चकोर।
करत पान सादर सकल प्रेम प्रमोद न थोर॥

चौपाई

समय बिलोकि वसिष्ठ बुलाये। सादर शतानंद पुनि आये॥
वेगि कुँवरि अब आनहु जाई। चले मुदित मन आयसु पाई॥
रानी सुनि उपरोहित बानी। प्रमुदित सषिन समेत सयानी॥
विप्रवधू कुलबृद्ध बुलाई। करि कुलरीति सुमंगल गाई॥
नारिवेष जे सुरवर वामा। सकल सुभाय सुंदरी श्यामा॥
तिनहिं देषि सुष पावहिं नारी। बिनु पहिंचान प्रान ते प्यारी॥
बार बार सनमानहिं रानी। उमा रमा शारद सम जानी॥
सीय सँवारि समाज बनाई। मुदित मंडपहिं चलीं लवाई॥

छंद

चलि ल्याइ सीतहिं सषी सादर सजि सुमंगल भामिनी।
नवसप्त साजे सुंदरी सब मत्तकुंजरगामिनी॥
कलगान सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं कामकोकिल लाजहीं।

मंजीर नूपुर कलित कंकन तालगति वर बाजहीं ॥

दोहा

सोहति बनितावृंद महँ सहज सुहावनि सीय ।
छविललनागनमध्य जनु सुषमा अति कमनीय ॥

चौपाई

सियसुंदरता बरनि न जाई । लघु मति बहुत मनोहरताई ॥
आवत दीष बरातिन सीता । रूपराशि सब भांति पुनीता ॥
सबहिं मनहि मन कीन्ह प्रनामा । देषि राम भये पूरनकामा ॥
हरषे दशरथ सुतन समेता । कहि न जाइ उर आनँद जेता ॥
सुर प्रनाम करि बर्षहिं फूला । मुनिअशीश धुनि मंगल मूला ॥
गान निशान कोलाहल भारी । प्रेम प्रमोद मगन नर नारी ॥
यहि विधि सीय मंडपहि आई । प्रमुदित शांति पढ़हिं मुनिराई ॥
तेहि अवसर करि विधिव्यवहारू । दुहुँकुलगुरु सब कीन्ह अचारू ॥

छंद

आचार करि गुरु गौरि गनपति मुदित विप्र पुजावहीं ।
सुर प्रगटि पूजा लेहिं देहि अशीश अति सुष पावहीं ॥
मधुपर्क मंगल द्रव्य जो जेहि समय मुनि मन महुं चहैं ।
भरि भरि कनक कोपर कलश सब लिये परिचारक रहैं ॥
कुलरीति प्रीतिसमेत रवि कहि देत सब सादर किये ।
यहि भांति देव पुजाइ सीतहि सुभग सिंहासन दिये ॥
सिय राम अवलोकनि परस्पर प्रेम काहु न लषि परै ।
मनबुद्धि वरवानी अगोचर प्रगट कवि कैसे करै ॥

दोहा

होमसमय तनुधरि अनल अतिहित आहुति लेहिं ।
विप्रवेष धरि वेद सब कहि विवाह विधि देहिं ॥

चौपाई

जनकपाटमहिषी जग जानी । सीयमातु किमि जाइ बषानी ॥
सुजस सुकृत सुष सुंदरताई । सब समेटि विधि रची बनाई ॥

समय जानि मुनिवरन बुलाई। सुनत सुआसिनि सादर ल्याई॥
जनकवामदिशि सोह सुनयना। हिमगिरि संग बनी मनु मयना॥
कनक कलश मनि कोपर रूरे। शुचि सुगंध मंगल जल पूरे॥
निजकर मुदित राउ अरु रानी। धरे राम के आगे आनी॥
पढ़हिं वेद मुनि मंगलवानी। गगन सुमन झरि अवसर जानी।
वर विलोकि दंपति अनुरागे। पाय पुनीत पषारन लागे॥

छंद

लागे पषारन पांय पंकज प्रेम तनुपुलकावली।
नभ नगर गान निशान जयधुनि उमँगि जनु चहुँ दिशि चली॥
जे पदसरोज मनोजअरिउरसर सदैव विराजहीं।
जे सुकृत मूरति बिमलता मन सकल कलिमल भाजहीं॥
जे परसि मुनिवनिता लही गति रही जो पातकमई।
मकरंद जिनको शंभुशिर शुचिता अवधि सुर बरनई॥
करि मधुपमन योगीशजन जे सेइ अभिमत गति लहैं।
ते पद पषारत भाग्यभाजन जनक जय जय सब कहैं॥
वर कुंअरि करतल जोरि शाषोच्चार दोउ कुलगुरु करैं।
भयो पानिग्रहनु विलोकि विधि सुर मनुजमुनि आनँद भरैं॥
सुषमूलदूलहु देखि दंपति पुलक तनु हुलस्यो हियो।
करि लोक वेद विधान कन्यादान नृपभूषन दियो॥
हिमवत जिमि गिरिजा महेशहिं हरिहिं श्री सागर दई।
तिमि जनक सिय रामहिं समर्पी विश्वकलकीरति नई॥
क्यों करै विनय विदेह कियो विदेहु मूरति साँवरी।
करि होम विधवत गांठि जोरी होन लागीं भाँवरी॥

दोहा

जयधुनि वंदी वेदधुनि मंगल गान निशान।
सुनि हरषहिं बरषहिं विबुध सुरतरु सुमन सुजान॥

चौपाई

कुँअरि कुँअर कल भांवरि देहीं। नयनलाभ सब सादर लेहीं॥

आइ न बरनि मनोहर जोरी। जो उपमा कछु कहिब सो थोरी॥
राम सीय सुंदरि परिछाहीं। जगमगाति मनि षंभन माहीं॥
मनहुँ मदन रति धरि बहुरूपा। देषहिं रामविवाह अनूपा॥
दरश लालसा सकुच न थोरी। प्रकटत दुरत बहोरि बहोरी॥
भए मगन सब देषनहारे। जनक समान अपान बिसारे॥
प्रमुदित मुनिन भांवरी फेरी। नेग सहित सब रीति निवेरी॥
राम सीयशिर सिंदुर देहीं। शोभा कहि न जात विधि केहीं॥
अरुन पराग जलज भरि नीके। शशिहिं भूषि अहि लोभ अमीके॥
बहुरि वसिष्ठ दीन्ह अनुशासन। वर दुलहिनि बैठे इक आसन॥

छंद

बैठे वरासन राम जानकि मुदितमन दशरथ भये।
तनु पुलकि पुनि पुनि देषि अपने सुकृतसुरतरु फल नये॥
भरि भुवन रहा उछाह रामविवाह भा सबही कहा।
केहि भांति वरनि सिरात रसना एक एहु मंगल महा॥
तब जनक पाइ वसिष्ठ आयसु ब्याहसाज सँवारिकै।
मांडवी श्रुतिकीरति उरमिला कुँवरि लई हँकारकै॥
कुशकेतुकन्या प्रथम जो गुनशील सुष शोभामई।
सब रीति प्रीतिसमेत करि सो ब्याहि नृप भरतहि दई॥
जानकीलघुभगनि जो सुंदरि शिरोमनि जानि कै।
सो जनक दीन्ही ब्याहि लषनहि सकल विधिसनमानि कै॥
जेहि नाम श्रुतिकीरति सुलोचनि सुमुषि सब गुन आगरी।
सो दई रिपुसूदनहिं भूपति रूपशील उजागरी॥
अनुरूप वर दुलहिनि परसपर लषि सकुचि हिय हरषहीं।
सब मुदित सुंदरता सराहहिं सुमन सुरगन वरषहीं॥
सुंदरी सुंदर बरन सह सब एक मंडप राजहीं।
जनु जीव अरु चारिउ अवस्था विभुन सहित विराजहीं॥

दोहा

मुदित अवधपति सकल सुत बधुन समेत निहारि।

जनु पाये महिपालमनि क्रियन सहित फल चारि ॥

चौपाई

अस रघुवीर व्याहविधि बरनी । सकल कुंअर व्याहे तेहि करनी ॥
कहि न जाइ कछु दाइज भूरी । रहा कनकमनि मंडपपूरी ॥
कंबल बसन विचित्र पटोरे । भांति भांति बहु मूल न थोरे ॥
गज रथ तुरग दास अरु दासी । धेनु अलंकृत कामदुहा सी ॥
वस्तु अनेक करिअ किमि लेषा । कहि न जाइ जानहिं जिन देषा ॥
लोकपाल अवलोकि सिहाने । लीन्ह अवधपति अति सुष माने ॥
दीन्ह जाचकन जो जेहि भावा । उबरा सो जनवासहि आवा ॥
तब कर जोरि जनक मृदु बानी । बोले सब बरात सनमानी ॥

छंद

सनमानि सकल बरात सादर दान विनय बढ़ाइकै ।
प्रमुदित महामुनिबृंद वंदे पूजि प्रेम लड़ाइकै ॥
शिर नाइ देव मनाइ सब सन कहत करसंपुट किये ।
सुर साधु चाहत भावसिन्धु कि तोष जलअंजलि दिये ॥
कर जोरि जनक बहोरि बंधु समेत कोशलराय सों ।
बोले मनोहर बैन सानि सनेह शील सुभाय सों ॥
संबंध राजन रावरे हम बड़े अब सब बिधि भये ।
यह राज साज समेत सेवक जानबी बिनु गथ लये ॥
ये दारिका परिचारिका करि पालबी करुनामयी ।
अपराध छमिबो बोलि पठये बहुत हौं ढीठी दयी ॥
पुनि भानुकुलभूषन सकल सनमान विधि समधी किये ।
कहि जात नहिं विनती परसपर प्रेमपरिपूरन हिये ॥
बृंदारकागन सुमन बरषहिं राउ जनवासहि चले ।
दुंदुभीजयधुनि वेदधुनि नभ नगर कौतूहल भले ॥
तब सषी मंगल गान करत मुनीश आयसु पाइकै ।
दूलह दुलहिनिन सहित सुंदरि चलीं कोहबर ल्याइकै ॥

दोहा

पुनि पुनि रामहिं चितव सिय सकुचति मन सकुचै न।
हरति मनोहर मीन छवि प्रेमपियासे नैन॥

चौपाई

श्याम शरीर सुभाय सुहावन। शोभा कोटि मनोजलजावन॥
जावकजुत पदकमल सुहाये। मुनिमनमधुप रहत जहँ छाये॥
पीत पुनीत मनोहर धोती। हरत बालरवि दामिनि जोती॥
कलकिंकिनि कटिसूत्र मनोहर। बाहु विशाल विभूषन सुंदर॥
पीत जनेउ महाछवि देई। कर मुद्रिका चोरि चित लेई॥
सोहत ब्याहसाज सब साजे। उर आयत उरभूषन राजे॥
पीत उपरना कांषासोती। दुहुँ आंचरन्ह लगे मनिमोती॥
नयनकमल कल कुंडल काना। वदन सकल सौंदर्य निधाना॥
सुंदर भृकुटि मनोहर नासा। भाल तिलक शुचि रुचिर निवासा॥
सोहत मौर मनोहर माथे। मंगलमय मुकतामनि गाथे॥

छंद

गाथे महामनि मौर मंजुल अंग सब चित चोरहीं।
पुरनारि सुरसुंदरी बरहि विलोक सब तृन तोरहीं॥
मनि बसन भूषन वारि आरति करहिं मंगल गावहीं।
सुर सुमन वरषहिं सूत मागध वंदि सुजस सुनावहीं॥
कोहबरहिं आने कुंअर कुंअरि सुआसनिन्ह सुष पाइकै।
अति प्रीति लौकिकरीति लागीं करन मंगल गाइकै॥
लहकौरि गौरि सिषाव रामहिं सीय सन शारद कहैं।
रनिवास हास विलास रस बस जनम को फल सब लहैं॥
निज पानिमर्मानि महँ देषि प्रतिमूरति सुरूपनिधानकी।
चालति न भुजवल्ली विलोकनि विरहभय बस जानकी॥
कौतुक विनोद प्रमोद प्रेम न जाइ कहि जानहिं अलीं।
वर कुंअरि सुंदरि सकल सषी लवाइ जनवासहिं चलीं॥
तेहि समय सुनिय अशीश जहँतहँ नगर नभ आनंद महा।

चिरजियहु जोरी चारु चारिउ मुदितमन सबही कहा ॥
जोगिंद सिद्ध मुनीश देव विलोकि प्रभु दुंदुभि हनी।
चले हरषि बरषि प्रसून निज निज लोक जय जय जय भनी ॥

दोहा

सहित वधूटिन कुंअर सब तब आये पितु पास।
शोभा मंगल मोद भरि उमँगेउ जनु जनवास ॥

चौपाई

पुनि जेवनार भई बहु भांती। पठये जनक बुलाइ बराती ॥
परत पांवड़े बसन अनूपा। सुतन समेत गवन कियो भूपा ॥
सादर सब के पांव पषारे। जथाजोग पीढ़न बैठारे ॥
धोये जनक अवधपतिचरना। शीलसनेह जाइ नहिं बरना ॥
बहुरि रामपदपंकज धोये। जे हरहृदयकमल महँ गोये ॥
तीनों भाइ राम सम जानी। धोये चरन जनक निज पानी ॥
आसन उचित सबहिं नृप दीन्हें। बोलि सूपकारो सब लीन्हें ॥
सदर लगे परन पनवारे। कनककील मनि पान सँवारे ॥

दोहा

सूपोदन सुरभी सरपि सुंदर स्वादु पुनीत।
छनमहँ सबके परसि गे चतुर सुआर विनीत ॥

चौपाई

पंचकौर करि जेंवन लागे। गारि गान सुनि अति अनुरागे ॥
भांति अनेक परे पकवाना। सुधा सरिस नहिं जाहिं बषाना ॥
परसन लगे सुआर सुजाना। व्यंजन विविध नाम को जाना ॥
चारि भांति भोजन विधि गाई। एक एक विधि बरनि न जाई ॥
छरस रुचिर व्यंजन बहु जाती। एक एक रस अगनित भांती ॥
जेंवत देहिं मधुर धुनि गारी। लै लै नाम पुरुष अरु नारी ॥
समय सुहावन गारि बिराजा। हँसत राव सुनि सहित समाजा ॥
यहि विधि सबही भोजन कीन्हा। आदरसहित आचमन लीन्हा ॥

दोहा

देइ पान पूजे जनक दशरथ सहित समाज।
जनवासे गवने मुदित सकलभूपशिरताज॥

चौपाई

जनक सनेह शील करतूती। नृप सब भांति सराह विभूती॥
दिन उठि विदा अवधपति मांगा। राषहिं जनकसहित अनुरागा॥
नित नूतन आदर अधिकाई। दिन प्रति सहस भांति पहुँनाई॥
नित नव नगर अनंद उछाहू। दशरथगवन सुहाइ न काहू॥
बहुत दिवस बीते यहि भांती। जनु सनेहरज्जु बँधे बराती॥
कौशिक शतानंद तब जाई। कहा बिदेह नृपहिं समुझाई॥
अब दशरथ कहँ आयसु देहू। यद्यपि छांड़ि न सकहु सनेहू॥
भलेहि नाथ कहि सचिव बुलाये। कहि जयजीव शीश तिन नाये॥

दोहा

अवधनाथ चाहत चलन भीतर करहु जनाव।
भये प्रेमवश सचिव सुनि विप्र सभासद राव॥

चौपाई

पुरवासी सुनि चली बराता। पूछत विकल परसपर बाता॥
सत्य गवन सुनि सब बिलषाने। मनहुं सांझ सरसिज सकुचाने॥
जहँ जहँ आवत बसे बराती। तहँ तहँ सीध चला बहु भांती॥
विविध भांति मेवा पकवाना। भोजन साज न जाइ बषाना॥
भरि भरि बसह अपार कहारा। पठये जनक अनेक सुसारा॥
तुरग लाष रथ सहस पचीसा। सकल सँवारे नष अरु सीसा॥
मत्त सहस दश सिंधुर साजे। जिनहिं देषि दिशिकुंजर लाजे॥
कनकवसन मनि भरि भरि जाना। महिषी धेनु वस्तु विधि नाना॥

दोहा

दायज अमित न जाय कहि दीन्ह विदेह बहोरि॥
जो अवलोकत लोकपति लोकसंपदा थोरि।

चौपाई

सब समाज यहि भांति बनाई। जनक अवधपुर दीन्ह पठाई॥
चलिहि बरात सुनत सब रानी। विकल मीनगन जिमि लघु पानी॥
पुनि पुनि लोय गोद करि लेहीं। देइँ अशीश सिषावन देहीं॥
होयहु संतत पियहि पियारी। चिरअहिबात अशीश हमारी॥
सासु ससुर गुर सेवा करेहू। पतिरुष लषि आयसु अनुसरेहू॥
अतिसनेह बस सषी सयानी। नारिधरम सिषवहिं मृदु वानी॥
सादर सकल कुंअरि समुझाईं। रानिन बार बार उर लाईं॥
बहुरि बहुरि भेंटहि महतारी। कहहिं विरंचि रची कत नारी॥

दोहा

तेहि अवसर भाइन सहित राम भानुकुलकेतु।
चले जनकमंदिर मुदित बिदा करावन हेतु॥

चौपाई

चारिउ भाइ सुभाय सुहाये। नगर नारि नर देषन धाये॥
कोउ कह चलन चहत हहिं आजू। कीन्ह विदेह बिदा कर साजू॥
लेहु नयन भरि रूप निहारी। प्रिय पाहुने भूपसुत चारी॥
को जानै केहि सुकृत सयानी। नयनअतिथि कीन्हें विधि आनी॥
मरनशील जिमि पाव पियूषा। सुरतरु लहै जनम कर भूषा॥
पाव नारकी हरिपद जैसे। इन कर दरसनु हम कहँ तैसे॥
निरषि रामशोभा उर धरहू। निज मनफनि मूरति मनि करहू॥
यहि विधि सबहि नयन फल देता। गये कुंअर सब राजनिकेता॥

दोहा

रूपसिंधु सब बंधु लषि हरषि उठी रनिवासु।
करहिं निछावरि आरती महामुदित मन सासु॥

चौपाई

देषि रामछवि अति अनुरागीं। प्रेम विविश पुनि पुनि पद लागीं॥
रही न लाज प्रीति उर छाई। सहजसनेह वरनि किमि जाई॥
भाइन सहित उबटि अन्हवाये। छरस अशन अतिहेतु जिँवाये॥

बोले राम सुअवसर जानी। शील सनेह सकुचमय बानी॥
राउ अवधपुर चहत सिधाये। बिदा होन हम इहां पठाये॥
मातु मुदितमन आयसु देहू। बालक जानि करब नित नेहू॥
सुनत वचन बिलखेउ रनिवासू। बोलि न सकहिं प्रेमवश सासू॥
हृदय लगाइ कुंअरि सब लीन्हीं। पतिन सौंपि बिनती अति कीन्हीं॥

छंद

करि विनय सिय रामहिं समर्पी जोरि कर पुनि पुनि कहै।
बलि जाउं तात सुजान तुम कहँ बिदित गति सबकी अहै॥
परिवार पुरजन मोहि राजहिं प्रानप्रिय सिय जानबी।
तुलसी सुशील सनेह लखि निज किंकरी कर मानबी॥

सोरठ

तुम परिपूरन काम जानशिरोमनि भाव प्रिय।
जन गुनगाहक राम दोषदलन करुनायतन॥

चौपाई

अस कहि रही चरन गहि रानी। प्रेमपंक जनु गिरा समानी॥
सुनि सनेहसानी वर वानी। बहु विधि राम सासु सनमानी॥
राम बिदा मांगा कर जोरी। कीन्ह प्रनाम बहोरि बहोरी॥
पाइ अशीश बहुरि शिर नाई। भाइन सहित चले रघुराई॥
मंजु मधुर मूरति उर आनी। भई सनेहशिथिल सब रानी॥
पुनि धीरज धरि कुंअरि हँकारी। बार बार भेटहिं महतारी॥
पहुँचावहिं फिरि मिलहिं बहोरी। बढ़ी परसपर प्रीति न थोरी॥
पुनि पुनि मिलति सखिन बिलगाई। बाल बच्छ जनु धेनु लवाई॥

दोहा

प्रेमविवश नर नारि सब सखिन सहित रनिवास।
मानहुँ कीन्ह विदेहपुर करुनाविरह निवास॥

चौपाई

शुक सारिका जानकी ज्याये। कनक पींजरन राखि पढ़ाये॥
व्याकुल कहहिं कहां वैदेही। सुनि धीरज परिहरै न केही॥

भये विकल खग मृग यहि भांती। मनुजदशा कैसे कहि जाती॥
बंधु समेत जनक तब आये। प्रेमउमँगि लोचन जल छाये॥
सीय विलोकि धीरता भागी। रहे कहावत परम विरागी॥
लीन्ह राय उर लाइ जानकी। मिटी महा मरजाद ग्यानकी॥
समुझावत सब सचिव सयाने। कीन्ह विचार अनवसर जाने॥
बारहिं बार सुता उर लाई। सजि सुंदरि पालकी मँगाई॥

दोहा

प्रेमविवश परिवार सब जानि सुलगन नरेश।
कुंवरि चढ़ाई पालकिन सुमिरे सिद्धि गनेश॥

चौपाई

बहु बिधि भूप सुता समुझाई। नारि धर्म कुलरीति सिखाई॥
दासी दास दिये बहुतेरे। शुचि सेवक जे प्रिय सियकेरे॥
सीय चलत व्याकुल पुरवासी। होहिं सगुन शुभ मंगलरासी॥
भूसुर सचिव समेत समाजा। संग चले पहुंचावन राजा॥
समय विलोकि बाजने बाजे। रथ गज वाजि बरातिन साजे॥
दशरथ विप्र बोलि सब लीन्हे। दान मान परिपूरन कीन्हे॥
चरन सरोज धूरि धरि शीशा। मुदित महीपति पाइ अशीशा॥
सुमिरि गजानन कीन्ह पयाना। मंगलमूल सगुन भे नाना॥

दोहा

सुर प्रसून बरषहिं हरषि करहिं अपसरा गान।
चले अवधपति अवधपुर मुदित बजाइ निशान॥

चौपाई

नृप करि विनय महाजन फेरे। सादर सकल मांगने टेरे॥
भूषन बसन वाजि गज दीन्हे। प्रेम पोषि ठाढ़े सब कीन्हे॥
बार बार बिरदावलि भाषी। चले सकल रामहिं उर राषी॥
बहुरि बहुरि कोशलपति कहहीं। जनक प्रेमवश फिरै न चहहीं॥
पुनि कह भूपति बचन सुहाए। फिरिय महीप दूरि बड़ि आए॥
राउ बहोरि उतरि भए ठाढ़े। प्रेमप्रवाह विलोचन बाढ़े॥

तब विदेह बोले कर जोरी। वचन सनेहसुधा जनु बोरी॥
करौं कवन विधि विनय सुहाई। महाराज मोहिं दीन्ह बड़ाई॥

दोहा

कोशलपति समधी सजन सनमाने सब भांति।
मिलन परस्पर विनय अति प्रीति न हृदय समाति॥

चौपाई

मुनिमंडलिहि जनक शिर नावा। आशिरवाद सबहिं सन पावा॥
सादर पुनि भेंटे जामाता। रूपशीलगुननिधि सब भ्राता॥
जोरि पकरुह पानि सुहाये। बोले वचन प्रेम जनु जाये॥
राम करौं केहि भांति प्रशंसा। मुनिमहेशमन मानसहंसा॥
करहिं जोग जोगी जेहि लागी। कोह मोह ममता मद त्यागी॥
व्यापक ब्रह्म अलष अविनाशी। चिदानन्द निर्गुन गुनराशी॥
मन समेत जेहि जान न वानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी॥
महिमा निगम नेति निज कहहीं। जो तिहुँ काल एकरस रहहीं॥

दोहा

नयनविषय मो कहँ भयउ सो समस्त सुषमूल।
सबहि लाभ जग जीव कहँ भये ईश अनुकूल॥

चौपाई

सबहि भांति मोहिं दीन्हि बड़ाई। निज जन जानि लीन्ह अपनाई॥
होहिं सहस दस शारद शेशा। करहिं कलप कोटिक भरि लेषा॥
मोर भाग राउर गुनगाथा। कहि न सिराहिं सुनहु रघुनाथा॥
मैं कछु कहौं एक बल मोरे। तुम रीझहु सनेह सुठि थोरे॥
बार बार मांगौं कर जोरे। मन परिहरै चरन जनि भोरे॥
सुनि वर वचन प्रेम जनु पोषे। पूरन काम राम परितोषे॥
करि वर विनय ससुर सनमाने। पितु कौशिक वशिष्ठ सम जाने॥
बिनती बहुरि भरत सन कीन्हा। मिलि सप्रेम पुनि आशिष दीन्हा॥

दोहा

मिले लषन रिपुसूदनहिं दीन्ह अशीश महीश।

भये परसपर प्रेमवश फिरि फिरि नावहिं शीश ॥

चौपाई

बार बार करि विनय बड़ाई। रघुपति चले संग सब भाई ॥
जनक गहे कौशिकपद जाई। चरनरेनु शिर नयनन लाई ॥
सुनु मुनीश बर दरशन तोरे। अगम न कछु प्रतीति मन मोरे ॥
जो सुष सुयश लोकपति चहहीं। करत मनोरथ सकुचत अहहीं ॥
सो सुष सुयश सुलभ मोहि स्वामी। सब बिधि तव दरशन अनुगामी ॥
कीन्ह विनय पुनि पुनि शिर नाई। फिरे महीप आशिषा पाई ॥
चली बरात निशान बजाई। मुदित छोट बड़ सब समुदाई ॥
रामहि निरषि ग्राम नर नारी। पाइ नयनफल होहि सुषारी ॥

दोहा

बीच बीच वरवास करि मगलोगन सुष देत।
अवध समीप पुनीत दिन पहुची आय जनेत ॥

चौपाई

हने निशान पनव बहु बाजे। भेरि शंष धुनि हय गय गाजे ॥
झांझ भेरि डिमडिमो सुहाई। सरसराग बाजहिं सहनाई ॥
पुरजन आवत अकनि बराता। मुदित सकल पुलकावलि गाता ॥
निज निज सुदर सदन सँवारे। हाट बाट चौहट पुर द्वारे ॥
गली सकल अरगजा सिचाई। जहँ तहँ चौकैं चारु पुराई ॥
बनी बजार न जात बषाना। तोरन केतु पताक बिताना ॥
सुफल पूगफल कदलि रसाला। रोपे बकुल कदम्ब तमाला ॥
लगे सुभगतरु परसत धरनी। मनिमय आलबाल कल करनी ॥

दोहा

विविध भांति मंगल सकल गृह गृह रचे सँवारि।
सुर ब्रह्मादि सिहाहिं सब रघुवरपुरी निहारि।

चौपाई

भूपभवन तेहि अवसर सोहा। रचना देषि मदनमन मोहा ॥

मंगल शकुन मनोहरताई। रिधि सिधि सुष संपदा सोहाई॥
जनु उछाह सब सहज सुहाये। तनु धरि धरि दशरथ गृह आये॥
देषन हेतु राम बैदेही। कहहु लालसा होहि न केही॥
जूथ जूथ मिलि चलीं सुवासिनि। निज छबि निदरहिं मदन विलासिनि॥
कलस सुमंगल सजी आरती। गावहिं जनु बहु वेष भारती॥
भूपतिभवन कुलाहल होई। जाइ न बरनि समउ सुष सोई॥
कौशल्यादि राममहतारी। प्रेमविवश तनुदशा विसारी॥

दोहा

दिये दान विप्रन विपुल पूजि गनेश पुरारि।
प्रमुदित परम दरिद्र जनु पाइ पदारथ चारि॥

चौपाई

प्रेम प्रमोद विवश सब माता। चलहिं न चरन शिथिल भए गाता॥
रामदरश हित अति अनुरागीं। परिछनसाज सजन सब लागीं॥
विविध विधान बाजने बाजे। मंगल मुदित सुमित्रा साजे॥
हरद दूब दधि पल्लव फूला। पान पुंगफल मंगल मूला॥
अछत अंकुर रोचन लाजा। मंजुल मजरि तुलसि विराजा॥
छुहे पुरट घट सहज सुहाये। मदनशकुनि जनु नीड़ बनाये॥
शकुन सुगंध न जाहिं बषानी। मगल सकल सजहिं सब रानी॥
रची आरती बहुत विधाना। मुदित करहिं कल मगल गाना॥

दोहा

कनकथार भरि मंगलहिं कमल करहि लिये मात।
चलीं मुदित परिछनकरन पुलकपल्लवित गात॥

चौपाई

धूपधूम नभ मेचक भयउ। सावनघन घमंड जनु ठयऊ॥
सुरतरुसुमनमाल सुर बरषहिं। मनहुं बलाकअवलि मन करषहिं॥
मंजुल मनिमय बंदनवारे। मनहुं पाकरिपुचाप सँवारे॥
प्रकटहिं दुरहिं अटन्ह पर भामिनि। चारु चपल जनु दमकहिं दामिनि॥
दुंदुभिधुनि घन गरजहिं घोरा। याचक चातक दादुर मोरा॥

सुर सुगंध शुचि वरषहिं वारी। सुषी सकल शशि पुरनरनारी॥
समय जानि गुरु आयसु दीन्हा। पुरप्रवेश रघुकुलमनि कीन्हा॥
सुमिरि शंभु गिरिजा गनराजा। मुदित महीपति सहितसमाजा॥

दोहा

होहिं सगुन वरषहिं सुमन सुर दुंदुभी बजाइ।
बिबुधबधू नाचहिं मुदित मंजुल मंगल गाइ॥

चौपाई

मागध सूत बंदि नट नागर। गावहिं जस तिहुं लोक उजागर॥
जयधुनि विमल वेदवरवानी। दशदिशि सुनिय सुमंगलसानी॥
विपुल बाजने बाजन लागे। नभ सुर नगर लोग अनुरागे॥
बने बराती वरनि न जाही। महामुदित मन सुष न समाहीं॥
पुरवासिन तब राउ जुहारे। देषत रामहिं भये सुषारे॥
करहिं निछावरि मनि गन चीरा। वारि विलोचन पुलकशरीरा॥
आरति करहिं मुदित पुरनारी। हरषहिं निरषि कुंअरवर चारी॥
शिविका सुभग उघार उघारी। देखि दुलहिनिन्ह होहिं सुषारी॥

दोहा

यहि विधि सबही देत सुष आये राजदुआर।
मुदित मातु परिछन करहिं वधुनसमेत कुमार॥

चौपाई

करहिं आरती बारहिं बारा। प्रेम प्रमोद कहै को पारा॥
भूषन मनि पट नाना जाती। करहिं निछावरि अगनित भांती॥
बधुन समेत देषि सुत चारी। परमानंद मगन महतारी॥
पुनि पुनि सीयरामछबि देषी। मुदित सुफल जगजीवन लेषी॥
सषी सीयमुष पुनिपुनि चाही। गान करहि निज सुकृत सराही॥
वरषहिं सुमन छनहि छन देवा। नाचहिं गावहिं लावहिं सेवा॥
देषि मनोहर चारिउ जोरी। शारद उपमा सकल ढँढोरी॥
देत न बनहि निपट लघु लागी। इकटक रही रूपअनुरागी॥

दोहा

निगम नीति कुलरीति करि अरघ पांवड़े देत।
वधुनसहित सुत परछि सब चलीं लिवाय निकेत॥

चौपाई

चारि सिंहासन सहज सुहाये। जनु मनोज निज हाथ बनाये॥
तिनपर कुँअरि कुँअर बैठारे। सादर पांय पुनीत पखारे॥
धूप दीप नैवेद्य वेदबिधि। पूजे वरदुलहिनि मंगलनिधि॥
बारहिं बार आरती करहीं। ब्यजन चारु चामर शिर ढरहीं॥
वस्तु अनेक निछावरि होहीं। भरीं प्रमोद मातु सब सोहीं॥
पावा परमतत्त्व जनु जोगी। अमिय लह्यो जनु सन्ततरोगी॥
जनमरंक जनु पारस पावा। अंधहि लोचनलाभ सुहावा॥
मूक बदन जस शारद छाई। मानहुं समर शूर जय पाई॥

दोहा

यहि सुषते शतकोटि गुन पावहिं मातु अनंद।
भाइन सहित बियाहि घर आये रघुकुलचंद॥
लोकरीति जननी करहिं वर दुलहिनि सकुचाहिं।
मोदविनोद विलोकि बड़ राम मनहिं मुसुकाहि॥

चौपाई

देव पितर पूजे बिधि नीकी। पूजी सकल वासना जीकी॥
सबहिं बंदि मांगहिं वरदाना। भाइन सहित रामकल्याना॥
अन्तरहित सुर आशिष देहीं। मुदित मातु अंचल भरि लेहीं॥
भूपति बोलि बरातिन्ह लीन्हे। जान वसन मनि भूषन दीन्हे॥
आयसु पाइ राषि उर रामहि। मुदित गए सब निज निज धामहिं॥
पुर नर नारि सकल पहिराये। घर घर बाजन लगे बधाये॥
जाचक जन जाचहिं जोइ जोई। प्रमुदित राउ देइँ सोइ सोई॥
सेवक सकल बजनियां नाना। पूरन किये दान सनमाना॥

दोहा

देहिं अशीश जुहारि सब गावहिं गुन गन गाथ।

तब गुरु भूसुरसहित गृह गमन कीन्ह नरनाथ ॥

चौपाई

जो वसिष्ठ अनुशासन दीन्हा । लोकवेदविधि सादर कीन्हा ॥
भूसुरभीर देषि सब रानी । सादर उठीं भाग्य बड़ जानी ॥
पायँ पषारि सकल अन्हवाये । पूजि भली विधि भूप जेंवाये ॥
आदर दान प्रेम परिपोषे । देत अशीश चले मन तोषे ॥
बहुविधि कीन्ह गाधिसुतपूजा । नाथ मोहिं सम धन्य न दूजा ॥
कीन्ह प्रशंसा भूपति भूरी । रानिन्ह सहित लीन्ह पगधूरी ॥
भीतर भवन दीन्ह बरवासू । मन जुगवत रह नृप रनिवासू ॥
पूजे गुरुपदकमल बहोरी । कीन्ह विनय उर प्रीति न थोरी ॥

दोहा

वधुन समेत कुमार सब रानिन्ह सहित महीश ।
पुनि पुनि बंदत गुरुचरन देत अशीश मुनीश ॥

चौपाई

विनय कीन्ह उर अति अनुरागे । सुत संपदा राषि सब आगे ॥
नेग मांगि मुनिनायक लीन्हा । आशिरवाद बहुत विधि दीन्हा ॥
उर धरि रामहि सीय समेता । हरषि कीन्ह गुर गमन निकेता ॥
विप्रवधू सब भूप बुलाई । चैल चारु भूषन पहिराई ॥
बहुरि बुलाइ सुआसिनि लीन्ही । रुचि विचारि पहिरावनि दीन्ही ॥
नेगी नेग जोग सब लेहीं । रुचि अनुरूप भूपमनि देहीं ॥
प्रिय पाहुने पूज्य जे जाने । भूपति भली भांति सनमाने ॥
देव देषि रघुवीरविवाहू । वरषि प्रसून प्रशंसि उछाहू ॥

दोहा

चले निशान बजाइ सुर निज निज पुर सुष पाइ ।
कहत परसपर रामजस प्रेम न हृदय समाइ ॥

चौपाई

सबविधि सबहि समदि नरनाहू । रहा हृदय भरि पूरि उछाहू ॥
जहँ रनिवास तहां पगु धारे । सहित वधूटिन कुंअर निहारे ॥

लिये गोद करि मोद समेता। को कहि सकै भयो सुषु जैता॥
वधू सप्रेम गोद बैठारी। बार बार हिय हरषि दुलारी॥
देखि समाज मुदित रनिवासू। सबके उर आनँदु किय बासू॥
कह्यो भूप जिमि भयउ विवाहू। सुनि सुनि हरष होत सब काहू॥
जनकराज गुन शील बड़ाई। प्रीति रीति संपदा सुहाई॥
बहुविधि भूप भाट जिमि वरनी। रानी सब प्रमुदित सुनि करनी॥

दोहा

सुतन समेत नहाइ नृप बोलि विप्र गुरु ग्याति।
भोजन कीन्ह अनेक विधि घरी पांच गइ राति॥

चौपाई

मंगलगान करहिं वरभामिनि। भइ सुषमूल मनोहर यामिनि॥
अँचै पान सब काहू पाये। स्रगसुगन्ध भूषित छवि छाये॥
रामहिं देषि रजायसु पाई। निज निज भवन चले शिर नाई॥
प्रेम प्रमोद विनोद बड़ाई। समय समाज मनोहरताई॥
कहि न सकहिं शत शारद शेषू। वेद विरंचि महेश गनेशू॥
सो मैं कहौं कवन विधि वरनी। भूमिनाग शिर धरै कि धरनी॥
नृप सब भांति सबहि सनमानी। कहि मृदु वचन बुलाई रानी॥
वधू लरिकिनी परघर आईं। राषेहु नयनपलक की नाईं॥

दोहा

लरिका श्रमित उनीदवश शयन करावहु जाइ।
असकहि गे विश्रामगृह रामचरन चितलाइ॥

चौपाई

भूपवचन सुनि सहज सुहाये। जड़ित कनक मनि पलँग डसाये॥
सुभग सुरभि पयफेनु समाना। कोमल कलित सुपेती नाना॥
उपवरहन बर वरनि न जाहीं। स्रगसुगन्ध मनिमन्दिर माहीं॥
रतनदीप सुठि चारु चँदोवा। कहत न बनै जान जेहि जोवा॥
सेज रुचिर रचि राम उठाये। प्रेम समेत पलँग पौढ़ाये॥
आज्ञा पुनि भाइन कहँ दीन्ही। निजनिज सेज शयन सब कीन्हीं॥

देखि श्याम मृदु मंजुल गाता। कहहिं सप्रेम वचन सब माता॥
मारग जात भयावनि भारी। केहि विधि तात ताड़का मारी॥

दोहा

घोर निशाचर विकट भट समर गनै नहिं काहु।
मारे सहित सहाय किमि खल मारीच सुबाहु॥

चौपाई

मुनिप्रसाद बलि तात तुम्हारी। ईश अनेक करवरै टारी॥
मख रखवारी करि दुहुँ भाई। गुरुप्रसाद सब विद्या पाई॥
मुनितिय तरी लगत पगधूरी। कीरति रही भुवनभरि पूरी॥
कमठपीठ पविकूट कठोरा। नृपसमाज महँ शिवधनु तोरा॥
विश्वविजय जस जानकि पाई। आए भवन ब्याहि सब भाई॥
सकल अमानुष कर्म तुम्हारे। केवल कौशिककृपा सुधारे॥
आजु सफल जगजन्म हमारा। देषि तात विधुवदन तुम्हारा॥
जे दिन गये तुमहिं बिनु देषे। ते विरंचि जनि पारहिं लेषे॥

दोहा

राम प्रतोषी मातु सब कहि विनीत वर बैन।
सुमिरि शंभु गुरु विप्रपद किये नींदवश नैन॥

चौपाई

उनिंदे वदन सोह सुठिलोना। मनहुँ सांझ सरसीरुह सोना॥
घर घर करहिं जागरन नारी। देहिं परसपर मंगल गारी॥
पुरी बिराजति राजत रजनी। रानी कहहिं विलोकहु सजनी॥
सुंदर वधुन सासु लै सोई। फनिकन्हि जनु शिर मनि उरगोई॥
प्रात पुनीत काल प्रभु जागे। अरुनचूड़वर बोलन लागे॥
वंदी मागध गुन गन गाए। पुरजन द्वार जुहारन आए॥
वंदि बिप्र सुर गुरुपितु माता। पाइ अशीश मुदित सबभ्राता॥
जननी सादर वदन निहारे। भूपति संग द्वार पगुधारे॥

दोहा

कीन्ह शौच सब सहजशुचि सरित पुनीत नहाइ।

प्रातक्रिया करि तात पहँ आए चारिउ भाइ ॥

चौपाई

भूप विलोकि लिये उर लाई । बैठे हरषि रजायसु पाई ॥
देषि राम सब सभा जुड़ानी । लोचनलाभअवधि अनुमानी ॥
पुनि वसिष्ठ मुनि कौशिक आये । आसन सुभग मुनिन बैठाये ॥
सुतन समेत पूजि पद लागे । निरषि राम दोउ गुर अनुरागे ॥
कहहिं वसिष्ठ धर्म इतिहासा । सुनहिं महीप सहित रनिवासा ॥
मुनिमनअगम गाधिसुत करनी । मुदित वसिष्ठ विपुल विधि वरनी ॥
बोले वामदेव सब साँची । कीरति कलित लोक तिहुँ माची ॥
सुनि आनंद भयउ सब काहू । रामलषनउर अतिहि उछाहू ॥

दोहा

मंगलमोद उछाह नित जाहिं दिवस यहि भांति ।
उमँगी अवध अनंद भरि अधिक अधिक अधिकाति ॥

चौपाई

सुदिन शोधि करकंकन छोरे । मंगल मोद विनोद न थोरे ॥
नितनव सुष सुर देषि सिहाहीं । अवध जनम जाचहिं विधिपाहीं ॥
विश्वामित्र चलन नित चहहीं । रामसनेह विनयवश रहहीं ॥
दिनदिन सयगुन भूपतिभाऊ । देषि सराह महामुनिराऊ ॥
मांगत बिदा राउ अनुरागे । सुतन समेत ठाढ़ भए आगे ॥
नाथ सकल संपदा तुम्हारी । मैं सेवक समेत सुत नारी ॥
करब सदा लरिकन पर छोहू । दरशन देत रहब मुनि मोहू ॥
अस कहि राउ सहित सुत रानी । परेउ चरन मुष आव न वानी ॥
दीन्ह अशीश विप्र बहु भांती । चले न प्रीतिरीति कहि जाती ॥
राम सप्रेम संग सब भाई । आयसु पाइ फिरे पहुंचाई ॥

दोहा

रामरूप भूपतिभगति व्याहउछाह अनंद ।
जात सराहत मनहिं मन मुदित गाधिकुलचंद ॥

चौपाई

बामदेव रघुकुलगुरु ग्यानी । बहुरि गाधिसुत कथा बषानी ॥
सुनि मुनि सुजस मनहिं मन राऊ । बरनत आपन पुन्य प्रभाऊ ॥
बहुरे लोग रजायसु भयऊ । सुतनसमेत नृपति गृह गयऊ ॥
जहँ तहँ रामब्याह जस गावा । सुजस पुनीत लोक तिहुँ छावा ॥
आए ब्याहि राम घर जब ते । बसे अनंद अवध सब तब ते ॥
प्रभुविवाह जस भयउ उछाहू । सकहिं न बरनि गिरा अहिनाहू ॥
कविकुलजीवनपावन जानी । रामसीयजस मंगलषानी ॥
तेहि ते मैं कछु कहा बषानी । करन पुनीत हेतु निज बानी ॥

छंद

निज गिरा पावन करन कारन रामजस तुलसी कह्यो ।
रघुवीरचरित अपार वारिधि पार कवि कवने लह्यो ॥
उपवीत ब्याहउछाह मंगल सुनहिं सादर गावहीं ।
वैदेहिरामप्रसाद ते जन सर्वदा सुष पावहीं ॥

सोरठा

सियरघुवीरविवाह जे सप्रेम सादर सुनहिं ।
तिन कहँ सदा उछाह मंगलायतन रामजस ॥

अयोध्याकांड

रामवनगमन ।

दोहा

श्रीगुरुचरनसरोजरज निज मनुमुकुरु सुधारि ।
बरनौं रघुबरबिमलजसु जो दायकु फलचारि ॥

चौपाई

जब ते रामु ब्याहि घर आए । नित नव मंगल मोद बधाए ॥
भुवन चारिदस भूधर भारी । सुकृत मेघ बरषहिं सुषबारी ॥
रिधि सिधि संपतिनदी सुहाई । उमगि अवधअंबुधि कहुं आई ॥
मनिगन पुरनरनारि सुजाती । सुचि अमोल सुंदर सब भांती ॥
कहि न जाइ कछु नगरबिभूती । जनु येतनिअ बिरंचि करतूती ॥
सब बिधि सब पुरलोग सुषारी । रामचंदमुषचंदु निहारी ॥
मुदित मातु सब सषी सहेली । फलित बिलोकि मनोरथबेली ॥
रामरूप गुन सीलु सुभाऊ । प्रमुदित होइ देषि मुनिराऊ ॥

दोहा

सब के उर अभिलाषु अस कहहिं मनाइ महेसु ।
आप अछत युवराजपद रामहिं देउ नरेसु ॥

चौपाई

एक समय सब सहित समाजा । राजसभा रघुराजु बिराजा ॥
नृप सब रहहिं कृपाअभिलाषे । लोकप करहिं प्रीति रुषराषे ॥
तिभुवन तीनिकाल जगमाहीं । भूरि भाग दसरथसम नाहीं ॥
मंगलमूल रामु सुत जासू । जो कछुकहिअ थोर सबु तासू ॥

राय सुभाय मुकुरु कर लीन्हा। बदनु बिलोकि मुकुटु सम कीन्हा॥
स्रवन समीप भये सित केसा। मनहुं जरठपनु अस उपदेसा॥
नृप जुवराजु राम कहुं देहू। जीवन जनम लाहु किन लेहू॥

दोहा

यह बिचारु उर आनि नृप, सुदिन सुअवसरु पाइ।
प्रेम पुलकि मन मुदित मन, गुरहिं सुनायेउ जाइ॥

चौपाई

कहइ भुआलु सुनिअ मुनिनायक। भये राम सब बिधि सब लायक॥
सेवक सचिव सकल पुरबासी। जे हमार अरि मित्र उदासी॥
सबहिं रामु प्रिय जेहिं बिधि मोही। प्रभुअसीस जनु तनु धरि सोही॥
बिप्र सहित परिवार गोसांई। करहिं छोहु सब रौरिहि नांई॥
जे गुरचरनरेनु सिर धरहीं। ते जनु सकल बिभव बस करहीं॥
मोहि सम यहु अनुभयेउ न दूजें। सबु पायेउँ रज पावनि पूजें॥
अब अभिलाषु एकु मन मोरें। पूजिहि नाथ अनुग्रह तोरें॥
मुनि प्रसंन लषि सहज सनेहू। कहेउ नरेस रजायसु देहू॥

दोहा

राजन राउर नामु जसु सब अभिमतदातार।
फल अनुगामी महिपमनि मनअभिलाषु तुम्हार॥

चौपाई

सब बिधि गुरुप्रसंन जिय जानी। बोलेउ राउ रहँसि मृदुबानी॥
नाथ रामु करिअहिं जुवराजू। कहिअ कृपा करि करिअ समाजू॥
मोहि अछत यहु होइ उछाहू। लहहिं लोग सब लोचनलाहू॥
प्रभुप्रसाद सिव। सबइ निबाहीं। एह लालसा एक मन माहीं॥
पुनि न सोच तनु रहउ कि जाऊ। जेहि न होइ पाछे पछिताऊ॥
सुनि मुनि दसरथबचन सुहाए। मंगलमोदमूल मन भाए॥
सुनु नृप जासु बिमुष पछिताहीं। जासु भजन बिनु जरनि न जाहीं॥
भयेउतुम्हार तनय सोइ स्वामी। रामु पुनीतप्रेमअनुगामी॥

दोहा

बेगि बिलंबु न करिअ नृप साजिअ सबुइ समाजु ।
सुदिनु सुमंगलु तबहिं जब रामु होहिं जुबराजु ॥

चौपाई

मुदित महीपति मंदिर आए । सेवक सचिव सुमंत्रु बोलाए ॥
कहि जय जीव सीस तिन्ह नाए । भूपसुमंगल बचन सुनाए ॥
जौं पांचहि मत लागइ नीका । करहु हरषि हियरामहिं टीका ॥
मंत्री मुदित सुनत प्रियबानी । अभिमत बिरव परेउ जनु पानी ॥
बिनती सचिव करहिं करजोरी । जिअहु जगत पति बरिस करोरी ॥
जगमंगल भल काजु बिचारा । बेगिअ नाथ न लाइअ बारा ॥
नृपहि मोदु सुनि सचिवसुभाषा । बढत बौंड जनु लही सुसाषा ॥

दोहा

कहेउ भूप मुनिराज कर जोइ जोइ आयुस होइ ।
रामराजअभिषेक हित बेगि करहु सोइ सोइ ॥

चौपाई

हरषि मुनीस कहेउ मृदुबानी । आनहु सकल सुतीरथ पानी ॥
औषध मूल फूल फल पाना । कहे नाम गनि मंगल नाना ॥
चामर चरम बसन बहु भांती । रोम पाट पट अगनित जाती ॥
मनिगन मंगलवस्तु अनेका । जो जग जोगु भूपअभिषेका ॥
बेद बिदित कहि सकल बिधाना । कहेउ रचहु पुर बिबिध बिताना ॥
सफल रसाल पूगफल केरा । रोपहु बीथिन्ह पुर चहुं फेरा ॥
रचहु मंजुमनि चौकइ चारू । कहहु बनावन बेगि बजारू ॥
पूजहु गनपति गुर कुलदेवा । सब बिधि करहु भूमिसुरसेवा ॥

दोहा

ध्वज पताक तोरन कलस सजहु तुरग रथ नाग ।
सिरधरि मुनिबरबचन सबु निज निज काजहि लाग ॥

चौपाई

जो मुनीस जेहि आयसु दीन्हा । सो तेहि काजु प्रथम जनु कीन्हा ॥

बिप्र साधु सुर पूजत राजा। करत रामहित मंगल काजा॥
सुनत रामअभिषेक सुहावा। बाज गहागह अवध बधावा॥
राम सीय तन सगुन जनाए। फरकहिं मंगल अंग सुहाए॥
पुलकि सप्रेम परसपर कहहीं। भरतआगमनुसूचक अहहीं॥
भये बहुत दिन अति अवसेरी। सगुन प्रतीति भेंट प्रिय केरी॥
भरतसरिस प्रिय को जग माहीं। इहइ सगुनफलु दूसर नाहीं॥
रामहिं बंधुसोच दिन राती। अंडन्हि कमठ हृदउ जेहि भांती॥

दोहा

एहि अवसर मंगलु परम, सुनि रहसेउ रनिवासु।
सोभत लषि बिधु बढत जनु, बारिधिबीचिबिलासु॥

चौपाई

प्रथम जाइ जिन्ह बचन सुनाए। भूषन बसन भूरि तिन्ह पाए॥
प्रेम पुलकि तन मन अनुरागीं। मंगल कलस सजन सब लागीं॥
चौकइ चारु सुमित्रा पूरी। मनिमय बिबिध भांति अति रूरी॥
आनंदमगन राममहतारी। दिये दान बहु बिप्र हंकारी॥
पूजी ग्रामदेवि सुर नागा। कहेउ बहोरि देन बलिभागा॥
जेहि बिधि होइ रामकल्यानू। देहु दया करि सो बरदानू॥
गावहिं मंगल कोकिलबयनी। बिधुबदनी मृगसावकनयनी॥

दोहा

रामराजअभिषेकु सुनि, हिय हरषे नर नारि।
लगे सुमंगल सजन सब, बिधि अनुकूल बिचारि॥

चौपाई

तब नरनाह वसिष्टु बोलाये। रामधाम सिष देन पठाये॥
गुरआगमन सुनत रघुनाथा। द्वार आइ पद नायेउ माथा॥
सादर अरघ देइ घर आने। सोरह भांति पूजि सनमाने॥
गहे चरन सिय सहित बहोरी। बोले रामु कमलकर जोरी॥
सेवकसदन स्वामिआगमनू। मंगलमूल अमंगलदमनू॥
तदपि उचित जनु बोलि सप्रीती। पठइअ काज नाथ असि नीती॥

प्रभुता तजि प्रभु कीन्ह सनेहू। भयउ पुनीत आजु यहु गेहू॥
आयसु होइ सो करउं गोसांई। सेवकु लहइ स्वामिसेवकांई॥

दोहा

सुनि सनेहसाने बचन मुनि रघुबरहि प्रसंस।
राम कस न तुम्ह कहहु अस हंसबंसअवतंस॥

चौपाई

बरनि राम गुन सीलु सुभाऊ। बोले प्रेम पुलकि मुनिराऊ॥
भूप सजेउ अभिषेकसमाजू। चाहत देन तुम्हहिं जुवराजू॥
राम करहु सब संजम आजू। जौं बिधि कुसल निबाहइ काजू॥
गुरु सिष देइ राय पहिं गयेऊ। राम हृदय अस बिसमउ भयेऊ॥
जनमे एक संग सब भाई। भोजन सयन केलि लरिकाई॥
करन बेध उपबीत बिआहा। संग संग सब भये उछाहा॥
बिमल बंस यहु अनुचित एकू। बंधु बिहाइ बडेहिं अभिषेकू॥
प्रभु सप्रेम पछितानि सुहाई। हरउ भगतमन कै कुटिलाई॥

दोहा

तेहि अवसर आए लषन मगन प्रेमआनंद।
सनमाने प्रिय वचन कहि रघुकुलकैरवचंद॥

चौपाई

बाजहिं बाजन बिबिध बिधाना। पुरप्रमोदु नहिं जाइ बषाना॥
भरतआगमनु सकल मनावहिं। आवहु बेगि नयनफल पावहि॥
हाट बाट घर गली अथाई। कहहिं परसपर लोग लोगाई॥
कालि लगन भलि केतिक बारा। पूजिहि बिधि अभिलाषु हमारा॥
कनकसिंघासन सीयसमेता। बैठहिं रामु होइ चित चेता॥
सकल कहहिं कब होइहि काली। बिघन मनावहिं देव कुचाली॥
तिन्हहि सोहाइ न अवधबधावा। चोरहिं चदिनिराति न भावा॥
सारद बोलि बिनय सुर करहीं। बारहिं बार पाय लै परहीं॥

दोहा

बिपति हमारि बिलोकि बडि मातु करिअ सोइ आजु।
रामु जाहिं बन राजु तजि होइ सकल सुरकाजु॥

चौपाई

सुनि सुरबिनय ठाढि पछिताती । भइउं सरोजबिपिन हिमराती ॥
देषि देव पुनि कहहिं निहोरी । मातु तोहि नहिं थोरिउ षोरी ॥
बिसमय हरष रहित रघुराऊ । तुम्ह जानहु सब रामप्रभाऊ ॥
जीव करमबस सुष दुष भागी । जाइअ अवध देवहित लागी ॥
बार बार गहि चरन सकोची । चली बिचारि बिबिधमति पोची ॥
ऊंच निवासु नीचि करतूती । देषि न सकहिं पराइ बिभूती ॥
आगिल काजु बिचारि बहोरी । करिहहिं चाह कुसल कबि मोरी ॥
हरषि हृदय दसरथपुर आई । जनु ग्रहदसा दुसह दुषदाई ॥

दोहा

नामु मंथरा मंदमति चेरी कैकै केरि ।
अजसपेटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि ॥

चौपाई

दीष मंथरा नगरुबनावा । मंजुल मंगल बाज बधावा ॥
पूछेसि लोगन्ह काह उछाहू । रामतिलकु सुनि भा उरदाहू ॥
करइ बिचारु कुबुद्धि कुजाती । होइ अकाजु कवनि बिधि राती ॥
देषि लागि मधु कुटिल किराती । जिमि गवं तकइ लेउं केहि भांती ॥
भरतमातु पहिं गइ बिलपानी । का अनमनि हसि कह हंसि रानी ॥
ऊतरु देइ न लेइ उसासू । नारिचरित करि ढारइ आंसू ॥
हंसि कह रानि गालु बड तोरें । दीन्ह लषन सिष अस मन मोरें ॥
तबहुं न बोल चेरि बडि पापिनि । छाडइ स्वास कारि जनु सांपिनि ॥

दोहा

सभय रानि कह कहसि किन कुसल राम महिपालु ।
लषनु भरतु रिपुदमनु सुनि भा कुबरीउर सालु ॥

चौपाई

कत सिष देइ हमहिं कोउ माई । गालु करब केहि कर बलु पाई ॥
रामहिं छाडि कुसल केहि आजू । जेहि जनेसु देइ जुबराजू ॥
भयउ कौसिलहि बिधि अति दाहिन । देषत गरब रहत उर नाहिन ॥

देषहु कस न जाइ सब सोभा। जौं अवलोकि मोर मनु छोभा॥
पूतु बिदेस न सोचु तुम्हारे। जानतिहहु बस नाहु हमारें॥
नींद बहुत प्रिय सेज तुराई। लषहु न भूपकपट चतुराई॥
सुनि प्रियबचन मलिनमनु जानी। झुकी रानि अबरहु अरगानी॥
पुनि अस कबहुं कहसि घरफोरी। तब धरि जीभ कढावौं तोरी॥

दोहा

काने षोरे कूबरे, कुटिल कुचाली जानि।
तियबिसेषि पुनि चेरिकहि, भरतमातु मुसुकानि॥

चौपाई

प्रियबादिनि सिष दीन्हिउं तोही। सपनेहु तोपर कोपु न मोही॥
सुदिनु सुमंगलदायकु सोई। तोर कहा फुर जेहि दिन होई॥
जेठ स्वामि सेवक लघु भाई। येह दिनकरकुलरीति सुहाई॥
रामतिलकु जो सांचेहुं काली। देउं मागु मनभावत आली॥
कौसल्यासम सब महतारी। रामहिं सहज सुभाय पिआरी॥
मो पर करहिं सनेहु बिसेषी। मैं करि प्रीतिपरीछा देषी॥
जौ बिधि जनमु देइ करि छोहू। होहुं राम सिय पूत पुतोहू॥
प्रान तें अधिक रामु प्रिय मोरें। तिन्हके तिलक छोभु कस तोरें॥

दोहा

भरतसपथ तोहि सत्य कहु परिहरि कपट दुराउ।
हरष समय बिसमउ करसि कारन मोहि सुनाउ॥

चौपाई

एकहि बार आस सब पूजी। अब कछु कहब जीभ करि दूजी॥
फोरै जोगु कपारु अभागा। भलेउ कहत दुष रौरेहिं लागा॥
कहहिं झूठि फुरि बात बनाई। ते प्रिय तुम्हहिं करुइ मैं माई॥
हमहुं कहबि अब ठकुरसोहाती। नाहित मौन रहब दिन राती॥
करि कुरूप बिधि परबस कीन्हा। बवा सो लुनिअ लहिअ जो दीन्हा॥
कोउ नृप होउ हमहिं का हानी। चेरि छाडि अब होब कि रानी॥
जारइ जोग सुभाउ हमारा। अनभल देषि न जाइ तुम्हारा॥

तातें कछुक बात अनुसारी। छमिअ देवि बड़ि चूक हमारी॥

दोहा

गूढ़ कपट प्रिय बचन सुनि तीय अधरबुधि रानि।
सुरमाया बस बैरिनिहि सुहृद जानि पतिआनि॥

चौपाई

सादर पुनि पुनि पूंछति ओही। सबरीगान मृगी जनु मोही॥
तसि मति फिरी अहइ जसि भाबी। रहसी चेरि घात जनु फाबी॥
तुम्ह पूंछहु मैं कहत डेराऊं। धरेहु मोर घरफोरी नाऊ॥
सजि प्रतीति बहुबिधि गढि छोली। अवधसाढसाती तब बोली॥
प्रिय सिय रामु कहा तुम्ह रानी। रामहिं तुम्ह प्रिय सो फुरि बानी॥
रहा प्रथम अब ते दिन बीते। समउ फिरें रिपु होहिं पिरीते॥
भानु कमलकुल पोषनिहारा। बिनु जल जारि करइ सोइ छारा॥
जरि तुम्हारि चह सवति उखारी। रूंधहु करि उपाउ बर बारी॥

दोहा

तुम्हहिं न सोचु सोहाग बल निज बस जानहु राउ।
मन मलीन मुहु मीठ नृपु राउर सरल सुभाउ॥

चौपाई

चतुर गंभीर राममहतारी। बीचु पाइ निज बात संवारी॥
पठये भरतु भूप ननिऔरें। राममातु मत जानब रौरें॥
सेवहिं सकल सवति मोहि नीकें। गरवित भरतमातु बल पी कें॥
सालु तुम्हार कौसिलहि माई। कपट चतुर नहिं होइ जनाई॥
राजहि तुम्ह पर प्रेमु बिसेषी। सवतिसुभाउ सकइ नहिं देषी॥
रचि प्रपंचु भूपहिं अपनाई। रामतिलक हित लगन धराई॥
येहु कुल उचित राम कहं टीका। सबहि सोहाइ मोहि सुठि नीका॥
आगिल बात समुझि डर मोही। देउ दैउ फिरि सो फलु ओही॥

दोहा

रचि पचि कोटिक कुटिलपन कीन्हेसि कपट प्रबोधु।
काहेसि कथा सत सवतिकै जेहि बिधि बाढ बिरोधु॥

चौपाई

भावीबस प्रतीति उर आई। पूंछ रानि पुनि सपथ देवाई॥
का पूछहु तुम्ह अबहुं न जाना। निज हित अनहित पसु पहिचाना॥
भयेउ पाषु दिन सजत समाजू। तुम्ह पाई सुधि मोहि सन आजू॥
षाइअ पहिरिअ राज तुम्हारें। सत्य कहें नहिं दोषु हमारें॥
जों असत्य कछु कहब बनाई। तौ बिधि देइहि हमहिं सजाई॥
रामहि तिलक कालि जों भयेऊ। तुम कहुं बिपतिबीजु बिधि बयेऊ॥
रेष षचाइ कहउं बलु भाषी। भमिनि भइहु दूध कइ माषी॥
जों सुत सहित करहु सेवकाई। तौ घर रहहु न आन उपाई॥

दोहा

कद्रू बिनतहि दीन्ह दुषु तुम्हहि कौसिला देब।
भरतु बंदिगृह सेइहहिं लषनु राम के नेब॥

चौपाई

कैकयसुता सुनत कटु बानी। कहि न सकइ कछु सहमि सुषानी॥
तन पसेउ कदली जिमि कांपी। कुबरी दसन जीभ तब चांपी॥
कहि कहि कोटिक कपट कहानी। धीरजु धरहु प्रबोधिसि रानी॥
फिरा करमु प्रिय लागि कुचाली। बकिहि सराहइ मानि मराली॥
सुनु मंथरा बात फुरि तोरी। दहिनि आंषि नित फरकइ मोरी॥
दिन प्रति देषहु राति कुसपने। कहउं न तोहि मोहबस अपनें॥
काह करौं सषि सूध सुभाऊ। दाहिन बाम न जानउं काऊ॥

दोहा

अपने चलत न आजु लगि अनभल काहुक कीन्ह।
केहि अघ एकहि बार मोहि दैअ दुसह दुषु दीन्ह॥

चौपाई

नैहर जनम भरब बरु जाई। जियत न करबि सवति सेवकाई॥
अरि बस दैउ जियावत जाही। मरनु नीक तेहि जीव न चाही॥
दीन बचन कह बहु बिधि रानी। सुनि कुबरीं तियमाया ठानी॥
अस कस कहहु मानि मन ऊना। सुषु सोहागु तुम्ह कहुं दिन दूना॥

जेहिं राउर अति अनभल ताका । सोइ पाइहि येहु फलुपरिपाका ॥
जबतें कुमत सुना मैं स्वामिनि । भूप न बासर नीद न जामिनि ॥
पूंछेउं गुनिन्ह रेष तिन्ह पांची । भरत भुआल होंहिं यह सांची ॥
भामिनि करहु त कहउं उपाऊ । हइ तुम्हरीं सेवाबस राउ ॥

दोहा

परउं कूप तुअ बचन पर सकौं पूत पति त्यागि ।
कहसि मोर दुषु देषि बड कस न करब हित लागि ॥

चौपाई

कुबरीं करि कबुली कैकेई । कपटछुरी उरपाहन टेई ॥
लषइ न रानि निकट दुषु कैसें । चरइ हरित तिन बलिपसु जैसे ॥
सुनत बात मृदु अंतकठोरी । देति मनहु मधु माहुर घोरी ॥
कहइ चेरि सुधि अहइ कि नाहीं । स्वामिनि कहिहु कथा मोहि पाहीं ॥
दुइ बरदान भूप सन थाती । मांगहु आजु जुड़ावहु छाती ॥
सुतहिं राजु रामहिं बनवासू । देहु लेहु सब सवतिहुलासू ॥
भूपति रामसपथ जब करई । तब मांगेहु जेहि बचनु न टरई ॥
होइ अकाजु आजु निसि बीते । बचनु मोर प्रिय मानेहु जी ते ॥

दोहा

बड कुघातु करि पातकिनि कहेसि कोपगृह जाहु ।
काज संवारेहु सजग सबु सहसा जनि पतियाहु ॥

चौपाई

कुबरिहि रानि प्रानप्रियजानी । बार बार बडि बुद्धि बषानी ॥
तोहि सम हित न मोर संसारा । बहे जात कइ भइसि अधारा ॥
जौं बिधि पुरव मनोरथु काली । करउँ तोहि चषपूतरि आली ॥
बहुबिधि चेरिहि आदरु देई । कोपभवन गवनी कैकेई ॥
बिपतिबीजु बरषारितु चेरी । भुइं भइ कुमति कैकई केरी ॥
पाइ कपटजलु अंकुर जामा । बर दोउ दल दुष फल परिनामा ॥
कोपसमाजु साजि सबु सोई । राजु करत निज कुमति बिगोई ॥
राउरनगर कोलाहलु होई । यह कुचालि कछु जान न कोई ॥

दोहा

प्रमुदित पुर नर नारि सब सजहिं सुमंगल चार।
एक प्रविसहिं एक निर्गमहि भीर भूपदरबार॥

चौपाई

बालसखा सुनि हिय हरषाही। मिलि दस पाँच रामपहिं जाहीं॥
प्रभु आदरहि प्रेमु पहिचानी। पूंछहिं कुसल षेम मृदुबानी॥
फिरहिं भवन प्रिय आयेसु पाई। करत परसपर रामबड़ाई॥
को रघुवीर सरिस संसारा। सीलु सनेहु निबाहनिहारा॥
जेहि जेहि जोनि करमबस भ्रमहीं। तहं तहं ईसु देउ यह हमहीं॥
सेवक हम स्वामी सियनाहू। होउ नात येह ओर निबाहू॥
अस अभिलाषु नगर सब काहू। कैकयसुता हृदय अतिदाहू॥
को न कुसंगति पाइ नसाई। रहइ न नीचमतें चतुराई॥

दोहा

सांझ समय सानंद नृपु गयेउ कैकईगेह।
गवनु निठुरता निकट किये जनु धरि देह सनेह॥

चौपाई

कोपभवन सुनि सकुचेउ राऊ। भयबस अगहुड परइ न पाऊ॥
सुरपति बसइ बाहबल जाके। नरपति सकल रहहिं रुष ताके॥
सो सुनि तियरिस गयउ सुषाई। देषहु कामप्रताप बडाई॥
सूल कुलिस असि अंगवनिहारे। ते रतिनाथ सुमनसर मारे॥
सभय नरेसु प्रिया पहि गयेऊ। देषि दसा दुषु दारुन भयेऊ॥
भूमिसयन पटु मोट पुराना। दिये डारि तन भूषन नाना॥
कुमतिहि कसि कुबेषता फाबो। अनअहिवातु सूच जनु भाबी॥
जाइ निकट नृपु कह मृदुबानी। प्रानप्रिया केहि हेतु रिसानी॥

छंदु

केहि हेतु रानि रिसानि परसत पानि पतिहि नेवारई।
मानहुं सरोष भुअंगभामिनि बिषम भांति निहारई॥
दोउ बासना रसना दसन बर मरम ठाहरु देषई।

तुलसी नृपति भवतव्यतावस कामकौतुक लेषई ॥

सोरठ

बार बार कह राउ सुमुषि सुलोचनि पिकवचनि ।
कारन मोहि सुनाउ गजगामिनि निज कोपकर ॥

चौपाई

अनहित तोर प्रिया केइ कीन्हा । केहि दुइसिर केहि जमु चह लीन्हा ॥
कहु केहि रंकहि करउं नरेसू । कहु केहि नृपहि निकासउं देसू ॥
सकौं तोर अरि अमरउ मारी । काह कीट बपुरे नर नारी ॥
जानसि मोर सुभाउ बरोरू । मनु तव आननचंदचकोरू ॥
प्रिया प्रान सुत सरबसु मोरें । परिजन प्रजा सकल बस तोरें ॥
जौं कछु कहउं कपटु करि तोहीं । भामिनि रामसपथ सत मोही ॥
बिहंसि मांगु मनभावति बाता । भूषन सजहिं मनोहर गाता ॥
घरी कुघरी समुझि जिय देषू । बेगि प्रिया परिहरहि कुबेषू ॥

दोहा

येह सुनि मन गुनि सपथ बडि बिहंसि उठी मतिमंद ।
भूषन सजति बिलोकि मृगु मनहुं किरातिनि फंद ॥

चौपाई

पुनि कह राउ सुहृद जिअ जानी । प्रेमपुलकि मृदु मंजुल बानी ॥
भामिनि भयेउ तोर मन भावा । घरघर नगर अनंद बधावा ॥
रामहिं देउं कालि जुबराजू । सजहि सुलोचनि मंगलसाजू ॥
दलकि उठेउ सुनि हृदय कठोरू । जनु छुइ गयेउ पाक बरतोरू ॥
ऐसिउ पीर बिहंसि तेहिं गोई । चोर नारि जिमि प्रगटि न रोई ॥
लषहिं न भूप कपट चतुराई । कोटिकुटिलमनि गुरू पढाई ॥
जद्यपि नीतिनिपुन नरनाहू । नारिचरित जलनिधि अवगाहू ॥
कपट सनेहु बढाइ बहोरी । बोली बिहंसि नयन मुहु मोरी ॥

दोहा

मांगु मांगु पै कहहु पिय कबहुं न देहु न लेहु ।
देन कहेहु बरदान दुइ तेउ पावत सदेहु ॥

चौपाई

जानेउं मरम राउ हंसि कहई। तुम्हहिं कोहाब परम प्रिय अहई॥
थाती राषि न मांगिहु काऊ। बिसरि गयेउ मोहि भोर सुभाऊ॥
झूठेहु हमहिं दोसु जनि देहू। दुइ कै चारि मांगि मकु लेहू॥
रघुकुलरीति सदा चलि आई। प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई॥
नहिं असत्य सम पातकपुंजा। गिरि सम होहि कि कोटिक गुंजा॥
सत्यमूल सब सुकृत सुहाये। बेदपुरानबिदित मनु गाये॥
तेहि पर रामसपथ करि आई। सुकृत सनेहअवधि रघुराई॥
बात दृढाइ कुमति हंसि बोली। कुमतकुबिहंगकुलह ;जनु षोली॥

दोहा

भूपमनोरथ सुभगवनु सुष सुबिहंगसमाजु।
भिल्लिनि जिमि छाडन चहति, बचनु भयंकरु बाजु॥

चौपाई

सुनहुं प्रानप्रिय भावत जीका। देहु एक बर भरतहि टीका॥
मागौं दूसर बर कर जोरी। पुरवहु नाथ मनोरथ मोरी॥
तापसवेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी॥
सुनि मृदुबचन भूपहिय सोकू। ससिकर छुअत बिकल जिमि कोकू॥
गयेउ सहमि नहिं कछु कहि आवा। जनु सचान बन झपटेउ लावा॥
बिबरन भयेउ निपट नरपालू। दामिनि हनेउं मनहु तरु तालू॥
माथे हाथ मूंदि दोउ लोचन। तनु धरि सोचु लाग जनु सोचन॥
मोर मनोरथु सुरतरुफूला। फरत करिनि जिमि हतेउ समूला॥
अवध उजारि कीन्हि कैकेई। दीन्हिसि अचल बिपति कै नेई॥

दोहा

कवनें अवसर का भयेउ गएउं नारिबिस्वास।
जोग सिद्धिफलसमयजिमि जतिहि अबिद्यानास॥

चौपाई

एहि बिधि राउ मनहिं मन झांषा। देखि कुभांतिकुमति मनु मांषा॥
भरतु कि राउर पूत न होहीं। आनेहु मोल बेसाहि कि मोहीं॥

जो सुनि सरु अस लाग तुम्हारें। काहे न बोलहु बचनु संभारें॥
देहु उतरु अरु करहु कि नाहीं। सत्यसंध तुम्ह रघुकुल माहीं॥
देन कहेहु अब जनि बरु देहू। तजहु सत्य जग अपजसु लेहू॥
सत्य सराहि कहेहु बरु देना। जानेहु लेइहि मांगि चबेना॥
सिबि दधीचि बलि जो कछु भाषा। तनु धनु तजेउ बचन पनु राषा॥
अति कटु बचन कहति कैकेई। मानहु लोन जरे पर देई॥

दोहा

धरमधुरंधर धरि धरि नयन उघारे राय।
सिरु धुनि लीन्हि उसास असि मारेसि मोहि कुठाय॥

चौपाई

आगें दीषि जरत रिस भारी। मनहु रोष तरवारि उघारी॥
मूठि कुबुद्धि धार निठुराई। धरी कूबरीं सान बनाई॥
लषी महीप कराल कठोरा। सत्य कि जीवनु लेइहि मोरा॥
बोले राउ कठिन करि छाती। बानी सबिनय तासु सोहाती॥
प्रिया बचन कस कहसि कुभांती। भीर प्रतीति प्रीति करि हाती॥
मोरें भरतु रामु दुइ आंषी। सत्य कहउं करि संकरु साषी॥
अवसि दूतु मैं पठइब प्राता। अइहहिं बेगि सुनत दोउ भ्राता॥
सुदिन सोधि सबु साजु सजाई। देउं भरत कहु राजु बजाई॥

दोहा

लोभु न रामहिं राजु कर बहुत भरत पर प्रीति।
मैं बड छोट बिचारि जिय करत रहेउं नृपनीति॥

चौपाई

रामसपथ सत कहउं सुभाऊ। राममातु कछु कहेउ न काऊ॥
मैं सबु कीन्ह तोहि बिनु पूंछें। तेहि ते परेउ मनोरथ छूछें॥
रिस परिहरु अब मंगल साजू। कछु दिन गए भरत जुबराजू॥
एकहिं बात मोहि दुषु लागा। बर दूसर असमंजस मागा॥
अजहूं हृदउ जरत तेहि आंचा। रिस परिहास कि सांचेहु सांचा॥
कहु तजि रोषु रामअपराधू। सबु कोउ कहइ रामु सुठि साधू॥

तुहूँ सराहसि करसि सनेहू। अब सुनि मोँहि भयेउ संदेहू॥
जासु सुभाउ अरिहि अनुकूला। सो किमि करिहिमातुप्रतिकूला॥

दोहा

प्रिया हास रिस परिहरहि मागु बिचारि बिबेकु।
जेँहि देषौं अब नयन भरि भरतराजअभिषेकु॥

चौपाई

जिअइ मीन बरु वारि बिहीना। मनि बिनु फनिकु जिअ दुषदीना॥
कहउं सुभाउ न छल मन माहीं। जीवनु मोर राम बिनु नाहीं॥
समुझि देषु जिय प्रिया प्रबीना। जीवनु रामदरसआधीना॥
सुनि मृदुबचन कुमति अति जरई। मनहु अनल आहुति घृत परई॥
कहइ करहु किन कोटि उपाया। इहां न लागिहि राउरि माया॥
देहु कि लेहु अजसु करि नाही। मोँहिं न बहुत प्रपंच सोहाहीं॥
रामु साधु तुम्ह साधु सयानें। राममातु भलि सब पहिचानें॥
जस कौसिला मोर भल ताका। तस फलु उन्हहिं देउं करि साको॥

दोहा

होत प्रातु मुनिबेष धरि जौं न रामु बन जाहि।
मोर मरनु राउरअजसु नृप समुझिय मन माहि॥

चौपाई

अस कहि कुटिल भई उठि ठाढी। मानहु रोषतरंगिनि बाढी॥
पापपहार प्रगट भइ सोई। भरी क्रोधजल जाइ न जोई॥
दोउ बरकूल कठिन हठ धारा। भवंर कूबरी बचन प्रचारा॥
ढाहत भूपरूप तरुमूला। चली बिपतिबारिधि अनुकूला॥
लषी नरेस बात फुरि सांची। तिय मिस मीचु सीस पर नांची॥
गहि पद बिनय कीन्ह बैठारी। जनि दिनकरकुल होसि कुठारी॥
मांगु माथ अबहीं देउं तोहीं। रामबिरह जनि मारसि मोही॥
राषु राम कहुं जेहि तेहि भांती। नाहिंत जरिहि जनम भरि छाती॥

दोहा

देषी व्याधि असाधि नृप परेउ धरनि धुनि माथ।

कहत परम आरतबचन राम राम रघुनाथ ॥

चौपाई

ब्याकुल राउ सिथिल सब गाता। करिनि कलपतरु मनहु निपाता ॥
कंठु सूष मुष आव न बानी। जनु पाठीनु दीनु बिनु पानी ॥
पुनि कह कटु कठोर कैकेई। मनहुं घाय महुं माहुरु देई ॥
जौं अंतहु अस करतबु रहेऊ। मांगु मांगु तुम्ह केहि बल कहेऊ ॥
दुइ कि होइ एक समय भुआला। हंसब ठठाइ फुलाउब गाला ॥
दानि कहाउब अरु कृपनाई। होइ कि षेम कुसल रौताई ॥
छांडहु बचनु कि धीरजु धरहू। जनि अबला जिमि करुना करहू ॥
तनु तिय तनय धामु धनु धरनी। सत्यसंध कहुं तृन सम बरनी ॥

दोहा

मरम बचन सुनि राउ कह कहु कछु दोषु न तोर।
लागेउ तोहि पिसाच जिमि कालु कहावत मोर ॥

चौपाई

चहत न भरत भूपतहि भोरें। बिधिबस कुमति बसी जिय तोरे ॥
सो सबु मोर पापपरिनामू। भयेउ कुठाहर जेहि बिधि बामू ॥
सुबस बसिहि फिरि अवध सुहाई। सब गुनधाम रामप्रभुताई ॥
करिहहिं भाइ सकल सेवकाई। होइहि तिहुं पुर रामबडाई ॥
तोर कलंकु मोर पछिताऊ। मुयेहु न मिटिहि न जाइहि काऊ ॥
अब तोहि नीक लाग करु सोई। लोचन ओट बैठु मुहु गोई ॥
जब लगि जिअउं कहउं कर जोरी। तबलगि जनि कछु कहेसि बहोरी ॥
फिरि पछितैहसि अंत अभागी। मारसि गाइ नहारू लागी ॥

दोहा

परेउ राउ कहि कोटि विधि काहे करसि निदान।
कपट सयानि न कहति कछु जागति मनहुं मसानु ॥

चौपाई

राम राम रट विकल भुआलू। जनु विनु पंष विहंग बेहालू ॥
हृदय मनाव भोरु जनि होई। रामहिं जाइ कहइ जनि कोई ॥

उदउ करहु जनि रवि रघुकुलगुर। अवध बिलोकि सूल होइहि उर॥
भूपप्रीति कैकइ कठिनाई। उभय अवधि बिधि रची बनाई॥
बिनपत नृपहि भयेउ भिनुसारा। बीना बेनु संख धुनि द्वारा॥
पढहिं भाट गुन गावहिं गायक। सुनत नृपहिं जनु लागहिं सायक॥
मंगल सकल सोहाहिं न कैसें। सहगामिनिहि बिभूषन जैसें॥
तेहि निसि नींद परी नहि काहु। रामदरस लालसा उछाहु॥

दोहा

द्वार भीर सेवक सचिव कहहिं उदित रबि देखि।
जागेउ अजहुं न अवधपति कारनु कवनु बिसेषि॥

चौपाई

पछिले पहर भूपु नित जागा। आजु हमहिं बड अचरजु लागा॥
जाहु सुमंत्र जगावहु जाई। कीजिअ काजु रजायसु पाई॥
गये सुमंत्रु तब राउर पाहीं। देखि भयावन जात डेराहीं॥
धाइ षाइ जनु जाइ न हेरा। मानहुं बिपति बिषाद बसेरा॥
पूछे कोउ न ऊतरु देई। गय जेहि भवन भूप कैकेई॥
कहि जय जीव बैठ सिर नाई। देषि भूपगति गयेउ सुषाई॥
सोच बिकल बिबरन महि परेऊ। मानहुं कमल मूलु परिहरेऊ॥
सचिव सभीत सकै नहिं पूंछी। बोली असुभभरी सुभछूंछी॥

दोहा

परी न राजहिं नींद निसि हेतु जान जगदीसु।
रामु रामु रटि भोरु किय कहहिं न मरमु महीसु॥

चौपाई

आनहुं रामहिं बेगि बुलाई। समाचार तब पूंछेहु आई॥
चलेउ सुमंत्रु रायरुष जानी। लषी कुचालि कीन्हि कछु रानी॥
सोच बिकल मग परइ न पाऊ। रामहिं बोलि कहिहिं का राऊ॥
उर धरि धीरजु गयउ दुआरें। पूंछहिं सकल देषि मनु मारें॥
समाधानु करि सो सबहीका। गयेउ जहां दिनकरकुलटीका॥
राम सुमंत्रहि आवत देखा। आदरु कीन्ह पिता सम लेखा॥

निरषि बदनु कहि भूपरजाई। रघुकुलदीपहिं चलेउ लेवाई॥
रामु कुभांति सचिव संग जाहीं। देषि लोग जहं तहं बिलपाहीं॥

दोहा

जाइ दीष रघुवंशमनि नरपति निपट कुसाजु।
स ुमि परेउ लषि सिंघिनिहि मनहुं वृद्ध गजराजु॥

चौपाई

सूषहिं अधर जरइं सब अंगू। मनहुं दीन मनिहीन भुअंगू॥
सरुष समीप दीषि कैकेई। मानहुं मीचु घरी गनि लेई॥
करुनामय मृदु रामसुभाऊ। प्रथम दीष दुष सुना न काऊ॥
तदपि धीर धरि समउ बिचारी। पूंछी मधुर बचन महतारी॥
मोहि कहु मातु तातदुष कारन। करिअ जतन जेंहि होइ निवारन॥
सुनहु राम सब कारनु एहू। राजहिं तुम्ह पर बहुत सनेहू॥
देन कहेन्हि मोहिं दुइ बरदाना। मांगेउं जो कछु मोहिं सोहाना॥
सो सुनि भयउ भूपउर सोचू। छाडि न सकहिं तुम्हार संकोचू॥

दोहा

सुतसनेहु इत बचनु उत संकट परेउ नरेसु।
सकहु त आयसु धरहु सिर मेटहुकठिन कलेसु॥

चौपाई

निधरक बैठि कहै कटु बानी। सुनत कठिनता अति अकुलानी॥
जीभ कमान बचन सर नाना। मनहुं महिप मृदु लछ्छ समाना॥
जनु कठोरपनु धरें सरीरू। सिषइ धनुषविद्या बर बीरू॥
सबु प्रसंगु रघुपतिहि सुनाई। बैठि मनहुं तनु धरि निठुराई॥
मन मुसुकाइ भानुकुलभानू। रामु सहज आनंदनिधानू॥
बोले बचन बिगतसब दूषन। मृदु मंजुल जनु बागबिभूषन॥
सुनु जननी सोइ सुतु बडभागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी॥
तनय मातु पितु तोषनिहारा। दुर्लभ जननि सकल संसारा॥

दोहा

मुनिगनमिलनु बिसेषि बन सबहि भांति हित मोर।

तेहि महं पितुआयसु बहुरि संमत जननी तोर॥

चौपाई

भरतु प्रानप्रिय पावहिं राजू। बिधि सबबिधि मोहिं सनमुख आजू॥
जौं न जाउ बन ऐसेहु काजा। प्रथम गनिय मोहि मूढसमाजा॥
सेवहिं अरंडु कलपतरु त्यागी। परिहरि अमृत लेहिं बिषु मांगी॥
तेउ न पाइअ समउ चुकाहीं। देषु बिचारि मातु मन माहीं॥
अंब एक दुषु मोहि बिसेषी। निपट बिकल नरनायकु देषी॥
थोरिहि बात पितहि दुष भारी। होति प्रतीति न मोहि महतारी॥
राउ धीरु गुनउदधि अगाधू। भा मोहि तें कछु बड अपराधू॥
जातें मोहि न कहत कछु राऊ। मोरि सपथ तोहि कहु सतिभाऊ॥

दोहा

सहज सरल रघुबरबचन कुमति कुटिल करि जान।
चलइ जोंक जल बक्रगति जद्यपि सलिलु समान॥

चौपाई

रहसी रानि रामरुष पाई। बोली कपटसनेहु जनाई॥
सपथ तुम्हार भरत कै आना। हेतु न दूसर मैं कछु जाना॥
तुम्ह अपराधजोगु नहिं ताता। जननी जनक बंधु सुषदाता॥
राम सत्य सबु जो कछु कहहू। तुम्ह पितु मातुबचनरत अहहू॥
पितहिं बुझाइ कहहु बलि सोई। चौथेपन जेंहि अजसु न होई॥
तुम्ह सम सुअन सुकृत जेंहि दीन्हे। उचित न तासु निरादर कीन्हे॥
लागहिं कुमुष बचन सुभ कैसे। मगह गयादिक तीरथ जैसे॥
रामहिं मातुबचन सब भाए। जिमि सुरसरिगत सलिल सुहाए॥

दोहा

गइ मुरुछा रामहिं सुमिरि नृप फिरि करवट लीन्ह।
सचिव रामआगमन कहि बिनय समयसम कीन्ह॥

चौपाई

अवनिप अकनि रामु पगु धारे। धरि धीरजु तब नयन उघारे॥
सचिव संभारि राउ बैठारे। चरन परत नृपु रामु निहारे॥

लिए सनेहबिकल उर लाई। गै मनि मनहुं फनिक फिरि पाई॥
रामहिं चितइ रहेउ नरनाहू। चला बिलोचनबारिप्रबाहू॥
सोकबिबस कछु कहइ न पारा। हृदयं लगावत बारहिं बारा॥
बिधिहि मनाव राउ मन माहीं। जेंहि रघुनाथ न कानन जाहीं॥
सुमिरि महेसहि कहइ निहोरी। बिनती सुनहुं सदासिव मोरी॥
आसुतोष तुम्ह अवढर दानी। आरति हरहु दीन जनु जानी॥

दोहा

तुम्ह प्रेरक सब के हृदयं सो मति रामहिं देहु।
बचन मोर तजि रहहिं घर परिहरि सीलु सनेहु।

चौपाई

अजस होउ जग सुजसु नसाऊं। नरक परौं बरु सुरपुर। जाऊं॥
सब दुष दुसह सहावउ मोहीं। लोचनओट रामु जनि होहीं॥
अस मन गुनइ राउ नहिं बोला। पीपर पात सरिस मनु डोला॥
रघुपति पितहि प्रेम बस जानी। पुनि कछु कहिहि मातु अनुमानी॥
देस काल अवसर अनुसारी। बोले बचन बिनीत बिचारी॥
तात कहौं कछु करौं ढिठाई। अनुचित छमब जानि लरिकाई॥
अति लघु बात लागि दुष पावा। काहु न मोहि कहि प्रथम जनावा॥
देषि गोसाइहिं पूंछिउ माता। सुनि प्रसंगु भये सीतल गाता॥

दोहा

मंगलसमय सनेह बस सोच परिहरिअ तात।
आयसु देइअ हरषि हिय कहि पुलके प्रभुगात॥

चौपाई

धन्य जनमु जगतीतलतासू। पितहि प्रमोदु चरित सुनि जासू॥
चारि पदारथ करतल ताकें। प्रिय पितु मातु प्रानसम जाकें॥
आयेसु पालि जनमफल पाई। ऐहउं बेगिहि होउ रजाई॥
बिदा मातु सन आवौं मांगी। चलिहौ बनहिं बहुरि पग लागी॥
अस कहि रामु गवनु तब कीन्हा। भूप सोकबस उतरु न दीन्हा॥
नगर व्यापि गइ बात सुतीछी। छुवत चढी जनु सब तन बीछी॥

सुनि भये बिकल सकल नर नारी। बेलि बिटप जिमि देषि दवारी॥
जो जहं सुनइ धुनइ सिरु सोई। बड बिषाद नहिं धीरजु होई॥

दोहा

मुप सुषाहिं लोचन श्रवहिं सोकु न हृदयं समाइ।
मनहुं करुनरसकटकई उतरी अवध बजाइ॥

चौपाई

मिलेहि मांझ बिधि बात बिगारी। जहं तहं देहिं कैकइहि गारी॥
एहि पापनिहि बूझि का परेऊ। छाइ भवन पर पावकु धरेऊ॥
निजकर नयन काढि चह दीषा। डारि सुधा बिषु चाहत चीषा॥
कुटिल कठोर कुबुद्धि अभागी। भइ रघुबंशबेनुबन आगी॥
पालव बैठि पेडु येहि काटा। सुष महु सोक ठाटु धरि ठाटा॥
सदा रामु येहि प्रान समाना। कारन कवन कुटिलपनु ठाना॥
सत्य कहहिं कबि नारिसुभाऊ। सब बिधि अगहु अगाध दुराऊ॥
निज प्रतिबिंबु बरुकु गहि जाई। जानि न जाइ नारिगति भाई॥

दोहा

काह न पावकु जारि सक का न समुद्र समाइ।
का न करइ अबला प्रबल केहि जग कालु न षाइ॥

चौपाई

का सुनाइ विधि काह सुनावा। का देषाइ चह काह देषावा॥
एक कहहिं भल भूप न कीन्हा। बरु बिचारि नहिं कुमतिहि दीन्हा॥
जो हठि भयेउ सकल दुषभाजनु। अबलाबिबस ग्यानु गुनु गा जनु॥
एक धरमपरमिति पहिचानें। नृपहि दोसु नहिं देहिं सयानें॥
सिविदधीच हरिचंद कहानी। एक एक सन कहहिं बषानी॥
एक भरत कर संमत कहहीं। एक उदासभाय सुनि रहहीं॥
कान मूंदि कर रद गहि जीहा। एक कहहि यह बात अलीहा॥
सुकृत जाहिं अस कहत तुम्हारें। राम भरत कहुं प्रान पियारें॥

दोहा

चंदु चवइ बरु अनलकन सुधा होइ बिषतूल।

सपनेहुं कबहुं न करहिं किछु भरतु रामप्रतिकूल ॥

चौपाई

एक बिधातहि दूषन देहीं । सुधा देषाइ दीन्ह बिषु जेहीं ॥
पर‍भरु नगर सोचु सब काहू । दुसह दाहु उर मिटा उछाहू ॥
बिप्रवधू कुलमान्य जठेरी । जे प्रिय परम कैकई केरी ॥
लगीं देन सिष सीलु सराही । बचन बान सम लागहिं ताही ॥
भरतु न मोहिं प्रिय राम समाना । सदा कहहु येहुं सबु जगुजाना ॥
करहु राम पर सहज सनेहू । केहि अपराध आजु बनु देहू ॥
कबहुं न किएहु सवतिआरेसू । प्रीति प्रतीति जान सबु देसू ॥
कौसल्या अब काह बिगारा । तुम्ह जेहि लागि बज्र पुर पारा ॥

दोहा

सीय कि पिय संगु परिहरिहि लषनु कि रहिहहिं धाम ।
राजु कि भूंजब भरत पुर नृपु कि जिइहि बिनु राम ॥

चौपाई

अस बिचारि उर छाडहु कोहू । सोककलंककोठि जनि होहू ॥
भरतहिं अवसि देहु जुबराजू । कानन कह राम कर काजू ॥
नाहिन रामु राजके भूषे । धरमधुरीन विषयरस रूषे ॥
गुरुगृह बसहुं रामु तजि गेहू । नृपसन अस बरु दूसर लेहू ॥
जौं नहि लगिहहु कहें हमारें । नहिं लागिहि कछु हाथ तुम्हारें ॥
जौं परिहास कीन्हि कछु होई । तौ कहि प्रगट जनावहु सोई ॥
रामसरिस सुत काननजोगू । काह कहिहि सुनि तुम्ह कहुं लोगू ॥
उठहु बेगि सोई करहु उपाई । जेहि बिधि सोकु कलंकु नसाई ॥

छंद

जेहि भांति सोकु कलंकु जाइ उपाय करि कुल पालही ।
हठि फेरु रामहिं जात बन जनि बात दूसरि चालही ॥
जिमि भानु बिनु दिनु प्रान बिनु तनु चंदु बिनु जिमि जामिनी ।
तिमि अवध तुलसीदासप्रभु बिनु समझि धौं जिय भामिनी ॥

सोरठा

सषिन्ह सिषावनु दीन्ह सुनत मधुर परिनामहित ।
तेइ कछु कान न कीन्ह कुटिल प्रबोधी कूबरी ॥

चौपाई

उतरु न देइ दुसह रिस रूषी । मृगिन्ह चितव जनु बाघिनि भूषी ॥
ब्याधि असाधि जानि तिन्ह त्यागी । चलीं कहत मतिमंद अभागी ॥
राजु करत येह दैंअं बिगोई । कीन्हेसि अस जस करइ न कोई ॥
एहिबिधि बिलपहिं पुरनरनारी । देहिं कुचालिहिं कोटिक गारी ॥
जरहिं बिषमजर लेहिं उसासा । कवनि राम बिनुजीवन आसा ॥
बिपुल बियोग प्रजा अकुलानी । जनु जलचरगन सूषत पानी ॥
अति बिषाद बस लोग लोगाई । गये मातुपहिं रामु गोसांई ॥
मुषुप्रसंन चित चौगुन चाऊ । मिटा सोचु जनि राषइ राऊ ॥

दोहा

नव गयंदु रघुबीरमनु राजु अलान समान ।
छूट जानि बनगवनु सुनि उर अनंदु अधिकान ॥

चौपाई

रघुकुलतिलक जोरि दोउ हाथा । मुदित मातुपद नायेउ माथा ॥
दीन्हि असीस लाइ उरलीन्हे । भूषनबसन निछावरि कीन्हे ॥
बारबार मुष चुंबति माता । नयननेह जलु पुलकित गाता ॥
गोद राषि पुनि हृदयं लगाये । श्रवत प्रेमरस पयद सुहाए ॥
प्रेमुप्रमोदु न कछु कहि जाई । रंक धनदपदवी जनु पाई ॥
सादर सुंदरबदनु निहारी । बोली मधुरबचन महतारी ॥
कहहु तात जननी बलिहारी । कबहिं लगन मुदमंगलकारी ॥
सुकृत सील सुषसींव सुहाई । जनमलाभ कइ अवधि अघाई ॥

दोहा

जेहि चाहत नरनारि सब अति आरत एहि भांति ।
जिमि चातक चातकि त्रिषित बृष्टि सरदरितुस्वाति ॥

चौपाई

तात जाउं बलि बेगि नहाहू। जो मनभाव मधुर कछु षाहू ॥
पितुसमीप तब जायेहु भैश्रा। भइ बडि बार जाइ बलि मैश्रा ॥
मातुबचन सुनि अतिअनुकूला। जनु सनेहसुरतरु के फूला ॥
सुषमकरंद भरे श्रियमूला। निरषि राममनभवंरु न भूला ॥
धरमधुरीन धरमगति जानी। कहेउ मातु सन अति मृदु बानी ॥
पिता दीन्ह मोहि काननराजू। जह सब भांति मोर बड काजू ॥
आयेसु देहि मुदितमन माता। जेंहि मुदमंगल कानन जाता ॥
जनि सनेह बस डरपसि भोरे। आनंदु अंब अनुग्रह तोरें ॥

दोहा

बरष चारिदस बिपिन बसि करि पितुबचन प्रमान ।
आइ पाय पुनि देषिहौं मन जनि करसि मलान ॥

चौपाई

बचन बिनीत मधुर रघुबर के। सर सम लगे मातुउर करके ॥
सहमि सूषि सुनि सीतलि बानी। जिमि जवास परे पावस पानी ॥
कहि न जाइ कछु हृदय बिषादू। मनहुं मृगी सुनि केहरिनादू ॥
नयन सजल तन थरथर कांपी। मांजहि षाइ मीन जनु मांपी ॥
धरि धीरजु सुतबदनु निहारी। गदगद बचन कहति महतारी ॥
तात पितहि तुम्ह प्रानपियारे। देषि मुदित नित चरित तुम्हारे ॥
राजु देन कहुं सुभ दिन साधा। कहेउ जान बन केहि अपराधा ॥
तात सुनावहु मोहि निदानू। को दिनकरकुल भयउ कृसानू ॥

दोहा

निरषि रामरुष सचिवसुत कारन कहेउ बुझाइ ।
सुनि प्रसंगु रहि मूक जिमि दसा बरनि नहिं जाइ ॥

चौपाई

राषि न सकइ न कहि सक जाहू। दुहूं भाँति उर दारुन दाहू ॥
लिषत सुधाकर गा लिषि राहू। बिधिगति बाम सदा सब काहू ॥
धरम सनेह उभय मति घेरी। भइ गति सांप छुछुंदरि केरी ॥

राखौं सुतहि करौं अनुरोधू। धरमु जाइ अरु बंधु बिरोधू॥
कहौं जान बन तौ बडि हानी। संकट सोच बिबस भइ रानी॥
बहुरि समुझि तियधरमु सयानी। रामु भरतु दोउ सुत समजानी॥
सरल सुभाउ राममहतारी। बोली बचन धीरधरि भारी॥
तात जाउँ बलि कीन्हेउ नीका। पितु आयेसु सब धरम क टीका॥

दोहा

राजुदेन कहि दीन्ह बनु मोहि न सो दुखलेसु।
तुम्ह बिन भरतहि भूपतहि प्रजहि प्रचड कलेसु॥

चौपाई

जौं केवल पितुआयेसु ताता। तौ जनि जाहु जानि बडि माता॥
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना। तौ कानन सत अवध समाना॥
पितु बनदेव मातु बनदेवी। खग मृग चरनसरोरुहसेवी॥
अंतहुं उचित नृपहि बनबासू। बय बिलोकि हियं होइ हरांसू॥
बडभागी बनु अवध अभागी। जो रघुबशतिलक तुम्ह त्यागी॥
जौं सुत कहौं संग मोहि लेहू। तुम्हरें हृदय होइ संदेहू॥
पूत परमप्रिय तुम्ह सबही के। प्रान प्रान के जीवन जीके॥
ते तुम्ह कहहु मातु बन जाऊं। मैं सुनि बचन बैठि पछिताऊं॥

दोहा

यह बिचारि नहिं करउं हठ झूठ सनेहु बढाइ।
मानि मातु कर नात बलि सुरति बिसरि जनि जाइ॥

चौपाई

देव पितर सब तुम्हहिं गोसाईं। राखहु पलकनयन की नाईं॥
अवधि अंबु प्रिय परिजन मीना। तुम्ह करुनाकर धरमधुरीना॥
अस बिचारि सोइ करहु उपाई। सबहि जिअत जेंहि भेंटहु आई॥
जाहु सुखेन बनहिं बलि जाऊं। करि अनाथ जन परिजन गाऊं॥
सबकर आज सुकृलफल बीता। भयेउ करालु कालु बिपरीता॥
बहु बिधि बिलपि चरन लपटानी। परम अभागिनि आपुहि जानी॥
दारुन दुसह दाहु उर ब्यापा। बरनि न जाहिं बिलापकलापा॥

राम उठाइ मातु उर लाई। कहि मृदुबचन बहुरि समझाई॥

दोहा

समाचार तेहि समय सुनि सीय उठी अकुलाइ।
जाइ सासुपद कमलजुग बदि बैठि सिरु नाइ॥

चौपाई

दीन्ह असीस सासु मृदुबानी। अति सुकुमारि देषि अकुलानी॥
बैठि नमित मुष सोचति सीता। रूपरासि पतिप्रेमपुनीता॥
चलन चहत बन जीवननाथू। केहि सुकृती सन होइहि साथू॥
की तनु प्रान कि केवल प्राना। बिधिकरतबु कछु जाइ न जाना॥
चारु चरननष लेषति धरनी। नूपुर मुषर मधुर कबि बरनी॥
मनहुं प्रेमबस बिनती करहीं। हमहिं सीयपद जनि परिहरहीं॥
मंजु बिलोचन मोचति बारी। बोली देषि राममहतारी॥
तात सुनहुं सिय अति सुकुमारी। सासु ससुर परिजनहिं पियारी॥

दोहा

पिता जनक भूपालमनि ससुर भानुकुलभानु।
पति रबिकुल कैरव बिपनबिधु गुनरूपनिधानु॥

चौपाई

मैं पुनि पुत्रबधू प्रिय पाई। रूपरासि गुनसील सुहाई॥
नयनपुतरि करि प्रीति बढाई। राषेउं प्रान जानकिहिं लाई॥
कलपबेलि जिमि बहु बिधि लाली। सींचि सनेहसलिल प्रतिपाली॥
फूलत फलत भयेउ बिधि बामा। जानि न जाइ काह परिनामा॥
पलंगपीठ तजि गोद हिंडोरा। सिय न दीन्ह पगु अवनि कठोरा॥
जिअनमूरि जिमि जोगवत रहऊं। दीपबाति नहि टारन कहऊं॥
सोइ सिय चलन चहति बन साथा। आयेसु काह होइ रघुनाथा॥
चंदकिरन रस रसिक चकोरी। रबिरुष नयन सकै किमि जोरी॥

दोहा

करि केहरि निसिचर चरहिं दुष्ट जंतु बन भूरि।
बिषबाटिका कि सोह सुत सुभग सजीवनिमूरि॥

चौपाई

बनहित कोल किरातकिसोरी। रची बिरंचि बिषय सुष भोरी॥
पाहन कृमि जिमि कठिन सुभाऊ। तिन्हहिं कलेसु न कानन काऊ॥
कै तापसतिय काननजोगू। जिन्ह तपहेतु तजा सब भोगू॥
सिय बनबसिहि तात केहि भांती। चित्रलिषित कपि देषि डेराती॥
सुरसर सुभग बनजबन चारी। डाबर जोगु कि हंसकुमारी॥
अस बिचारि जस आयेसु होई। मैं सिष देउं जानकिहि सोई॥
जौं सिय भवन रहइ कह अंबा। मोहि कहं होइ बहुत अवलंबा॥
सुनि रघुबीर मातुप्रियबानी। सील सनेह सुधाजनु सानी॥

दोहा

कहि प्रियबचन बिबेकमय कीन्हि मातुपरितोष।
लगे प्रबोधन जानकिहि प्रगटि बिपिन गुनदोष॥

चौपाई

मातुसमीप कहत सकुचाहीं। बोले समउ समुझि मन माहीं॥
राजकुमारि सिषावनु सुनहूं। आन भांति जियं जनि कछु गुनहूं॥
आपन मोर नीक जौ चहहू। बचनु हमार मानि गृह रहहू॥
आयसु मोर सासुसेवकाई। सब बिधि भामिनि भवन भलाई॥
एहिते अधिकु धरमु नहि दूजा। सादर सासुससुरपद पूजा॥
जब जब मातु करिहि सुधि मोरी। होइहि प्रेमबिकल मति भोरी॥
तब तब तुम्ह कहि कथा पुरानी। सुंदरि समुझायेहु मृदु बानी॥
कहौं सुभाय सपथ सत मोही। सुमुषि मातुहित राषौं तोही॥

दोहा

गुरश्रुतिसंमत धरमफलु पाइअ बिनहिं कलेस।
हठबस सब संकट सहे गालव नहुष नरेस॥

चौपाई

मैं पुनि करि प्रवान पितुबानी। बेगि फिरब सुनु सुमुषि सयानी॥
दिवस जात नहिं लागिहि बारा। सुंदरि सिषवनु सुनहुं हमारा॥
जौं हठ करहु प्रेमबस बामा। तौ तुम्ह दुषु पाउब परिनामा॥

कानन कठिन भयंकरु भारी । घोर घामु हिम बारि बयारी ॥
कुस कंटक मग कांकर नाना । चलब पयादेहि बिनु पदत्राना ॥
चरनकमल मृदु मंजु तुम्हारे । मारग अगम भूमिधर भारे ॥
कंदर षोह नदी नद नारे । अगम अगाध न जाहिं निहारे ॥
भालु बाघ वृक केहरि नागा । करहिं नाद सुनि धीरजु भागा ॥

दोहा

भूमिसयन बलकलबसन असनु कंद फल मूल ।
ते कि सदा सब दिन मिलहिं सबुइ समय अनुकूल ॥

चौपाई

नरअहार रजनीचर चरहीं । कपटबेष बिधि कोटिक करहीं ॥
लागइ अति पहार कर पानी । बिपिन बिपति नहिं जाइ बखानी ॥
ब्याल कराल बिहंग बन घोरा । निसिचरनिकर नारिनरचोरा ॥
डरपहिं धीर गहन सुधि आएं । मृगलोचनि तुम्ह भीरु सुभाएं ॥
हंसगवनि तुम्ह नहि बनजोगू । सुनि अपजसु मोहि देइहि लोगू ॥
मानससलिलसुधा प्रतिपाली । जिअइ कि लवनपयोधि मराली ॥
नवरसालबन बिहरनसीला । सोह कि कोकिल बिपिन करीला ॥
रहहु भवन अस हृदय बिचारी । चंदबदनि दुषु कानन भारी ॥

दोहा

सहज सुहृद गुर स्वामि सिष जो न करइ सिर मानि ।
सो पछिताइ अघाइ उर अवसि होइ हितहानि ॥

चौपाई

सुनि मृदुबचन मनोहर पिअके । लोचन ललित भरे जल सियके ॥
सीतल सिष दाहक भइ कैसें । चकइहि सरदचंदनिसि जैसें ॥
उतरु न आव बिकल बैदेही । तजन चहत सुचि स्वामि सनेही ॥
बरबस रोकि बिलोचनबारी । धरि धीरजु उर अवनिकुमारी ॥
लागि सासुपग कह कर जोरी । छमबि देवि बडि अबिनय मोरी ॥
दीन्हि प्रानपति मोहि सिष साईं । जेहि बिधि मोर परम हित होई ॥
मैं पुनि समुझि दीषि मन माही । पियबियोग सम दुषु जग नाहीं ॥

दोहा

प्राननाथ करुनायतन सुंदर सुषद सुजान ।
तुम्ह बिनु रघुकुलकुमुदबिधु सुरपुर नरक समान ॥

चौपाई

मातु पिता भगिनी प्रिय भाई । प्रिय परिवारु सुहृदसमुदाई ॥
सासु ससुर गुर सजन सहाई । सुत सुंदर सुसील सुषदाई ॥
जहं लगि नाथ नेह अरु नातें । पियबिनु तियहि तरनिहुं ते ताते ॥
तनु धनु धामु धरनि पुरराजू । पतिबिहीन सबु सोक समाजू ॥
भोग रोग सम भूषन भारू । जम जातना सरिस संसारू ॥
प्राननाथ तुम्ह बिनु जग माहीं । मोकहुं सुषद कतहुं कछु नाहीं ॥
जिय बिनु देह नदी बिनु बारी । तैसिअ नाथ पुरषबिनु नारी ॥
नाथ सकल सुष साथ तुम्हारें । सरदबिमलबिधु बदनु निहारें ॥

दोहा

षग मृग परिजन नगरु बनु बलकल बिमल दुकूल ।
नाथसाथ सुरसदन सम परनसाल सुषमूल ॥

चौपाई

बनदेवी बनदेव उदारा । करिहहिं सासु ससुर समसारा ॥
कुस किसलय साथरी सुहाई । प्रभुसंग मंजु मनोज तुराई ॥
कंद मूल फल अमिअ अहारू । अवधसौंध सत सरिस पहारू ॥
छिनु छिनु प्रभुपदकमल बिलोकी । रहिहौं मुदित दिवसि जिमि कोकी ॥
बन दुष नाथ कहे बहुतेरे । भय बिषाद परिताप घनेरे ॥
प्रभुबियोग लव लेस समाना । सब मिलि होहिं न कृपानिधाना ॥
अस जिय जानि सुजानसिरोमनि । लेइअ संग मोहि छाडिअ जनि ॥
बिनती बहुत करौं का स्वामी । करुनामय उरअंतरजामी ॥

दोहा

राषिअ अवध जौं अवधि लगि रहत न जानिअ प्रान ।
दीनबंधु सुंदर सुषद सीलसनेहनिधान ॥

चौपाई

मोहि मग चलत न होइहि हारी। छिनुछिनु चरनसरोज निहारी॥
सबहि भांति पियसेवा करिहौं। मारगजनित सकल श्रम हरिहौं॥
पाय पखारि बैठि तरु छाहीं। करिहौं बाउ मुदित मन माहीं॥
श्रमकनसहित स्यामतनु देषें। कहं दुष समउ प्रानपति पेषें॥
सम महि तृन तरुपल्लव डासी। पाय पलोटिहि सब निसि दासी॥
बारबार मृदु मूरति जोही। लागिहि ताति बयारि न मोही॥
को प्रभु संग मोहि चितवनिहारा। सिंघबधुहिं जिमि ससक सियारा॥
मैं सुकुमारि नाथ बनजोगू। तुम्हहिं उचित तप मो कहुं भोगू॥

दोहा

ऐसेउ बचन कठोर सुनि जौं न हृदय बिलगान।
तौ प्रभु बिषम बियोगदुख सहिहहिं पावँर प्रान॥

चौपाई

अस कहि सीय बिकल भइ भारी। बचन बियोगु न सकी संभारी॥
देषि दसा रघुपति जिय जाना। हठि राषे नहि राषिहि प्राना॥
कहेउ कृपाल भानुकुलनाथा। परिहरि सोचु चलहु बन साथा॥
नहिं बिषाद कर अवसरु आजू। बेगि करहु बनगवन समाजू॥
कहि प्रिय बचन प्रिया समुझाई। लगे मातुपद आसिष पाई॥
बेगि प्रजादुष मेटब आई। जननी निठुर बिसरि जनि जाई॥
फिरिहि दसा बिधि बहुरि कि मोरी। देषिहौं नयन मनोहर जोरी॥
सुदिनु सुघरी तात कब होइहि। जननी जिअत बदनबिधु जोइहि॥

दोहा

बहुरि बछ कहि लालु कहि रघुपति रघुबर तात।
कबहिं बोलाइ लगाइ हियं हरषि निरषिहौं गात॥

चौपाई

लषि सनेहकातरि महतारी। बचनु न आव बिकल भइ भारी॥
राम प्रबोधु कीन्ह बिधि नाना। समउ सनेहु न जाइ बषाना॥
तब जानकी सासुपग लागी। सुनिय माय मैं परम अभागी॥

सेवासमय दैश्र बनु दीन्हा। मोर मनोरथ सफल न कीन्हा ॥
तजब छोभु जनि छाडिश्र छोहू। करमु कठिन कछु दोसु न मोहू॥
सुनि सियवचन सासु अकुलानी। दसा कवनि बिधि कहौं बषानी॥
बारहिं बार लाइ उर लीन्ही। धरि धीरजु सिष आसिष दीन्ही॥
अचल होउ अहिवातु तुम्हारा। जब लगि गंग जमुन जलधारा॥

दोहा

सीतहिं सासु असीस सिष दीन्ह अनेक प्रकार।
चली नाइ पदपदुम सिरु अतिहित बारहिं बार॥

चौपाई

समाचार जब लछिमन पाये। व्याकुल बिलषि बदन उठि धाये॥
कंप पुलक तन नयन सनीरा। गहे चरन अतिप्रेम अधीरा॥
कहि न सकत कछु चितवत ठाढे। मीनु दीनु जनु जलतें काढे॥
सोचु हृदय बिधि का होनिहारा। सब सुषु सुकृतु सिरान हमारा॥
मो कहुं काह कहब रघुनाथा। रषिहहिं भवन कि लेहहिं साथा॥
राम बिलोकि बंधु कर जोरें। देह गेह सब सन तृनु तोरे॥
बोले बचनु राम नयनागर। सील सनेह सरल सुषसागर॥
तात प्रेमबस जनि कदराहू। समुझि हृदयं परिनाम उछाहू॥

दोहा

मातु पिता गुरु स्वामि सिष सिर धरि करहिं सुभायं।
लहेउ लाभु तिन्ह जनम कर न तरु जनमु जग जायं॥

चौपाई

अस जियं जानि सुनहु सिष भाई। करहु मातुपितुपद सेवकाई॥
भवन भरतु रिपुसूदन नाहीं। राउ वृद्ध मम दुष मन माहीं॥
मैं बन जाउं तुम्हहिं लेइ साथा। होइ सबहि बिधि अवध अनाथा॥
गुरु पितु मातु प्रजा परिवारू। सब कहुं परइ दुसह दुषभारू॥
रहहु करहु सबकर परितोषू। न तरु तात होइहि बड दोषू॥
जासु राज प्रिय प्रजा दुषारी। सो नृप अवसि नरकअधिकारी॥
रहहु, तात असि नीति बिचारी। सुनत लषनु भये व्याकुल भारी॥

सिअरे बचन सूखि गये कैसें। परसत तुहिन तामरसु जैसें॥

दोहा

उतरु न आवत प्रेम बस गहे चरन अकुलाइ।
नाथ दासु मइं स्वामि तुम्ह तजहु त कहा बसाइ॥

चौपाई

दीन्हि मोहि सिख नीकि गोसाईं। लागि अगम अपनी कदराईं॥
नरबर धीर धरमधुरधारी। निगम नीति कहुं ते अधिकारी॥
मैं सिसु प्रभुसनेहप्रतिपाला। मंदरु मेरु कि लेहि मराला॥
गुर पितु मातु न जानउं काहू। कहउं सुभाउ नाथ पतिआहू॥
जहं लगि जगत सनेह सगाई। प्रीति प्रतीति निगम निजु गाई॥
मोरें सबइ एक तुम्ह स्वामी। दीन बंधु उरअंतरजामी॥
धरम नीति उपदेसिअ ताही। कीरति भूति सुगति प्रिय जाही॥
मन क्रम बचन चरनरत होई। कृपासिंधु परिहरिअ कि सोई॥

दोहा

करुनासिंधु सुबंधु के सुनि मृदुबचन बिनीत।
समुझाए उर लाइ प्रभु जानि सनेह सभीत॥

चौपाई

मांगहु बिदा मातु सन जाई। आवहु बेगि चलहु बन भाई॥
मुदित भये सुनि रघुबरुबानी। भयेउ लाभ बड गइ बडि हानी॥
हरषित हृदय मातु पहिं आए। मनहुं अंध फिरि लोचन पाए॥
जाइ जननिपग नायेउ माथा। मनु रघुनंदन जानकि साथा॥
पूंछे मातु मलिन मन देखी। लषन कही सब कथा बिसेषी॥
गई सहमि सुनि बचन कठोरा। मृगी देषि दव जनु चहुं ओरा॥
लषन लषेउ भा अनरथ आजू। एहिं सनेहबस करब अकाजू॥
मांगत बिदा सभय सकुचाहीं। जाइ संग बिधि कहिहि कि नाहीं॥

दोहा

समुझि सुमित्रा राम सिय रूपु सुसीलु सुभाउ।
नृप सनेह लषि धुनेउ सिरु पापिनि दीन्ह कुदाउ॥

चौपाई

धीरजु धरेउ कुअवसर जानी। सहज सुहृद बोली मृदु बानी॥
तात तुम्हारि मातु बैदेही। पिता रामु सब भांति सनेही॥
अवध तहां जहं रामनिवासू। तहइं दिवसु जहं भानु प्रकासू॥
जौंपै सीय रामु बन जाहीं। अवध तुम्हार काजु कछु नाहीं॥
गुर पितु मातु बंधु सुर साईं। सेइअहिं सकल प्रानकी नाईं॥
रामु प्रानप्रिय जीवन जीके। स्वारथ रहित सषा सबही के॥
पूजनीय प्रिय परम जहां तें। सब मानिअहिं रामके नातें॥
अस जिय जानि सग बन जाहू। लेहु तात जग जीवनलाहू॥

दोहा

भूरि भाग भाजनु भयेहु मोहि समेत बलि जाउं।
जौ तुम्हरें मन छांडि छलु कीन्ह रामपद ठाउं॥

चौपाई

पुत्रवती जुवती जग सोई। रघुपतिभगतु जासु सुतु होई॥
नतरु बांझ भलि बादि बिआनी। रामबिमुख सुततें हित जानी॥
तुम्हरेहि भाग रामु बन जाहीं। दूसर हेतु तात कछु नाहीं॥
सकल सुकृत कर बडफल एहू। रामसीयपद सहज सनेहू॥
रागु रोषु इरिषा मदु मोहू। जनि सपनेहुं इन्हके बस होहू॥
सकल प्रकार बिकार बिहाई। मन क्रम वचन करेहु सेवकाई॥
तुम्ह कहुं बन सब भांति सुपासू। संग पितु मातु रामु सिय जासू॥
जेंहि न रामु बन लहहिं कलेसू। सुत सोइ करेहु इहइ उपदेसू॥

छंद

उपदेसु येहु जेहि तात तुम्हरें रामु सिय सुष पावहीं।
पितु मातु प्रिय परिवारु पुर सुष सुरति बन बिसरावहीं॥
तुलसी प्रभुहिं सिष देइ आयसु दीन्ह पुनि आसिष दई।
रति होउ अबिरल अमल सियरघुबीरपद नित नित नई॥

सोरठ

मातुचरन सिरु नाइ चले तुरत संकित हृदय।

बागुर विषम तोराइ मनहुं भाग मृगु भाग बस ॥

चौपाई

गये लषनु जहं जानकिनाथू । भे मनमुदित पाइ प्रिय साथू ॥
बंदि रामसियचरन सुहाए । चले संग नृपमंदिर आए ॥
कहहिं परसपर पुरनरनारी । भलि बनाइ विधि बात बिगारी ॥
तन कृस मन दुषु बदन मलीने । विकल मनहुँ माषी मधु छीनें ॥
कर मीजहिं सिरु धुनि पछिताहीं । जनु बिनु पंष बिहग अकुलाहीं ॥
भइ बडि भीर भूपदरबारा । बरनि न जाइ बिषादु अपारा ॥
सचिव उठाइ राउ बैठारे । कहि प्रिय बचन रामु पगुधारे ॥
सिय समेत दोउ तनय निहारी । ब्याकुल भएउ भूमिपति भारी ॥

दोहा

सीय सहित सुत सुभग दोउ देषि देषि अकुलाइ ।
बारहि बार सनेह बस राउ लेइ उर लाइ ॥

चौपाई

सकइ न बोलि बिकल नरनाहू । सोकजनित उर दारुन दाहू ॥
नाइ सीसु पद अति अनुरागा । उठि रघुबीर बिदा तब मांगा ॥
पितु असीसु आयसु मोहिं दीजै । हरष समय बिसमउ कत कीजै ॥
तात किये प्रियप्रेमप्रमादू । जसु जग जाइ होइ अपबादू ॥
सुनि सनेह बस उठि नरनाहां । बैठारे रघुपति गहि बाहां ॥
सुनहु तात तुम्ह कहुं मुनि कहहीं । राम चराचरनायक अहहीं ॥
सुभ अरु असुभ करम अनुहारी । ईसु देइ फलु हृदय बिचारी ॥
करइ जो करम पाव फल सोई । निगम नीति असि कह सबु कोई ॥

दोहा

औरु करै अपराधु कोउ और पाव फल भोगु ।
अतिबिचित्र भगवतगति को जग जानइजोगु ॥

चौपाई

राय रामराषन हित लागी । बहुत उपाय किये छलु त्यागी ॥
लषी रामरुष रहत न जाने । धरमधुरंधर धीर सयाने ॥

तब नृप सीय लाइ उर लीन्ही । अतिहित बहुत भांति सिष दीन्ही ॥
कहि बन के दुष दुसह सुनाए । सासु ससुर पितु सुष समझाये ॥
सियमनु रामचरन अनुरागा । घरु न सुगमु बनु विषमु न लागा ॥
औरउ सबहि सीय समुझाई । कहि कहि बिपिनबिपति अधिकाई ॥
सचिवनारि गुरनारि सयानी । सहित सनेह कहहिं मृदु बानी ॥
तुम्ह कहुं तौ न दीन्ह बनबासू । करहु जो कहहिं ससुर गुर सासू ॥

दोहा

सिष सीतलि हित मधुर मृदु सुनि सीतहि न सोहानि ।
सरदचंदचंदनि लगत जनु चकई अकुलानि ॥

चौपाई

सीय सकुच बस उतरु न देई । सो सुनि तमकि उठी कैकेई ॥
मुनिपट भूषन भाजन आनी । आगे धरि बोली मृदु बानी ॥
नृपहि प्रानप्रिय तुम्ह रघुबीरा । सील सनेह न छाडिहि भीरा ॥
सुकृत सुजसु परलोकु नसाऊ । तुम्हहिं जान बन कहिहि न काऊ ॥
अस बिचारि सोइ करहु जो भावा । राम जननिसिष सुनि सुष पावा ॥
भूपहि बचन बान सम लागे । करहिं न प्रान पयान अभागे ॥
लोग बिकल मुरुछित नरनाहू । काह करिय कछु सूझ न काहू ॥
रामु तुरत मुनिबेषु बनाई । चले जनक जननी सिरु नाई ॥

दोहा

सजि बनि साजु समाजु सब बनिता बंधु समेत ।
बंदि बिप्र गुरचरन प्रभु चले करि सबहिं अचेत ॥

चौपाई

निकसि बसिष्ठद्वार भये ठाढे । देषे लोग बिरहदवदाढे ॥
कहि प्रिय बचन सकल समुझाए । बिप्रबृंद रघुबीर बोलाए ॥
गुरसन कहि बरषासन दीन्हे । आदर दान बिनय बस कीन्हे ॥
जाचक दान मान संतोषे । मीत पुनीत प्रेम परितोषे ॥
दासी दास बोलाइ बहोरी । गुरहि सौंपि बोले कर जोरी ॥
सबकै सार संभार गोसाईं । करबि जनक जननी की नाईं ॥

बारहिं बार जोरि जुग पानी। कहत रामु सब सन मृदु बानी॥
सोइ सब भांति मोर हितकारी। जेहिते रहइ भुआल सुपारी॥

दोहा

मातु सकल मोरें बिरहं जेंहि न होंहि दुषदीन।
सोइ उपाउ तुम्ह करेहु सब पुरजन परम प्रबीन॥

चौपाई

एहि बिधि राम सबहि समुझावा। गुरपदपदुम हरषि सिरु नावा॥
गनपति गौरि गिरीसु मनाई। चले असीस पाइ रघुराई॥
रामु चलत अति भएउ बिपादू। सुनि न जाइ पुर आरत नादू॥
कुसगुन लंक अवध अति सोकू। हरष बिषाद बिबस सुरलोकू॥
गइ मुरुछा तब भूपति जागे। बोलि सुमंत्रु कहन अस लागे॥
रामु चले बन प्रान न जाहीं। केहि सुप लागि रहत तन माहीं॥
एहि ते कवन व्यथा बलवाना। जो दुषु पाइ तजिहि तनु प्राना॥
पुनि धरि धीर कहै नरनाहू। लै रथु संग सषा तुम्ह जाहू॥

दोहा

सुठि सुकुमार कुमार दोउ जनकसुता सुकुमारि।
रथ चढाइ देषराइ बनु फिरेहु गये दिन चारि॥

चौपाई

जौं नहि फिरहिं धीर दोउ भाई। सत्यसंध दृढव्रत रघुराई॥
तौ तुम्ह बिनय करेहु कर जोरी। फेरिअ प्रभु मिथिलेसकिसोरी॥
जब सिय कानन देषि डेराई। कहेहु मोरि सिष अवसरु पाई॥
सासु ससुर अस कहेउ संदेसू। पुत्रि फिरिअ बन बहुत कलेसू॥
पितुगृह कबहुं कबहुं ससुरारी। रहेहु जहां रुचि होइ तुम्हारी॥
एहि बिधि करेहु उपायकदंबा। फिरइ त होइ प्रानअवलंबा॥
नाहिं त मोर मरनु परिनामा। कछु न बसाइ भये बिधि बामा॥
अस कहि मुरुछि परा महि राऊ। राम लषनु सिय आनि देषाऊ॥

दोहा

पाइ रजायसु नाइ सिरु रथु अति बेग बनाइ।

गयेउ जहां बाहेर नगर सीय सहित दोउ भाइ ॥

चौपाई

तब सुमंत्र नृपबचन सुनाए। करि बिनती रथ रामु चढाए ॥
चढि रथ सीय सहित दोउ भाई। चले हृदय अवधहि सिरु नाई ॥
चलत रामु लषि अवध अनाथा। बिकल लोग सब लागे साथा ॥
कृपासिंधु बहु बिधि समुझावहिं। फिरहिं प्रेमबस पुनि फिरि आवहिं ॥
लागति अवध भयावनि भारी। मानहुं कालरात अंधियारी ॥
घोर जंतु सम पुरनरनारी। डरपहिं एकहिं एक निहारी ॥
घर मसान परिजन जनु भूता। सुतहित मीत मनहु जम दूता ॥
बागन्ह बिटप बेलि कुम्हिलाहीं। सरित सरोवर देषि न जाहीं ॥

दोहा

हय गय कोटिन्ह केलिमृग पुरपसु चातक मोर।
पिक रथांग सुक सारिका सारस हंस चकोर ॥

चौपाई

रामबियोग बिकल सब ठाढे। जहं तहं मनहुं चित्र लिषि काढे ॥
नगरु सफल बनु गहवर भारी। खग मृग बिपुल सकल नरनारी ॥
बिधि कैकई किरातिनि कीन्ही। जेहि दव दुसह दसहुं दिसि दीन्ही ॥
सहि न सके रघुबरबिरहागी। चले लोग सब व्याकुल भागी ॥
सबहिं बिचारु कीन्ह मन माहीं। राम लषन सिय बिनु सुषु नाहीं ॥
जहां रामु तहं सबुइ समाजू। बिनु रघुबीर अवध नहिं काजू ॥
चले साथ अस मंत्रु दृढाई। सुरदुर्लभसुष सदन बिहाई ॥
रामचरनपंकज प्रिय जिन्हहीं। विषय भोग बस करहिं कि तिन्हीं ॥

दोहा

बालक बृद्ध बिहाय गृह लगे लोग सब साथ।
तमसातीर निवासु किय प्रथम दिवस रघुनाथ ॥

चौपाई

रघुपति प्रजा प्रेमबस देषी। सदय हृदय दुषु भएउ बिसेषी ॥
करुनामय रघुनाथ गोसांई। बेगि पाइअहि पीर पराई ॥

कहि सप्रेम मृदु बचन सुहाए। बहु बिधि राम लोग समुझाए॥
किए धरमउपदेश घनेरे। लोग प्रेमबस फिरहिं न फेरे॥
सील सनेहु छाडि नहिं जाई। असमंजस बस भे रघुराई॥
लोग सोग श्रमबस गए सोई। कछुक देवमाया मति मोई॥
जबहिं जाम जुग जामिनि बीती। राम सचिव सन कहेउ सप्रीती॥
षोज मारि रथु हांकहु ताता। आन उपाय बनिहि नहिं बाता॥

दोहा

राम लषनु सिय जान चढि संभुचरन सिरु नाइ।
सचिव चलायेउ तुरत रथु इत उत षोज दुराइ॥

चौपाई

जागे सकल लोग भयें भोरू। गे रघुनाथ भयेउ अति सोरू॥
रथकर षोज कतहुं नहिं पावहिं। राम राम कहि चहुंदिसि धावहिं॥
मनहु बारनिधि बूड जहाजू। भयेउ बिकल बड बनिक समाजू॥
एकहिं एक देहिं उपदेसू। तजे राम हम जानि कलेसू॥
निंदहिं आपु सराहहिं मीना। धिग जीवनु रघुबीरबिहीना॥
जौंपै प्रिय बियोगु बिधि कीन्हा। तौ कस मरनु न मागें दीन्हा॥
एहि बिधि करत प्रलापकलापा। आए अवध भरे परितापा॥
बिषम बियोगु न जाइ बषाना। अवधिआस सब राषहिं प्राना॥

दोहा

रामदरस हित नेम ब्रत लगे करन नर नारि।
मनहु कोक कोकी कमल दीन बिहीनतमारि॥

चौपाई

सीता सचिव सहित दोउ भाई। सृंगबेरपुर पहुंचे जाई॥
उतरे राम देवसरि देषी। कीन्ह दंडवत हरषु बिसेषी॥
लषन सचिव सिय किये प्रनामा। सबहिं सहित सुषु पायउ रामा॥
गंग सकल मुदमंगलमूला। सबसुषकरनि हरनि सब सूला॥
कहि कहि कोटिक कथा प्रसंगा। रामु बिलोकहिं गंगतरंगा॥
सचिवहि अनुजहि प्रियहि सुनाई। बिबुधनदीमहिमा अधिकाई॥

मज्जनु कीन्ह पंथश्रम गयेऊ। सुचि जलु पियत मुदित मन भयेऊ॥
सुमिरत जाहि मिटइ श्रमभारू। तेहिं श्रम येह लौकिक व्यवहारू॥

दोहा

सुद्ध सच्चिदानंदमयकंद भानुकुलकेतु।
चरित करत नर अनुहरत संसृतिसागरसेतु॥

चौपाई

यह सुधि गुह निषाद जब पाई। मुदित लिए प्रिय बंधु बोलाई॥
लिये फल मूल भेंट भरि भारा। मिलन चलेउ हिय हरषु अपारा॥
करि दंडवत भेंट धरि आगें। प्रभुहि बिलोकत अति अनुरागे॥
नाथ कुसल पदपंकज देषे। भयउं भागभाजनु जन लेषे॥
देव धरनि धनु धामु तुम्हारा। मैं जनु नीचु सहित परिवारा॥
कृपा करिअ पुर धारिअ पाऊ। थापिअ जनु सबु लोगु सिहाऊ॥
कहेहु सत्य सबु सषा सुजाना। मोहि दीन्ह पितु आयेसु आना॥

दोहा

बरष चारिदस बासु बन मुनिब्रत बेषु अहारु।
ग्रामबासु नहिं उचित सुनि गुहहि भयउ दुषभारु॥

चौपाई

राम लषन सियरूप निहारी। कहहिं सप्रेम ग्रामनरनारी॥
ते पितु मातु कहहु सषि कैसे। जिन्ह पठए बन बालक ऐसे॥
एक कहहिं भल भूपति कीन्हा। लोयनलाहु हमहिं बिधि दीन्हा॥
तब निषादपति उर अनुमाना। तरु सिंसुपा मनोहर जाना॥
लै रघुनाथहिं ठाउं देषावा। कहेउ राम सब भांति सुहावा॥
पुरजन करि जोहारु घर आये। रघुबर संध्या करन सिधाए॥
गुह संवारि साथरी डसाई। कुस किसलय मय मृदुल सुहाई॥
सुचि फल मूल मधुर मृदु जानी। दोना भरि भरि राखेसि पानी॥

दोहा

सिय सुमंत्र भ्राता सहित कंद मूल फल षाइ।
सयन कीन्ह रघुबंसमनि पाय पलोटत भाइ॥

चौपाई

उठे लषनु प्रभु सोवत जानी। कहि सचिवहि सोवन मृदु बानी॥
कछुक दूरि सजि बान सरासन। जागन लगे बैठि बीरासन॥
गुह बुलाइ पाहरू प्रतीती। ठावं ठावं राषे अति प्रीती॥
आपु लषन पहिं बैठेउ जाई। कटि भाथी सर चाप चढाई॥
सोवत प्रभुहि निहारि निषादू। भयउ प्रेमबस हृदय बिषादू॥
तनुपुलकित जलु लोचन बहई। बचन सप्रेम लषन सन कहई॥
भूपति भवन सुभाय सुहावा। सुरपति सदनु न पटतर आवा॥
मनिमयरचित चारु चौबारे। जनु रतिपति निज हाथ संवारे॥

दोहा

सुचि सुबिचित्र सुभोगमय सुमन सुगंध सुबास।
पलंग मंजु मनिदीप जहं सब बिधि सकल सुपास॥

चौपाई

बिबिध बसन उपधान तुराई। छीरफेनमृदु बिसद सुहाई॥
तहं सिय रामु सयन निसि करहीं। निज छबि रतिमनोजमदु हरहीं॥
ते सिय रामु साथरी सोए। श्रमित बसन बिनु जाहिं न जोए॥
मातु पिता परिजन पुरबासी। सखा सुसील दास अरु दासी॥
जोगवहिं जिन्हहिं प्रान की नाईं। महि सोवत तेइ राम गोसांईं॥
पिता जनक जगबिदितप्रभाऊ। ससुर सुरेससषा रघुराऊ॥
रामचंदु पति सो बैदेही। सोवत महि बिधि बाम न केही॥
सिय रघुबीर कि कानन जोगू। करमप्रधान सत्य कह लोगू॥

दोहा

कैकयनंदिनि मंदमति कठिन कुटिलपनु कीन्ह।
जेंहि रघुनंदन जानकिहि सुषअवसर दुषु दीन्ह॥

चौपाई

भइ दिनकरकुलबिटपकुठारी। कुमति कीन्ह सब बिस्व दुषारी॥
भयउ बिषाद निषादहि भारी। राम सीय महिसयन निहारी॥
बोले लषन मधुर मृदु बानी। ग्यान बिराग भगतिरस सानी॥

काहु न कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करम भोग सबु भ्राता॥
जोग बियोग भोग भल मंदा। हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा॥
जनमु मरनु जहं लगि जग जालू। संपति बिपति करमु अरु कालू॥
धरनि धामु धनु पुर परिवारू। सरगु नरकु जहं लगि व्यवहारू॥
देखिअ सुनिअ गुनिअ मन माहीं। मोहमूल परमारथु नाहीं॥

दोहा

सपने होइ भिखारि नृपु रंकु नाकपति होइ।
जागें लाभु न हानि कछु तिमि प्रपंच जिय जोइ॥

चौपाई

अस बिचारि नहि कीजिय रोसू। काहुहि बादि न देइय दोसू॥
मोहनिसा सबु सोवनिहारा। देखिअ सपन अनेक प्रकारा॥
एहि जगजामिनि जागहि जोगी। परमारथी प्रपचबियोगी॥
जानिय तबहि जीव जग जागा। जब सब बिषयबिलासबिरागा॥
होइ बिवेकु मोह भ्रम भागा। तब रघुनाथचरनअनुरागा॥
सखा परम परमारथु एहू। मन क्रम बचन रामपदनेहू॥
राम ब्रह्म परमारथरूपा। अबिगत अलख अनादि अनूपा॥
सकल बिकाररहित गतभेदा। कहि नित नेति निरूपहिं बेदा॥

दोहा

भगत भूमि भूसुर सुरभि सुर हित लागि कृपाल।
करत चरित धरि मनुज तनु सुनत मिटहिं जगजाल॥

चौपाई

सखा समुझि अस परिहरि मोहू। सियरघुबीरचरनरत होहू॥
कहत रामगुन भा भिनुसारा। जागे जगमंगलसुखदारा॥
सकल सौच करि राम नहावा। सुचि सुजान बटछीर मगावा॥
अनुज सहित सिर जटा बनाए। देखि सुमंत्र नयनजल छाये॥
हृदयं दाहु अति बदन मलीना। कह कर जोरि बचन अति दीना॥
नाथ कहेउ अस कोसलनाथा। लै रथु जाहु राम कें साथा॥
बनु देखाइ सुरसरि अन्हवाई। आनेहु फेरि बेगि दोउ भाई॥

लषनु रामु सिय आनेहु फेरी। संसय सकल संकोच निबेरी॥

दोहा

नृप अस कहेउ गोसाइँ जस कहइ करौं बलि सोइ।
करि बिनती पायन्ह परेउ दीन्ह बाल जिमि रोइ॥

चौपाई

तात कृपा करि कीजिअ सोई। जातें अवध अनाथ न होई॥
मंत्रिहि राम उठाइ प्रबोधा। तात धरममतु तुम्ह सबु सोधा॥
सिबि दधीच हरिचंद नरेसा। सहे धरम हित कोटि कलेसा॥
रंतिदेव बलि भूप सुजाना। धरमु धरेउ सहि संकट नाना॥
धरमु न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुरान बषाना॥
मैं सोइ धरमु सुलभ करि पावा। तजें तिहूं पुर अपजसु छावा॥
संभावित कहुं अपजस लाहू। मरनकोटि सम दारुन दाहू॥
तुम्ह सन तात बहुत का कहऊं। दियें उतरु फिरि पातकु लहऊं॥

दोहा

पितुपद गहि कहि कोटि नति बिनय करब कर जोरि।
चिंत कवनिहु बात कै तात करिअ जनि मोरि॥

चौपाई

तुम्ह पुनि पितु सम अति हित मोरें। बिनती करौं तात कर जोरें॥
सब बिधि सोइ करतव्य तुम्हारें। दुष न पाव पितु सोच हमारें॥
सुनि रघुनाथ सचिव संबादू। भयउ सपरिजन बिकल निषादू॥
पुनि कछु लषन कही कटु बानी। प्रभु बरजे बड अनुचित जानी॥
सकुचि राम निज सपथ देवाई। लषन संदेसु कहिअ जनि जाई॥
कह सुमंत्रु पुनि भूप संदेसू। सहि न सकिहि सिय बिपिनकलेसू॥
जेहि बिधि अवध आव फिरि सीया। सोइ रघुबरहि तुम्हहि करनीया॥
नतरु निपट अवलंबबिहीना। मैं न जिअब जिमि जलबिनु मीना॥

दोहा

मइकें ससुरें सकल सुष जबहिं जहां मनुमान।
तहँ तब रहिहि सुषेन सिय जबलगि बिपतिबिहान॥

चौपाई

बिनती भूप कीन्ह जेहि भांती। आरति प्रीति न सो कहि जाती॥
पितुसंदेस सुनि कृपानिधाना। सियहि दीन्ह सिष कोटि बिधाना॥
सासुससुर गुर प्रिय परिवारू। फिरहु त सब कर मिटइ षभारू॥
सुनि पतिबचन। कहति बैदेही। सुनहुं प्रानपति परमसनेही॥
प्रभु करुनामय परम बिबेकी। तनु तजि रहति छहं किमि छेंकी॥
प्रभा जाइ कहं भानु बिहाई। कह चंद्रिका चंदु तजि जाई॥
पतिहि प्रेममय बिनय सुनाई। कहति सचिव सन गिरा सुहाई॥
तुम्ह पितु ससुर सरिस हितकारी। उतरु देउं फिरि अनुचित भारी॥

दोहा

आरति बस सनमुष भइउं बिलगु न मानब तात।
आरजसुतपदकमल बिनु बादि जहां लगि नात॥

चौपाई

पितुबैभवबिलास मै डीठा। नृपमनिमुकुटमिलित पदपीठा॥
सुषनिधान अस पितु गृह मोरें। पियबिहीन मन भाव न भोरें॥
ससुर चक्कवइ कोसलराऊ। भुवन चारिदस प्रगट प्रभाऊ॥
आगे होइ जेहि सुरपति लेई। अरध सिंघासन आसनु देई॥
ससुरु एतादृस अवध निवासू। प्रिय परिवारु मातुसम सासू॥
बिनु रघुपतिपदपदुमपरागा। मोहि कोउ सपनेहुं सुषद न लागा॥
अगम पंथ बन भूमि पहारा। करि केहरि सर सरित अपारा॥
कोल किरात कुरंग बिहंगा। मोहि सब सुषद प्रानपतिसंगा॥

दोहा

सासु ससुर सन मोरि हुंति बिनय करबि परि पायं।
मोरि सोचु जनि करिअ कछु मै बन सुषी सुभायं॥

चौपाई

प्राननाथ प्रिय देवर साथा। बीरधुरीन धरें धनु भाथा॥
नहिं मगश्रमु भ्रमु दुष मन मोरें। मोहि लगि सोचु करिअ जनि भोरें॥
सुनि सुमंत्रु सियसीतलबानी। भयउ बिकल जनु फनि मनि हानी॥

नयन सूझ नहिं सुनइं न काना। कहि न सकइ कछु अति अकुलाना॥
राम प्रबोधु कीन्ह बहु भांती। तदपि होति नहिं सीतलि छाती॥
जतन अनेक साथ हित कीन्हे। उचित उतर रघुनंदन दीन्हे॥
मेटि जाइ नहि रामरजाई। कठिन करमगति कछु न बसाई॥
राम लषन सियपद सिरु नाई। फिरेउ बनिक जिमि मूर गवाई॥

दोहा

रथ हांकेउ हय राम तन हेरि हेरि हिहिनाहिं।
देषि निषाद विषादबस धुनहिं सीस पछिताहिं॥

चौपाई

जासु बियोग बिकल पसु ऐसें। प्रजा मातु पितु जिइहहिं कैसें॥
बरबस राम सुमंत्रु पठाये। सुरसरितीर आप तब आये॥
मागी नाव न केवटु आना। कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना॥
चरनकमलरज कहुं सबु कहई। मानुषकरनि मूरि कछु अहई॥
छुवत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई॥
तरनिउं मुनिघरिनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उडाई॥
एहि प्रतिपालउं सबु परिवारू। नहिं जानौं कछु अउर कबारू॥
जौ प्रभु पार अवसि गा चहहू। मोहि पदपदुम पषारन कहहू॥

छंद

पदकमल धोइ चढाइ नाव न नाथ उतराई चहों।
मोहि राम राउरि आन दसरथसपथ सब सांची कहों॥
बरु तीर मारहु लषन पै जब लगि न पाय पषारिहों।
तब लगि न तुलसीदासनाथ कृपाल पारु उतारिहों॥

सोरठा

सुनि केवट के बयन प्रेम लपेटे अटपटे।
बिहसे करुनाअयन चितइ जानकी लषन तन॥

चौपाई

कृपासिंधु बोले मुसुकाई। सोइ करु जेहि तव नाव न जाई॥
बेगि आनु जल पाय पषारू। होत बिलंबु उतारिहि पारू॥

जासु नाम सुमिरत एक बारा । उतरहिं नर भवसिंधु अपारा ॥
सोइ कृपाल केवटहि निहोरा । जेंहि जगु किये तिहुं पगहुं ते थोरा ॥
पदनखनिरखि देवसरि हरषी । सुनि प्रभुबचन मोहमति करषी ॥
केवट रामरजायसु पावा । पानि कठवता भरि लेइ आवा ॥
अति आनंद उमगि अनुरागा । चरनसरोज पखारन लागा ॥
बरषि सुमन सुर सकल सिहाहीं । एहि सम पुन्यपुंज कोउ नाहीं ॥

दोहा

पद पखारि जलु पान करि आपु सहित परिवार ।
पितर पारु करि प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लेइ पार ॥

चौपाई

उतरि ठाढ भए सुरसरिरेता । सीय रामु गुह लषन समेता ॥
केवट उतरि दंडवत कीन्हा । प्रभुहि सकुच एहि नहि कछु दीन्हा ॥
पियहिय की सिय जाननिहारी । मुनिमुदरी मनमुदित उतारी ॥
कहेउ कृपाल लेहि उतराई । केवट चरन गहे अकुलाई ॥
नाथ आजु मइ काह न पावा । मिटे दोष दुष दारिददावा ॥
बहुत काल मै कीन्हि मजूरी । आजु दीन्ह बिधि बनि भलि भूरी ॥
अब कछु नाथ न चाहिअ मोरें । दीनदयाल अनुग्रह तोरें ॥
फिरती बार मोहि जो देवा । सो प्रसादु मइं सिर धरि लेवा ॥

दोहा

बहुतु कीन्ह प्रभु लषन सिय नहिं कछु केवटु लेइ ।
बिदा कीन्ह करुनायतन भगतिबिमलबरु देइ ॥

चौपाई

तब मज्जनु करि रघुकुलनाथा । पूजि पारथिव नायउ माथा ॥
सिय सुरसरिहि कहेउ कर जोरी । मातु मनोरथ पुरउबि मोरी ॥
पतिदेवर संग कुसल बहोरी । आइ करउं जेंहि पूजा तोरी ॥
सुनि सियबिनय प्रेमरस सानी । भइ तब बिमल बारिबरबानी ॥
सुनु रघुबीरप्रिया बैदेही । तव प्रभाउ जग बिदित न केही ॥
लोकप होंहि बिलोकत तोरें । तोहि सेवहिं सब सिधि कर जोरें ॥

तुम्ह जो हमहिं बड़ि बिनय सुनाई । कृपा कीन्हि मोहि दीन्हि बड़ाई ॥
तदपि देबि मइं देबि असीसा । सफल होन हित निज बागीसा ॥

दोहा

प्राननाथ देवर सहित कुसल कोसला आइ ।
पूजिहि सब मनकामना सुजसु रहिहि जग छाइ ॥

चौपाई

गंगबचन सुनि मंगलमूला । मुदित सीय सुरसरि अनुकूला ॥
तब प्रभु गुहहि कहेउ घर जाहू । सुनत सूष मुषु भा उरदाहू ॥
दीन बचन गुह कह कर जोरी । बिनय सुनहु रघुकुलमनि मोरी ॥
नाथ साथ रहि पंथु देषाई । करि दिन चारि चरनसेवकाई ॥
जेहि बन जाइ रहब रघुराई । परनकुटी मैं करबि सुहाई ॥
तब मोहिं कहं जसि देब रजाई । सोइ करिहौं रघुबीरदोहाई ॥
सहज सनेह राम लषि तासू । संग लीन्ह गुह हृदयहुलासू ॥
पुनि गुह ग्याति बोलि सब लीन्हे । करि परितोष बिदा तब कीन्हे ॥

दोहा

तब गनपति सिव सुमिरि प्रभु नाइ सुरसरिहि माथ ॥
सषा अनुज सियसहित बन गवन कीन्ह रघुनाथ ॥

चौपाई

तेहि दिन भएउ बिटप तरबासू । लषन सषा सब कीन्ह सुपासू ॥
प्रात प्रातकृत करि रघुराई । तीरथराजु दीष प्रभु जाई ॥
सचिव सत्य श्रद्धा प्रियनारी । माधव सरिस मीतु हितकारी ॥
चारि पादरथ भरा भंडारू । पुन्य प्रदेस देस अति चारू ॥
छेत्रु अगम गढु गाढ सुहावा । सपनेहुं नहि प्रतिपछिन्ह पावा ॥
सेन सकल तीरथ बरबीरा । कलुषअनीकदलन रनधीरा ॥
संगनु सिंहासनु सुठि सोहा । छत्रु अषयबटु मुनिमनु मोहा ॥
चवंर जमुन अरु गंगतरंगा । देषि होहिं दुष दारिद भंगा ॥

दोहा

सेवहिं सुकृती साधु सुचि पावहिं सब मनकाम ।

बंदी बेद पुरानगन कहहिं बिमल गुनग्राम ॥

चौपाई

को कहि सकइ प्रयागप्रभाऊ। कलुषपुंजकुंजर मृगराऊ ॥
अस तीरथपति देषि सुहावा। सुषसागर रघुबर सुष पावा ॥
कहि सिय लषनहि सषहि सुनाई। श्रीमुष तीरथराजबडाई ॥
करि प्रनामु देषत बन बागा। कहत महातम अति अनुरागा ॥
एहि बिधि आइ बिलोकी बेनी। सुमिरत सकल सुमंगलदेनी ॥
मुदित नहाइ कीन्हि सिवसेवा। पूजि जथाबिधि तीरथदेवा ॥
तब प्रभु भरद्वाज पहिं आए। करत दंडवत मुनि उर लाए ॥
मुनिमनमोह न कछु कहि जाई। ब्रह्मानंदरासि जनु पाई ॥

दोहा

दीन्हि असीस मुनीस उर अति अनदुं अस जानि।
लोचनगोचर सुकृतफल मनहुं किये बिधि आनि ॥

चौपाई

कुसल प्रश्न करि आसन दीन्हे। पूजि प्रेमपरिपूरन कीन्हे ॥
कंद मूल फल अंकुर नीके। दिये आनि मुनि मनहुं अमी के ॥
सीय लषन जन सहित सुहाये। अति रुचि राम मूल फल षाये ॥
भये बिगत श्रम रामु सुषारे। भरद्वाज मृदु बचन उचारे ॥
आजु सुफल तपु तीरथ त्यागू। आजु सुफल जप जोग बिरागू ॥
सफल सकल सुभ साधनसाजू। राम तुम्हहिं अवलोकत आजू ॥
लाभअवधि सुषअवधि न दूजी। तुम्हरें दरस आस सब पूजी ॥
अब करि कृपा देहु बर एहू। निज पदसरसिज सहज सनेहू ॥

दोहा

करम बचन मन छाडि छलु जब लगि जनु न तुम्हार।
तब लगि सुषु सपनेहुं नहीं किये कोटि उपचार ॥

चौपाई

सुनि मुनिबचन रामु सकुचाने। भाव भगति आनंद अघाने ॥
तब रघुबर मुनि सुजसु सुहावा। कोटि भांति कहि सबहि सुनावा ॥

सो बड सो सब गुनगनगेहू। जेहि मुनीस तुम्ह आदर देहू ॥
मुनि रघुबीर परसपर नवहीं। बचनअगोचर सुषु अनुभवहीं ॥
यह सुधि पाइ प्रयागनिवासी। बटुतापस मुनि सिद्ध उदासी ॥
भरद्वाजआश्रम सब आये। देषन दशरथसुअन सुहाये ॥
राम प्रनाम कीन्ह सब काहू। मुदित भये लहि लोयनलाहू ॥
देहि असीस परम सुषु पाई। फिरे सराहत सुंदरताई ॥

दोहा

राम कीन्ह बिश्राम निसि प्रात प्रयाग नहाइ।
चले सहित सिय लषन जन मुदित मुनिहि सिरु नाइ॥

चौपाई

राम सप्रेम कहेउ मुनि पाहीं। नाथ कहिअ हम केहि मग जाहीं ॥
मुनि मन बिहंसि राम सन कहहीं। सुगम सकल मग तुम्ह कहुं अहहीं ॥
साथ लागि मुनि सिष्य बोलाये। सुनि मनमुदित पचासक आये ॥
सबन्हि राम पर प्रेम अपारा। सकल कहहिं मगु दीष हमारा ॥
मुनि बटु चारि संग तब दीन्हे। जिन्ह बहु जनम सुकृत सब कीन्हे ॥
करि प्रनामु रिषि आयेसु पाई। प्रमुदित हृदय चले रघुराई ॥
ग्राम निकट जब निकसहिं जाई। देषहिं दरस नारि नर धाई ॥
होंहि सनाथ जनमफलु पाई। फिरहिं दुषित मनु संग पठाई ॥

दोहा

बिदा किये बटु बिनय करि फिरे पाइ मन काम।
उतरि नहाये जमुनजल जो सरीर सम स्याम ॥

चौपाई

सुनत तीरबासी नर नारी। धाए निज निज काज बिसारी ॥
लषन राम सियसुंदरताई। देषि करहिं निज भाग्य बडाई ॥
अति लालसा बसहिं मन माहीं। नाउं गाउं बूझत सकुचाहीं ॥
जे तिन्ह महुं बयबिरिध सयाने। तिन्ह करि जुगति रामु पहिचाने ॥
सकल कथा तिन्ह सबहिं सुनाई। बनहिं चले पितुआयसु पाई ॥
सुनि सबिषाद सकल पछिताहीं। रानी राय कीन्हि भल नाहीं ॥

तेहि अवसर एक तापसु आवा । तेजपुंज लघुबयस सुहावा ॥
कबि अलषितगति बेषु बिरागी । मन क्रम बचन रामअनुरागी ॥

दोहा

सजल नयन तन पुलकि निज इष्टदेउ पहिचानि ।
परेउ दंड जिमि धरनितल दसा न जाइ बषानि ॥

चौपाई

राम सप्रेम पुलकि उर लावा । परम रंक जनु पारसु पावा ॥
मनहुं प्रेम परमारथु दोऊ । मिलत धरें तन कह सब कोऊ ॥
बहुरि लषन पायन्ह सोइ लागा । लीन्हि उठाइ उमगि अनुरागा ॥
पुनि सियचरनधूरि धरि सीसा । जननि जानि सिसु दीन्ह असीसा ॥
कीन्हि निषाद दंडवत तेही । मिलेउ मुदित लषि राम सनेही ॥
पिअत नयनपुट रूपुपियूषा । मुदित सुअसनु पाइ जिमि भूषा ॥
ते पितु मातु कहहु सषि कैसे । जिन्ह पठये बन बालक ऐसे ॥
राम लषन सिय रूपु निहारी । होंहि सनेहबिकल नर नारी ॥

दोहा

तब रघुबीर अनेक बिधि सषहि सिषावनु दीन्ह ।
राम रजायसु सीस धरि भवन गवनु तेंइ कीन्ह ॥

चौपाई

पुनि सिय रामलषन करजोरी । जमुनहि कीन्ह प्रनामु बहोरी ॥
चले ससीय मुदित दोउ भाई । रबितनुजा कइ करत बडाई ॥
पथिक अनेक मिलहिं मग जाता । कहहिं सप्रेम देषि दोउ भ्राता ॥
राज लषन सब अंग तुम्हारे । देखि सोचु अति हृदयँ हमारे ॥
मारग चलहु पयादेहिं पाएं । ज्योतिष झूंठ हमारेंहि भाएं ॥
अगमु पंथु गिरि कानन भारी । तेहिं मह साथ नारि सुकुमारी ॥
करि केहरि बन जाइ न जोई । हम संग चलहिं जो आयसु होई ॥
जाब जहां लगि तहं पहुंचाई । फिरब बहोरि तुम्हहि सिरु नाई ॥

दोहा

एहि बिधि पूंछहि प्रेमबस पुलकगात जलुनैन ।

कृपासिंधु फेरहि तिन्हहि कहि बिनीत मृदु बैन ॥

चौपाई

जे पुरगांव बसहिं मगमाहीं । तिन्हहिं नागसुरनगर सिहाहीं ॥
केहि सुकृती केहि घरीं बसाए । धन्य पुन्यमय परम सुहाए ॥
जहं तहं रामचरन चलि जाहीं । तिन्ह समान अमरावति नाहीं ॥
पुन्यपुंज मगनिकटनिवासी । तिन्हहि सराहहिं सुरपुरबासी ॥
जे भरि नयन बिलोकहिं रामहि । सीता लषन सहित घनस्यामहि ॥
जे सर सरित राम अवगाहहिं । तिन्हहि देवसरसरित सराहहिं ॥
जेहि तरु तर प्रभु बैठहि जाई । करहि कलपतरु तासु बड़ाई ॥
परसि रामपदपदुमपरागा । मानति भूमि भूरि निज भागा ॥

दोहा

छांह करहिं घन बिबुधगन बरषहिं सुमन सिहाहिं ।
देषत गिरि बन बिहग मृग रामु चले मगजाहिं ॥

चौपाई

सीता लषन सहित रघुराई । गांव निकट जब निकसहिं जाई ॥
सुनि सब बाल बृद्ध नर नारी । चलहिं तुरत गृहकाज बिसारी ॥
राम लषन सिय रूप निहारी । पाइ नयनफलु होहि सुषारी ॥
सजल बिलोचन पुलक सरीरा । सब भये मगन देषि दोउ बीरा ॥
बरनि न जाइ दसा तिन्ह केरी । लहि जनु रंकन्ह सुरमनिढेरी ॥
एकन्ह एक बोलि सिष देहीं । लोचनलाहु लेहु छन एहीं ॥
रामहिं देषि एक अनुरागे । चितवत चले जांहि संग लागे ॥
एक नयनमग छबि उर आनी । होंहि सिथिल तन मन बरबानी ॥

दोहा

एक देषि बटछांह भलि डासि मृदुल तृन पात ।
कहहिं गंवाइअ छिनुकु स्रमु गवनब अबहिं कि प्रात ॥

चौपाई

एक कलस भरि आनहिं पानी । अंचइअ नाथ कहहिं मृदु बानी ॥
सुनि प्रियबचन प्रीति अतिदेषी । रामु कृपालु सुसील बिसेषी ॥

जानी स्रमित सीय मन माहीं। घरिक बिलंबु कीन्ह बटछांहीं॥
मुदित नारिनर देषहिं सोभा। रूपअनूप नयन मनु लोभा॥
एकटक सब सोहहिं चहुं ओरा। रामचंदमुषचंद चकोरा॥
तरुन तमालबरन तनु सोहा। देषत कोटिमदन मनु मोहा॥
दामिनि बरन लषन सुठि नीके। नषसिष सुभग भावते जीके॥
मुनिपट कटिन्ह कसे तूनीरा। सोहहिं कर कमलनि धनु तीरा॥

दोहा

जटामुकुट सीसनि सुभग उर भुज नयन बिसाल।
सरदपरबबिधुबदनबर लसत स्वेदकनजाल॥

चौपाई

बरनि न जाइ मनोहर जोरी। सोभा बहुत थोरि मति मोरी॥
राम लषन सिय सुंदरताई। सब चितवहिं चित मन मति लाई॥
थके नारिनर प्रेमपियासे। मनहुं मृगीमृग देषि दिआ से॥
सीयसमीप ग्रामतिय जाही। पूंछत अति सनेह सकुचाहीं॥
बार बार सब लागहिं पाएं। कहहिं बचन मृदु सरल सुभाएं॥
राजकुमारि बिनय हम करहीं। तिय सुभाय कछु पूंछत डरहीं॥
स्वामिनि अबिनय छमबि हमारी। बिलगु न मानब जानि गंवारी॥
राजकुअंर दोउ सहज सलोनें। एन्ह तें लहि दुति मरकत सोनें॥

दोहा

स्यामल गौर किसोरबर सुंदर सुषमाअयन।
सरद सर्बरीनाथ मुषु सरदसरोरुह नयन॥

चौपाई

कोटि मनोजलजावनिहारे। सुमुषि कहहु को आंहि तुम्हारे॥
सुनि सनेहमय मंजुल बानी। सकुची सिय मन महुं मुसुकानी॥
तिन्हहिं बिलोकि बिलोकति धरनीं। दुहुं सकोच सकुचति बर बरनीं॥
सकुचि सप्रेम बालमृगनयनी। बोली मधुर बचन पिकबयनी॥
सहज सुभाय सुभग तन गोरे। नामु लषनु लघु देवर मोरे॥
बहुरि बदनु बिधु अंचल ढांकी। पियतन चितइ भौंह करि बांकी॥

खंजनमंजु तिरीछे नयननि । निज पति कहेउ तिन्हहि सिय सयननि ॥
भईं मुदित सब ग्रमबधूटी । रंकन्ह रायरासि जनु लूटी ॥

दोहा

अति सप्रेम सियपाय परि बहुबिधि देहिं असीस ।
सदा सोहागिनि होहु तुम्ह जब लगि महि अहिसीस ॥

चौपाई

पारबतीसम पतिप्रिय होहू । देबि न हम पर छाडब छोहू ॥
पुनि पुनि बिनय करिअ कर जोरी । जौं एहि मारग फिरिअ बहोरी ॥
दरसनु देब जानि निज दासी । लषी सीय सब प्रेमपिआसी ॥
मधुर बचन कहि कहि परितोषी । जनु कुमुदिनी कौमुदी पोषी ॥
तबहिं लषन रघुबररुष जानी । पूछेउ मगु लोगन्हि मृदु बानी ॥
सुनत नारि नर भये दुषारी । पुलकित गात बिलोचन बारी ॥
मिटा मोदु मन भये मलीने । बिधि निधि दीन्हि लेत जनु छीने ॥
समुझि करमगति धीरजु कीन्हा । सोधि सुगम मगु तिन्ह कहि दीन्हा ॥

दोहा

लषन जानकी सहित तब गवनु कीन्ह रघुनाथ ।
फेरे सब प्रिय बचन कहि लिए लाइ मन साथ ॥

चौपाई

फिरत नारि नर अति पछिताहीं । दैअहि दोषु देहिं मन माहीं ॥
सहित बिषाद परसपर कहहीं । बिधिकरतब उलटे सब अहहीं ॥
निपट निरंकुस निठुर निसंकू । जेंहि ससि कीन्ह सरुज सकलंकू ॥
रूषु कलपतरु सागरु षारा । तेंहि पठये बन राजकुमारा ॥
जौंपै इन्हहि दीन्ह बनबासू । कीन्हि बादि बिधि भोगबिलासू ॥
ए बिचरहिं मग बिनु पदत्राना । रचे बादि बिधि बाहन नाना ॥
ए महि परहिं डासि कुस पाता । सुभग सेज कत सृजत बिधाता ॥
तरुबर बास इन्हहिं बिधि दीन्हा । धवल धाम रचि रचि श्रमु कीन्हा ॥

दोहा

जौं ए मुनिपटधर जटिल सुंदर सुठि सुकुमार ।

बिबिध भांति भूषन बसन बादि किये करतार ॥

चौपाई

जौं ए कंद मूल फल षाहीं। बादि सुधादि असन जग माहीं ॥
एक कहहिं ए सहज सुहाए। आपु प्रगट भय बिधि न बनाए ॥
जहं लगि बेद कही बिधिकरनी। श्रवन नयन मन गोचर बरनी ॥
देषहु षोजि भुअन दसचारी। कहं अस पुरुष कहां असि नारी ॥
इन्हहि देषि बिधि मनु अनुरागा। पटतर जोग बनावइ लागा ॥
कीन्ह बहुत श्रम अैक न आये। तेंहिं इरिषा बन आनि दुराये ॥
एक कहहिं हम बहुत न जानहिं। आपुहि परम धन्य करि मानहिं ॥
ते पुनि पुन्यपुंज हम लेषे। जे देषहिं देषिहहिं जिन्ह देषे ॥

दोहा

एह बिधि कहि कहि बचन प्रिय लेहिं नयन भरि नीर।
किमि चलिहहिं मारग अगम सुठि सुकुमार सरीर ॥

चौपाई

नारि सनेह बिकल बस होंही। चकई सांझ समय जनु सोही ॥
मृदु पदकमल कठिन मगु जानी। गहबरि हृदय कहइ बर बानी ॥
परसत मृदुल चरन अरुनारे। सकुचति महि जिमि हृदय हमारे ॥
जौं जगदीस इन्हहिं बनु दीन्हा। कस न सुमनमय मारगु कीन्हा ॥
जौं मांगा पाइअ बिधि पाहीं। ए रषिअहिं सषि आषिन्ह माहीं ॥
जे नर नारि न अवसर आए। तिन्ह सिय रामु न देषन पाए ॥
सुनि सुरूप बूझहिं अकुलाई। अब लगि गये कहां लगि भाई ॥
समरथ धाइ बिलोकहिं जाई। प्रमुदित फिरहिं जनमफलु पाई ॥

दोहा

अबला बालक बृद्धजन कर मीजहिं पछितांहिं।
होंहिं प्रेमबस लोग इमि रामु जहां जहं जाहिं ॥

चौपाई

गांव गांव अस होइ अनंदू। देषि भानुकुलकैरवचंदू ॥
जे कछु समाचार सुनि पावहिं। ते नृपरानिहि दोष लगावहिं ॥

कहहिं एक अति भल नरनाहू। दीन्हि हमहि जेइ लोचनलाहू॥
कहहिं परसपर लोग लोगाईं। बातैं सरल सनेह सुहाईं॥
ते पितु मातु धन्य जिन्ह जाए। धन्य सो नगरु जहां ते आए॥
धन्य सो देसु सैलु बन गाऊं। जहं जह जाहिं धन्य सोइ ठाऊं॥
सुषु पायेउ बिरचि रचि तेही। ए जेहि के सब भांति सनेही॥
रामलषनपथिकथा सुहाई। रही सकल मग कानन छाई॥

दोहा

एहि बिधि रघुकुलकमलरबि मगलोगन्ह सुषदेत।
जांहि चले देषत बिपिन सिय सौमित्रि समेत॥

चौपाई

आगें रामु लषनु बनें पाछें। तापसबेष बिराजत काछें॥
उभय बीच सिय सोहति कैसे। ब्रह्मजीव बीच माया जैसे॥
बहुरि कहउं छबि जसि मन बसई। जनु मधु मदन मध्य रति लसई॥
उपमा बहुरि कहउं जिय जोही। जनु बुध बिधु बिच रोहिनि सोही॥
प्रभुपदरेष बीच बिच सीता। धरति चरन मग चलति सभीता॥
सीयरामपद अंक बराएं। लषन चलहिं मगु दाहिनलाएं॥
राम लषन सियप्रीति सुहाई। बचन अगोचर किमि कहि जाई॥
षग मृग मगन देषि छबि होंही। लिये चोरि चित राम बटोही॥

दोहा

जिन्ह जिन्ह देषे पथिक प्रिय सिय समेत दोउ भाइ।
भवमगु अगमु अनंदु तेइ बिनु श्रम रहे सिराइ॥

चौपाई

अजहुं जासु उर सपनेहु काऊ। बसहुं लषनु सिय रामु बटाऊ॥
रामधामपथ पाइहि सोई। जो पथ पाव कबहुं मुनि कोई॥
तब रघुबीर श्रमित सिय जानी। देषि निकट बटु सीतल पानी॥
तहं बसि कंद मूल फल षाई। प्रात नहाइ चले रघुराई॥
देषत बन सर सैल सुहाए। बालमीकिआश्रम प्रभु आए॥
रामु दीष मुनिबास सुहावन। सुंदर गिरि काननु जलु पावन॥

सरनि सरोज बिटप बन फूले। गुंजत मंजु मधुप रसभूले॥
षग मृग बिपुल कोलाहल करहीं। बिरहितबैर मुदितमन चरहीं॥

दोहा

सुचि सुंदर आश्रमु निरषि हरषे राजिवनैन।
सुनि रघुबरआगमनु मुनि आगे आयउ लैन॥

चौपाई

मुनि कहुं रामुदंडवत कीन्हा। आसिरबादु बिप्रबर दीन्हा॥
देषि रामछबि नयन जुडाने। करि सनमानु आश्रमहिं आने॥
मुनिवर अतिथि प्रानप्रिय पाए। कंदमूल फल मधुर मगाए॥
सिय सौमित्रि राम फल षाए। तब मुनि आसन दिये सुहाए॥
बालमीकि मन आनंदु भारी। मंगलमूरति नयन निहारी॥
तब करकमल जोरि रघुराई। बोले बचन श्रवनसुषदाई॥
तुम्ह त्रिकालदरसी मुनिनाथा। बिस्व बदर जिमि तुम्हरें हाथा॥
अस कहि प्रभु सब कथा बषानी। जेहि जेहि भांति दीन्ह बनु रानी॥

दोहा

तातबचन पुनि मातुहित भाइ भरत अस राउ।
मोकहुं दरसतुम्हार प्रभु सबु मम पुन्यप्रभाव॥

चौपाई

देषि पाय मुनिराय तुम्हारे। भये सुकृत सब सुफल हमारे॥
अब जहँ राउर आयसु होई। मुनि उदबेगु न पावइ कोई॥
मुनि तापस जिन्हतें दुषु लहहीं। ते नरेस बिनु पावक दहहीं॥
मंगलमूल बिप्रपरितोषू। दहइ कोटि कुल भूसुररोषू॥
अस जिय जानि कहिअ सोइ ठाऊं। सिय सौमित्रि सहित जहँ जाऊँ॥
तहं रचि रुचिर परनतृनसाला। बासु करउं कछु काल कृपाला॥
सहज सरल सुनि रघुबरबानी। साधु साधु बोले मुनि ग्यानी॥
कस न कहहु अस रघुकुलकेतू। तुम्ह पालक संततश्रुतिसेतू॥

छंद

श्रुतिसेतुपालक राम तुम्ह जगदीसमाया जानकी।

जो सृजति जगु पालति हरति रुष पाइ कृपानिधानकी ॥
जो सहससीसु अहीसु महिधरु लषनु सचराचरधनी ।
सुरकाज धरि नरराजतनु चले दलन षलनिसिचरअनी ॥

सोरठा

रामसरूप तुम्हार बचनअगोचर बुद्धिपर ।
अबिगत अकथ अपार नेति नेति नित निगम कह ॥

चौपाई

जगु पेषन तुम्ह देखनिहारे । बिधि हरि संभु नचावनिहारे ॥
तेउ न जानहिं मरमु तुम्हारा । औरु तुम्हहि को जाननिहारा ॥
सोइ जानइ जेहि देहु जनाई । जानत तुम्हहिं तुम्हइ होइ जाई ॥
तुम्हरिहि कृपा तुम्हहिं रघुनंदन । जानहिं भगत भगतउरचंदन ॥
चिदानंदमय देह तुम्हारी । बिगतबिकार जान अधिकारी ॥
नरतनु धरेहु संतसुरकाजा । कहहु करहु जस प्राकृत राजा ॥
राम देषि सुनि चरित तुम्हारे । जड मोहहिं बुध होहिं सुषारे ॥
तुम्ह जो कहहु करहु सबु साचा । जस काछिअ तस चाहिअ नाचा ॥

दोहा

पूंछेउ मोहि कि रहौं कहं मै पूंछत सकुचाउं ।
जहं न होहु तह देहु कहि तुम्हहि देषावउं ठाउं ॥

चौपाई

सुनि मुनिबचन प्रेमरस साने । सकुचि राम मन महुं मुसुकाने ॥
बालमीकि हंसि कहहिं बहोरी । बानी मधुर अमिअरस बोरी ॥
सुनहुं राम अब कहहुं निकेता । जहां बसहु सिय लषन समेता ॥
जिन्ह के श्रवन समुद्र समाना । कथा तुम्हारि सुभग सरि नाना ॥
भरहिं निरंतर होंहि न पूरे । तिन्ह के हिय तुम्ह कहुं गृह रूरे ॥
लोचन चातक जिन्ह करि राषे । रहहिं दरसजलधर अभिलाषे ॥
निदरहिं सरित सिंधु सर भारी । रूपबिंदु जल होंहिं सुषारी ॥
तिन्ह के हृदयसदन सुषदायक । बसहु बंधु सिय सह रघुनायक ॥

दोहा

जसु तुम्हार मानस बिमल हंसिनि जीहा जासु ।
मुकताहल गुनगन चुनइ राम बसहु हिय तासु ॥

चौपाई

प्रभुप्रसादसुचि सुभग सुबासा । सादर जासु लहइ नित नासा ॥
तुम्हहिं निबेदित भोजन करहीं । प्रभुप्रसाद पट भूषन धरहीं ॥
सीस नवहि सुरगुर द्विज देषी । प्रीति सहित करि बिनय बिसेषी ॥
कर नित करहिं रामपदपूजा । रामभरोस हृदय नहि दूजा ॥
चरन रामतीरथ चलि जांही । राम बसहु तिन्ह के मन माही ॥
मंत्रराज नित जपहिं तुम्हारा । पूजहिं तुम्हहि सहित परिवारा ॥
तरपन होम करहिं बिधि नाना । बिप्र जेंवाइ देहिं बहु दाना ॥
तुम्हतें अधिक गुरहि जिय जानी । सकल भाय सेवहिं सनमानी ॥

दोहा

सबु करि मांगहिं एकु फलु रामचरनरति होउ ।
तिन्ह के मनमदिर बसहु सिय रघुनंदन दोउ ॥

चौपाई

काम कोह मद मान न मोहा । लोभ न छोभ न राग न द्रोहा ॥
जिन्ह के कपट दंभ नहि माया । तिन्ह के हृदय बसहु रघुराया ॥
सब के प्रिय सब के हितकारी । दुष सुष सरिस प्रसंसा गारी ॥
कहहिं सत्य प्रिय बचन बिचारी । जागत सोवत सरन तुम्हारी ॥
तुम्हहिं छांडि गति दूसरि नाहीं । राम बसहु तिन्ह के मन माहीं ॥
जननी सम जानहिं परनारी । धनु पराव बिष तें बिष भारी ॥
जे हरषहिं परसपति देषी । दुषित होंहि पर बिपति बिसेषी ॥
जिन्हहिं राम तुम्ह प्रानपिआरे । तिन्ह के मन सुभ सदन तुम्हारे ॥

दोहा

स्वामि सषा पितु मातु गुर जिनके सब तुम्ह तात ।
मनमंदिर तिन्ह के बसहु सीय सहित दोउ भ्रात ॥

चौपाई

अवगुन तजि सबके गुन गहहीं। बिप्रधेनुहित संकट सहहीं॥
नीतिनिपुन जिन्ह कइ जग लीका। घर तुम्हार तिन्ह कर मनु नीका॥
गुन तुम्हार समुझइ निज दोसा। जेहि सब भांति तुम्हार भरोसा॥
रामभगत प्रिय लागहिं जेही। तेहि उर बसहु सहित बैदेही॥
जाति पांति धनु धरमु बडाई। प्रिय परिवार सदन सुषदाई॥
सब तजि तुम्हहि रहइ उर लाई। तेहि के हृदय रहहु रघुराई॥
सरगु नरकु अपबरगु समाना। जहं तहं देष धरे धनु बाना॥
करम बचन मन राउर चेरा। राम करहु तेहि के उर डेरा॥

दोहा

जाहि न चाहिअ कबहुं कछु तुम्ह सन सहज सनेहु।
बसहु निरंतर तासु मन सो राउर निज गेहु॥

चौपाई

एहि बिधि मुनिबर भवन देषाए। बचन सप्रेम राममन भाए॥
कह मुनि सुनहुं भानुकलनायक। आश्रमु कहउं समय सुषदायक॥
चित्रकूटगिरि करहु निवासू। तहं तुम्हार सब भांति सुपासू॥
सैलु सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहगविहारू॥
नदी पुनीत पुरान बषानी। अत्रिप्रिया निज तपबल आनी॥
सुरसरिधार नाउं मंदाकिनि। जो सब पातकपोतकडाकिनि॥
अत्रि आदि मुनिबर बहु बसहीं। करहिं जोग जप तप तन कसही॥
चलहु सफल श्रम सब कर करहू। राम देहु गौरव गिरिबरहू॥

दोहा

चित्रकूटमहिमा अमित कही महामुनि गाइ।
आइ नहाये सरितबर सिय समेत दोउ भाइ॥

चौपाई

रघुबर कहेउ लषन भल घाटू। करहु कतहुं अब ठाहरठाटू॥
लषन दीष पयउतरकरारा। चहुंदिसि फिरेउ धनुष जिमि नारा॥
नदी पनच सर सम दम दाना। सकल कलुष कलि साउज नाना॥

चित्रकूट जनु अचल अहेरी। चुकइ न घात मार मुठभेरी ॥
अस कहि लषन ठांव देषरावा। थलु बिलोकि रघुबर सुषु पावा ॥
रमेउ राममनु देवन्ह जाना। चले सहित सुर थपतिप्रधाना ॥
कोल किरात बेष सब आए। रचे परनतृन सदन सुहाए ॥
बरनि न जाहिं मंजु दुइ साला। एक ललित लघु एक बिसाला ॥

दोहा

लषन जानकी सहित प्रभु राजत रुचिर निकेत।
सोह मदन मुनिबेष जनु रति रितुराज समेत ॥

चौपाई

अमर नाग किन्नर दिसिपाला। चित्रकूट आए तेहि काला ॥
राम प्रनामु कीन्ह सब काहू। मुदित देव लहि लोचनलाहू ॥
बरषि सुमन कह देवसमाजू। नाथ सनाथ भये हम आजू ॥
करि बिनती दुष दुसह सुनाए। हरषित निज निज सदन सिधाए ॥
चित्रकूट रघुनंदनु छाए। समाचार सुनि सुनि मुनि आए ॥
आवत देषि मुदित मुनिबृंदा। कीन्ह दंडवत रघुकुलचंदा ॥
मुनि रघुबरहि लाइ उर लेहीं। सुफल होन हित आसिष देहीं ॥
सिय सौमित्रि रामछबि देषहिं। साधन सकल सफल करि लेषहिं ॥

दोहा

जथा जोग सनमानि प्रभु बिदा किये मुनिबृंद।
करहिं जोग जप जाग तप निज आश्रमनि सुछंद ॥

चौपाई

यह सुधि कोल किरातन्ह पाई। हरषे जनु नवनिधि घर आई ॥
कंद मूल फल भरि भरि दोना। चले रंक जनु लूटन सोना ॥
तिन्हमहं जिन्ह देषे दोउ भ्राता। अपर तिन्हहि पूंछहि मगु जाता ॥
कहत सुनत रघुबीरनिकाई। आइ सबन्हि देषे रघुराई ॥
करहिं जोहारु भेट धरि आगे। प्रभुहि बिलोकहिं अति अनुरागे ॥
चित्र लिषे जनु जहं तहं ठाढे। पुलकसरीर नयनजल बाढे ॥
राम सनेहमगन सब जाने। कहि प्रियबचन सकल सनमाने ॥

प्रभुहि जोहारिं बहोरि बहोरी। बचन बिनीत कहहिं कर जोरी॥

दोहा

अब हम नाथ सनाथ सब भए देषि प्रभुपाय।
भाग हमारे आगमनु राउर कोसलराय॥

चौपाई

धन्य भूमि बन पंथ पहारा। जहं जहं नाथ पाउ तुम्ह धारा॥
धन्य बिहग मृग काननचारी। सफलजनम भये तुम्हहि निहारी॥
हम सब धन्य सहित परिवारा। दीष दरसु भरि नयन तुम्हारा॥
कीन्ह बासु भल ठाउं बिचारी। इहां सकल रितु रहब सुषारी॥
हम सब भांति करब सेवकाई। करि केहरि अहि बाघ बराई॥
बन वेहड गिरिकंदर षोहा। सब हमार प्रभु पग पग जोहा॥
तहं तहं तुम्हहि अहेर षेलाउब। सर निरझर भल ठाउं देषाउब॥
हम सेवक परिवार समेता। नाथ न सकुचब आयसु देता॥

दोहा

बेदबचनमुनिमनअगम ते प्रभु करुनाअयन।
बचन किरातन्हके सुनत जिमि पितु बालकबयन॥

चौपाई

रामहिं केवल प्रेमु पिआरा। जानि लेउ जो जाननिहारा॥
राम सकल बनचर तब तोषे। कहि मृदु बचन प्रेम परिपोषे॥
बिदा किये सिरु नाइ सिधाये। प्रभुगुन कहत सुनत घर आए॥
एहि बिधि सिय समेत दोउ भाई। बसहिं बिपिन सुरमुनिसुषदाई॥
जबतें आइ रहे रघुनायकु। तबतें भएउ बनु मंगलदायकु॥
फूलहिं फलहिं बिटप बिधि नाना। मंजु बलित बरबेलि बिताना॥
सुरतरु सरिस सुभायं सुहाए। मनहुं बिबिध बन परिहरि आये॥
गुंज मंजुतर मधुकरश्रेनी। त्रिबिध बयारि बहइ सुषदेनी॥

दोहा

नीलकंठ कलकंठ सुक चातक चक्क चकोर।
भांति भांति बोलहिं बिहग श्रवनसुषद चितचोर॥

चौपाई

करि केहरि कपि कोल कुरंगा। बिगत वैर विचरहिं सब संगा॥
फिरत अहेर रामछबि देषी। होंहिं मुदित मृगबृंद विसेषी॥
बिबुधबिपिन जहं लगि जग माहीं। देषि रामवनु सकल सिहाहीं॥
सुरसरि सरसइ दिनकरकन्या। मेकलसुता गोदावरि धन्या॥
सब सर सिंधु नदी नद नाना। मंदाकिनि कर करहिं बषाना॥
उदयअस्तगिरि अरु कैलासू। मंदर मेरु सकल सुरबासू॥
सैल हिमाचल आदिक जेते। चित्रकूटजसु गांवहि तेते॥
बिंधि मुदितमन सुषु न समाई। श्रमबिनु बिपुल बडाई पाई॥

दोहा

चित्रकूट के बिहंग मृग बेलि बिटप तृनजाति।
पुन्यपुंज सब धन्य अस कहहिं देव दिन राति॥

चौपाई

नयनवंत रघुबरहि बिलोकी। पाइ जनमफल होंहि बिसोकी॥
परसि चरनरज अचर सुपारी। भये परमपद के अधिकारी॥
सो बनु सैलु सुभाय सुहावन। मंगलमय अति पावनपावन॥
महिमा कहिअ कवनि बिधि तासू। सुषसागर जहं कीन्ह निवासू॥
पयपयोधि तजि अवध बिहाई। जहं सिय लषनु रामु रहे आई॥
कहि न सकहि सुषमा जसि कानन। जौं सत सहस होहि सहसानन॥
सो मैं बरनि कहौं बिधि केही। डाबरकमठ कि मंदर लेहीं॥
सेवहिं लषनु करम मन बानी। जाइ न सीलु सनेहु बषानी॥

दोहा

छिनु छिनु लषि सियरामपद जानि आपु पर नेहु।
करत न सपनेहुं लषनु चितु बंधु मातु पितु गेहु॥

चौपाई

रामसंग सिय रहति सुषारी। पुर परिजन गृह सुरति बिसारी॥
छिनु छिनु पियबिधुबदनु निहारी। प्रमुदित मनहुं चकोरकुमारी॥
नाहनेहु नित बढत बिलोकी। हरषित रहति दिवस जिमि कोकी॥

सियमनु रामचरनअनुरागा । अवध सहस सम बनु प्रिय लागा ॥
परनकुटी प्रिय प्रियतम संगा । प्रिय परिवारु कुरंग बिहंगा ॥
सासु ससुर सम मुनितिय मुनिवर । असन अमिअ सम कंद मूल फर ॥
नाथ साथ सांथरी सुहाई । मयनसयन सय सम सुषदाई ॥
लोकप होंहि बिलोकत जासू । तेहि कि मोहि सकु बिषयबिलासू ॥

दोहा

सुमिरत रामहिं तजहिं जन तृनसम बिषयबिलासु ।
रामप्रिया जगजननि सिय कछु न आचरजु तासु ॥

चौपाई

सीय लषन जेहि बिधि सुष लहहीं । सोइ रघुनाथ करहिं सोइ कहहीं ॥
कहहिं पुरातन कथा कहानी । सुनहिं लषनु सिय अति सुषु मानी ॥
जब जब रामु अवधसुधि करहीं । तब तब बारि बिलोचन भरहीं ॥
सुमिरि मातु पितु परिजन भाई । भरतसनेहु सीलु सेवकाई ॥
कृपासिंधु प्रभु होंहि दुषारी । धीरजु धरहिं कुसमउ बिचारी ॥
लषि सिय लषनु बिकल होइ जाहीं । जिमि पुरुषहिं अनुसर परिछाहीं ॥
प्रियाबंधुगति लषि रघुनंदनु । धीर कृपाल भगतउरचंदनु ॥
लगे कहन कछु कथा पुनीता । सुनि सुषु लहहिं लषन अरु सीता ॥

दोहा

राम लषन सीता सहित सोहत परननिकेत ।
जिमि बासव बस अमरपुर सची जयंत समेत ॥

चौपाई

जोगवहिं प्रभु सिय लषनहि कैसें । पलक बिलोचनगोलक जैसें ॥
सेवहिं लषनु सीय रघुबीरहि । जिमि अबिवेकी पुरष सरीरहि ॥
एहि बिधि प्रभु बन बसहिं सुषारी । षग मृग सुर तापसहितकारी ॥
कहेउ रामबनगवनु सुहावा । सुनहु सुमंत्र अवध जिमि आवा ॥
फिरेउ निषादु प्रभुहि पहुंचाई । सचिव सहित रथ देषेसि आई ॥
मंत्री बिकल बिलोकि निषादू । कहि न जाइ जस भयउ बिषादू ॥
राम राम सिय लषनु पुकारी । परेउ धरनितल ब्याकुल भारी ॥

देषि दषिन दिसि हय हिहिंनाहीं। जनु बिनुपंष बिहंग अकुलाहीं॥

दोहा

नहि तृन चरहिं न पिअहिं जलु मोचहिं लोचनबारि।
ब्याकुल भए निषाद सब रघुबरबाजि निहारि॥

चौपाई

धरि धीरजु तब कहइ निषादू। अब सुमंत्र परिहरहु बिषादू॥
तुम्ह पंडित परमारथग्याता। धरहु धीर लषि बिमुष बिधाता॥
बिबिध कथा कहि कहि मृदुबानी। रथ बैठारेउ बरबस आनी॥
सोकसिथिल रथु सकइ न हांकी। रघुबरबिरहपीर उर बांकी॥
चरफराहिं मग चलहिं न घोरे। बनमृग मनहु आनि रथ जोरे॥
अढुकि परहि फिरि हेरहिं पीछें। रामबियोगबिकल दुषतीछें॥
जो कह रामु लषनु बैदेही। हिंकरि हिंकरि हिंत हेरहि तेही॥
बाजिबिरहगति कहि किमि जाती। बिनु मनि फनिक बिकल जेंहि भांती॥

दोहा

भयउ निषादु बिषादबस देषत सचिव तुरंग।
बोलि सुसेवक चारि तब दिये सारथीसंग॥

चौपाई

गुह सारथिहि फिरे पहुंचाई। बिरहु बिषाद बरनि नहि जाई॥
चले अवध लै रथहि निषादा। होंहि छनहिं छन मगन बिषादा॥
सोच सुमंत्र बिकल दुषदीना। धिग जीवन रघुबीरबिहीना॥
रहिहि न अंतहु अधमु सरीरू। जसु न लहेउ बिछुरत रघुबीरू॥
भये अजसअघभाजन प्राना। कवन हेतु नहि करत पयाना॥
अहह मंद मनु अवसर चूका। अजहुं न हृदय होत दुइ टूका॥
मीजि हाथ सिरु धुनि पछिताई। मनहुं कृपन धनराशि गवाई॥
बिरद बांधि बरबीरु कहाई। चलेउ समर जनु सुभट पराई॥

दोहा

बिप्र बिबेकी बेदबिद संमत साधु सुजाति।
जिमि धोषे मद पानकर सचिव सोच तेहि भांति॥

चौपाई

जिमि कुलीन तिय साधु सयानी। पतिदेवता करममनबानी॥
रहैं करमबस परिहरि नाहूं। सचिव हृदय तिमि दारुन दाहूं॥
लोचन सजल डीठि भइ थोरी। सुनइं न श्रवन बिकल मति भोरी॥
सूषहि अधर लागि मुह लाटी। जिउ न जाइ उर अवधिकपाटी॥
बिबरन भयउ न जाइ निहारी। मारेसि मनहुं पिता महतारी॥
हानि गलानि बिपुल मन व्यापी। जमपुरपंथ सोच जिमि पापी॥
बचनु न आव हृदय पछिताई। अवध काह मै देषब जाई॥
रामरहित रथ देषिहि जोई। सकुचिहि मोहि बिलोकित सोई॥

दोहा

धाइ पूंछिहहिं मोहि जब बिकल नगर नरनारि।
उतरु देब मै सबहि तब हृदय बज्रु बैठारि॥

चौपाई

पुंछिहहिं दीनदुषित सब माता। कहब काह मै तिन्हहि बिधाता॥
पूंछिहि जबहिं लषनमहतारी। कहिहौं कवन संदेस सुषारी॥
रामजननि जब जब आइहि धाई। सुमिरि बच्छु जिमि धेनु लवाई॥
पूँछत उतर देब मै तेही। गे बनु राम लषनु बैदेही॥
जोइ पूंछिहि तेहि ऊतरु देबा। जाइ अवध अब एहु सुषु लेबा॥
पूछिहि जबहिं राउ दुषदीना। जिवनु जासु रघुनाथअधीना॥
देहौं उतरु कौनु मुहु लाई। आयेउं कुसल कुअंर पहुंचाई॥
सुनत लषन सिय राम संदेसू। तृन जिमि तनु परिहरिहि नरेसू॥

दोहा

हृदउ न बिदरेउ पंक जिमि बिछुरत प्रीतमु नीरु।
जानत हौं मोहि दीन्ह बिधि येहु जातना सरीरु॥

चौपाई

एहि बिधि करत पंथ पछितावा। तमसातीर तुरत रथु आवा॥
बिदा किये करि बिनय निषादा। फिरे पायं परि बिकलबिषादा॥
पैठत नगर सचिव सकुचाई। जनु मारेसि गुरु बांभन गाई॥

बैठि बिटप तर दिवसु गवावा। सांझ समय तब अवसरु पावा ॥
अवधप्रबेसु कीन्ह अंधियारें। पैठ भवन रथु राषि दुआरें ॥
जिन्ह जिन्ह समाचार सुनि पाये। भूपद्वार रथ देषन आए ॥
रथु पहिचानि बिकल लषि घोरे। गरहिं गात जिमि आतप ओरे ॥
नगर नारि नर व्याकुल कैसे। निघटत नीर मीनगन जैसे ॥

दोहा

सचिव आगमनु सुनत सबु बिकल भएउ रनिवासु।
भवनु भयकरु लाग तेहि मानहुं प्रेतनिवासु ॥

चौपाई

अति आरति सब पूंछहि रानी। उतरु न आव बिकल भइ बानी ॥
सुनइ न श्रवन नयन नहि सूझा। कहहु कहां नृपु तेहि तेहि बूझा ॥
दासिन्ह दीष सचिव बिकलाई। कौसल्यागृह गईं लवाई ॥
जाइ सुमंत्र दीष कस राजा। अमियरहित जनु चंदु बिराजा ॥
आसन सयन बिभूषनहीना। परेउ भूमितल निपट मलीना ॥
लेइ उसास सोच एहि भांती। सुरपुर ते जनु षसेउ जजाती ॥
लेत सोच भरि छिनु छिनु छाती। जनु जरि पंष परेउ संपाती ॥
राम राम कह राम सनेही। पुनि कह राम लषन बैदेही ॥

दोहा

देषि सचिव जयजीव कहि कीन्हेउ दंडप्रनामु।
सुनत उठेउ व्याकुल नृपति कहु सुमंत्र कहं रामु ॥

चौपाई

भूप सुमंत्रु लीन्ह उरलाई। बूडत कछु अधार जनु पाई ॥
सहित सनेह निकट बैठारी। पूंछत राउ नयन भरि बारी ॥
रामकुसल कहु सषा सनेही। कहं रघुनाथ लषनु बैदेही ॥
आने फेरि कि बनहिं सिधाए। सुनत सचिवलोचन जल छाए ॥
सोक बिकल पुनि पूंछ नरेसू। कहु सिय राम लषन संदेसू ॥
रामरूप गुन सील सुभाऊ। सुमिरि सुमिरि उर सोचत राऊ ॥
राउ सुनाय दीन्ह बनबासू। सुनि मन भएउ न हरष हरांसू ॥

सो सुत बिछुरत गए न प्राना। को पापी बड मोहि समाना॥

दोहा

सपा रामु सिय लपनु जहं तहां मोहि पहुंचाउ।
नाहित चाहत चलन अब प्रान कहौं सति भाउ॥

चौपाई

पुनि पुनि पूंछत मंत्रिहि राऊ। प्रियतम सुअनसंदेस सुनाऊ॥
करहि सषा सोइ बेगि उपाऊ। रामु लपन सिय नयन देपाऊ॥
सचिउ धीर धरि कह मृदु वानी। माहराज तुम्ह पंडित ज्ञानी॥
बीर सुधीर धुरंधर देवा। साधु समाज सदा तुम्ह सेवा॥
जनम मरन सब दुष सुष भोगा। हानि लाभु प्रियमिलन बियोगा॥
काल करमबस होंहि गोसांई। बरबस राति दिवस की नांई॥
सुप हरषहिं जड दुष बिलषाहीं। दोउ सम धीर धरहि मन माहीं॥
धीरज धरहु बिबेकु बिचारी। छाडिअ सोच सकलहितकारी॥

दोहा

प्रथम बासु तमसा भएउ दूसरि सुरसरि तीर।
न्हाइ रहे जल पानु करि सियसमेत दोउ बीर॥

चौपाई

केवट कीन्ह बहुत सेवकाई। सो जामिनि सिंगरौर गवाई॥
होत प्रात बटछीरु मगावा। जटामुकट निज सीस बनावा॥
रामसषा तब नाव मगाई। प्रिया चढाइ चढे रघुराई॥
लषन बान धनु धरे बनाई। आपु चढे प्रभु आयेसु पाई॥
बिकल बिलोकि मोहिं रघुबीरा। बोले मधुर बचन धरि धीरा॥
तात प्रनामु तात सन कहेहू। बार बार पदपंकज गहेहू॥
करबि पाय परि बिनय बहोरी। तात करिअ जनि चिंता मोरी॥
बनमग मंगल कुसल हमारें। कृपा अनुग्रह पुन्य तुम्हारें॥

छंद

तुम्हरे अनुग्रह तात कानन जात सब सुषु पाइहों।
प्रतिपालि आयसु कुसल देषन पाय पुनि फिरि आइहों॥

जननी सकल परितोषि परिपरि पायं करि बिनती घनी।
तुलसी करेहु सोइ जतनु जेहि कुसली रहहिं कोसलधनी॥

सोरठा

गुर सन कहब संदेसु बार बार पदपदुम गहि।
करब सोइ उपदेसु जेंहि न सोच मोहि अवधपति॥

चौपाई

पुरजन परिजन सकल निहोरी। तात सुनायेहु बिनती मोरी॥
सोइ सब भांति मोर हितकारी। जातें रह नरनाहुं सुषारी॥
कहब सदेसु भरत के आए। नीति न तजिअ राजपदु पाए॥
पालेहु प्रजहि करम मन बानी। सेएहु मातु सकल सम जानी॥
और निबाहेहु भायप भाई। करि पितु मातु सुजनसेवकाई॥
तात भांति तेहि राषब राऊ। सोच मोर जेंहि करइ न काऊ॥
लषन कहे कछु बचन कठोरा। बरजि राम पुनि मोहि निहोरा॥
बारबार निज सपथ देवाई। कहबि न तात लषन लरिकाई॥

दोहा

कहि प्रनामु कछु कहन लिय सिय भइ सिथिलसनेह।
थकित बचन लोचन सजल पुलकपल्लवित देह॥

चौपाई

तेहिं अवसर रघुबररुष पाई। केवट पारहि नाव चलाई॥
रघुकुलतिलक चले एहि भांती। देखेउं ठाढ कुलिस धरि छाती॥
मै आपन किमि कहउं कलेसू। जिअत फिरेउं लेइ रामसंदेसू॥
अस कहि सचिव बचन रहि गयऊ। हानि गलानि सोच बस भयऊ॥
सूतबचन सुनतहि नरनाहू। परेउ धरनि उर दारुन दाहू॥
तलफत बिषम मोह मन मापा। मांजा मनहुं मीन कहुं ब्यापा॥
करि बिलाप सब रोवहिं रानी। महा बिपति किमि जाइ बषानी॥
सुनि बिलाप दुषहू दुषु लागा। धीरजुहू कर धीरजु भागा॥

दोहा

भयेउ कोलाहलु अवधि अति सुनि नृपराउर सोरु।

बिपुल बिहंगबन परेउ निसि मानहुं कुलिस कठोर ॥

चौपाई

प्रानकंठगत भयेउ भुआलू। मनिबिहीन जनु ब्याकुल ब्यालू ॥
इंद्री सकल बिकल भइं भारी। जनु सर सरसिज बन बिनुबारी ॥
कौसल्या नृपु दीष मलाना। रबिकुलरबि अंथएउ जिय जाना ॥
उर धरि धीर राममहतारी। बोली बचन समय अनुसारी ॥
नाथ समुझि मन करिअ बिचारू। रामबियोग पयोधि अपारू ॥
करनधार तुम्ह अवधजहाजू। चढेउ सकल प्रिय पथिक समाजू ॥
धीरजु धरिअ त पाइअ पारू। नाहि त बूडिहि सबु परिवारू ॥
जौ जिय धरिअ बिनय पिय मोरी। रामु लषनु सिय मिलहिं बहोरी ॥

दोहा

प्रियाबचन मृदु सुनत नृप चितएउ आंषि उघारि।
तलफत मीन मलीन जनु सींचत सीतल बारि ॥

चौपाई

धरि धीरजु उठि बैठि भुआलू। कहु सुमंत्र कहँ राम कृपालू ॥
कहां लषनु कहं रामु सनेही। कहं प्रियपुत्रबधू बैदेही ॥
बिलपत राउ बिकल बहु भांती। भइ जुग सरिस सिराति न राती ॥
तापसअंधसाप सुधि आई। कौसल्यहि सब कथा सुनाई ॥
भएउ बिकल बरनत इतिहासा। रामरहित धिग जीवनआसा ॥
सो तनु राषि करब मैं काहा। जेंहि न प्रेमपनु मोर निबाहा ॥
हा रघुनंदन प्रानपिरीते। तुम्ह बिनु जियत बहुत दिन बीते ॥
हा जानकी लषन हा रघुबर। हा पितुहित चितचातकजलधर ॥

दोहा

राम राम कहि राम कहि राम राम कहि राम।
तनु परिहरि रघुबरबिरह राउ गयेउ सुरधाम ॥

उत्तरकाण्ड

दोहा

रहा एक दिन अवधि कर, अति आरत पुरलोग।
जहँ तहँ सोचहिं नारि नर, कृसतन रामवियोग॥
सगुन होहिं सुंदर सकल, मन प्रसंन सब केर।
प्रभुआगमन जनाव जनु, नगर रम्य चहुँ फेर॥
कौसल्यादि मातु सब, मन अनंद अस होइ।
आएउ प्रभु सिय अनुजजुत, कहन चहत अब कोइ॥
भरत नयन भुज दछिन, फरकहिं बारहिं बार।
जानि सगुन मन हरष अति, लागे करै विचार॥

चौपाई

रहेउ एक दिनु अवधिअधारा। समुझत मन दुष भएउ अपारा॥
कारन कवन नाथ नहिं आएउ। जानि कुटिल किधौंमोहिंबिसराएउ॥
अहह धन्य लछिमनु बड़भागी। रामपदारविंद अनुरागी॥
कपटी कुटिल मोहिं प्रभु चीन्हा। ताते नाथ संग नहिं लीन्हा॥
जो करनी समुझैं प्रभु मोरी। नहिं निस्तार कलप सतकोरी॥
जनअवगुन प्रभु मान न काऊ। दीनबंधु अति मृदुल सुभाऊ॥
मोरे जिय भरोस दृढ़ सोई। मिलिहहिं रामु सगुन सुभ होई॥
बीते अवधि रहहिं जौं प्राना। अधम कवन जग मोहि समाना॥

दोहा

रामविरहसागर महँ, भरत मगनमन होत।
विप्ररूप धरि पवनसुत, आइ गएउ जनु पोत॥
बैठे देषि कुसासन, जटामुकुट कृसगात।
राम राम रघुपति जपत, स्रवत नयनजलजात॥

चौपाई

देषत हनूमान अति हरषेउ। पुलकगात लोचनजल बरषेउ॥

मन महुँ बहुत भांति सुष मानी। बोलेउ श्रवनसुधा सम बानी॥
जासु विरह सोचहु दिनुराती। रटहु निरंतर गुनगनपांती॥
रघुकुलतिलक सुजनसुषदाता। आएउ कुसल देवमुनित्राता॥
रिपु रन जीति सुजस सुर गावत। सीता अनुज सहित पुर आवत॥
सुनत वचन विसरे सब दूषा। तृषावन्त जिमि पाव पियूषा॥
को तुम तात कहां ते आये। मोहिं परम प्रिय वचन सुनाये॥
मारुतसुत मैं कपि हनुमाना। नाम मोर सुनु कृपानिधाना॥
दीनबंधु रघुपतिकर किंकर। सुनत भरत भेंटेउ उठि सादर॥
मिलत प्रेमु नहिं हृदय समाता। नयन स्रवत जल पुलकितगाता॥
कपि तव दरस सकल दुष बीते। मिले आजु मोहिं रामु पिरीते॥
बार बार बूझी कुसलाता। तो कहुँ देउँ काह सुनु भ्राता॥
एहि संदेस सरिस जग माहीं। करि विचार देषेउं कछु नाहीं॥
नाहिंन तात उरिन मैं तोहीं। अब प्रभुचरित सुनावहु मोहीं॥
तब हनुमंत नाइ पद माथा। कहे सकल रघुपतिगुनगाथा॥
कहु कपि कबहुँ कृपालु गुसाईं। सुमिरहिं मोहिं दासकी नाईं॥

छंद

निज दास ज्यों रघुवंसभूषन कबहुँ मम सुमिरन करयो।
सुनि भरतवचन विनीत अति कपि पुलकि तनु चरनन्हि परयो॥
रघुवीर निज मुष जासु गुनगन कहत अगजगनाथ जो।
काहे न होइ विनीत परम पुनीत सदगुनसिंधु सो॥

दोहा

रामप्रानप्रिय नाथ तुम, सत्य वचन मम तात।
पुनि पुनि मिलत भरत सन, हरष न हृदय समात॥

सोरठा

भरतचरन सिर नाइ, तुरत गएउ कपि रामपहँ।
कही कुसल सब जाइ, हरषि चले प्रभु जान चढ़ि॥

चौपाई

हरषि भरत कोसलपुर आए। समाचार सब गुरहिं सुनाए॥

पुनि मंदिर महँ बात जनाई । आवत नगर कुसल रघुराई ॥
सुनत सकल जननी उठि धाई । कहि प्रभु कुसल भरत समुझाई ॥
समाचार पुरबासिन्ह पाए । नर अरु नारि हरषि सब धाए ॥
दधि दूर्बा रोचन फल फूला । नव तुलसीदल मंगलमूला ॥
भरि भरि हेमथार बर भामिनि । गावत चलीं सिंधुरागामिनि ॥
जो जैसहिं तैसहिं उठि धावहिं । बाल बृद्ध कहुं संग न लावहिं ॥
एक एक कहुं बूझहिं भाई । तुम देषे दयाल रघुराई ॥
अवधपुरी प्रभु आवत जानी । भई सकल शोभा कै षानी ॥
भइ सरजू अति निरमल नीरा । बहै सुहावनि त्रिबिध समीरा ॥

दोहा

हरषित गुर पुरजन अनुज, भूसुरबृंद समेत ।
चले भरत अति प्रेममन, सनमुष कृपानिकेत ॥
बहुतक चढ़ीं अटारिन्ह, निरषत गगन बिमान ।
देषि मधुर सुर हरषअति, करहिं सुमंगल गान ॥
राकाससि रघुपतिपुर, सिंधु देषि हरषान ।
बढ़ेउ कोलाहल करत जनु, नारि तरंग समान ॥

चौपाई

इहां भानुकुलकमलदिवाकर । कपिन्ह देषावत नगर मनोहर ॥
सुनु कपीस अंगद लकेसा । पावन पुरी रुचिर यह देसा ॥
जद्यपि सब वैकुंठ वषाना । वेद पुरानविदित जगजाना ॥
अवध सरिस प्रिय मोहिं न सोऊ । यह प्रसंग जानै कोउ कोऊ ॥
जनमभूमि मम पुरी सुहावनि । उत्तरदिसि बह सरजू पावनि ॥
जामज्जन ते बिनहिं प्रयासा । मम समीप पावहिं नर वासा ॥
अतिप्रिय मोहिं इहांके वासी । ममधामदा पुरी सुषरासी ॥
हरषे कपि सब सुनि प्रभुवानी । धन्य अवध जो राम बषानी ॥

दोहा

आवत देषि लोग सब, कृपासिंधु भगवान ।
नगर निकट प्रभु प्रेरेउ, उतरेउ भूमि बिमान ॥

उतरि कहेउ प्रभु पुष्पकहिं , तुम कुबेर पहिं जाहु ।
प्रेरित राम चलेउ सो , हरष विरह अति ताहु ॥

चौपाई

आए भरत संग सब लोगा । कृसतनु श्रीरघुवीरवियोगा ॥
बामदेव वसिष्ठ मुनिनायक । देषे प्रभु महि धरि धनु सायक ॥
धाइ धरे गुरचरनसरोरुह । अनुज सहित अति पुलकतनोरुह ॥
भेंटि कुसल बूझी मुनिराया । हमरे कुसल तुम्हारिहि दाया ॥
सकल द्विजन मिलि नाएउ माथा । धरमधुरंधर रघुकुलनाथा ॥
गहे भरत पुनि प्रभुपदपंकज । नमत जिनहिं सुर मुनि शंकर अज ॥
परे भूमि नहिं उठत उठाए । बर करि कृपासिंधु उर लाये ॥
स्यामल गात रोम भये ठाढ़े । नवराजीवनयन जल बाढ़े ॥

छंद

राजीवलोचन स्रवत जल तनु ललित पुलकावलि बनी ।
अतिप्रेम हृदय लगाय अनुजहि मिले प्रभु त्रिभुवनधनी ॥
प्रभु मिलत अनुजहि सोह मो पहँ जात नहिं उपमा कही ।
जनु प्रेम अरु शृंगार तनु धरि मिलत वर सुषमा ही ॥
बूझत कृपानिधि कुसल भरतहिं वचन वेगि न आवई ।
सुनि शिवा सो सुष वचन मनते भिन्न जान जो पावई ॥
अब कुसल कोसलनाथ आरत जानि जन दरसन दियो ।
बूड़त विरहबारीश कृपानिधान मोहिं कर गहि लियो ॥

दोहा

पुनि प्रभु हरषित सत्रुहन , भेंटे हृदय लगाइ ।
लछिमन भरत मिले तब , परम प्रेम दोउ भाइ ॥

चौपाई

भरतअनुज लछिमन पुनि भेंटे । दुसह विरहसंभव दुष मेटे ॥
सीताचरन भरत सिर नावा । अनुज समेत परम सुषु पावा ॥
प्रभु बिलोकि हरषे पुरबासी । जनितवियोग विपति सब नासी ॥
प्रेमातुर सब लोग निहारी । कौतुक कीन्ह कृपाल षरारी ॥

अमित रूप प्रकटे तेहि काला। जथाजोग मिले सबहि कृपाला॥
कृपादृष्टि रघुबीर बिलोकी। किए सकल नर नारि बिसोकी॥
छन महँ सबहिं मिले भगवाना। उमा मरम यह काहु न जाना॥
यहि बिधि सबहिं सुखी करि रामा। आगे चले सीलगुनधामा॥
कौसल्यादि मातु सब धाईं। निरषि बछ जनु धेनु लवाईं॥

छंद

जनु धेनु बालक बछ तजि गृह चरन बन परबस गईं।
दिन अंत पुररुष स्रवतथन हुंकार करि धावत भईं॥
अति प्रेम प्रभु सब मातु भेंटी वचन मृदु बहु बिधि कहे।
गइ बिषम बिपति बियोगभव तिन्ह हरष सुष अगनित लहे॥

दोहा

भेंटेउ तनय सुमित्रा, रामचरनरति जानि।
रामिहिं मिलत कैकई, हृदय बहुत सकुचानि॥
लछिमन सब मातन्ह मिले, हरषे आसिष पाइ।
कैकइ कहुं पुनि पुनि मिले मन कर छोभ न जाइ॥

चौपाई

सासुन सबन्ह मिली बैदेही। चरनन्हि लागि हरष अति तेही॥
देहिं असीस बूझि कुसलाता। होइ अचल तुम्हार अहिवाता॥
सब रघुपतिमुषकमल बिलोकहिं। मंगल जानि नयनजल रोकहिं॥
कनकथार आरती उतारहिं। बार बार प्रभुगात निहारहिं॥
नाना भांति निछावरि करहीं। परमानंद हरष उर भरहीं॥
कौसल्या पुनि पुनि रघुबीरहिं। चितवति कृपासिंधु रनधीरहिं॥
हृदय बिचारति बारहिं बारा। कवन भांति लंकापति मारा॥
अति सुकुमार जुगल मेरे बारे। निसिचर सुभट महाबल भारे॥

दोहा

लछिमन अरु सीता सहित, प्रभुहिं बिलोकहिं मात।
परमानंदमगन मन, पुनि पुनि पुलकित गात॥

चौपाई

लंकापति कपीस नल नीला। जामवंत अंगद सुभसीला॥
हनुमदादि सब बानर बीरा। धरे मनोहर मनुजसरीरा॥
भरतसनेह सील ब्रत नेमा। सादर सब बरनहिं अतिप्रेमा॥
देषि नगरबासिन कै रीती। सकल सराहहिं प्रभुपदप्रीती॥
पुनि रघुपति सब सषा बुलाये। मुनिपदलागनकुसल सिषाये॥
गुरु वसिष्ठ कुलपूज्य हमारे। इनकी कृपा दनुज रन मारे॥
ए सब सषा सुनहुमुनि मेरे। भए समरसागर कहुँ बेरे॥
मम हित लागि जनम इन हारे। भरतहु ते मोंहि अधिक पिआरे॥
सुनि प्रभुबचन मगन सब भए। निमिष निमिष उपजत सुष नए॥

दोहा

कौसल्या के चरनन्हि पुनि तिन्ह नाएउ माथ।
आसिष दीन्ही हरषि तुम प्रिय मम जिमि रघुनाथ॥

दोहा

सुमनवृष्टि नभ संकुल, भवन चले सुषकंद।
चढ़े अटारिन्ह देषहीं. नगर नारिबरबृंद॥

चौपाई

कंचनकलस विचित्र सँवारे। सबहि धरे सजि निज निज द्वारे॥
बंदनवार पताका केतू। सबन्हि बनाये मंगलहेतू॥
बीथिन सकल सुगंध सिंचाई। गजमनि रचि बहु चौक पुराई॥
नाना भांति सुमंगल साजे। हरषि नगर निसान बहु बाजे॥
जहँ तहँ नारि निछावरि करहीं। देहिं असीष हरष उर भरहीं॥
कंचनथार आरती नाना। जुवती सजें करहिं शुभ गाना॥
करहिं आरती आरतिहरकें। रघुकुलकमलविपिनदिनकरकें॥
पुरशोभा संपति कल्याना। निगम शेष सारदा बषाना॥
तेउ यह चरित देषि ठगि रहहीं। उमा तासु गुन नर किमि कहहीं॥

दोहा

नारि कुमुदिनी अवध सर, रघुपतिविरह दिनेस।

अस्त भए विगसत भईं, निरखि रामराकेस ॥
होंहिं सगुन शुभ विविध विधि, बाजहिं नाक निसान ।
पुरनर नारि सनाथ करि, भवन चले भगवान ॥

चौपाई

प्रभु जानी कैकई लजानी । प्रथम तासु गृह गए भवानी ॥
ताहि प्रबोधि बहुत सुख दीन्हा । पुनि निज भवन गवनु हरि कीन्हा ॥
कृपासिंधु जब मंदिर गए । पुर नर नारि सुखी सब भए ॥
गुरु वसिष्ठ द्विज लिये बुलाई । आजु सुघरी सुदिन सुभदाई ॥
सब द्विज देहु हरषि अनुसासन । रामचंद्र बैठहिं सिंहासन ॥
मुनि वसिष्ट के वचन सुहाये । सुनत सकल विप्रन्ह अति भाये ॥
कहहिं वचन मृदु विप्र अनेका । जगअभिराम रामअभिषेका ॥
अब मुनिवर विलंब नहिं कीजै । महाराज कहँ तिलक करीजै ॥

दोहा

तब मुनि कहेउ सुमंत्रसन, सुनत चलेउ सिरु नाइ ।
रथ अनेक बहु वाजि गज, तुरत सँवारे जाइ ॥
जहँ तहँ धावन पठै मुनि, मंगल द्रव्य मँगाइ ।
हरष समेत वसिष्ठ पद, पुनि सिर नाएउ आइ ॥

चौपाई

अवधपुरी अति रुचिर बनाई । देवन सुमनवृष्टि झरि लाई ॥
राम कहा सेवकन्ह बुलाई । प्रथम सखन अन्हवावहु जाई ॥
सुनत बचन जहँ तहँ जन धाए । सुग्रीवादि तुरत अन्हवाए ॥
पुनि करुनानिधि भरत हँकारे । निज कर राम जटा निरवारे ॥
अन्हवाये पुनि तीनिउँ भाई । भगतबछल कृपाल रघुराई ॥
भरतभाग्य प्रभुकोमलताई । सेष कोटि सत सकहिं न गाई ॥
पुनि निज जटा राम बिवराये । गुरअनुसासन मांगि नहाये ॥
करि मज्जन प्रभु भूषन साजे । अंग अनंगकोटिछबि लाजे ॥

दोहा

सासुन सादर जानकिहिं, मज्जन तुरत कराइ ।

दिव्य बसन वर भूषननि, अँग अँग सजे बनाइ ॥
रामबामदिसि सोभित, रमा रूपगुनषानि ।
देषि मातु सब हरषीं, जनम सुफल निज जानि ॥
सुनु षगेस तेहि अवसर, ब्रह्मा शिव मुनिबृंद ।
चढ़ि बिमान आए सब, सुर देषन सुषकंद ॥

चौपाई

प्रभु बिलोकि मुनिमन अनुरागा । तुरतहि दिव्य सिंघासनु मांगा ॥
रबिसम तेज सो बरनि नहिं जाई । बैठे राम द्विजन सिर नाई ॥
जनकसुता समेत रघुराई । पेषि प्रहरषे मुनिसमुदाई ॥
बेदमंत्र तब द्विजन उचारे । नभ सुर मुनि जय जयति पुकारे ॥
प्रथम तिलक बसिष्ठ मुनि कीन्हा । पुनि सब बिप्रन आयसु दीन्हा ॥
सुत बिलोकि हरषीं महतारी । बार बार आरती उतारी ॥
बिप्रन दान बिबिधबिधि दीन्हें । जाचक सकल अजाचक कीन्हें ॥
सिंघासन पर त्रिभुवनसाईं । देषि सुरन दुंदुभी बजाईं ॥

छंद

नभ दुंदभी बाजहिं बिपुल गंध्रब किंनर गावहीं ।
नाचहिं अपसराबृंद परमानंद सुरमुनि पावहीं ॥
भरतादि अनुज बिभीषनांगद हनुमदादि समेत ते ।
गहे छत्र चामर ब्यजन धनु असि चर्म शक्ति बिराजते ॥
श्रीसहित दिनकरबंसभूषन काम बहु छबि सोहई ।
नवअंबुधरबरगात अंबर पीत मुनिमन मोहई ॥
मुकुटांगदादि बिचित्र भूषन अंग अंगन प्रति सजे ।
अंभोज नयन बिसाल उर भुज धन्य नर निरषंति जे ॥

दोहा

वह सोभा समाज सुष, कहत न बनै षगेस ।
बरनै सारद शेष श्रुति, सो रस जानु महेस ॥
भिन्न भिन्न अस्तुति करि, गे सुर निजनिज धाम ।
बंदीबेष धरि बेद तब, आए जहँ श्रीराम ॥

प्रभु सरबग्य कीन्ह अति, आदर कृपानिधान।
लषेउ न काहू मर्म कछु, लगे करन गुनगान॥

छंद

जय सगुन निर्गुनरूप रूप अनूप भूपसिरोमने।
दशकंधरादि प्रचंडनिशिचर प्रबलषल भुजबल हने॥
अवतार नर संसार भार विभंजि दारुन दुष दहे।
जय प्रनतपाल दयाल प्रभु संयुक्तशक्ति नमामहे॥
तव विषममायावस सुरासुर नाग नर अग जग हरे।
भवपंथभ्रमित अमित दिवसनिसि कालकर्म गुनन भरे॥
जेहि नाथ करि करुना विलोके त्रिविध दुष ते निर्वहे।
भवषेदछेदनदछ हम कहँ रछ राम नमामहे॥
जे ग्यानमानविमत्त तव भवहरनि भगति न आदरी।
ते पाइ सुरदुलंभ पदादपि परत हम देषत हरी॥
विश्वास करि सब आस परिहरि दास तव जे होइ रहे।
जपि नाम तव बिन श्रम तरहिं भव नाथ सो समरामहे॥
जे चरन शिवअजपूज्यरज सुभ परसि मुनिपत्नी तरी।
नषनिर्गता मुनिबन्दिता त्रैलोक्यपावनि सुरसरी॥
ध्वज कुलिस अंकुस कंजजुत बन फिरत कंटक कि न लहे।
पदकंजद्वंद्व मुकुंद राम रमेस नित्य भजामहे॥
अव्यक्तमूलमनादि तरु त्वच चारि निगमागम भने।
षटकंध साषा पंचबीस अनेक परन सुमन घने॥
फल जुगलविधि कटुमधुर बेलि अकेलि जेहि आश्रित रहे।
पल्लवित फूलत नवल नित संसारविटप नमामहे॥
जे ब्रह्म अज अद्वैत मनुभवगम्य मनपर ध्यावहीं।
ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुनजस नित गावहीं॥
करुनायतन प्रभु सदगुनाकर देहु यह वर माँगहीं।
मनवचन कर्म विकार तजि तव चरन हम अनुरागहीं॥

दोहा

सबके देपत बेदन्ह, बिनती कीन्ह उदार।
अंतरधान भये पुनि, गए ब्रह्मआगार॥
वैनतेय सुनु शंभु तब, आए जहँ रघुवीर।
बिनय करत गदगद गिरा, पूरित पुलक सरीर॥

छंद

जय राम रमारमनं समनं। भवतापभयाकुल पाहि जनं॥
अवधेस सुरेस रमेस विभो। शरनागतमागत पाहि प्रभो॥
दससीस विनासन बीसभुजा। कृत दूरि महामहिभूरिरुजा॥
रजनीचरवृंद पतंग रहे। सरपावक तेज प्रचंड दहे॥
महिमंडल मंडन चारुतरं। धृत सायक चाप निषंगवरं॥
मद मोह महा ममतारजनी। तमपुंजदिवाकर तेजअनी॥
मनुजाद किरात निपात किये। मृगलोग कुभोग सरे न हिये॥
हितनाथ अनाथहि पाहि हरे। विषयावन पामर भूलि परे॥
बहु रोग वियोगहि लोग हए। भवदंघ्रि निरादर के फल ए॥
भवसिंधु अगाध परे नर ते। पदपंकज प्रेम न जे करते॥
अति दीन मलीन दुषी नितहीं। जिनके पदपंकज प्रीति नहीं॥
अवलंब भवंत कथा जिन्हके। प्रिय संत अनंत सदा तिन्हके॥
नहि राग न लोभ न मान मदा। तिन्ह के सम वैभव वा विपदा॥
मुनि त्यागत जोगभरोस सदा। इहि ते तव सेवक होत मुदा॥
करि प्रेम निरंतर नेम लिये। पदपंकज सेवत सुद्ध हिये॥
सम मान निरादर आदरही। सब संत सुषी विचरंत मही॥
मुनिमानसपंकजभृंग भजै। रघुवीर महारनधीर अजै॥
तव नाम जपामि नमामि हरी। भवरोग महामदमानअरी॥
गुन सील कृपा परमायतनं। प्रनमामि निरंतर श्रीरमनं॥
रघुनंद निकंदय द्वंदघनं। महिपाल विलोकिय दीनजनं॥

दोहा

बार बार वर माँगौं, हरषि देहु श्रीरंग।

पदसरोज अनपायनी, भगति सदा सतसंग ॥
बरनि उमापति रामगुन, हरषि गये कैलास ।
तब प्रभु कपिन दिवाये, सब बिधि सुषप्रद बास ॥

चौपाई

सुनु षगपति यह कथा सुहावनि । त्रिबिधताप भवदोष नशावनि ॥
महाराज कर सुभ अभिषेका । सुनत लहहिं नर बिरति बिवेका ॥
जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं । सुष संपति नाना विधि पावहिं ॥
सुरदुर्लभ सुष करि जगमाहीं । अंतकाल रघुपतिपुर जाहीं ॥
सुनहिं विमुक्त बिरत अरु बिषई । लहहिं भगति गति संपति नितई ॥
षगपति रामकथा मैं बरनो । सुमतिविलास त्रासदुषहरनी ॥
विरति विवेक भगति दृढ़करनी । मोहनदी कहँ सुंदर तरनी ॥
नित नव मंगल कोसलपूरी । हरषिता रहहिं लोग सब भूरी ॥
नित नइ प्रीति रामपदपंकज । सब के जिनहि नमत शिव मुनि अज ॥
मंगन बहु प्रकार पहिराए । द्विजन दान नाना विधि पाए ॥

दोहा

ब्रह्मानंद मगन कपि, सब के प्रभुपदप्रीति ।
जात न जाने दिवस तिन्ह, गए मास षट बीति ॥

चौपाई

बिसरे गृह सपनेहु सुधि नाहीं । जिमि परद्रोह संत मन माहीं ॥
तब रघुपति सब सषा बुलाये । आइ सबन्हि सादर शिर नाये ॥
परम प्रीति समेत बैठारे । भगतसुपद मृदु वचन उचारे ॥
तुम अति कीन्हि मोरि सेवकाई । मुष पर केहि विधि करौं बड़ाई ॥
ताते मोहिं तुम अति प्रियलागे । मम हितलागि भवन सुषु त्यागे ॥
अनुज राज संपति वैदेही । देह गेह परिवार सनेही ॥
सब मम प्रिय नहिं तुमहिं समाना । मृषा न कहौं मोर यह बाना ॥
सब के प्रिय सेवक ये नीती । मोरे अधिक दास पर प्रीती ॥

दोहा

अब गृह जाहु सषा सब, भजहु मोहिं दृढ़ नेम ।

सदा सर्वगत सर्वहित, जानि करेहु अति प्रेम ॥

चौपाई

सुनि प्रभुवचन मगन सब भए। को हम कहाँ बिसरि तनु गए ॥
एकटक रहे जोरि कर आगे। सकहिं न कछु कहि अति अनुरागे ॥
परमप्रेम तिनकर प्रभु देषा। कहा विविधविधि ग्यान विसेषा ॥
प्रभुसनमुष कछु कहै न पारहिं। पुनिपुनि चरनसरोज निहारहिं ॥
तब प्रभु भूषन बसन मंगाए। नाना रंग अनूप सुहाए ॥
सुग्रीवहि प्रथमहिं पहिराए। बसन भरत निज हाथ बनाए ॥
प्रभुप्रेरित लछिमन पहिराए। लंकापति रघुपति मन भाए ॥
अंगद बैठि रहा नहिं डोला। प्रीति देषि प्रभु ताहि न बोला ॥

दोहा

जामवंत नीलादि सब, पहिराए रघुनाथ।
हिय धरि रामरूप सब, चले नाइ पदमाथ ॥
तब अंगद उठि नाइ सिर, सजल नयन कर जोरि।
अतिविनीत बोले वचन, मनहुँ प्रेमरस बोरि ॥

चौपाई

सुनु सर्वग्य कृपासुषसिंधो। दीनदयाकर आरतवंधो ॥
मरती बार नाथ मोहिं बाली। गएउ तुम्हारेहि कोछे घाली ॥
अशरनशरनबिरद संभारी। मोहिं जनि तजहु भगतहितकारी ॥
मोरे प्रभु तुम गुरु पितु माता। जाउँ कहाँ तजि पदजलजाता ॥
तुम्हइ विचारि कहहु नरनाहा। प्रभु तजि भवन काज मम काहा ॥
बालक ग्यान बुधिबलहीना। राषहु सरन नाथ जन दीना ॥
नीच टहल गृहकै सब करिहौं। पदपंकज विलोकि भव तरिहौं ॥
अस कहि चरन परेउ प्रभु पाहीं। अब जनि नाथ कहहु घर जाहीं ॥

दोहा

अंगदवचन विनीत सुनि, रघुपति करुनासीव।
प्रभु उठाय उर लायऊ, सजल नयनराजीव ॥
निज उरमाल बसन मनि, बालितनय पहिराइ।

बिदा कीन्ह भगवान तब, बहु प्रकार समुझाइ ॥

चौपाई

भरत अनुज सौमित्रि समेता। पठवन चले भगतकृतचेता ॥
अंगदहृदय प्रेम नहिं थोरा। फिरि फिरि चितव रामकी ओरा ॥
बार बार करि दंड प्रनामा। मन अस रहन कहहिं मोहिं रामा ॥
रामबिलोकनि बोलनि चलनी। सुमिरि सुमिरि सोचत हँसि मिलनी॥
प्रभुरुष देषि बिनय बहु भाषी। चले हृदय पदपंकज राषी ॥
अति आदर सब कपि पहुँचाए। भाइन सहित भरत फिरि आए ॥
तब सुग्रीवचरन गहि नाना। भाँति बिनय कीन्ही हनुमाना ॥
दिन दस करि रघुपतिपदसेवा। पुनि तव चरन देषिहौं देवा ॥
पुन्यपुंज तुम पवनकुमारा। सेवहु जाइ कृपाआगारा ॥
अस कहि कपि सब चले तुरंता। अंगद कहै सुनहु हनुमंता ॥

दोहा

कहेउ दंडवत प्रभु सन, तुमहिं कहौं कर जोरि।
बार बार रघुनायकहि, सुरति करायहु मोरि ॥
अस कहि चलेउ बालिसुत, फिरि आये हनुमंत।
तासु प्रीति प्रभुसन कही, मगन भये भगवंत ॥
कुलिसहु चाहि कठोर अति, कोमल कुसुमहु चाहि।
चित षगेश अस रामकर, समुझि परै कहु काहि ॥

चौपाई

पुनि कृपालु लिये बोलि निषादा। दीन्हे भूषन बसन प्रसादा ॥
जाहु भवन मम सुमिरन करहू। मनक्रमबचन धरम अनुसरहू ॥
तुम मम सषा भरत सम भ्राता। सदा रहेउ पुर आवत जाता ॥
बचन सुनत उपजा सुष भारी। परेउ चरन लोचन भरि बारी ॥
चरननलिन उर धरि गृह आवा। प्रभुसुभाव परिजनहि सुनावा ॥
रघुपतिचरित देषि पुरबासी। पुनिपुनि कहहिं धन्य सुषरासी ॥
राम राज बैठे त्रयलोका। हरषित भए गए सब सोका ॥
बैर न कर काहू सन कोई। रामप्रताप बिषमता षोई ॥

दोहा

बरनाश्रम निज निज धरम, निरत वेदपथ लोग।
चलहिं सदा पावहिंसुष, नहिं भयशोक न रोग॥

चौपाई

दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज नहिं काहुहिं व्यापा॥
सब नर करहिं परसपर प्रीती। चलहिं सुधरम निरत श्रुतिनीती॥
चारिउ चरन धर्म जग माहीं। पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाही॥
रामभगतिरत नर अरु नारी। सकल परमगति के अधिकारी॥
अलपमृत्यु नहिं कवनिउँ पीरा। सब सुंदर सब निरुजशरीरा॥
नहिं दरिद्र कोउ दुषी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लछनहीना॥
सब निरदंभ धरमरतिधुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी॥
सब गुनग्य सब पंडित ग्यानी। सब कृतग्य नहिं कपट सयानी॥

दोहा

रामराज नभगेश सुनु, सचराचर जग माहिं।
काल करम स्वभाव गुनकृत दुष काहुहि नाहिं॥

चौपाई

भूमि सप्तसागरमेषला। एक भूप रघुपति कोशला॥
भुवन अनेक रोम प्रति जासू। यह प्रभुता कछु बहुत न तासू॥
सो महिमा समुझत प्रभु केरी। यह बरनत हीनता घनेरी॥
सोउ महिमा षगेश जिन जानी। फिरि यह चरित तिनहुँ रति मानी॥
सोउ जानेकर फल यह लीला। कहहिं महामुनिबर दमशीला॥
रामराजकर सुष संपदा। बरनि न सकहिं फनीश शारदा॥
सब उदार सब परउपकारी। विप्रचरनसेवक नर नारी॥
एकनारिव्रतरत सब झारी। ते मन बच क्रम पतिहितकारी॥

दोहा

दंड यतिनकर भेद जहँ, नर्तक नृत्य समाज।
जीतहु मनहिं जन सुनिय अस, रामचंदके राज॥

चौपाई

फूलहिं फलहिं सदा तरु कानन। रहहिं एकसँग गज पंचानन॥
खग मृग सहज बैर बिसराई। सबहि परसपर प्रीति बढ़ाई॥
कूजहिं खग मृग नानावृंदा। अभय चरहिं बन करहिं अनंदा॥
सीतल सुरभि पवन बह मंदा। गुंजत अलि लै चल मकरंदा॥
लता विटप मांगे मधु चुवहीं। मनभावते धेनु पय स्रवहीं॥
ससिसंपन्न सदा रह धरनी। त्रेता भइ कृतयुग कै करनी॥
प्रकटी गिरिन बिबिध मनिखानी। जगदातमा भूप जग जानी॥
सरिता सकल बहैं वर वारी। शीतल अमल स्वादु सुखकारी॥
सागर निज मरजादा रहहीं। डारहिं रतन तटनि नर लहहीं॥
अतिप्रसन्न दश दिशा बिभागा। सरिसज संकुल सकल तड़ागा॥

दोहा

बिधु महिपूर मयूखनि रवि तप जितनै काज।
मांगे बारिद देहिं जल रामचंद्र के राज॥

गीतावली

(बालकांड से)

आजु सुदिन शुभ घरी सुहाई ।
रूपसीलगुनधाम राम नृप-
भवन प्रगट भये आई ॥
अति पुनीत मधुमास लगन ग्रह
बार जोग समुदाई ।
हरषवंत चर अचर भूमिसुर ,
तनुरुह पुलकि जनाई ॥
बरषहिं बिबुधनिकर कुसुमावलि
नभ दुंदुभी बजाई ।
कौसल्यादि मातु मन हरषित
यह सुख बरनि न जाई ॥
सुनि दसरथ सुत जनम लिये सब ,
गुरु जन विप्र बोलाई ।
बेदबिहित करि क्रिया परम शुचि
आनंद उर न समाई ॥
सदन बेदधुनि करत मधुर मुनि
बहु विधि बाज बधाई ।
पुरबासिन प्रिय नाथ हेत,
निजनिज संपदा लुटाई ॥
मनितोरन बहु केतु पताकन ,
पुरी रुचिर करि छाई ॥
मागध सूत द्वार बंदीजन ,

जहँ तहँ करहिं बड़ाई ॥
सहज सिँगार किए बनिता चलीं
मंगल विपुल बनाई।
गावहिँ देहिं असीस मुदित, चिर—
जिओ तनय सुषदाई ॥
बीथिन कुमकुम कीच अरगजा
अगर अबीर उड़ाई।
नाचहिं पुरनरनारि प्रेम भरि,
देहदसा बिसराई ॥
अमित बसन गज तुरंग धेनु मनि
जातरूप अधिकाई।
देत भूप अनुरूप जाहि जोइ
सकल सिद्धि घर आई ॥
सुषी भए सुरसंत भूमिसुर,
षलगनमन मलिनाई।
सबहि सुमन विकसत रवि निकसत,
कुमुदविपिन विलषाई ॥
जो सुष सिंधुसुकृतसीकर ते
शिवबिरंचिप्रभुताई।
सो सुष अवध उमंगि रह्यो दसदिसि
कौन जतन कहौं गाई ॥
जे रघुबीरचरनचिंतक तिन-
की गति प्रगट दिषाई।
अविरल अमल अनूप भगति दृढ़
तुलसिदास तब पाई ॥
गावै विबुध विमलवर वानी।
भुवनकोटिकल्यानकंद जो,
जाये पूत कौसिला रानी ॥

मास पाष तिथि वार नषत
ग्रह योग लगन शुभ ठानी।
जल थल गगन प्रसन साधुमन
दशदिश हिय हुलसानी॥
बरषत सुमन बधाव नगर नभ,
हरष न जात बषानी।
ज्यों हुलास रनिवास नरेसहि
भौ जनपद रजधानी॥
अमर नाग मुनि मनुज सपरिजन,
विगत विषाद गलानी।
मिलहिं मांझ रावन रजनीचर,
लंक शंक अकुलानी॥
देव पितर गुरु विप्र पूजि नृप,
दिये दान रुचि जानी।
मुनिवनिता पुरनारि सुआसिनि,
सहस भांति सनमानी॥
पाइ अघाइ असीसत निकसत,
जाचक जन भये दानी।
ज्यों प्रसंन केकयी सुमित्रहि,
होहु महेश भवानी॥
दिन दूसरे भूपभामिनि दोउ,
भई सुमंगल षानी।
भयो सोहिलो सोहिलो में,
जनु सृष्टि सोहिले सानी।
नाचत गावत भो मनभावत,
सुष सो अवध अधिकानी।
देत लेत पहिरत पहिरावत,
प्रजा प्रमोद अघानी॥

गान निशान कुलाहल कौतुक,
देषन दुनी सिहानी।
हरि विरंचि हरपुरशोभा,
कुलि कोसलपुरी लोभानी॥
अनंद अवनि राजरवनी सब
मांगहु कोष लुड़ानी।
आशिष दै दै सराहहिं सादर,
उमा रमा ब्रह्मानी॥
विभवविलास बाढ़ि दशरथ की,
देखि न जिनहिं सोहानी।
कीरति कुशल भूति जै रिधि सिधि,
तिन पर सबै कुहानी॥
छठी बारही लोक वेदविधि,
करि सो विधान विधानी।
राम लषन रिपुदवन भरत,
धरे नाम ललित गुरु ग्यानी॥
सुकृतसुमन तिलमोद बासि,
विधियतन यंत्र भरि घानी।
सुष सनेह सब दियो दशरथहिं,
षरि षलेल थिर थानी॥
अनुदिन उदय उछाह उमंगि,
जग घर घर अवध कहानी।
तुलसी रामजनमजस गावत
सो समाज उर आनी॥
राजत शिशुरूप राम सकल गुननिकायधाम,
कौतुकी कृपालु ब्रह्म जानुपानिचारी।
नील कंज जलदपुंज मरकतमनिसदृश श्याम,
कामकोटिशोभा अँग अंग ऊपर वारी॥

हाटक मनि रतनषचित रचित इंद्रमन्दिराभ ,
इंदिरानिवास सदन विधि रच्यो सँवारी ।
विहरत नृपअजिर अनुज सहित बालकेलिकुशल ,
नीलजलजलोचन हरि मोचन भयहारी ॥
अरुन चरन अंकुश ध्वज कंज कुलिश चिन्ह रुचिर ,
भ्राजत अति नूपुरवर मधुर मुषरकारी ।
किंकिनी विचित्र जाल कम्बुकंठ ललित माल ,
उर विशाल केहरिनष, कंकन करधारी ॥
चारु चिबुक नासिका कपोल भाल तिलक भृकुटि,
श्रवन अधर सुंदर द्विज छवि अनूप न्यारी ।
मनहुं अरुन कंज कोश मंजुलयुगपांति प्रसव ,
कुंदकली जुगुल जुगुल परम शुभ्र वारी ॥
चिक्कन चिकुरावलि मनो षडंघ्रिमंडली बनी ,
विशेष गुंजन जनुबालक किलकारी ।
टकटक प्रतिबिंब निरषि पुलकत हरि हरषि हरषि ,
लै उछंग जननी रसभंग जिय बिचारी ॥
जा कहँ सनकादि शंभु नारदादि शुक मुनिंद ,
करत विविध जोग काम क्रोध लोभ जारी ।
दशरथगृह सोइ उदार भंजन ससारभार ,
लीलाअवतार तुलसिदास त्रासहारी ॥
ललित सुतहि लालति सचुपायें ।
कौशल्या कल कनकअजिर महँ ,
सिषवति चलन अंगुरियां लायें ॥
कटि किंकिनि पैजनियां पायन ,
बाजत रुनु झुनु मधुर रिँगायें ।
पहुंची करनि कंठ कठुला बन्यो ,
केहरिनष मनिजटित जरायें ॥
पीत पुनीत विचित्र झँगुलिया ,

सोहत श्यामशरीर सुहायें ।
दँतियां द्वै द्वै मनोहर मुषछबि ,
अरुन अधर चित लेत चुरायें ॥
चिबुक कपोल नासिका सुंदर ,
भालतिलक मसि बिन्दु बनायें ।
राजत नयन मंजु अंजनयुत ,
षंजन कंज मीन मद नायें ॥
लटकन चारु भृकुटियां टेढी ,
मेढो सुभग सुदेश सुभायें ।
किलकि किलकि नाचत चुटकी सुनि,
डरपत जननी पानि छुटायें ॥
गिरि घुटुरुवन टेकि उठि अनुजन,
तोतरि बोलत पूय दिखायें ।
बाल केलि अवलोकि मातु सब,
प्रेम मगन आनँद न अमायें ॥
देषत नभ घन ओट चरित मुनि,
जोग समाधि बिरति बिसरायें ।
तुलसिदास जे रसिक न यहि रस
ते जन जड़ जीवत जग जायें ॥
सादर सुमुषि विलोकि राम शिशु,
रूप अनूप भूप लिये कनियाँ ।
सुंदर श्याम सरोजवरन तन
नष शिष सुभग सकल सुषदनियाँ ॥
अरुन चरन नषज्योति जगमगत,
रुनु भुन करत पाँय पैंजनियाँ ।
कनकरतन मनि जटित रटत कटि,
किंकिनि कलित पीत पटतनियाँ ॥
पहुंची करन पदिक हरिनष उर,

कठुला कंठ मंजु गजमनियाँ।
रुचिर चिबुक रद अधर मनोहर,
ललित नासिका लसत नथुनियाँ॥
विकट भृकुटि सुषमानिधि आनन,
कलकपोल कानन नगफनियाँ।
भालतिलक मसि बिंदु बिराजत,
सोहत सीस लाल चौतनियाँ॥
मनमोहनी तोतरी बोलनि,
मुनिमनहरनि हँस न किलकनियाँ।
बाल सुभाय विलोल विलोचन,
चोरत चितहि चारु चितवनियाँ॥
सुनि कुलबधू झरोखन झांकत,
रामचंदछबि चंदवदनियाँ।
तुलसिदास प्रभु देषि मगन भई,
प्रेम विवस कछु सुधि न अपनियाँ॥
सोहत मग मुनि सँग दोउ भाई।
तरुनतमाल चारु चंपक छबि,
कवि सुभाव कहि जाई।
भूषन वसन अनुहरत अंगन,
उमगत सु॰ताई।
बदन मनोज सरोज लोचनन,
रहि है लोभाई लोनाई॥
अंसनि धनु शर कर कमलनि,
कटि कसे हैं निषंग बनाई॥
सकल भुवन शोभा सरबस लघु,
लागति निरषि निकाई॥
महि मृदु पथ घन छांह सुमन सुर,
बरषि पवन सुषदाई।

जलथलरुह फल फूल सलिल सब
करत प्रेमपहुनाई ॥
सकुच समीत विनीत साथ ,
गुरु बोलनि चलनि सुहाई ।
षग मृग चकित विलोकत ,
बिच बिच लसत ललित लरिकाई ॥
विद्या दई जानि विद्यानिधि ,
विद्यहु लही बड़ाई ।
ष्याल दली ताड़का देषि ,
ऋषि देत अशीश अघाई ॥
बूझत प्रभु सुरसरि प्रसंग ,
कहि निज कुलकथा सुनाई ।
गाधिसुवन सनेहसुषसंपति ,
उरआश्रम न समाई ॥
बनबासी बटु जती जोगिजन ,
साधु सिद्ध समुदाई ।
पूजत पेषि प्रीति पुलकिततन ,
नैन लाभ लुट पाई ॥
मष राख्यो षल दल दलि भुजबल ,
बाजत बिबुध बधाई ।
नित पथचरित सहित तुलसी ,
चित बसत लषन रघुराई ॥
कौशिक के मष के रखवारे ।
नाम राम अरु लषन ललित अति ,
दशरथराजदुलारे ॥
मेचक पीत कमल कोमल कल ,
काकपक्षधरवारे ।
शोभा सकल सकेलि मदन विधि ,

स्वकरसरोज सँवारे ॥
सहस समूह सुबाहु सरिस षल ,
समरशूर भट भारे ।
केलि तून धनु बान पानि रन ,
निदरि निशाचर मारे ॥
ऋषितिय तारि स्वयंबर पेषन ,
जनकनगर पगु धारे ।
मग नर नारि निहारत सादर ,
कहि बड़ भाग हमारे ॥
तुलसी सुनत एक एकन सों ,
चलत विलोकनहारे ।
मूकन बचनलाहु मानो अंधन ,
लहे हैं विलोचनतारे ॥
राम लषन जब दृष्टि परे री ।
अवलोकत सब लोग जनकपुर ,
मानो विधि विविध विदेह करे री ॥
धनुषजग्य कमनीय अवनितल ,
कौतुकही भये आय षरे री ।
छबिसुरसभा मनहुं मनसिजके ,
कलित कलपतरु रूप फरे री ॥
सकल काम वरषत मुष निरषत ,
करषत चित हित हरष भरे री ।
तुलसी सबहि सराहत भूपहि ,
भले पैंत पांसे सुढर ढरेरी ॥
जबते राम लषन चितए री ।
रहे यकटक नर नारि जनकपुर ,
लागत पलक कलप बितए री ॥
प्रेम विवश माँगत महेश सों ,

देषत ही रहिये नित ए री ।
कै ए सदा बसैं इन नैनन ,
की ये नैन जाहिं जित ए री ॥
कोऊ समुझाय कहैं किन भूपहि ,
बड़े भाग्य आये इत ए री ।
कुलिशकठोर कहां शकरधनु ,
मृदु मूरति किशोर कित ए री ॥
विरचत इनहिं विरंचि भुवन सब ,
सुंदरता षोजत रितए री ।
तुलसिदास ते धन्य जनम जन ,
मनवच क्रम जिनके हित ए री ॥
राजत रामजानकीजोरी ।
श्यामसरोजजलदसुंदर वर,
दुलहिनि तड़ितबरन तन गोरी ॥
व्याह समय सोहत बितान तर ,
उपमा कहुं न लहत मति मोरी ।
मनहुं मदनमंजुलमंडप महँ ,
छबि सिंगारशोभा सोउ थोरी ॥
मंगलमय दोउ अंग मनोहर ,
ग्रंथित चूनरि पीत पिछोरी ।
कनककलस कहँ देत भावरी ,
निरषि रूप शारद भइ भोरी ॥
मुदित जनक रनिवास रहस बस ,
चतुर नारि चितवहिँ तृन तोरी ।
गान निशान वेद धुनि सुनि सुर ,
वरषत सुमन हरष कहै को री ॥
नैनन को फल पाइ प्रेम वश ,
सकल असीसत ईश निहोरी ।

तुलसी जेहि आनंद मगनमन ,
क्यों रसना बरनै सुप सो री ॥
दूलह राम सिया दुलही री ।
घनदामिनिवरवरन हरनमन ,
सुंदरता नपशिष निवही री ॥
व्याह विभूषन बसन विभूषित ,
सषिअवली लषि ठगि सी रही री ।
जीवनजनमलाहु लोचन फल ,
है इतनोइ लह्यो आजु सहीरी ॥
सुषमा सुरभि सिंगारछीर दुहि ,
मैन अमीमय कियो दही री ।
मथि माषन सियराम सँवारे ,
सकल भुवन छबि मनहुं मही री ॥
तुलसिदास जोरी देषत सुष ,
शोभा अतुल न जात कहीरी ।
रूपराशि विरची विरंचि मनो ,
शिलालवनि रति काम लहीरी ॥

अयोध्या कांड से

रहहु भवन हमरे कहे कामिनि ।
सादर सासुचरन सेवहु नित ,
जो तुरहरे अति हित गृहस्वामिनि ॥
राजकुमारि कठिन कंटक मग,
क्यों चलिहौ मृदु पग गजगामिनि ।
दुसह बात बरषा हिम आतप ,
कैसे सहि हौ अगिनित दिन जामिनि ॥
हौं पुनि पितु अग्या प्रमान करि ,

ऐहौं बेग सुनहु द्युतिदामिनि ।
तुलसिदास प्रभुबिरहबचन सुनि ,
सहि न सकी मुरछित भइ भामिनि ॥
कृपानिधान सुजान प्रानपति,
संग विपिन ह्वै आवौंगी ॥
गृह तें कोटि गुनित सुष मारग
चलत साथ सचुपावौंगी ॥
थाके चरनकमल चापौंगी ,
श्रम भये वायु डुलावौंगी ।
नयनचकोरन मुषमयंकछवि
सादर पान करावौंगी ॥
जो हठि नाथ राषि हौ मो कहँ,
तौ संग प्रान पठावौंगी ।
तुलसिदासप्रभु बिन जीवितरहि,
फिर क्यों बदन दिषावौंगी ॥
ये उपही कोउ कुँवर अहेरी ।
श्याम गौर धनु बान तून धरि,
चित्रकूट अब आइ रहे री ॥
इनहिं बहुत आदरत महामुनि,
समाचार मेरे नाह कहे री ।
वनिता बंधु समेत बसत बन,
पितु हित कठिन कलेस सहे री ।
बचन परसपर कहत किरातिनि,
प्रेम विवस जल नयन बहे री ।
तुलसीप्रभुहि विलोकत यकटक
लोचन जनु विनु पलक रहे री ॥
ऐसो तैं क्यों कटु वचन कह्यो री ।
राम जाहु कानन कठोर

तेरो कैसे धौं हृदय रह्यो री ॥
दिनकरवंश पिता दशरथ से
राम लषन से भाई ।
जननी तू जननी तौ कहा कहौं
बिधि कहि षोरि न लाई ॥
हौं करि हौं सुष राज मातु ह्वै,
सुत सिर छत्र धरैगो ।
कुलकलंकमल मूल,
मनोरथ तैं विन कौन करैगो ॥
ऐहैं राम सुषी सब ह्वै हैं,
ईश अजस मेरो हरि है ।
तुलसिदास मोको बड़ शोच,
तू जनम कौन विधि भरि है ॥
जो पै हौं मातु मते में ह्वै हौं ।
तौ जननी जग में या मुष की
कहां कालिमा ध्वै हौं ॥
क्यों हौं आजु होत शुचि शपथन,
कौन मानि हैं सांची ॥
महिमामृगी कौन सुकृती की,
षलबचबिशिख ते बांची ॥
गहि न जाइ रसना काहू की,
कहौ जाहि जेहि सूझै ।
दीनबंधु कारुण्यसिंधु बिनु,
कौन हृदय की बूझै ॥
तुलसी रामवियोग विषमविष,
विकल नारि नर भारी ।
भरतसनेहसुधा सींचे सब,
भये ते समय सुषारी ॥

शुक सो गहबर हिय कह सारो ।
वीर कीर सिय राम लषन बिन,
लागत जग अंधियारो ॥
पापिन चेरि अजानि रानि, नृप
हित अनहित न बिचारो ।
कुलगुरु सचिव साधु शोचत,
बिधि को न बसाइ उजारो ॥
अवलोके न चलत भरि लोचन,
नगर कुलाहल भारो ।
सुने न वचन करुना करके जब,
पुर परिवार संभारो ॥
भैया भरत भावते के संग
बन सब लोग सिधारो ।
हम पर पाइ पींजरन तरसत,
अधिक अभाग्य हमारो ॥
सुनि षग कहत अंब मौगी रहु,
समुझि प्रेम पथ न्यारो ।
गये ते प्रभु पहुंचाय फिरे,
पुनि करत करम गुन गारो ॥
जीवन जग जानकी लषन को,
मरन महीप संवारो ।
तुलसी और प्रीति की चरचा,
करत कहा कछु चारो ॥
जानत हौ सब ही के मन की ।
तदपि कृपालु करौं विनती सोइ,
सादर सुनहु दीनहित जनकी ॥
ये सेवक संतन अनन्य अति,
ज्यों चातकहिं एक गति घन की ।

यह विचारि गवनहु पुनीत पुर,
हरहु दुसह आरति परिजन की ॥
मेरो पुनि जीवन जानिये ऐसोइ जिय,
जैसो अहि जासु गई मनि फन की ।
मेंटहु कुल कलंक कोशलपति,
अग्या देहु नाथ मोहिं बन की ॥
मो को जोइ जोइ लाइये लागै सोइ सोइ,
जो उतपति कुमातु तें या तनु की ।
तुलसिदास सब दोष दूरि करि,
प्रभु अब लाज करहु निज पन की ॥
तात विचारो धौं हौं क्यों आवौं ।
तुम शुचि सुहृद सुजान सकल विधि,
बहुत कहा कहि कहि समुझावौं ॥
निज कर पाल खैंचि या तनु की,
जो पितुपगपानहीं करावौं ।
होउ न उरिन पिना दशरथ ते,
कैसे ताके वचन मेटि पति पावौं ॥
तुलसिदास जाको सुजस तिहूं पुर,
क्यों तेहि कुलहिं कालिमा लावौं ।
प्रभु रुष निरषि निराश भरत भये,
जान्यो हैं सबहिं भांति विधि बावौं ॥

सुंदर कांड से

देषी जानकी जब जाइ ।
परमधीर समीरसुत के
प्रेम उर न समाइ ॥
कृश शरीर सुभाय शोभित,
लगी उड़ि उड़ि धूलि ।

मनहुं मनसिज मोहनी,
मणि गई भोरे भूलि ॥
रटति निमिवासर निरंतर,
राम राजिवनयन ।
जात निकट न विरहिनी,
अरि अकनि ताते बयन ॥
नाथ के गुन गाय कहि,
कपि दई मुंदरी डारि ।
कथा सुनि उठि लई करवर,
रुचिर नाम निहारि ॥
हरष हृदय विषाद अति,
पतिमुद्रिका पहिचानि ।
दास तुलसी दशा सो,
केहि भांति कहै बषानि ॥
जो हौं प्रभुआयसु लै चलतो ।
तौ यहि रिस तोंहि सहित दशानन,
यातुधानदल दलतो ॥
रावन सो रसराज सुभट रस,
सहित लंकषल षलतो ।
करि पुटपाक नाकनायक हित
घने घने घर घलतो ॥
बड़े समाज लाजभाजन भयो,
बड़ो काज बिन छलतो ।
लंकनाथ रघुनाथ बैरतरु
आजु फैलि फूलि फलतो ॥
काल कर्म दिगपाल सकल,
जग जाल जासु करतल तो ।
ता रिपु सों परभूमि रारि

जीवन मरन सुथल तो ॥
देषी मैं दशकध सभा सब,
मोतें कोउ न सबल तो।
तुलसी अरि उर आनि एक अव,
एती गलानि न गलतो ॥
पदपदुम गरीबनिवाज के।
देषि हौं जाइ पाइ लोचनफल
हित सुर साधु समाज के।
गईबहोरि ओरनिरबाहक,
साजक बिगरे साज के।
शवरी सुषद गीध गतिदायक,
शमन शोक कपिराज के ॥
नाहिन मोंहि और कतहूँ कछु,
जैसे काग जहाज के।
आयों सरन सुषद पदपंकज,
चोथे रावनबाज के ॥
आरतिहरन शरन समरथ ,
सब दिन अपने की लाज के।
तुलसी याहि कहत नतपालक,
मो से निपट निकाज के ॥

लंकाकांड से

जो हौं अब अनुशासन पाऊं।
तौ चंद्रमहि निचोरि चैल जिमि,
आनि अमी शिर नाऊं ॥
कै पाताल दलौं व्यालावलि,
अमृत कुंड महि लाऊं।

भेदि भुवन करि भानु बाहिरहि,
तुरत राहु दै ताऊं॥
विबुधबैद बरबस आनौं धरि,
तौ प्रभु अनुग कहाऊं।
पटकौं नीच मीच मूषक जिमि
सबहि को पाप बहाऊं।
तुम्हरी कृपा प्रताप तुम्हारे,
नेक बिलंब न लाऊं।
दीजे सोइ आयसु तुलसीप्रभु,
जेहि तुम्हरे मन भाऊं॥

उत्तरकांड से

बनते आइ कै राजा राम भये भुवाल।
मुदित चौदह भुवन सब सुष,
सुषी सब सब काल॥
मिटे कलुषकलेश कलुष न,
कपट कुपथ कुचाल।
गये दारिद दोष दारुन,
दंभ दुरित दुकाल॥
कामधुक महि कामतरु,
तरु उपल मनिगन लाल।
नारि नर तेहि समय सुकृती,
भरे भाग्य सुभाल॥
वर्न आश्रम धर्मरत,
मन बचन वेष मराल।
राम सिय सेवक सनेही,
साधु सुमुष रसाल॥

रामराज समाज बरनत
सिद्ध मुनि दिगपाल।
सुमिरि सो तुलसी अजहुं,
हिय हर्ष होत विशाल॥
चरचा चरनि सों चरची जानमनि रघुराइ।
दूतमुख सुनि लोकधुनि,
घर घरनि बूझी आइ।
प्रिया निज अभिलापरुचि कह,
कहत सिय सकुचाइ।
तीय तनय समेत तापस,
पूजिहौं बन जाइ॥
जानि करुनासिंधु भावी
विवश विकल सहाइ।
धीर धरि रघुबीर भोरहिं
लिये लषन बोलाइ॥
तात तुरतहिं साजि स्यंदन,
सीय लेहु चढ़ाइ।
बालमीकिमुनीशआश्रम,
आइयो पहुंचाइ॥
भलेहि नाथ सुहाय माथे
राषि रामरजाइ।
चले तुलसी पालि सेवक-
धर्म-अवधि अघाइ॥
आये लपन लै सौंपि सिय मुनीशहिं आनि।
नाइ शिर रहे पाइ आशिष
जोरि पंकजपानि॥
बालमीकि विलोकि व्याकुल
लषन गरत गलानि।

सर्वविद बूझत न विधि की
वामता पहिचानि ।
जानि जिय अनुमानहीं
सिय सहस विधि सनमानि ।
राम सद्गुनधामपरमित
भई कछुक मलानि ॥
दीनबन्धु दयाल देवरु
देषि अति अकुलानि ।
कहत बचन उदार,
तुलसीदास त्रिभुवनरानि ॥
तौलौं बलि आपुही कीबी बिनय·समुझि सुधारि ।
जौ लौं हौं सिखि लेऊँ वन ऋषि—
रीति बसि दिन चारि ॥
तापसी कहि कहा पठवत,
नृपति को मनुहारि ।
बहुरि तेहि विधि आइ कहिहै,
साधु कोउ हितकारि ॥
लषन लाल कृपाल निपटहिं
डारिबी न बिसारि ।
पालबी सब तापसिन ज्यों
राजधरम बिचारि ॥
सुनत सीताबचन मोचत
सकल लोचनवारि ॥
बालमीकि न सके तुलसी,
सो सनेह संभारि ॥
सुनि व्याकुल भये उतरु कह्यो न जाइ ।
जानि जिय विधि वाम दीन्ही ,
मोहिं सरुष सजाइ ।

कहत हिय मेरी कठिनई ,
लषि गई प्रीति लजाइ ।
आजु अवसर ऐसे हूँ चले ,
जो न प्रान बजाइ ॥
इतहिं सीयसनेहसंकट ,
उतहिं रामरजाइ ।
मौनही गहि चरन गमने ,
सिष सु आशिष पाइ ॥
प्रेमनिधि पितु को कहो ,
मैं परुष वचन अघाइ ।
पाप तेहिं परिताप तुलसी ,
उचित सहे सिराइ ॥
गौने मौनही बारहिं बार परिपरि पाइ ।
जात जनु रथ रची कर ,
लछमन मगन पछिताइ ॥
अशन विनु वन वरम विनु रन
बच्यो कठिन कुघाइ ।
दुसह सांसति सहन को ,
हनुमान ज्यायो जाइ ॥
हेतु हौं सियहरन को ,
तब अजहुं भयो सहाय ।
होत हठि मोहि दाहिनो ,
दिन दैव दारुन दाइ ।
तजो तन संग्राम जेहि ,
लगि गीध जसी जटाय ।
ताहि हौं पहुंचाइ कानन ,
चल्यो अवध सुभाइ ॥
घोर हृदय कठोर करतब ,

सृज्यो हौं बिधि बाइ ।
दास तुलसी जानि राख्यो ,
कृपानिधि रघुराइ ॥
पुत्री न शोचिये आईहौ जनकगृह जिय जानि ।
कालिही कल्यान कौतुक
कुशल तव कल्यानि ॥
राजऋषि पितु श्वसुर ,
प्रभु पति तू सुमंगलषानि ।
ऐसेहू थल वामता बड़ि ,
बाम विधि की बानि ॥
बोलि मुनिकन्या सिषाईं ,
प्रीति गति पहिचानि ।
आलसिन की देवसरि ,
सिय सेइयो सनमानि ॥
न्हाइ प्रातहिं पूजियो वट ,
विटप अभिमतदानि ।
सुवनलाहु उछाहु दिनदिन ,
देवि अनहितहानि ॥
पापताप विमोचनी ,
कहि कथा सरस पुरानि ।
बालमीकि प्रबोधि तुलसी ,
गई गरुव गलानि ॥
जब तें जानकी रही रुचिर आश्रम आइ ।
गगन जल थल विमल ,
तब तें सकल मंगलदाइ ॥
निरस भुरुह सरस फूलत
फलत अति अधिकाइ ।
कन्द मूल अनेक अंकुर

स्वाद सुधा लजाइ ॥
मलयमरुत मराल मधुकर,
मोर पिक समुदाइ ।
मुदित मन मृग विहंग विहरत,
बिषम बैरु बिहाइ ॥
रहत रबि अनुकूल दिन
शशि रजनि सजनि सुहाइ ।
सीय सुनि सादर सराहत,
सषिन भली मनाइ ॥
मोद विपिन विनोद चितवत
लेत चितहि चोराइ ।
राम बिनु सिय सुषद वन
तुलसी कहै किमि गाइ ॥
शुभ दिन शुभ घरी नीको नषत लगन सुहाइ ।
पूत जाये जानकी द्वै,
मुनिबधू उठीं गाइ ॥
हरषि बरषत सुमन सुर,
गहगह बधाय बजाइ
भुवन कानन आश्रमनि
रहे मोद मंगल छाइ ॥
तेहि निशा तहँ शत्रुसूदन,
रहे विधि बस आइ ।
मांगि मुनि सों विदा गवने
भोर ही सुष पाइ ॥
मातु मौसी बहिनि हूते,
सासु ते अधिकाइ ।
करहिं तापसतीयतनया
सीयहित चितलाइ ॥

कियो विधिव्योहार मुनिवर ,
विप्र बृंद बोलाइ ।
कहत सब ऋषिकृपा को
फल भयो आजु अघाइ ॥
सरुष ऋषि सुष सुतन को
सिय सुषद सकल सोहाइ ।
शूल राम सनेह को
तुलसी न जिय ते जाइ ॥
मुनिवर करि छठी कीन्ही बारहे की रीति ।
बन बसन पहिराइ तापस ,
तोषि पोषे प्रीति ॥
नाम करन सुअन्नप्राशन ,
वेद बाँधी नीति ।
समय सब ऋषिराज करत
समाज साजि समीति ॥
बाल लालन कहत करि हैं
राज सब जग जीति ।
रामसियसुत गुरु अनुग्रह ,
उचित अचल प्रतीति ॥
निरषि बालविनोद तुलसी
जात वासर बीति ।
पियचरित सिय चित चितेरी ,
लिषत नित हितभीति ॥
बालक सिय के विहरत मुदित मन दोउ भाइ ।
नाम लव कुश रामसिय—
अनुहरत सुंदरताइ ॥
देत मुनि मुनिशिशु षिलौना,
लेत धरत दुराइ ।

षेल षेलत नृपशिशुन के,
बालबृंद बोलाइ ॥
भूपभूषनबसनबाहन ,
राजसाज सजाइ ।
वर्म्म चर्म कृपान धनु शर ,
तून लेत बनाइ ॥
दुषी सिय पतिविरह तुलसी ,
सुषी सुत सुषपाइ ।
आंच पै उफनात सींचत ,
सलिल ज्यों सकुचाइ ॥

कवितावली

बालकांड-धनुभंग

घनाक्षरी

सीय के स्वयंबर समाज जहां राजन को
राजन के राजा महाराजा जानै नाम को ।
पवन पुरंदर कृशानु भानु धनद से
गुन के निधान रूपधाम शोभाधाम को ।
बान बलवान यातुधान पै सरीषे सूर
जिन्है गुमान सदा सालिम* सँग्राम को ।
तहां दशरत्थ के समर्त्थ नाथ तुलसी के
चपरि चढ़ायो चाप चन्द्रमाललाम को ।
मयनमहन पुरदहन गहन जानि ,
आनि के सबै को सार धनुष गढ़ायो है ।
जनकसदसि जेते भले भले भूमिपाल

*सालिम intact.

कियो बलहीन बल आपनो बढ़ायो है ॥
कुलिश कठोर कूर्मपीठि ते कठिन अति ,
हठि न पिनाक काहू चपरि चढ़ायो है ।
तुलसी सो राम के सरोजपानि परसत ,
टूटो मानो बारे ते पुरारि ही पढ़ायो है ॥

छप्पय

डिगति उर्वि अति गुर्वि सर्व पर्वत समुद्र सर ।
व्याल वधिर तेहि काल बिकल दिगपाल चराचर ।
दिग्गयन्द लरषरत परत दशकंधहु मुख भर ।
सुरविमान हिमभानु भानु संघटित परसपर
चौंके बिरंचि शंकर सहित कोल कमठ अहि कलमल्यो ।
ब्रह्मंडषड कियो चंड धुनि जबहिं राम शिवधनु दल्यो ॥
लोचनाभिराम घनश्याम रामरूप शिशु
सषी कहै सषी सों तू प्रेमपय पालि री ।
बालक नृपालजीके ष्याल ही पिनाक तोरयो ,
मंडलीकमंडलीप्रताप दाप दालि री ।
जनक को सिया को हमारो तेरो तुलसी को ,
सब को भावतो ह्वै है मैं जो कह्यो कालि री ।
कौशिला की कोषि पर तोषि तन वारिये री ,
राय दशरत्थ की बलाय लीजे आलि री ॥
दूब दधि रोचना कनकथार भारि भरि ,
आरती सँवारि वर नारि चलीं गावतीं ।
लीन्हे जयमाल करकंज सोहैं जानकी के ,
पहिरावो राघोजी को सपियां सिषावतीं ।
तुलसी मुदितमन जनकनगर जन ,
झांकती झरोषे लागी रानी शोभा पावतीं ।
मनहुं चकोरी चारु बैठी निज निज नीड़ ,

चंद की किरनि पीवैं पलक न लावतीं ॥ ⁹
भले भूप कहत भले भदेस भूपनि सों ,
लोक लषि बोलिये पुनीत रीति आरषी ।
जगदंबा जानकी जगत पितु रामचंद
जानि जिय जोहौ जो न लागै मुँह कारषी ।
देषे हैं अनेक ब्याह सुने हैं पुरान वेद ,
बूझे हैं सुजान साधु नर नारि पारषी ।
ऐसे सम समधी समाज ना विराजमान ,
राम से न वर दुलही न सीय सारषी ॥
बानी विधि गौरी हर शेषहूँ गनेस कही ,
सही भरी लोमश भुशुंडि बहु वारषी ।
चारि दश भुवन निहारि नर नारि सब ,
नारद को परदा न नारद सो पारिषी ।
तिन कही जगमें जगमगात जोरी एक ,
दूजी को कहैया को सुनैया चष चारिषी ।
राम रमारमन सुजान हनुमान कही ,
सीय सो न तीय न पुरुष राम सारिषी ॥
भूपमंडली प्रचंड चंडीश कोदंड षंडयो ,
चंड बाहुदंड जाको ताही सों कहतु हौं ।
कठिन कुठार धार धारिबे को धीरताहि ,
वीरता विदित ताकी देषिये चहतु हौं ।
तुलसी समाज राज तजि सो विराजै आजु ,
गाज्यो मृगराज गजराज ज्यों गहतु हौं ।
छोनी में न छाँडयो छिप्यो छोनिप को छोना छोटो ,
छोनिपछपन बाँको विरद बहतु हौं ॥
निपट निदरि बोले बचन कुठारपानि ,
मानि त्रास औनिपन मानो मौनता गही ।
रोषे माषे लषन अकनि अनषोही बातें ,

तुलसी विनीत वानी विहंसि ऐसी कही।
सुजस तिहारे भरे भुवननि भृगुनाथ,
प्रगट प्रताप आपु कह्यो सो सबै सही।
टूटयो सो न जुरैगो शरासन महेशजी को,
रावरी पिनाक में सरीकता कहाँ रही॥

अयोध्याकांड से

कीर के कागर ज्यों नृपचीर
विभूषन उप्पम अंगनि पाई।
औध तजी मगबास के रूष ज्यों,
पंथ के साथ ज्यों लोग लुगाई।
संग सुबंधु पुनीत प्रिया,
मनु धर्म क्रिया धरि देह सुहाई।
राजिवलोचन राम चले,
तजि बापको राज बटाऊ की नाई॥
यहि घाटते थोरिक दूरि अहै,
कटि लौं जलथाह दिषाइ हौं जू।
परसे पगधूरि तरै तरनी,
धरनी घर का समुझाइ हौं जू।
तुलसी अवलंब न और कछू,
लरिका केहि भांति जिआइहौं जू।
बरु मारिये मोहिं बिना पग धोये,
हौं नाथ न नाव चढ़ाइ हौं जू॥
रावरे दोष न पाँयन को,
पगधूरि को भूरि प्रभाव महा है।
पाहन ते बरु बाहन काठ को,
कोमल है जल षाइ रहा है।
पावन पाव पषारि कै नाव,

चढ़ाइहौं आयसु होत कहा है ।
तुलसी सुनि केवट के वरबैन ,
हँसे प्रभु जानकि ओर हहा है ॥
जलजनयन जलजानन जटा हैं शिर ,
जोबनउमंग अंग उदित उदार हैं ।
साँवरे गोरे के बीच भामिनी सुदामिनी सी ,
मुनिपट धरे उर फूलन के हार हैं ।
करनि शरासन शिलीमुषनिषंग कटि ,
अतिही अनूप काहू भूप के कुमार हैं ।
तुलसी विलोकि कै त्रिलोक के तिलक तीनि,
रहे नर नारि ज्यों चितेरे चित्रसार हैं ॥
आगे सोहै सांवरो कुंवर गोरो पाछे आछे ,
काछे मुनिवेष धरे लाजत अनंग है ।
बान विशिषासन बसन बनहीं के कटि ,
कसे हैं वनाइ नीके राजत निषंग है ।
साथ निशिनाथमुखी पाथनाथनंदिनीसी ,
तुलसी विलोकि चित लाइ लेत संग है ।
आनँदउमंग मन जोबनउमंग तन ,
रूप की उमंग उमगत अंग अंग हैं ॥
सुंदर वदन सरसीरुह सुहाये नैन ,
मंजुल प्रसून माथे मुकुट जटनिके ।
अंशनि शरासन लसत शुचि कर शर ,
तून कटि मुनिपट लूटक पटनि के ।
नारि सुकुमारि संग जाके अंग उबटि कै ,
विधि बिरच्यो बरूथ विद्युतछटनि के ।
गोरे को वरन देषे सोनो न सलोनो लागै ,
सांवरे बिलोके गर्व घटत घटनि के ॥
बनिता बनी श्यामल गोरे के बीच ,

विलोकहु री सपि मोहि सी ह्वै ।
मगजोग न कोमल क्यों चलि हैं,
सकुचात मही पद पंकज छ्वै ।
तुलसी सुनि ग्रामवधू विथकीं,
पुलकीं तन औ चले लोचन च्वै ।
सब भाँति मनोहर मोहनरूप
अनूप हैं भूप के बालक द्वै ॥
साँवरे गोरे सलोने सुभाय,
मनोहरता जित मैन लियो है ।
बान कमान निषंग कसे,
शिर सोहैं जटा मुनिवेष कियो है ।
संग लिये विधु वैनी बधू
रति को जिन रंचक रूप दियो है ।
पायँन तौ पनही न पयादेहि,
क्यों चलि हैं सकुचात हियो है ॥
रानी मैं जानी अजानी महा,
पवि पाहनहू ते कठोर हियो है ।
राजहु काज अकाज न जान्यो,
कह्यो तिय को जेहि कान कियो है ।
ऐसी मनोहर मूरति ये,
बिछुरे कैसे प्रीतम लोग जियो है ।
आँषिन में सषि राषिबे जोग,
इन्है किमि कै बनबास दियो है ॥
शीश जटा उर बाहु बिशाल,
बिलोचन लाल तिरीछी सी भौहैं ।
तून सराशन बान धरे,
तुलसी बनमारग में सुठि सोहैं ।
सादर बारहिं बार सुभाय,

चितै तुम त्यों हमरो मन मोहैं।
पूंछति ग्रामवधू सिय सों कहु,
सांवरो सो सषि रावरो को हैं॥
सुनि सुंदर बैन सुधारससाने,
सयानि हैं जानकी जान भली।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्हैं,
समुझाय कछू मुसक्याय चली।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै,
अवलोकत लोचनलाहु अली।
अनुरागतड़ाग में भानु उदै,
विकसी मानो मंजुल कंजकली॥

सुंदरकांड से

लंकादहन

बसन बटोरि बोरि बोरि तेल तमीचर,
षोरि षोरि धाय धाय आय बाँधत लँगूर हैं।
तैसो कपि कौतुकी डरात ढीलो गात कै कै,
लात के अघात सहै जी में कहैं कूर हैं।
बाल किलकारी कै कै तारी दै दै गारी देत,
पाछे लागे बाजन निशान ढोल तूर हैं।
बालधी बढ़न लागी ठौर ठौर दीन्हीं आगी,
विंध्य की दवारि कैधों कोटि शत सूर हैं॥
लाइ लाइ आगि भागे बाल जात जहाँ तहाँ,
लघु ह्वै निबुकि गिरि मेरु ते विशाल भो।
कोतुकी कपीश कूदि कनककंगूरा चढ़्यो,
रावनभवन चढ़ि ठाढ़ो तेहि काल भो।
तुलसी विराज्यो व्योम बालधी पसारि भारी,
देषे हहरात भट कालसों कराल भो।

तेज को निधान मानो कोटिक कृशानु भानु
नष बिकराल मुष तैसो रिस लाल भो ॥
बालधी विशाल बिकराल ज्वाल जाल मानो,
लंक लीलिबे को काल रसना पसारी है।
कै धौं व्योमबीथिका भरे हैं भूरि धूमकेतु,
बीररस बीर तरवारि सी उघारी है।
तुलसी सुरेशचाप कै धौं दामिनीकलाप,
कै धौं चली मेरु ते कृशानुसरिभारी है।
देखैं यातुधान यातुधानी अकुलानी कहैं,
कानन उजारयो अब नगर प्रजारी है ॥
जहाँ तहां बुबुकि विलोकि बुबकारी देत,
जरत निकेत धावो धावो लागि आगि रे।
कहाँ तात मात भ्रात भगिनि भामिनी भाभी,
ढोटा छोटे छोहरा अभागे मोंड़ें भागि रे।
हाथी छोरो घोड़ा छोरो महिष बृषभ छोरो,
छेरी छेरो सो वैसो जगावो जागि जागि रे।
तुलसी विलोकि अकुलानी यातुधानी कहैं,
बार बार कह्यो पिय कपि सोन लागि रे ॥
देखि ज्वालाजाल हाहाकार दशकंध सुनि,
कह्यो धरो धरो धाये बीर बलवान हैं।
लिये शूल शैल पाश परिघ प्रचंड दंड,
भाजन सनीर धीर धरे धनु बान हैं।
तुलसी समिध सौंज लंक यज्ञकुंड लषि,
यातुधान पुंगीफल जव तिलधान हैं ॥
श्रुवा सो लंगूर बलमूल प्रतिकूल हवि,
स्वाहा महा हाँकि हाँकि हुने हनुमान हैं ॥
गाज्यो कपि गाज ज्यों विराज्यो ज्वालजाल युत
भाज्यो वीर धीर अकुलाइ उठयो रावनो।

धावो धावो धरो सुनि धाये यातुधानधारि,
बारिधारा उलचै जलद जौन सावनो।
लपट झपट झहराने हहराने बात
भहराने भट्ट परयो प्रबल परावनो।
ढकनि ढकेलि पेलि सचिव चले ले ठेलि,
नाथ न चलैगो बल अनल भयावनो॥
बड़ो विकराल वेष देषि सुनि सिंहनाद,
उठ्यो मेघनाद सविषाद कहै रावनो।
वेग जीतो मारुतप्रताप मारतंड कोटि,
कालऊ करालता बड़ाई जितो बावनो।
तुलसी सयाने यातुधाने पछिताने कहैं,
जाको ऐसो दूत सो तौ साहिब अबै आवनो।
काहे की कुशल रोषे राम बामदेवहू की,
विषम बली सों बादि बैर को बढ़ावनो॥
पानी पानी पानी सब रानी अकुलानी कहैं,
जाती हैं परानी गति जानी गजचालि है।
बसन बिसारे मनि भूषन संभारत न,
आनन सुषाने कहैं क्यों हूं कोउ पालि है।
तुलसी मंदोवै मींजि हाथ धुनि माथ कहै,
काहू कान कियो न मैं कह्यो केतो कालि है।
बापुरो विभीषन पुकारि बार बार कह्यो,
बानर बड़ी बलाय घने घर घालि है॥
कानन उजारयो तौ उजारयो न बिगारयो कछु,
बानर बिचारो बांधि आयो हठि हार सों।
निपट निडर देषि काहू न लख्यो विशेषि,
दीन्हो न छुड़ाय कहि कुलके कुठार सों।
छोटे और बडेरे मेरे पूतऊ अनेरे सब,
सांपनि सो पेलें मेले गरे छुराधार सों।

तुलसी मँदोवै रोइ रोइ कै बिगोवै आपु ,
बार बार कह्यो मैं पुकारि दाढ़ीजार सों ॥
रानी अकुलानी सब डाढ़त परानी जाहिं ,
सकैं न विलोकि वेष केशरीकुमार को।
मींजि मींजि हाथ धुनि माथ दशमाथतिय ,
तुलसी तिलो न भयो बाहिर अगार को ।
सब असबाव डाढ़ो मैं न काढ़ो तैं न काढ़ो,
जिय की परी सँभारै सहन भँडार को ।
षीझत मंदोवै सविषाद देषि मेघनाद,
बयो लुनियत सब याही दाढ़ीजार को ॥
रावन की रानी बिलषानी कहै यातुधानी,
हाहा कोऊ कहै वीसवाहु दसमाथ सों ।
काहे मेघनाद काहे काहे रे महोदर तू,
धीरज न देत लाइ लेत क्यों न हाथ सों ।
काहे अतिकाय काहे काहे रे अकंपन ,
अभागे तिय त्यागे भोंड़े भागे जात साथ सों ।
तुलसी बढ़ाय बाद शाल ते विशाल बाहैं ,
याही बल वालिशौ विरोध रघुनाथ सों॥
हाट बाट कोट ओट अटनि अगार पौरि ,
षोरि षोरि दौरि दौरि दीन्हीं अति आगि हैं ।
आरत पुकारत सँभारत न कोऊ काहू,
व्याकुल जहां सो तहां लोग चले भागि हैं ।
बालधी फिरावैं बार बार झहरावैं झरैं ,
बुँदिया सो लंक पघिलाइ पाग पागि हैं ।
तुलसी बिलोकि अकुलानी यातुधानी कहैं
चित्रहू के कपि सो निशाचर न लागि हैं ॥
लागि लागि आगि भागि भागि चले जहां तहां ,
धीय को न माय बाप पूत न सँभारही ।

छूटे बार बसन उघारे धूमधुंध अंध ,
कहैं बारे बूढ़े बारि बारि बार बारही ।
हय हिहिहिनात भागे जात घहरात गज ,
भारीभीर ठेलि पेलि रौंदि षौंदि डारहीं ।
नाम लै चिलात बिललात अकुलात अति,
तात तात तोसियत झौंसियत झार हीं ॥
लपट कराल ज्वालजालमाल दहूं दिशि ,
धूम अकुलाने पहिचानै कौन काहि रे ।
पानी को ललात बिललात जरे गात जात ,
परे पायमाल जात भ्रात तू निबाहि रे ।
प्रिया तू पराहि नाथ नाथ तू पराहि बाप ,
बाप तू पराहिं पूत पूत तू पराहि रे ।
तुलसी बिलोकि लोक व्याकुल बिहाल कहैं ,
लेहि दशशीश अब बीस चष चाहि रे ॥
बीथिका बजार प्रति अटन अगार प्रति ,
पँवरि पगारि प्रति बानर बिलोकिये ।
अर्द्ध उर्द्ध बानर बिदिशि दिशि बानर हैं ,
मानहुँ रह्यो है भरि बानर तिलोकिये ।
मूँदे आंषि हीय में उघारे आँषि आगे ठाढो ,
धाइ जाइ जहां तहां और कोऊ को किये ।
लेहु अब लेहु तब कोउ न सिषाओ मानो ,
सोई सतराइ जाइ जाहि जाहि रोकिये ॥
एक करैं धौज एक कहैं काढ़ौ सौज एक ,
औज पानी पीकै कहैं बनत न आवनो ।
एक परे गाढ़े एक डाढ़त ही काढ़े एक,
देषत हैं टाढ़े कहैं पावक भयावनो ।
तुलसी कहत एक नीके हाथ लाये कपि ,
अजहुं न छांडै बाल गाल को बजावनो ।

धावरे बुझावरे कि बावरे जिआवरे हो
औरै आगि लागी न बुझावैं सिंधुसावनो ॥
कोपि दशकंध तब प्रलयपयोद बोले ,
रावनरजाय धाय आये जूथ जोरिकै ।
कह्यो लंकपति लंक बरत बुताओ वेग
बानर बहाय मारो महावारि बोरि कै ।
भले नाथ नाय माथ चले पाथप्रदनाथ ,
बरषैं मुशलधार बार बार धोरि कै ।
जीवन ते जागि आगि चपरि चौगुनी लागी
तुलसी भभरि मेघ भागे मुख मोरि कै ॥
यहां ज्वाल जरे जात वहां ग्लानि गरे गात ,
सूषे सकुचात सब कहत पुकार हैं ।
जुगषट भानु देखे प्रलयकृशानु देषे ,
शेषमुषअनल विलोके बार बार हैं ।
तुलसी सुन्यो न कान सलिलसर्पी समान ,
अति अचरज किये केशरीकुमार हैं ।
वारिदवचन सुनि धुने शीश सचिवन ,
कहे दशशीसईशवामताविकार हैं ॥
पावक पवन पानी भानु हिमवान यम ,
काल लोकपाल मेरे डर डावाँडोल हैं ।
साम्ब महेश सदा शंकित रमेश मोंहि ,
महातप साहस विरंचि लीन्हें मोल हैं ।
तुलसी त्रिलोक आजु दूजो न बिराजै राज ,
बाजे बाजे राजन के बेटा बेटी वोल हैं ।
को है ईश नाम को जो वाम होत मोह्व से को ,
मालवान रावरे के बावरे से बोल हैं ॥
भूमि भूमिपाल ब्याल पालक पताल नाक-
पाल लोकपाल जेते सुभट समाजु है ।

कहैं मालवान यातुधानपति रावरे को ,
मनहुं अकाज आनै ऐसो कौन आजु है ।
रामकोहपावक समीर सीयश्वास कीश ,
ईशबामता विलोकि बानर को व्याजु है ।
जारत प्रचारि फेरि फेरि सो निशंक लंक ,
जहां बांको वीर तोसो शूरसिरताजु है ॥
पान पकवान विधि नाना कै सँधानो सीधो ,
विविध विधान धान वरत बखारही ।
कनक किरीट कोटि पलंग पिटारे पीठ ,
काढ़त कहार सब जरे भरे भारही ।
प्रबल पावक बाढ़े जहां काढ़े तहां ठाढ़े ,
झपट लपट भरे भवन भँडारही ।
तुलसी अगार न पगार न बजार बच्यो ,
हाथी हथिसार जरे घोड़े घोरसारही ॥
रावन सो राजरोग बाढ़त बिराट उर ,
दिन दिन विकल सकल सुषराँक सो ।
नाना उपचार करि हारे सुरसिद्ध मुनि ,
होत न बिशोक औ तपावै न मनाक सो ।
राम की रजाय ते रसायनी समीरसुनु ,
उतरि पयोधि पार शोधि सरवाक सो ।
यातुधानबुट पुटपाक लंक जातरूप ,
रतन जतन जारि कियो है मृगांक सो ॥

लंकाकांड से

बड़े विकराल भालु बानर विशाल बड़े ,
तुलसी बड़े पहार लै पयोधि तोपि हैं ।
प्रबल प्रचंड बरिवंड बाहुदंड पंडि ,
मंडि मेदिनी को मंडलीकलीक लोपि हैं।

लंकदाहु देखे न उछाहु रह्यो काहुन को ,
कहैं सब सचिव पुकारि पांव रोपि हैं ।
बाचि हैं न पाछे त्रिपुरारिहू मुरारि हू के ,
कोहै रनरारि को जो कोशलेश कोपि हैं ॥
त्रिजटा कहत बार बार तुलसीश्वरी सों ,
राघौबान एकही समुद्र सातौ सोषि हैं ।
सकुल संहारि यातुधानधारि जंबुकादि ,
योगिनीजमात कालिकाकलाप तोषि हैं ।
राज दे निवाजिबो बजाइ कै बिभीषनै
बजैंगे ब्योम बाजने बिबुध प्रेम पोषि है ।
कौन दशकंध कौन मेघनाद बापुरो को
कुम्भकर्नकीट जब राम रन रोषिहैं
तुलसी सबल रघुबीरजी को बालिसुत ,
वाहि न गनत बात कहत करेरी सी ।
बषशीश ईशजीकी षीश होत देषियत ,
रिस काहे लागत कहत हौ मैं तेरी सी ।
चढ़ि गढ़ मढ़ दृढ़ कोट के कँगूरे कोपि ,
नेक धका दैहैं ढैहैं ढेलन की ढेरी सी ।
सुनु दसमाथ नाथ साथ के हमारे कपि,
हाथ लंका लाय हैं तो रहैगी हथेरी सी ॥
दूषन विराध षर त्रिशिरा कबंध बधे ,
तालऊ विशाल बेधे कौतुक है कालिको ।
एकही विशिष वश भये वीर बाँकुरो सो ,
तोहूं है विदित बल महाबली बालि को ।
तुलसी कहत हित मानत न नेकु शंक ,
मेरो कहा जैहै फल पैहै तू कुचालि को ।
बीरकरिकेशरी कुठारपानि मानी हारिं ,
तेरी कहा चली बूड़े तोसे गने घालिको ॥

रोप्यो पांवँ पैज कै विचारि रघुबीरबल ,
लागे भट सिमिट न नेकु टसकतु है ।
तज्यो धीर धरनि धरनिधर धसकत ,
धराधर धीर भार सहि न सकतु है ।
महाबली बालि को दबत दलकत भूमि
तुलसी उछलि सिंधु मेरु मसकतु है ।
कमठकठिनपीठि ढड्ढा परो मंदर को ,
आयो सोई काम पै करेजा मसकतु है ॥
कनकगिरिशृंग चढ़ि देषि मर्कटकटक ,
वदत मंदोदरी परमभीता ।
सहसभुजमत्तगजराजरनकेशरी ,
परशुधर गर्व जेहि देषि बीता ।
दास तुलसी समर सबल कौशलधनी ,
ष्याल ही बालि बलशालि जीता ।
कंत तृन दंत गहि शरन श्रीराम कहि ,
अजहुं यहि भांति लै सौंपु सीता ॥
अंग अंग दलित ललित फूटे किंशुक से ,
हने भट लाषन लषन यातुधान के ।
मारिकै पछारिकै उपारि भुजदंड चंड ,
षंडि षंडि डारे ते बिदारे हनुमान के ।
कूदत कबंध के कदंब बंबसी करत ,
धावत देषावत हैं लाघो राघौबान के ।
तुलसी महेश विधि लोकपाल देवगन ,
देषत विमान चढ़े कौतुक मशान के ।
लोथिन सों लोहू के प्रवाह चले जहां तहां ,
मानहु गिरिन गेरुझरना झरत हैं ।
शोनित सहित घोर कुंजर करारे भारे ,
कूलते समूल वाजिविटप परत हैं ।

सुभट शरीर नीरचारी भारी भारी तहाँ,
शूरन उछाह क्रूर कादर डरत हैं।
फेकरि फेकरि फेरु फारि फारि पेट खात,
काक कंकबालक कोलाहल करत हैं॥

उत्तरकांड से

शोक समुद्र निमज्जत काढ़ि,
कपीश कियो जग जानत तैसो।
नीच निशाचर बैरि को बंधु,
बिभीषन कीन्ह पुरंदर जैसो।
नाम लिये अपनाय लियो,
तुलसी सो कहौं जग कौन अनैसो।
आरत आरतिभंजन राम,
गरीबनिवाज न दूसर ऐसो॥
मीत पुनीत किये कपि भालु को,
पाल्यो ज्यों काहु न बाल तनूजो।
सज्जनसींव बिभीषन भो,
अजहूं बिलसै वरबंधुवधू जो।
कौशलपाल बिना तुलसी,
सरनागत पाल कृपाल न दूजो।
क्रूर कुजाति कपूत अघी,
सब की सुधरै जो करै नर पूजो॥
तीय सिरोमनि सीय तजी,
जेहिं पावक की कलुषाई दही है।
धर्म धुरंधर बन्धु तज्यो।
पुर लोगन की विधि बोलि कही है।
कीश निशाचर की करनी,
नसुनी न विलोकि न चित्त रही है।
राम सदा सरनागत की,

अपराध अगाध भये जनते ,
अपने उर आनत नाहिन जू ।
गनिका गज गीध अजामिल के ,
गनि पातक पुंज सिराहिं न जू ।
लिये वारक नाम सुधाम दिये ,
जेहि धाम महामुनि जाहिं न जू ॥
तुलसी भजु दीनदयालहि रे ,
रघुनाथ अनाथनदाहिन जू ॥
प्रभु सत्य करी प्रहलादगिरा ,
प्रगटे नरकेहरि षंभ महा ।
झषराज ग्रस्यो गजराज कृपा ,
ततकाल विलंब कियो न तहां ।
सुर साषी दै राषी है पांडुवधू ,
पट लूटत कोटिक भूप जहां ।
तुलसी भजु सोचुविमोचन को ,
जनको प्रन राम न राष्यो कहां ॥
तेरे विसाहे विसाहत औरनि ,
और बिसाहि कै बेचनहारे ।
व्योम रसातल भूमि भरे नृप ,
कूर कुसाहब से तिहुं षारे ।
तुलसी तेहि सेवत कौन मरै ,
रजते लघु को करै मेरु ते भारे ।
स्वामि सुसील समर्थ सुजान सो ,
तोसों तुहीं दशरत्थदुलारे ॥
सूर सिरताज महाराजन के महाराज ,
जाको नाम लेत ही सुषेत होत ऊसरो ।
साहब कहां जहान जानकीस सो सुजान ,
सुमिरे कृपाल के मराल होत षूसरो ।

केवट पषान यातुधान कपि भालु तारे,
अपनायो तुलसी सो धींग धमधूसरो।
बोल को अटल बांह को पगार दीनबंधु,
दूबरो को दानि को दयानिधान दूसरो॥
नाम लिये पूत को पुनीत किये पातकीश
आरति निवारी प्रभु पाहि कहे पील की।
छलिन की छौड़ी सो निगोड़ी छोटी जाति पाँति,
कीन्ही लीन आपु में भामिनी भौंड़े भील की।
तुलसीओ तारिबो बिसारिबो न अंत मोहूं
नीके है प्रतीत रावरे सुभाव शील की।
देव तौ दयानिकेत देत दादि दीनन की
मेरी बार मेरे ही अभाग नाथ ढील की॥
आगे परे पाहन कृपा किरात कोलिनी,
कपीस निसिचर अपनाये नाये माथ जू।
साँची सेवकाई हनुमान की सुजान राय,
ऋनियाँ कहाये हौ बिकाने ताके हाथ जू।
तुलसी के षोटे षरे होत ओट नामही की,
म्हैगी माटी मगहू की मृगमद साथ जू।
बात चले बात को न मानिबो बिलग बलि,
काकी सेवा रीझि को निवाजो रघुनाथ जू॥
कौसिक की चलत पषान की परस पाइ
टूटत धनुष बनिगई है जनक की।
कोल पसु शवरी बिहंग भालु रातिचर,
रतिन के लालचिन प्रापति मनन की।
कोटि कला कुशल कृपाल नतपाल बाल,
बातहू कितेक तृन तुलसी तनक की।
राय दशरथ के समर्थ राम राजमनि,
तेरे हेरे लोपै लिपि बिधिहू गनक की॥

भीत बालिबँधु पूत दूत दशकंधबंधु,
सचिव सराध कियो शबरी जटाय को।
लंक जरी जोहै जिय शोच सो बिभीपन को,
कहौ ऐसे साहब की सेवा न पटाय को।
बड़े एक एकते अनेक लोक लोकपाल,
अपने अपने को तौ कहै गो घटाय को।
सांकरे के सेइबे सराहबे सुमिरबे को,
राम सो न साहब न कुमतिकटाय को॥
भूमिपाल व्यालपाल नाकपाल लोकपाल,
कारन कृपाल मैं सबै के जी की थाह ली।
कादर के आदर काहू के नाहिं देषियत,
सबनि सुहात है सेवा सुजान टाहली।
तुलसी सुभाय कहै नही कछु पच्छपात,
कौने ईस किये कीस भालु पास माहली,
रामही के द्वार पै बोलाय सनमानियत
मोसे दीन दूबरो कपूत कूर काहली॥
सेवा अनुरूप फल देत भूप कूप ज्यों,
बिहीन गुन पथिक पियासे जात पत्थ के।
लेषे जोषे चोखेचित तुलसी स्वारथहित,
नीके देखे देवता देवैया घने गत्थ के।
गीध मानो गुरु कपि भालु मानो मीत कै,
पुनीत गीत साके सब साहब समत्थ के।
और भूप परषि सुलाषि तौलि ताइ लेत,
लसम के खसम तुही पै दशरत्थ के॥
रीति महाराज की निवाजिये जो माँगनो सो,
दोष दुष दारिद दरिद्र कै कै छोड़िये।
नाम जाको कामतरु देत फल चारि ताहि,
तुलसी विहाइ कै बबूर रेंड गोड़िये।

याचै को नरेश देस देस को कलेम करैं,
देहैं तो प्रसन्न ह्वै बड़ी बड़ाई बोड़िये।
कृपापाथनाथ लोकनाथनाथ सीतानाथ,
तजि रघुनाथ हाथ और काहि जोड़िये॥
सो जननी सो पिता सोइ भ्रात,
सो भामिनि सो सुत सो हित मेरो।
सोई सगो सो सखा सोइ सेवक,
सो गुरु सो सुर साहब चेरो।
सो तुलसी प्रिय प्रान समान,
कहो लौं बनाइ कहौ बहुतेरो।
जो तजि देह को गेह को नेह,
सनेह सो राम को होय सबेरो॥
राम हैं मातु पिता सुत बंधु
और संगि सखा गुरु स्वामि सनेही।
राम की सौहैं भरोसो है राम को
राम रंगी रुचि राचौ न केही।
जीवत राम मुये पुनि राम
सदा रघुनाथहि की गति जेही।
सोई जिये जग में तुलसी न ते
डोलत और मुये धरि देही॥
सिय-राम-स्वरूप अगाध अनूप
विलोचनमीनन को जलु है
श्रुति रामकथा मुख राम को नाम
हिये पुनि रामहिं को थलु है
मति रामहिं सो गति रामहि सों
रति राम सोँ रामहिं को बलु है
सबकी न कहै तुलसी के मते
इतनो जग जीवन को फलु है॥

काम से रूप प्रताप दिनेस से
सोम से सील गनेस से माने
हरिचंद से सांचे बड़े विधि से
मघवा से महीप विषयसुषसाने ॥
सुक से मुनि सारद से बकता
चिरजीवन लोमस ते अधिकाने ॥
ऐसे भये तो कहा तुलसी
जोपै राजिवलोचन राम न जाने ।
झूमत द्वार अनेक मतंग
जंजार जरे मदअंबु चुचाते ।
तीषे तुरग मनो गति चचल
पौन के गौनहुं ते बढ़ि जाते ।
भीतर चंद्रमुषो अवलोकति
बाहर भूप षड़े न समाते ।
ऐसे भये तौ कहा तुलसी
जो पै जानकीनाथ के रंग न राते ॥
कूसगात ललात जो रोटिन को
घर बात धरे षुरपा षरिया ।
तिन सोने के मेरु से ढेर लहे
मन तौ न भरो घर पै भरिया ।
तुलसी दुष दूनो दसा दुहुं देष
कियो मुष दारिद को करिया ।
तजि आस भो दास रघूपति को
दसरत्थ को दानि दयादरिया ॥
जबै यमराज रजासु ते मोहिं
लै चलिहैं भट बांधि नटैया ।
तात न मात न स्वामि सषा
सुत बंधु विशाल विपत्ति बटैया ।

शामति घोर पुकारत आरत
कौन सुनै चहुं ओर डटैया।
एक कृपालु तहां तुलसी
दशरथ को नंदन बंदि कटैया॥
जहां यमयातन घोर नदी भट
कोटि जलच्चर दंत टेवैया।
जहँ धार भयंकर वार न पार
न बोहित नाव न नीक षेवैया।
तुलसी जहँ मात पिता न सपा
नहिं कोऊ कहूँ अवलंब देवैया।
तहाँ बिनु कारन राम कृपालु
बिशाल भुजा गहि काढ़ि लेवैया॥
पातक पीन कुदारिद दीन
मलीन धरे कथरी करवा है।
लोक कहै विधि हू न लिष्यो
सपनेहूं नहीं अपने बर वाहै।
राम को किंकर सो तुलसी
समुझे ही भलो कहबो नरवा है।
ऐसे को ऐसो भयो कबहूं न
भजे बिन बानर के चरवाहै॥
मात पिता जग जाय तज्यो
विधि हू न लिषो कछु भाल भलाई।
नीच निरादरभाजन कादर
कूकुरटूकन लागि ललाई।
रामस्वभाव सुन्यो तुलसी
प्रभु सों कह्यो बारक पेट खलाई।
स्वारथ को परमारथ को
रघुनाथ सो साहब षोरि न लाई॥

राग कौन साज न विराग योग याग जिय
कायर न छांडि देत ठाटिबो कुठाट को।
मनोराज करत अकाज भयो आजु लगि
चाहै चारु चीर पै लहै न टूक टाट को।
भयो करतार बड़े कूर को कृपालु अति
पायों नाम पारस हौं लालची बराट को।
तुलसी बनी है राम रावरे बनाये नातौ
धोबी कैसो कूकुर न घर को न घाट को॥
ऊंचो मन ऊंची रुचि भाग नीचो निपटही
लोक रीति लायक न लंगर लबारु है।
स्वारथ अगम परमारथ की कहा चली
पेट की कठिन जग जीव को जवारु है।
चाकरी न आकरी न खेती न बनिज भीष
जानत न कूर कछू किसम कबारु है।
तुलसी की बाजी राषी रामही के नाम नतु
भेंट पितरन कों न मूंडहू में बारु है॥
जाति के सुजाति के कुजाति के पेटागि वश
षाये टूक सब के विदित बात दुनी सो
मानस वचन काय किये पाप सतिभाय।
राम को कहाय दास दगाबाज पुनी सो।
राम नाम को प्रभाव पाव महिमा प्रताप
तुलसी सो जग मानियत महामुनी सो।
अति ही अभागे अनुरागत न रामपद
मूढ़ एतो बड़ो अचरज देषी सुनी सो॥
जायो कुल मगन बधायो न बजायो सुनि
भयो परिताप पाप जननी जनक को।
बारे ते ललात बिललात द्वार द्वार दीन
जानत हौं चारि फल चारिहि चनक को।

तुलसी सो साहब समर्थ के सुसेवकहि
सुनत सिहात शोच विधिहू गनक को।
नाम राम रावरो सयानो किधौं बावरो जो
करत गिरी ते गरू तृन ते तनक को॥
बबुर बहेरे को बनाय बाग लाइयत
रूँधिबे को सोऊ सुरतरु काटियतु हैं।
गारी देत नीच हरिचंद दधीचहू को
आपने चना चबाय हाथ चाटियत हैं।
आप महापातकी हँसत हरि हरहू को
आपु हैं अभागी भूरि भागी डाटिअतु हैं।
कलिकी कलुष मन मलिन किये महत
मशक की पाँसुरी पयोधि पाटियत हैं॥
देवसरि सेवौं वामदेव गांव रावरे ही
नाम रामही के माँगि उदर भरत हौं।
दीबे योग तुलसी न लेत काहू को कछु
लिषो न भलाई भाल पोच न करत हौं।
एते परहू कोऊ जो रावरे ह्वै जोर करै
ताको जोर देवदीन द्वारे गुदरत हौं।
पाय कै उराहनो उराहनो न दीजै मोहिं
कालि कला काशीनाथ कहे निबरत हौं॥
चेरो राम राय को सुयश सुनि तेरो हर
पायँतर आप रह्यो सुरसरितीर हौं।
वामदेव राम को सुभाव सील जानियत
नातो नेह जानियत रघुवीरभीर हौं।
अधिभूत वेदन विषम होत भूतनाथ
तुलसी विकल पाहि पचत कुपीर हौं।
मारिये तौ अनायास कासीवास षासफल
ज्याइये तौ कृपा करि निरुज सरीर हौं॥

जीवे की न लालसा दयालु महादेव मोहिं
मालुम है तोहिं मरिबेई को रहत हौं।
कामरिपु राम के गुलामनि को कामतरु,
अवलंब जगदंब सहित चहत हौं।
रोग भयो भूत सों कुसूत भयो तुलसी को
भूतनाथ पाहि पदपंकज गहत हौं।
ज्याइये तो जानकीजीवनजन जानि जिय
मारिये तौ मांगी मीच सूधिये कहत हौं॥

विनयपत्रिका

गाइये गनपति जगबंदन ।
शंकरसुवन भवानीनंदन ॥
सिद्धिसदन गजवदन विनायक ।
कृपासिंधु सुंदर सब लायक ॥
मोदकप्रिय मुदमंगलदाता ।
विद्यावारिधि बुद्धिविधाता ॥
माँगत तुलसिदास कर जोरे ।
बसहिं राम सिय मानस मोरे ॥

कबहुंक अंब अवसर पाय ।
मेरिऊ सुधि द्यायबी कछु करुनकथा चलाय ॥
दीन सबअंगहीन छीन मलीन अघी अघाय ।
नाम लै भरै उदर एक प्रभुदासीदास कहाय ॥
बूझिहैं सो है कौन कहिवी नाम दशा जनाय ।
सुनत राम कृपाल के मेरी बिगरिउ बनि जाय ॥
जानकी जगजननि जन की किये बचन सहाय ।
तरै तुलसीदास भव तव नाथ गुन गन गाय ॥

कबहुं समय सुधि द्यायबी मेरी मातु जानकी ।
जन कहाय नाम लेत हौं पन
चातक ज्यों प्यास प्रेमपान की ॥
सरल प्रकृति आप जानिये,
करुनानिधान की ।
निज गुन अरिकृत अनहितौ दासदोष
सुरति चित रहत न दिये दानकी ॥
बानि बिसारनशील है,
मानद अमान की ।

तुलसिदास न बिसारिये मन क्रम वचन
जाके सपनेहुं गति नहिं आनकी ॥
जयति सदसतचित्तव्यापकानंदपद,
ब्रह्मविग्रह व्यक्त लीलावतारी ।
विकल ब्रह्मादि सुरसिद्ध संकोच वश,
विमल गुन गेह नरदेहधारी ॥
जयति कौशलाधीश कल्यान कोशलसुता
कुशल कैवल्य फल चारु चारी ।
वेदबोधित कर्म धर्म धरनीधेनु,
विप्र सेवक साधु मादकारी ॥
जयति ऋषिमषराल शमन सज्जनमाल,
शापवश मुनिवधू पापहारी ।
भंजि भवचाप दलि दाप भूपावली सहित
भृगुनाथ नतमाथ भारी ॥
जयति धर्मिक धुर धीर रघुवीर
गुरु मातु पितु बन्धु बचनानुसारी ।
चित्रकूटादि विंध्यादि दंडक विपिन,
धन्यकृतपुण्यकाननविहारी ॥
जयति पाकारिसुतकाककरतूति-
फलदानि षनि गर्वगोपितविराधा ।
दिव्य देवीवेष देषि लषि निश्चरी,
जनु विडंवित करी विश्वबाधा ॥
जयति षर त्रिशिर दूषन चतुर्दश सहस,
सुभट मारीच संहारकर्त्ता ।
गृद्धशबरीभक्तिविवस करुनासिंधु,
चरित निरुपाधि त्रिविध ताप हर्ता ॥
जयति मदअंध कुकबंध बधि वालि-
बलशालिवध करन सुग्रीव राजा ।

सुभट मर्कट भालु कटक संघट सजत,
नमत पद रावनानुज निवाजो ॥
जयति पाथोधिकृत सेतु कौतुक हेतु,
कालमनअगम लइ ललकि लंका ।
सकल सानुज दल दलित दशकंठ,
रन लोक लोकप किये रहित शंका ।
जयति सौमित्र सीता सचिव सहित चले ,
पुष्पकारूढ़ निज राजधानी ।
दास तुलसी मुदित अवधबासी सकल
राम भए भूप वैदेहि रानी ॥
जयति राजराजेन्द्र राजीवलोचन राम,
नाम कलिकामतरु श्यामशाली ।
अनयअंबोधिकुंभजनिशाचरनिकर-
तिमिरघनघोर खरकिरनमाली ॥
जयति देव मुनि देवनर देव दशरत्थ के,
देवमुनिवंद्य किय अवधबासी ।
लोकनायक कोकशोकसंकटशमन,
भानुकुलकमलकाननबिकासी ॥
सकल सौभाग्य सौंदर्य सुषमारूप,
मनोभव कोटि गर्वापहारी ।
जयति सुभग सारंग सुनिषंगशायक,
शक्ति चारु चर्मासिवरवर्म धारी ।
जयति कलधौतमनिमुकुट कुंडल,
तिलक छलक भलि भाल विधुवदनशोभा ।
दिव्य भूषन वसन पीतउपवीत किये ,
ध्यान कल्यान भाजन न कोभा ॥
जयति भरत सौमित्र शत्रुघ्न सेवित सुमुख ,
सचि सेवक सुषद सर्व दाता ।

अधम आरत दीन पतित पातक पीन ,
सकृत नतमात्र कहें पाहि पाता ॥
जयति भुवनदशचारि यश जगमत ,
पुन्यमय धन्य जय राम राजा ।
चरित सुरसरित कवि मुख्यगिरिनिःसरित ,
पिवत मज्जत मुदित सह समाजा ॥
जयति वर्णाश्रमाचारपर नारि नर ,
सत्य शम दम दया दानशीला ।
विगत दुख दोष संतोष सुष सर्वदा ,
सुनत गावत रामराजलीला ॥
जयति वैराग्यविग्यानवारांनिधे
नमत नर्मद पापतापहर्ता ।
दास तुलसी चरनशरन संशय-
हरन देहि अवलंब वैदेहिभर्ता ॥
श्रीरामचन्द्र कृपाल भजु मन हरन भवभयदारुनं ।
नव कंज लोचन कंज मुष कर कंज पद कंजारुनं ॥
कंदर्प अगनित अमित छवि नव नील नीरज सुंदरं ।
पट पीत मानहुं तड़ित रुचि शुचि नौमि जनकसुतावरं ॥
भजु दीनबंधु दिनेश दानवदैत्यवंशनिकंदनं ।
रघुनंद आनंदकंद कौशलचंद दशरथनंदनं ।
शिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदार अंग विभूषनं ।
आजानु भुज शर चापधर संग्रामजित षरदूषनं ॥
इति वदत तुलसीदास शंकर शेषमुनिमनरंजनं
मम हृदयकंज निवास कर कामादि षलदलगंजनं ॥
सदा राम जपु राम जपु राम जपु राम ,
जपु राम जपु मूढ़ मन बार बरं ।
सकल सौभाग्य सुषषानि जिय जानि
शठ मान विश्वास वद वेदसारं ।

कौशलेन्द्र नवनीलकंजाभतन ,
मदनरिपुकंजहृदचंचरीकं ।
जानकीरमन सुषभवन भुवनैकप्रभु ,
समरभंजन परम कारुनीकं ॥
दनुजवनधूमध्वज पीन आजानु ,
भुजदंड कोदंडकर चंडवानं ।
अरुन कर चरन मुष नयन राजीव ,
गुनअयन बहु मयनशोभानिधानं ॥
वासनावृंद कैरव दिवाकर ,
काम क्रोध मद कंज कानन तुषारं ।
लोभ अभिमत्त नागेंद्र पंचाननं ,
विप्रहित हरन संसारभारं ॥
केशवं क्लेशहं केशवंदितपदद्वन्द्व ,
मंदाकिनीमूलभूतं ।
सर्वदानंदसंदोह मोहापहं
घोरसंसारपाथोधिपोतं ॥
शोक संदोहपाथोदपटलाविलं ,
पापपर्वतकठिनकुलिशरूपं ।
संत जन कामधुक धेनु विश्रामप्रद
नाम कलिकलुपभंजनमनूपं ॥
धर्म कलपद्रुमारामहरिधामपथ ,
सबल मूलमिदमेवमेक ॥
भक्ति वैराग्य विग्यान समदान दम ,
नाम आधीन साधन मेकं ॥
तेन तप्तं हुतं दत्त मेवाषिलं ,
तेन सर्वं कृतं कर्मजालं ।
येन श्रीरामनामामृतं पान कृत ,
मनिशमनवद्यमवलोककालं ॥

श्वपच षल भील यमनादि हरिलोकगत ,
नामबल विपुल मति मलिन परसी ।
त्याग सर्वास संत्रास भवपास असि-
निसित हरिनाम जप दास तुलसी ॥
देव दनुजवनदहन गुनगहन गोविंद
नंदादिआनंददाता ऽविनाशी ।
शंभु शिव रुद्र शंकर भयंकर भीम ,
घोर तेजायतन क्रोधराशी ॥
नांत भगवंत जगदंत अंतक-
त्रास शमन श्रीरमन भुवनाभिरामं ।
भूधराधीश जगदीश ईशान विग्यान ,
घनग्यानकल्यानधामं ।
बामनाव्यक्त पावन परावर विभो ,
प्रगट परमातमा प्रकृतिस्वामी ।
चन्द्रशेषर शूलपानि हर अनघ ,
अज अमित अविच्छिन्न वृषभेशगामी ।
नील जलदाभतनु श्याम बहु काम छबि ,
राम राजीवलोचन कृपाला ॥
कंबुकरपूरवपु धवल निर्मल मौलि ,
जटा सुरतटिनि सित सुमनमाला ।
वसन किंजल्कधर चक्र सारंग दर ,
कंज कौमोदकी अति बिशाला ।
मारकरिमत्तमृगराज त्रयनयन हर ,
नौमि अपहरनसंसारज्वाला ॥
कृष्ण करुना भवन दवन कालीय ,
षल विपुल कंशादि निरवंशकारी ॥
ब्रह्म व्यापक अकल सकल पर
परम हित ग्यानगोतीत गुनवृत्तिहर्ता ।

सिंधुसुतगर्व्वगिरिवज्र गौरीश भव
दक्षमखअखिलविध्वंसकर्ता ॥
भक्तिप्रिय भक्तजनकामधुकधेनु
हरि हरन दुर्घट विकट विपति भारी ।
सुखद नर्मदवरद विरज अनवद्य ,
खिलविपिन आनन्द बीथिन्हविहारी ॥
रुचिर हरिशंकरी नाम मंत्रावली ,
द्वंदुखहरनि आनंदखानी ।
विष्णुशिवलोकसोपान सम सर्वदा ,
वदत तुलसीदास विशद वानी ॥८
देव भानुकुलकमल रविकोटिकंदर्प ,
छबि काल कलिव्यालमिव वैनतेयं ।
प्रबल भुजदंड परचंड कोदंडधर ,
तून वर विशिष बलमप्रमेयं ।
अखिललावन्यगृह विश्वविग्रह ,
परम प्रौढ गुनगूढ़ महिमा उदारं ॥
दुर्द्धर्ष दुस्तर दुर्ग स्वर्ग अपवर्ग-
पति भग्न संसारपादपकुठारं ॥
शापबस मुनिवधू मुक्तकृत विप्रहित
यग्यरच्छनदच्छपच्छकर्ता ।
जनकनृपसदसि शिवचापभंजन ,
उग्रभार्गवगर्वगरिमापहर्ता ॥
गुरुगिरागौरव अमर सुदुस्त्यज ,
राज्यत्यक्त सहित सौमित्र भ्राता ।
संग जनकात्मजा मनुजमनुसृत्य अज
दुष्ट बध निरत त्रैलोक्यत्राता ॥
दंडकारन्य कृत पुन्यपावन ,
चरनहरन मारीचमाया कुरंगं ।

बालि बलमत्तगजराज इव केशरी
सुहृद सुग्रीवदुखराशिभंगं ॥
रिच्छ मर्कट विकट सुभट उद्भट समर,
शैलसंकास रिपुत्रासकारी ।
बद्ध पाथोधि सुरनिकरमोचन सकुल
दलन दससीश भुजबीस भारी ॥
दुष्ट विबुधारिसंघात अपहरन
महिभार अवतारकारन अनूपं ।
अमल अनवद्य अद्वैत निर्गुन सगुन,
ब्रह्म सुमिरामि नरभूपरूपं ॥
शेष श्रुति शारदा शंभु नारद सनक,
गनत गुन अंत नहि तव चरित्रं ।
राम कामारिप्रिय अवधपति सर्वदा,
दासतुलसी त्रासनिधिवहित्रं ॥
जानकीनाथ रघुनाथ रागादि तम
तरनि तारुण्य तम तेजधामं ।
सच्चिदानंद आनंदकंदाकरं,
विश्वविश्राम रामाभिरामं ॥
नीलनवबारिधरसुभग शुभकांति कर,
पीत कौशेयवर बसनधारी ।
रत्नहाटकजटित मुकुट मंडित मौलि,
भानु शत सदृश उद्योतकारी ॥
श्रवन कुंडल भालतिलक भ्रू रुचिर अति,
अरुन अंभोजलोचन विशालं ।
बक्र अवलोक त्रैलोकशोकापहं,
माररिपुहृदयमानसमरालं ॥
नासिका चारु सुकपोल द्विज बज्रद्युति,
अधर बिंबोपमा मधुर हासं ।

कंठदर चिवुक वर बचन गंभीर तर ,
सत्यसंकल्प सुरत्रासनाशं ॥
सुमन सुविचित्र नव तुलसिकादलयुतं ,
मृदुल बनमाल उर भ्राजमानं ।
भ्रमत आमोद बस मत्त मधुकर निकर ,
मधुरतर मुषर कुर्वंति गानं ॥
सुभग श्रीवत्स केयूर कंकन हार,
किंकिनी रटति कटितट रसालं ।
वामदिशि जनकजासीन सिंहासनं ,
कनक मृदुबल्लिवत तरु तमालं ॥
आजानु भुजदंड कोदंड मंडित,
बामबाहु दच्छिन पानि बानमेकं ।
अषिल मुनिनिकर सुर सिद्ध गंधर्ववर ,
नमत नर नाग अवनिप अनेकं ॥
अनघ अनछिन्न सर्वग्य सर्वेश षलु ,
सर्वतोभद्र दाता ऽस्माकं ।
प्रनतजन षेदविच्छेद विद्यानिपुन ,
नौमि श्रीराम सोमित्रसाकं ।
युगलपदपद्म सुषसद्म पद्मालयं ,
चिन्ह कुलिशादि शोभातिभारी ॥
हनुमन्तहृदिविमलकृतपरम मन्दिर सदा ,
दास तुलसी शरन शोकहारी ॥
कौशलाधीश जगदीश जगदेकहित,
अमित गुन बिपुल विस्तार लीला ।
गायंति तव चरित सुपवित्र श्रुति शेष शुक,
शंभु सनकादि मुनि मननशीला ॥
बारिचरवपुषधर भक्त निस्तार पर
धरनिकृत नाव महिमातिगुर्वी ॥

सकल यज्ञांशमयउग्र विग्रह क्रोड,
मर्दि दनुजेश उद्धरन उर्वी ।
कमठ अति विकट तनु कठिन पृष्ठोपरी,
भ्रमत मन्दर कंडु इव सुख मुरारी ।
प्रगटकृत अमृत गो इन्दिरा इन्दु,
वृन्दारकावृन्द आनन्दकारी ।
मनुज मुनि सिद्ध सुर नाग त्रासक,
दुष्ट दनुज द्विजधर्ममर्यादहर्ता ।
अतुल मृगराजवपु धरित विद्दरित
अरिभक्तप्रह्लाद अह्लादकर्ता ॥
छलन बलि कपट बटुरूप वामन ब्रह्म ,
भुवन पर्यन्त पद तीनि करनं ।
चरननख नीर त्रैलोक्यपावन परम ,
विबुधजननीदुसहशोकहरनं ,
क्षत्रियाधीशकरिनिकर वर केशरी,
परशुधर बिप्रससि जलदरूपं ,
बीसभुजदंड दसशीशखंडन चंड
बेग शायक नौमि रामभूपं ॥
भूमिभरभारहर प्रगट परमातमा,
ब्रह्म नररूपधर भक्तहेतू ।
वृष्णिकुलकुमुद राकेश राधारमन,
कंसवशाटवीधूमकेतू ॥
प्रबल पाषंड महिमंडलाकुल दिषि,
निन्दकृत अषिल मषकर्मजालं ।
शुद्धबोधैकघनज्ञान गुनधाम
अज बुद्ध अवतार वंदे कृपालं ॥
कालकलिजनितमलमलिनमन सर्बनर ,
मोहनिशि निबिड यवनान्धाकरं ।

बिष्णुयशपुत्र कलकी दिवाकर उदित,
दास तुलसी हरन बिपतिभारं ॥
सकल सौभाग्यप्रद सर्वतोभद्र निधि,
सर्व सर्वेश सर्वाभिरामं ।
शर्वहृदिकञ्जमकरंदमधुकर रुचिर
रूप भूपालमनि नौमि रामं ॥
सर्ब सुषधाम गुनग्राम बिश्रामप्रद,
नाम सर्बास्पदमति पुनीतं ।
निर्मलं शान्त सुविशुद्ध बोधायतन,
क्रोधमदहरन करुनानिकेतं ॥
अजित निरुपाधि गोतीतमव्यक्त,
बिभुमेकमनवद्यमजमद्वितीयं ।
प्राकृतं प्रगट परमातमा परमहित,
प्रेरकानन्त वंदे तुरीयं ॥
भूधरं सुन्दरं श्रीवरं मदनमद,
मथनसौंदर्यसीमातिरम्यम् ।
दुःप्राप्य दुःप्रेक्ष्य दुःस्तर्क्य दुःपार
संसारहर सुलभ मृदु भावगम्यम् ॥
सत्यकृत सत्यरत सत्यव्रत सर्वदा,
पुष्ट संतुष्ट संकष्ठहारी ।
धर्मवर्मनि ब्रह्म कर्मबोधैक,
द्विजपूज्य ब्रह्मण्यजनप्रिय मुरारी ॥
नित्य निर्मम नित्यमुक्त निर्मानहरि,
ग्यानघन सच्चिदानंद मूलं ।
सर्वरक्षकं सर्वभक्तकाध्यक्ष,
कूटस्थगूढार्चि भक्तानुकूलं ॥
सिद्धसाधक साध्यवाच्यवाचक,
रूपमंत्र जापक जाप्य सृष्टिस्रष्टा ।

परमकारन कंजनाभ जलदाभतनु ,
सगुन निर्गुन सकल दृश्य द्रष्टा ॥
व्योम व्यापक बिरज ब्रह्म वरदेश,
वैकुंठ वामन विमल ब्रह्मचारी ।
सिद्ध वृंदारकावृंद वंदित सदा ,
खंडि पाखंडनिर्मूलकारी ।
पूरनानंदसंदोह अपहरन ,
संमोह अग्यान गुनसन्निपातं ।
बचनमनकर्म गत शरन ,
तुलसीदासत्रासपाथोधि इव कुम्भजातं ॥
देव विश्व विख्यात विश्वेस विश्वायतन ,
विश्व मरयाद व्यालादगामी ।
ब्रह्म वरदेश वागीश व्यापक विमल ,
विपुल वलवान निर्वानस्वामी ॥
प्रकृति महतत्त्व शब्दादि गुन देवता ,
व्योम मरुदग्निअमलांबु उर्वी ।
बुद्धि मन इंद्रियप्रान चित्तात्मा ,
कालपरमानु चिच्छक्ति गुर्वी ॥
सर्वमेवात्र त्वद्रूप भूपालमनि ,
व्यक्तमव्यक्त गतभेद विष्णो ।
भुवनभवदंग कामारिवंदित पद-
द्वंद मंदाकिनीजनक जिष्णो ॥
आदि मध्यान्त भगवंत त्वं सर्वगत
मीश पश्यन्ति ये ब्रह्मवादी ।
यथा पट तंतु घट मृत्तिका सर्प स्रग
दारु करि कनक कटकांगद दी ॥
गूढ़ गंभीर गर्वघ्न गूढार्थवित ,
गुप्त गोतीत गुरु ग्यानग्याता ।

ध्येय ध्यानप्रिय प्रचुरगरिमागार,
घोरसंसारपरपारदाता ॥
सत्यसंकल्प अतिकल्प कल्पान्तकृत,
कल्पनातीत अहितल्पबासी।
बनजलोचन बनजनाभ बनदाभवपु,
बनचरध्वजकोटिलावण्यरासी।
सुकर दुष्कर दुराराध्य दुर्व्यसनहर
दुर्ग दुर्द्धर्ष दुर्गार्तिहर्त्ता।
वेदगर्भार्भकादभ्र गुनगर्व,
अर्वाकपर गर्बनिर्वापकर्ता ॥
भक्तअनुकूल भवशूलनिर्मूलकर,
तूलअघ नाम पावकसमानं।
तरलतृष्णातमीतरनि धरनीधरन,
शरन भयहरन करुनानिधानं।
बहुल वृन्दारु वृन्दारकावृन्द
पदद्वन्द मंदारमालोरधारी।
पाहि मामीश संतापसंकुल सदा,
दासतुलसी प्रनत, रावनारी ॥
देव दनुजसूदन दयासिंधु दम्भापहन,
दहन दुर्दोष दुःपाप हर्ता।
दुष्टतादमन दमभवन दुःखौघहर,
दुर्गदुर्वासनानाशकर्ता ॥
भूरि भूषन भानुमंत भगवंत,
भवभंजनाभयद भुवनेश भारी।
भावनातीत भवबद्य भव भक्तहित,
भूमिउद्धरन भूधरनधारी ॥
वर बदन बनदाभ वागीश विश्वायतन,
बिरज बैकुंठमंदिरबिहारी।

व्यापक व्योम वृन्दारु वामन विभो ,
ब्रह्मविन ब्रह्म चिन्तापहारी ॥
सहज सुंदर सुमुष सुमन शुभ सर्वदा ,
शुद्ध सर्वग्य स्वच्छन्दचारी ।
सर्वजित सर्वभृत सर्वकृत सर्वहित ,
सत्यसंकल्प कल्पान्तकारी ॥
नित्य निर्मोह निर्गुन निरंजन,
निजानंद निर्वान निर्वानदाता ।
निर्भरानंद निष्कम्प निस्सीम
निर्मुक्त निरुपाधि निर्मम विधाता ॥
महामगलमूल मोदमहिमायतन,
मुग्धमधुमथन मानद अमानी ।
मदनमर्दनमदातीत मायारहित
मंजु मानाथ पाथोजपानी ॥
कमललोचन कलाकोश कोदंडधर,
कोशलाधीश कल्यानराशी ।
यातुधानप्रचुरमत्तकरिकेशरी ,
भक्तमन पुन्य आरन्यबासी ॥
अनघ अद्वैत अनवद्य अव्यक्त अज ,
अमित अविकार आनदसिधो ।
अचल अनिकेत अविरल अनामय,
अनारम्भ अंभोदनादघ्नबन्धो ॥
दास तुलसी षेदषिन्न आपंन इह ,
शोकसंपंन अतिशय सभीतं ।
प्रनतपालक राम करुनाधाम,
पाहि मामुर्विपति दुर्विनीतं ॥
देव देहि अवलंब कर कमल,
कमलारमन दमन दुषशमन संताप भारी ।

अग्यानराकेशग्रासनविधुंतुद गर्व,
कामकरिमत्तहरि दूषनारी ।
बपुष ब्रह्मांण्ड सुप्रबृत्ति लंकादुर्ग
रचित मन दनुजमय रूपधारी ।
बिबिध कोशौघ अति रुचिर मंदिर निकर
सत्यगुन प्रमुषत्रयकटककारी ॥
कुनपअभिमानसागर भयंकर घोर,
बिपुल अवगाह दुस्तर अपारं ।
नक्ररागादि सकुल मनोरथ सकल
संग संकल्प बीचीबिकारं ॥
मोह दशमौलि तदभ्रात अहंकार,
पाकारिजित काम बिश्रामहारी ।
लोभ अधिकाय मत्सर महोदर दुष्ट,
क्रोध पापिष्ठ बिबुधान्तकारी ॥
द्वेष दुर्मुष दंभ षर अकंपन कपट
दर्प मनुजाद मद शूलपानी ।
अमितबल परमदुर्जय निशाचरनिकर,
सहित षड्‌बर्ग गो यातुधानी ॥
जीव भवदंघ्रिसेवक बिभीषन बसत,
मध्य दुष्टाटवी ग्रसितचिन्ता ।
नियमयम सकल सुरलोक लोकेश
लंकेश बश नाश अत्यंत भीता ॥
ग्यान अवधेश गृह गेहनी भक्ति शुभ,
तत्र अवतार भू भारहर्ता ।
भक्त संकष्ट अवलोक पितुवाक्य कृत,
गमन किय गहन बैदेहिभर्ता ॥
कैवल्य साधन अषिल भालु मर्कट्ट विपुल,
ग्यानसुग्रीवकृत जलधिसेतू ।

प्रबल वैराग्य दारुन प्रभंजनतनय,
विषयवनभवनमिव धूमकेतू ॥
दुष्टदनुजेशनिर्वंशकृत दासहित,
विश्वदुषहरन बोधैकरासी।
अनुज निज जानकी सहित हरि सर्वदा
दास तुलसीहृदयकमलवासी ॥
देव दीनउद्धरन रघुवर्य करुनाभवन,
शमनसंताप पापौघहारी।
विमल विग्यानविग्रह अनुग्रहरूप,
भूपवर विबुधनर्मद षरारी ॥
संसारकान्तार अति घोर गंभीर घन,
गहन तरुकर्मसंकुल मुरारी।
वासनावल्लिपरकंटकाकुल विपुल,
निबिड विटपाटवी कठिन भारी ॥
बिविध चितवृत्ति षग निकर सेनोलूक,
काक बक गृद्ध आमिषअहारी।
अषिल षल निपुन छलछिद्र निरषत सदा,
जीवजनपथिकमन षेदकारी ॥
क्रोध करिमत्त मृगराज कंदर्प मद
दर्प वृक भालु अति उग्रकर्मा।
महिष मत्सर क्रूर लोभ शूकररूप,
फेरु छल दंभ मार्जारधर्मा ॥
कपट मरकट बिकट व्याघ्र पाषंड
मुष दुषद मृगव्रात उत्पातकर्त्ता।
हृदय अवलोकि यह शोक शरनागतं
पाहि मां पाहि भो विश्वभर्त्ता ॥
प्रबल अहंकार दुर्घट महीधर महा,
मोह गिरिगुहा निबिडांधकारं।

चित्त बेताल मनुजाद मन प्रेतगन
रोगभोगौघ वृश्चिकविकारं ॥
विषयसुषलालसा दंशमसकादि,
षल झिल्लि रूपादि सब सर्पस्वामी ।
तत्र आक्षिप्त तव विषम मायानाथ,
अंध मैं मंद व्यालादगामी ॥
घोरअवगाह भवआपगा पाप,
जलपूर दुःप्रेक्ष दुस्तर अपारा ।
मकरषड्वर्ग गोनक्रचक्राकुला,
कूल शुभ अशुभ दुष तीव्र धारा ॥
सकल संघट्ट पोत्र शोच बस सर्वदा,
दासतुलसी बिषमगहनग्रस्तं ।
त्राहि रघुवंशभूषण कृपाकर
कठिनविकरालकलित्रासत्रस्तं ॥
बंदौं रघुपति करुनानिधान ।
जातें छूटै भवभेदग्यान ॥
रघुबंशकुमुद सुषप्रदनिशेष ।
सेवित पदपंकज अज महेश ॥
निज भक्तहृदय पाथोजभृंग ।
लावन्यबपुष अगनित अनंग ॥
अति प्रबल मोहतम मारतंड ।
अग्यानगहन पावक प्रचंड ॥
अभिमानसिंधु कुम्भज उदार ।
सुररञ्जन भंजनभूमिभार ॥
रागादि सर्पगन पन्नगारि ।
कन्दर्पनाग मृगपति मुरारि ॥
भवजलधि पोत चरनारबिंद ।
जानकीरमन आनंदकंद ॥

हनुमंतप्रेमवापीमराल ।
निष्काम कामधुक गो दयाल ॥
त्रैलोक्यतिलक गुनगहन राम ।
कह तुलसिदास विश्रामधाम ॥

देव, दीन को दयाल दानि दूसरौ न कोई ।
जाहि दीनता कहौं हौं दीन देखौं सोई ॥
मुनि सुर नर नाग असुर साहब तौ घनेरे ।
पै तौलौं जौलौं रावरे न नेकु नयन फेरे ॥
त्रिभुवन तिहुं काल बिदित बदत बेद चारी ।
आदि अंत मध्य राम साहिबी तिहारी ॥
तोहिं मांगि मांगनो न मांगनो कहायो ।
सुनि स्वभाव शील सुजस याचक जन आयो ॥
पाहन पशु बिटप बिहंग अपने करि लीन्हे ।
महाराज दशरथ के रंक राव कीन्हे ॥
तूं गरीब कौ निवाज हौं गरीब तेरौ ।
बारक कहिये कृपाल तुलसिदास मेरौ ॥

देव, तू दयाल दीन हौं तू दानि हौं भिषारी ।
हौं प्रसिद्ध पातकी तू पापपुंजहारी ॥
नाथ तू अनाथ कौ अनाथ कौन मो सौ ।
मो समान आरत नहिं आरतिहर तो सौ ॥
ब्रह्म तू है जीव हौं तू ठाकुर हौं चेरौ ।
तात मातु गुरु सषा तू सब बिधि हित मेरौ ॥
तोहि मोहि नाते अनेक मानिये जो भावै ।
ज्यों त्यों तुलसी कृपाल चरनशरन पावै ॥

देव, और काहि मांगिये जो मांगिवो निवारै ।
अभिमतदातार कौन दुष दरिद्र दारै ॥
धर्मधाम राम कामकोटिरूपरूरौ ।
साहिब सब बिधि सुजान दानपङ्ग सूरौ ॥

सुसमय दिन द्वय निशान सब के द्वार बाजै ।
कुसमय दशरथ के दानि तैं गरीबनिवाजै ॥
सेवा बिनु गुन बिहीन दीनता सुनाये ।
जे जे तैं निहाल किये फूले फिरत पाये ॥
तुलसिदास याचकरुचि जानि दान दीजै ।
रामचंद चंद तू चकोर मोहि कीजै ॥
दीन बन्धु सुषसिंधु कृपा कर कारुनीक रघु
सुनहु नाथ मन जरत त्रिबिधज्वर
करत फिरत बौराई ॥
कबहुं योगरत भोगनिरत शठ
हठ बियोगवश होई ॥
कबहुं मोहवश द्रोह करत बहु,
कबहु दया अति सोई ॥
कबहुं दीन मतिहीन रंक रत
कबहुं भूप अभिमानी ।
कबहुं मूढ़ पंडित विडंबरत,
कबहुं धर्मरत ग्यानी ॥
कबहुं देष जग धनमय रिपुमय,
कबहुं नारिमय भासै ॥
संसृतिसन्निपातदारुनदुषु,
बिनु हरिकृपा न नासै ॥
संयम जप तप नेम धर्म व्रत ,
बहु भेषज समुदाई ।
तुलसिदास भवरोग रामपद
प्रेम हीन नहि जाई ॥
मोहजनित मल लाग विबिध
बिधि कोटिहुँ जतन न जाई ।
जनम जनमअभ्यासनिरत चित

अधिक अधिक लपटाई ॥
नयन मलिन परनारि निरषि ,
मन मलिन विषय सग लागे ।
हृदय मलिन बासना मानमद,
जीव सहज सुष त्यागे ॥
परनिंदा सुनि श्रवन मलिन भये ,
बचन दोष पर गाये ।
सब प्रकार मलभार लाग
निज नाथचरन बिसराये ॥
तुलसिदास ब्रत दान ग्यान ,
तप शुद्धि हेतु श्रुति गावै ।
रामचरनअनुरागनीर बिनु ,
मल अति नाश न पावै ॥
मेरौ मन हरि हठ तजै ।
निशिदिन नाथ देउं सिषि ,
बहु बिधि करत सुभाव निजै ॥
ज्यों युवती अनुभवतिप्रसव,
अति दारुन दुष उपजै ।
ह्वै अनुकूल बिसारि शूल ,
शठ पुनि षल पतिहि भजै ॥
लोलुप भ्रमत गृहपशु ज्यों
जहँ तहँ सिर पदत्रान बजै ।
तदपि अधम विचरत तेउ
मारग कबहुं न मूढ़ लजै ॥
हौं हारयौ करि जतन बिबिध बिधि ,
अतिशय प्रबल अजै ।
तुलसिदास बस होय तबहिं
जब प्रेरक प्रभु बरजै ॥

जो पै जिय धरिहौ अवगुन जन के ।
तौ क्यों कटत सुकृतनष तें मोपै ,
बिपुल बृंद अघबन के ॥
कहि है कौन कलुष मेरे कृत ,
कर्म बचन के मन के ।
हारहिं अमित शेष शारद श्रुति ,
गिनत एक एक छिन के ॥
जो चित चढ़ै नाममहिमा निज ,
गुनगन पावन पन के ।
तौ तुलसिहि तारिहौ बिप्र ज्यों ,
दसन तोरि यमगन के ॥
जो पै हरि जनके अवगुन गहते ।
तौ सुरपति कुरुराज बालि सों ,
कत हठि बैर बिसहते ॥
जो जप याग योग ब्रत बर्जित ,
केवल प्रेम न चहते ।
तौ कत सुर मुनिवर बिहाय ,
ब्रजगोपगेह बसि रहते ॥
जो जहँ तहँ प्रन राषि भगत कौ ,
भजनप्रभाव न कहते ।
तौ कलि कठिन कर्ममारग जड़ ,
हम केहि भांति निबहते ॥
जो सुतहित लिय नाम अजामिल
के अघ अमित न दहते ।
तौ यमभट सांसतिहर हमसे ,
बृषम षोज षोज नहते ॥
जो जगबिदित पतितपावन ,
अति बांकुर बिरद न बहते ।

तौ बहु कल्प कुटिल तुलसी से ,
सपनेहु सुगति न लहते ॥
ऐसी हरि करत दास पर प्रीति ।
निज प्रभुता विसारि जनके ,
वस होत सदा यह रीति ॥
जिन बांधे सुर असुर नाग नर ,
प्रबल कर्म की डोरी ।
सोइ अविछिन्न ब्रह्म यशुमति,
वांध्यौ हटि सकत न छोरी ॥
जाको माया वस विरचि शिव
नाचत पार पायौ ।
करतल ताल वजाइ ग्वाल—
युवतिन सोई नाच नचायौ ।
विश्वंभर श्रीपति त्रिभुवनपति ,
बेदविदित यह लीष ।
बलि सों कछु न चली प्रभुता
बरु ह्वै द्विज मांगी भीष ॥
जाके नाम लिये छूटत ,
भवजन्ममरन दुषभार ।
अम्वरीष हित लागि कृपानिधि ,
सोइ जन्मौ दश वार ।
योग विराग ध्यान जप तप करि
जेहि षोजत मुनि ग्यानी ।
बानर भालु चपल पशु पावर
नाथ तहां रति मानी ॥
लोकपाल यम काल पवन ,
रवि शशि सब अग्याकारी ।
तुलसिदास प्रभु उग्रसेन के

द्वार बेंतकरधारी ॥
जाउँ कहां तजि चरन तुम्हारे ।
का कौ नाम पतितपावन जग ,
केहि अति दीन पियारे ॥
कौने देव बराइ बिरदहित
हठि हठि अधम उधारे ।
षग मृग व्याध पषान बिटप ,
जड़ जमन कवन सुर तारे ॥
देव दनुज मुनि नाग मनुज,
सब माया बिबस बिचारे ।
तिनके हाथ दासतुलसी,
प्रभु कहा अपनपौ हारे ॥
हरि तुम बहुत अनुग्रह कीन्हो ।
साधनधाम बिबुधदुर्लभ'
तनु मोहिं कृपा कर दीन्हो ॥
कोटिहुं मुष कहि जाहि न
प्रभु के एक एक उपकार ।
तदपि नाथ कछु और,
मांगिहौं दीजे परम उदार ।
बिषयबारि मनमीन भिन्न नहिं,
होत कबहुं पल एक ।
ताते सहिय बिपति अति दारुण,
जन्मत योनि अनेक ॥
कृपाडोरि बंसी पद अंकुश
परम प्रेम मृदु चारो ।
यह बिधि बेधि हरहु मेरौ
दुष कौतुक राम तुम्हारो ॥
है श्रुतिबिदित उपाय सकल

सुर केहि केहि दीन निहोरे ।
तुलसिदास एक जीव मोहरजु,
जोइ बांध्यो साइ छोरे ॥
जो पै कृपा रघुपति कृपालु की
बैर अवर के कहां सरै ।
होय न बांको वार भक्त कौ,
जो कोउ कोटि उपाय करै ॥
तकै नीच जो मीच साधु की,
सो पावर तेहि मीच मरै ।
बेद बिदित प्रहलाद कथा,
सुनि कौन भक्तपथ पावँ धरै ॥
गज उधारि हरि थप्यौ बिभीषन,
ध्रुव अविचल कबहूं न टरै ।
अम्बरीष की श्राप सुरति करि,
अजहुं महामुनि ग्लानि गरै ॥
सो धों कहा जु न कियौ सुयोधन,
अबुध आपने मान जरै ।
प्रभुप्रसाद सौभाग्यविजय,
यश पांडव ने बरिआइ बरै ॥
जो जो कूप षनेगो पर कहँ,
सो शठ फिरि तेहि कूप परै ।
सपनेहुं सुष न संन्तद्रोही कहँ,
सुरतरु सोउ बिष फरनि फरै ॥
है काके द्वै शीश ईश के,
जो हरि जन की सीम चरै ।
तुलसिदास रघुबीर बाहुबल,
सदा अभय काहू न डरै ॥
दीन दयाल दुरति दारिददुष

दुनी दुसह तिहुं ताप तई है।
देवदुआर पुकारत आरत,
सब की सब सुषहानि भई है॥
प्रभु के बचन बेदबुधसम्मत,
मम मूरति महिदेवमई है।
तिन्ह की मति रिस रोग मोह,
मद लोभ लालची लीलि लई है॥
राज समाज कुसाज कोटि कटु,
कल्पत कलुष कुचाल नई है।
नीति प्रतीति प्रीति परमिति,
पति हेतुबाद हठि हेरि हई है॥
आश्रम बर्न न, धर्मरहित जग
लोक बेदमर्याद गई है।
प्रजा पतित पाषण्डपापरत,
अपने अपने रंग रई है॥
शान्ति सत्य शुभ रीति गई घटि,
बढ़ी कुरीति कपट कलई है।
सीदत साधु साधुता शोचति,
षल बिलसत हुलसति षलई है॥
परमारथ स्वारथ साधन भये,
अफल सकल नहिं सिद्धि सई है।
कामधेनु धरनी कलिगोमर
विवश बिकल जामति न बई है॥
कलिकरनी बरनिये कहां लों,
करत फिरत बिन टहल टई है।
तापर दांत पीसि कर मींजत,
को जानै चित काह ठई है॥
त्यों त्यों नीच चढ़त शिर ऊपर,

ज्यों ज्यों शील वश ढील दई है ।
सरुष वरजि तरजिये तरजनी,
कुम्हिलैहै कौहड़े की जई है ॥
दीजै दादि देषि नातौ वलि,
मही मोद मगल रितई है ।
भरे भाग अनुराग लोग कहैं
राम अवधि चितवनि चितई है ॥
बिनती सुनि सानंद हेरि हँसि,
करुनावारि भूमि भिजई है ।
रामराज भयो काज सगुन शुभ,
राजा राम जगतविजई है ॥
समरथ बड़ो सुजान सु साहिब
सुकृतसैन हारत जितई है ।
सुजन सभाव सराहत सादर
अनायास सांसति बितई है ॥
उथपे थपन, उजारि बसावन,
गईवहोरि बिरद सदई है ।
तुलसी प्रभु आरत आरतिहर,
अभयबांह केहि केहि न दई है ॥
कहां जाउं कासों कहों और ठौर न मेरे ।
जन्म गवायों तेरेही द्वार किंकर तेरे ॥
मैं तो बिगारी नाथ सों आरति के लीन्हे ।
तोहि कृपानिधि क्यों बनै मेरीसी कीन्हें ॥
दिनदुरदिन दिन दुरदशा दिन दुष दिन दूषन ।
जब लौं तू न बिलोकि है रघुबंशविभूषन ॥
दई पीठ बिनडीठ मैं तुम बिश्वबिलोचन ।
तो सों तुही न दूसरो नतशोचबिमोचन ॥
पराधीन देव दीन हों स्वाधीन गोसांई ।

बोलनिहारे सों करै बलि विनय कि झांई ॥
आपु देषि मोहि देषिये जन मानिये सांचो ।
बड़ी ओट रामनाम की जेहि लयौ सो बांचो ॥
रहनि रीति राम रावरी नित हिये हुलसी है ।
ज्यों भावै त्यों कर कृपाल तेरो तुलसी है ॥
ऐसो को उदार जग माहीं ।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर,
राम सरिस कोउ नाहीं ॥
जो गति योग बिराग यतन कर,
नहिं पावत मुनि ज्ञानी ।
सो गति देत गीध शबरी कहं,
प्रभु न बहुत जिय जानी ॥
जो संपति दश शीश साधि कर,
रावन शिव पहं लीन्ही ।
सो सम्पदा बिभीषन कहं
अति सकुच सहित हरि दीन्ही ॥
तुलसिदास सब भाँति सकल सुष
जो चाहसि मन मेरो ।
तो भजु राम, काम सब पूरन .
करैं कृपानिधि तेरो ॥
जानत प्रीतिरीति रघुराई ।
नाते सब हाते कर राषत,
राम सनेहसगाई ॥
नेह निवाहि देह तजि दशरथ,
कीरति अचल चलाई ।
ऐसेहुं पितु तें अधिक गीध पर
ममता गुनगरुआई ॥
तियबिरही सुग्रीव सषा लषि,

प्रानप्रिया बिसराई ।
रन परयौ बन्धु बिभीषन ही कौ,
शोच हृदय अधिकाई ॥
घर गुरुगृह प्रियसदन सासुरे
भई जब जहँ पहुनाई ।
तब तहँ कहे शवरी के फलनि की
रुचि माधुरी न पाई ॥
सहज स्वरूप कथा मुनि बर्नत
रहत सकुचि शिर नाई ।
केवट मीत कहत सुष मानत,
बानर बंधु बड़ाई ॥
प्रेम कनौड़ौ राम सौं प्रभु,
त्रिभुवन तिहुं काल न भाई ।
तेरौ रिनी हौं कह्यौ कपीश सौं,
ऐसी मानि है को सेवकाई ॥
तुलसी रामसनेह शील लषि,
जो न भगति उर आई ।
तौ तोहि जन्मि जाय जननी
जड़ तन तरुनता गँवाई ॥
रघुबर रावरि यहै बड़ाई ।
निदरि गनी आदर गरीब पर
करत कृपा अधिकाई ॥
थके देव साधन अनेक करि,
सपनेहुं नहिं दई दिषाई ।
केवट कुटिल भालु कपि कौनप
कियौ सकुल सग भाई ॥
मिलि मुनिवृंद फिरत दंडक बन,
सो चरचौ न चलाई ।

बारहिं बार गीध शबरी की,
बरनत प्रीति सुहाई ।
श्वान कहें तें किये पुर बाहर ,
तजो गयंद चढ़ाई ।
सियनिंदक मतिमंद प्रजा
रज निज नय नगर बसाई ॥
यह दरबार दीन को आदर
रीति सदा चलि आई ।
दीनदयाल दीन तुलसी की
काहू न सुरत कराई ॥
ऐसे राम दीनहितकारी ।
अति कोमल करुनानिधान ,
बिनु कारन परउपकारी ॥
साधनहीन दीन निज अघबस
शिला भई मुनिनारी ।
गृह तें गवनि परसि पदपावन
घोर श्राप ते तारी ॥
हिंसारत निषाद तामसबपु,
पशु समान बनचारी ।
भेट्यौ हृदय लगाय प्रेमबस,
नहिं कुल जात बिचारी ॥
यद्यपि द्रोह कियो सुरपतिसुत,
कहि न जाय अति भारी ।
सकल लोक अवलोकि शोकहत,
शरन गये भय टारी ॥
बिहंगयोनि आमिष अहार बस,
गीध कवन व्रतधारी ।
जनक समान क्रिया ताकी,

निज कर सब बात संवारी ॥
अधम जाति शवरी योषित शठ,
लोक बेद तें न्यारी ।
जानि प्रीति दै दरश कृपानिधि,
सोउ रघुनाथ उधारी ॥
कपि सुग्रीव बन्धु भय व्याकुल,
आयौ शरन पुकारी ।
सहि न सके दारुन दुष जनके
हत्यौ बालि सहि गारी ॥
रिपु कौ बन्धु बिभीषन निशिचर,
कौन भजनअधिकारी ।
शरन गये आगे ह्वै लीन्हो,
भेट्यो भुजा पसारी ॥
अशुभ होय जिन्ह के सुमिरन ते
बानर रीछु बिकारी ।
वेदबिदित पावन किये ते सब,
महिमा नाथ तुम्हारी ॥
कहँ लग कहों दीन अगनित,
जिन्ह की तुम विपति निवारी ।
कलिमलग्रसित दासतुलसी,
पर काहे कृपा बिसारी ॥
जो पै रामचरन रति होती ।
तौ कत त्रिबधि शूल निशि बासर,
सहितें बिपति निसोती ॥
जो संतोषसुधा निशि बासर,
सपनेहुं कबहुंक पावै ।
तौ कत बिषय बिलोकि झूंठ
जल मन कुरंग ज्यों धावै ॥

जो श्रीपतिमहिमा बिचार
उर भजते भाव बढ़ाये।
तौ कत द्वार द्वार कूकर,
ज्यों फिरते पेट षलाये॥
जे लोलुप भये दास आस के,
ते सबही के चेरे।
प्रभुविश्वास आश जीती जिन्ह,
ते सेवक हरि केरे॥
नहिं एकौ आचरन भजन कौ,
बिनय करत हौं तातें।
कीजे कृपा दासतुलसी पर,
नाथ नाम के नातें॥
जाके प्रिय न राम बैदेही।
सो छांडिये कोटि बैरी सम,
यद्यपि परम सनेही॥
तज्यौ पिता प्रहलाद, विभीषन
बंधु, भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यौ, कंत व्रजबनितन्हि,
भये जगमंगलकारी॥
नाते नेह राम के मनियत
सुहृद सुसेब्य जहां लों।
अंजन कहा आंषि जेहि फूटे,
बहुतो कहों कहां लों॥
तुलसी सो सब भांति परमहित,
पूज्य प्रान ते प्यारो।
जासो होय सनेह रामपद,
एतो मतो हमारो॥
जो पै रहनि राम सों नाहीं।

तौ नर षर कूकर शूकर से,
जाय जियत जग माही ॥
काम क्रोध मद लोभ नींद भय ,
भूष प्यास सबही के ।
मनुजदेह सुर साधु सराहत,
सो सनेह सियपीके ॥
सूर सुजान सपूत सुलछन,
गनियन गुनगरुआई ।
बिन हरिभजन इंद्रायन के फल
तजत नहीं करुआई ॥
कीरति कुल करतूति भूति भलि,
शील स्वरूप सलोने ।
तुलसी प्रभुअनुरागरहित जस,
सालल साग अलोने ॥
कहां जाउँ कासों कहों को सुनै दीन की ।
त्रिभुवन तुहीं गति सब अंगहीन की ॥
जग जगदीश घर घरनि घनेरे हैं ।
निराधार को अधार गुनगन तेरे हैं ॥
गजराज काज षगराज तजि धायो को ।
मोसे दोषकोषपोसे तोसे मायजायो को ॥
मोसे कूर कायर कपूत कौड़ी आध के ।
किये वहु मोल तें करैया गीधआध के ॥
तुलसी की तेरे ही बनाए बलि बनैगी ।
प्रभु को बिलंबअंब दोष दुष जनैगी ॥
राम कहत चलु, राम कहत चलु ,
राम कहत चलु भाई रे ।
नाहीं तौ भवबेगारि महँ परिहौ
छूटत अति कठिनाई रे ॥

बांस पुरान साज सब अठकठ ,
सरल तिकोन खटोला रे ।
हमहिं दिहल करि कुटिल कर्मचंद ,
मंद मोल बिनु डोला रे ॥
बिषम कहार मारमदमाते ,
चलहिं न पाँव बटोरे रे ।
मंद बिलंद अभेरा दलकन ,
पाइये दुष झकझोरे रे ॥
काँट कुराय लपेटन लोटन,
ठांवैं ठांवँ बझाऊं रे ।
जस जस चलिय दूरि तस तस,
निज बास न भेंट लगाऊं रे ॥
मारग अगम संग नहिं संवल ,
नांव गांव कर भूला रे ।
तुलसिदास भवत्रास हरहु अब,
होहु राम अनुकूला रे ॥
बलि जाऊं होय राम गुसाईं ।
कीजिये कृपा आपनी नाईं ॥
परमारथ सुरपुरसाधन सब ,
स्वारथ सुषद भलाई ।
कलि सकोप लोपी सुचाल, निज
कठिन कुचाल चलाई ॥
जहँ तहँ चित चितवत हित तहँ
नित नव बिषाद अधिकाई ।
रुचि भावती भभरि भागहिं ,
समुहाहिं अमित अनभाई ॥
आधिमगन मन व्याधिविकल तन ,
बचन मलीन झुठाई ।

एतेहुं पर तुमसों तुलसी की
सकल सनेहसगाई ॥
मन पछितैहै अवसर बीतें ।
दुर्लभ देह पाइ हरिपद भजु,
करम बचन अरु ही तें ॥
सहसबाहु दसबदन आदि नृप
बचे न काल बली तें ।
हम हम करि धन धाम संवारे,
अंत चले उठि रीतें ॥
सुत बनितादि जानि स्वारथरत
न करु नेह सबही तें ।
अंतहु तोहिं तजैंगे पामर ,
तू न तजहि अब हीं ते ।
अब नाथहि अनुराग जाग जड़ ,
त्याग दुराशा जी तें ।
बुझै न कामअग्नि तुलसी कहुं
विषयभोग बहु घी तें ॥
कबहुं रघुबंशमनि सो कृपा करहुगे ।
जेहि कृपा व्याध गज विप्र षल नर तरे,
तिनहि सम मानि मोहि नाथ आदरहुगे ॥
योनि बहु जन्म किय कर्म षल विविध बिधि ,
अधम आचरन कछु हृदय नहिं धरहुगे ।
दीनहित अजित सर्वज्ञ समरथ प्रनतपाल
चित मृदुल निज गुननि अनुस्मरहुगे ॥
मोह मद मान कामादि षलमंडली ,
सकुल निर्मूल करि दुसह दुष हरहुगे ।
योग जप ज्ञान विज्ञान ते अधिक अति ,
अमल दृढ भक्ति दै परम सुष भरहुगे ॥

मंदजनमौलिमनि सकल साधनहीन ,
कुटिल मनमलिन जिय जानि जो डरहुगे ।
दासतुलसी बेदबिदित बिरदावली
विमल जस नाथ केहि भांति बिस्तरहुगे ॥
ऐसी कौन प्रभु की रीति ।
बिरद हेतु पुनीत परिहरि ,
पांवरनि पर प्रीति ॥
गई मारन पूतना कुच कालकूट लगाइ ।
मातु की गति दई ताहि कृपाल यादवराइ ॥
काम मोहित गोपिकन्हि पर कृपा अतुलित कीन्ह ।
जगतपिता विरंचि जिन्ह के चरन की रज लीन्ह ॥
नेम ते शिशुपाल दिन प्रति देत गनि गनि गारि ।
कियौ लीन सो आपु में हरि राजसभा मझारि ॥
ब्याध चित दै चरन मारयो मूढमति मृग जानि ।
सो सदेह स्वलोक पठयो प्रगट करि निज बानि ॥
कौन तिन्ह की कहै जिन्ह के सुकृत औ अघ दोउ ।
प्रगट पातकरूप तुलसी शरन राख्यो सोउ ॥
श्रीरघुबीर की यह बानि ।
नीचहूँ सों करत नेह सुप्रीति मन अनुमानि ॥
परम अधम निषाद पांवर कौन ताकी कानि ।
लियो सो उर लाइ सुत ज्यों प्रेम की पहिचानि ॥
गीध कौन दयालु जो विधि रच्यो हिंसा सानि ।
जनक ज्यों रघुनाथ ता कहँ दियौ जल निज पानि ॥
प्रकृतिमलिन कुजाति शबरी सकल अवगुनखानि ।
खात ताके दिये फल अति रुचि बखानि बखानि ।
रजनिचर अरु रिपु बिभीषण शरन आयौ जानि ।
भारत ज्यों उठि ताहि भेंट्यो देह दशा भुलानि ॥
कौन सुभग सुशील बानर जिन्हहिं सुमिरत हानि ।

किये ते सब सषा पूजे भवन अपने आनि ॥
राम सहज कृपालु कोमल दीनहित दिनदानि ।
भजहि ऐसे प्रभुहि तुलसी कुटिल कपट न ठानि ॥

प्रन करिहौं हठि आज तें रामद्वार पर्यौ हौं ।
तू मेरो यह बिन कहे उठिहौं न जन्म भरि ,
प्रभु की सौं करि निबर्यौ हो ॥
दै दै धक्का यमभट थके टारे न टर्यौ हौं ।
उदर दुसह सांसति सही बहु बार ,
जन्मि जग नर्क निदरि निकर्यों हौं ॥
हौं मचला लै छाड़ि हौं जेहि लागि अर्यौ हौं ।
तुम दयाल बनि है दिये बलि बिलंब ,
न कीजिय जात गलानि गर्यौ हौं ॥
प्रगट कहत जौं सकुचिये अपराध भर्यौ हौं ।
तौ मन में अपनाइय तुलसिहि कृपाकर
कलि बिलोकि हहर्यौ हौं ॥

जैसौ हौं तैसौ हौं राम रावरौं,
जन जनि परिहरिये ।
क्षमासिन्धु कौशलधनी शरनागत—
पालक ढरनि आपनी ढरिये ।
हौं तौ बिगरायल ,
ओर कौ बिगरो न बिगरिये ।
तुम सुधारि आये सदा सबकी सबही बिधि
अब मेरीयो सुधरिये ॥
जग हँसि है मेरे संग रहे कत यहि डर डरिये ।
कपि केवट कीन्हे सषा जेहि शील ,
सरलचित तेहि सुभाव अनुसरिये ॥
अपराधी तउँ आपनो तुलसी न बिसरिये ।
टूटियो बांह गरे परै फूटे हूं बिलोचन

पीर होत हित करिये ॥
तुम जानि मन मैलो करौ
लोचन जनि फेरौ ।
सुनहु राम बिन रावरे लोकहुं
परलोकहुं कोउ कहूं हित मेरौ ॥
अगुन अलायक आलसी
जानि अधम अनेरौ ।
स्वारथ के साथिन्ह तज्यो तिजरा कैसो ,
टोटक अवचट उलटि न हेरौ ॥
भक्तिहीन बेद बाहिरौ ,
लखि कलिमलघेरौ ।
देवन्ह हूँ देव परिहर्‌यौ अन्याव न ,
तिन्हकौ अपराधी सबकेरौ ॥
नाम की ओट लै पेट भरत हों ,
पै कहावत चेरौ ।
जगतविदित बात है परी समुझिये
धौं अपने लोक की बेद बडेरौ ॥
ह्वै है जब तब तुमहिं तें
तुलसी कौ भलेरौ ॥
दीन दिन हूँ दिन बिगरि है बलि जाउं
बिलंब लिये अपनाइये सबेरौ ॥
तुम तजि हों का सों कहों
और को हित मेरे ।
दीन बन्धु सेवक सषा आरत अनाथ पर
सहज छोह केहिं केरे ॥
बहुत पतित भवनिधि
तरे बिन तरि बिन बेरे ।
कृपा कोप सति भायहु धोषेहुं

तिरछेहु राम तिहारेहुं हेरे ॥
जो चितवनि सोंधी
लगे चितइये सबेरे ।
तुलसीदास अपनाइये कीजे न ढील
अब जीवनअवधि अति नेरे ॥

दोहावली

राम बाम दिसि जानकी लषन दाहिनी ओर ।
ध्यान सकल कल्यानमय सुरतरु तुलसी तोर ॥
सीता लषन समेत प्रभु सोहत तुलसीदास ।
हर्षत सुर वर्षत सुमन सगुन सुमंगलवास ॥
पंचवटी बट विटप तरु सीता लषन समेत ।
सोहत तुलसीदासप्रभु सकल सुमंगल देत ॥
चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिय लषन समेत ।
रामनामजप जापकहि तुलसी अभिमत देत ॥
रामनाम मनिदीप धरु जीह देहरीद्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरहु जो चाहसि उजियार ॥
हिय निर्गुन नयनन सगुन, रसना राम सुनाम ।
मनहुं पुरट संपुट लसत तुलसी ललित ललाम ॥
एक छत्र एक मुकुटमनि सब बर्नन पर जोइ ।
तुलसी रघुबरनाम के बरन बिराजत दोइ ॥
नाम राम को कलपतरु कलि कल्यान निवास ।
जो सुमिरत भयो भांग ते तुलसी तुलसीदास ॥
मीठो अरु कटिवतिभरो रौताई अरु प्रेम ।
स्वारथ परमारथ सुलभ रामनाम के प्रेम ॥
रामनाम सुमिरत सुयशभाजन भयो कुजात ।
कुतरुकु सुरपुर राजमग लहत भुवनविख्यात ॥
स्वारथ सुष सपनेहु अगम परमारथ परबेश ।

रामनाम सुमिरत मिटहि तुलसी कठिन कलेश ॥
मोर मोर सब कह कहसि तू को कह निज नाम ।
कै चुप साधहि सुनि समुझि कै तुलसी जपु राम ॥
तुम लघु हमहि हमार लघु हम हमार के बीच ।
तुलसी अलषहि का लषहि रामनाम जप नीच ॥
राम नाम अवलब बिनु परमारथ की आश ।
बर्षत वारिदबूंद गहि , चाहत चढ़न अकाश ॥
दंपति रस रसना दशन परिजन बदन सगेह ।
तुलसी हरहित वरन शिशु संपति सहज सनेह ॥
वर्षाऋतु रघुपतिभगति तुलसी शालि सुदास ।
रामनाम वर बरन युग सावन भादौं मास ॥
राम नाम नरकेशरी कनककशिपुकलिकाल ।
जापक जन प्रहलाद जिमि पालहिं दलि सुरसाल ॥
रामनाम कलि कामतरु राम भक्ति सुरधेनु ।
सकल सुमंगलमूल जग गुरुपदपंकजरेनु ॥
रामनामपरताप ते, प्रीति प्रतीति भरोस ।
सो तुलसी सुमिरत सकल सगुन सुमंगलकोस ॥
तुलसी प्रीति प्रतीति सों रामनाम जप जागु ।
किये होय विधि दाहिनो देइ आगेही भागु ॥
रामनामरति रामगति रामनामविश्वास ।
सुमिरत शुभ मंगल कुशल चहुं दिशि तुलसीदास ॥
रामहिं सुमिरत रन भिरत देत परत गुरुपाय ।
तुलसी जिनहिं न पुलकतनु ते जग जीवत जाय ॥
श्रवै न सलिल सनेहु , तुलसी सुनि रघुबीरयश ।
ते नयना जनिदेहु , राम करहु बरु आंधरे ॥
तुलसी रामहिं आपुते सेवक की रुचि मीठ ।
सीतापति से साहिबहि , कैसे दीजे पीठ ॥
प्रभु तरु तर कपि डार पर ते किये आपु समान ।

तुलसी कहूं न राम सों साहिब शीलनिधान ॥
हरो चरहिं तापहिं बरत, फरे पसारहि हाथ ।
तुलसी स्वारथमीत सब परमारथ रघुनाथ ॥
स्वारथ परमारथ सकल, सुलभ एकही ओर ।
द्वार दूसरे दीनता उचित न तुलसी तोर ॥
रामप्रेम बिन दूबरो रामप्रेमही पोन ।
रघुबर कबहूँ करहिंगे, तुलसी ज्यों जलमीन ॥
जे जन रूखे विषयरस चिकने रामसनेह ।
तुलसी ते प्रिय राम के कानन बसहिं कि गेह ॥
यथालाभसंतोषसुख रघुबरचरनसनेह ।
तुलसी ज्यों मन मूढ सो जस कानन तस गेह ॥
तुलसी रामहि परिहरे निपट हानि सुनिबे उ ।
सुरसरिगत सोई सलिल सुरासरिस गंगे उ ॥
बिंध न ईंधन पाइये , सागर जुरै न नीर ।
पड़ै उपास कुबेरघर जो विपच्छ रघुबीर ॥
हैं तुलसी के एक गुन अवगुननिधि कहैं लोग ।
भलो भरोसो रावरो राम रीझिवेजोग ॥
सत्य वचन मानस विमल कपटरहित करतूति ।
तुलसी रघुबरसेवकहि सकै न कलियुग धूति ॥
हित सों हित रति राम सों रिपुसों वैरतिहाऊ ।
उदासीन सबसों सरल तुलसी सहजसुभाऊ ॥
तुलसी राम जो आदरो षोटो षरो षरोइ ।
दीपककाजर सिर धरो धरो सुधरो धरोइ ॥
भक्तहेतु भगवान प्रभु राम धरो तनुभूप ।
किय चरित्र पावन परम प्राकृत नर अनुरूप ॥
हिरण्याक्ष भ्राता सहित मधु कैटभ बलवान ।
जेहि मारे सो अवतरयो कृपासिंधु भगवान ॥
शुद्ध सच्चिदानंदमयकंद भानुकुलकेतु ।

चरित करत नर अनुहरत संसृतिसागरसेतु ॥
अनुदिन अवध बधावने नित नव मंगल मोद ।
मुदित मातु पितु लोग लषि रघुबर बालबिनोद ॥
राजअजिर राजत रुचिर, कोशलपालकबाल ।
जानुपानिचर चरित बर , सगुन सुमंगलमाल ॥
नाम ललित लीला ललित ललित रूप रघुनाथ ।
ललित बसन भूषन ललित ललित अनुज शिशु साथ ॥
बालक कोशलपाल के सेवक बाल कृपाल ।
तुलसी मनमानस बसत मंगल मंजु मराल ॥
निज इच्छा प्रभु अवतरैं सुर गोद्विज हित लागि ।
सगुन उपासक संग तहँ रहे मोक्ष सब त्यागि ॥
तुलसी दिन भल साहु कहँ भली चोर कहँ राति ।
निशि वासर ता कहँ भलो मानै रामइताति ॥
सेवा शील सनेह बस करि परिहरि प्रिय लोग ।
तुलसी ते सब राम सों सुषद सुयोग वियोग ॥
चारि चहत मानस अगम चनक चारि को लाहु ।
चारि परिहरे चारि को दानि चारि चष चाहु ॥
बचन वेष ते जो बनै सो बिगरै परिनाम ।
तुलसी मनते जो बनै बनी बनाई राम ॥
बंधुबधूरति केहि कियो बचन निरुत्तर बालि ।
तुलसी प्रभु सुग्रीव की चितै न कछू कुचालि ॥
कहा विभीषन लै मिलो कहा बिगारो बालि ।
तुलसी प्रभु शरनागतहि सब दिन आयो पालि ॥
बिनहीं ऋतु तरुवर फरहिं शिला द्रवहिं जल जोर।
राम लषन सिय करि कृपा जब चितवहिं जेहि ओर ॥
तुलसी बिलसत नषत निशि शरदसुधाकर साथ ।
मुक्ता झालर झलक जनु राम सुजस शिशु हाथ ॥
रामकथा मंदाकिनी चित्रकूट चित चारु ।

तुलसी सुभग सनेह बन सियरघुबीरबिहारु ॥
श्याम सुरभि पय विशद अति गुनद करहिं तेहि पान ।
गिराग्राम सियरामजस गावहिं सुनहिं सुजान ॥
प्रेमसरी परपंचरुज उपजी अधिक उपाधि ।
तुलसी भलो सबै दई बेगि बांधिये व्याधि ॥
अंक अगुन आषर सगुन समुझिय उभय अपार ।
षोये राषे आप भल तुलसी चारु बिचार ॥
परमारथ पहिचानि मति लसति विषय लपटानि ।
निकसि चिता ते अधजरति मानहुं सती परानि ॥
शीश उघारन किन कहेउ वरजि रहे प्रिय लोग ।
घरहीं सती कहावती जरती नाहवियोग ॥
घर कीन्हे घर जात है घर छोड़े घर जाइ ।
तुलसी घर बन बीचहीं रामप्रेमपुर छाइ ॥
एक भरोसो एक बल एक आस विश्वास ।
एक रामघनश्याम हित चातक तुलसीदास ॥
जो घन वरषै समय सिर जो भरि जनम उदास ।
तुलसी चातकयाचकहि तऊ तिहारी आस ॥
चातक तुलसी के मते स्वातिहु पियै न पानि ।
प्रेमतृषा बढ़ती भली घटे घटैगी कानि ॥
चढ़त न चातकचित कबहुं प्रिय पयोद के दोष ।
तुलसी प्रेमपयोधि की ताते नाप न जोष ॥
बरषि परुष पाहन पयद पंष करौ टुक टूक ।
तुलसी परी न चाहिये चतुर चातकहि चूक ॥
उपल बरषि गरजत तरजि डारत कुलिश कठोर ।
चितव कि चातक मेघ तजि कबहुं दूसरी ओर ॥
पवि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर षरि षीझि ।
रोष न प्रीतमदोष लषि तुलसी रागहिं रीझि ॥
मान राषिबो मागिबो पिय सों नित नव नेहु ।

तुलसी तीनिहु तब फबै जो चातकमत लेहु ॥

तुलसी चातक मांगनो एक एक घन दानि ।
देत जो भूभाजन भरत लेत जो घूंटक पानि ॥

प्रीति पपीहा पयद की प्रगट नई पहिचानि ।
याचक जगत कनाउड़ो कियो कनौड़ो दानि ॥

नहि याचत नहिं संग्रही शीश नाइ नहिं लेइ ।
ऐसे मानी मांगनेहि को वारिद बिनु देइ ॥

साधन सांसति सब सहत सबहिं सुषद फललाहु ।
तुलसी चातक जलद की रीति बूझि बुध काहु ॥

चातक जीवनदायकहि जीवन समय सुरीति ।
तुलसी अलप न लषि परै चातकप्रीति प्रतीति ॥

जीव चराचर जहँ लगे है सब को हित मेह ।
तुलसी चातकमन बस्यो घन सों सहज सनेह ॥

डोलत विपुल विहंग बन पियत पोषरिन वारि ।
सुयश धवल चातक नवल तुही भुवन दश चारि ॥

मुख मीठे मानस मलिन कोकिल मोर चकोर ।
सुयश धवल चातक नवल रह्यो भुवन भरि तोर ॥

बास वेष बोलनि चलनि मानसमंजुमराल ।
तुलसी चातकप्रेम की कीरति विशद विशाल ॥

प्रेम न परषिय परुषपन पयद सिषावन एह ।
जग कहै चातक पातकी ऊसर बरषै मेह ॥

गरज आपनी सबन को गरज करत उर आनि ।
तुलसी चातक चतुर भो याचक जानि सुदानि ॥

चरगचगुगत चातकहिं नेम प्रेम की पीर ।
तुलसी परवस हाड़ पर परिहै पुहुमी नीर ॥

बध्यो बधिक परयो पुन्य जल उलटि उठाई चोंच ।
तुलसी चातकप्रेमपट मरतहु लगी न षोंच ॥

अंड फोरि कियो चेटुवा तुष परयो नीर निहारि ।

गहि चंगुल चातक चतुर डारयो बाहिर वारि ॥
तुलसी चातक देत शिष सुतहि बारही बार ।
तात न तर्पन कीजियो विना वारिधरधार ॥

सोरठा

जियत न नाई नारि चातक घन तजि दूसरहि ।
सुरसरिहूं को वारि मरत न मांगेउ अरघजल ॥

दोहा

तुलसी के मत चातकहि केवल प्रेमपियास ।
पियत स्वातिजल जान जग याचक बारहमास ॥
आल बाल मुकुताहलनि हिय सनेह तरुमूल ।
होउ हेतु चित चातकहि स्वातिसलिल अनुकूल ॥
उष्णकाल अरु देहषित मगपंथी तन ऊष ।
चातक बतियां ना रुची अनजल सींचे रूष ॥
अनजल सींचेरूष की छाया ते बरु घाम ।
तुलसी चातक बहुतहै बह प्रवीन को काम ॥
आपु बधिक को रूपधरि कियो कुरंगहि राग ।
तुलसी जो मृगमन मुरै परै प्रेमपट दाग ॥
ज्ञान अनभले को सबहि भलो भलेहू काउ ।
सींग सूँड़ रद लूम नष करत जीवजड़ घाउ ॥
तुलसी जग जीवन अहित कतहूं कोउ हित जानि ।
शोषक भानु कृशानु महि पवन एक घन दानि ॥
गुरुसंगति गुरु होइ सो लघुसंगति लघुनाम ।
चारि पदारथ में गनै नरक द्वार हूँ काम ॥
तुलसी किये कुसंग थिति होइ दाहिनो बाम ।
कहि सुनि सकुचिय सूम षल गत हरिशंकर नाम ॥
बसि कुसंग चह सुजनता ताकी आस निरास ।
तीरथ हू को नाम भो गया मगह के पास ॥
रामकृपा तुलसी सुलभ गंग सुसंग समान ।

जो जल परै जो जन मिलै कीजै आपु समान ॥
होइ भले के अनभलो होइ दानि के सूम ।
होइ कुपूत सुपूत के ज्यों पावक में धूम ॥
लोक वेदहूं लोदगी नाम भले को पोच ।
धर्मराज यम गाज पवि कहत सकोच न शोच ॥
लषि गयंद लै चलत भजि श्वान सुषानो हाड़ ।
गजगुन मोल अहार बल महिमा जान कि राड़ ॥
बड़े विबुध दरबार ते भूमि भूपदरबार ।
जापक पूजक पेषियत सहत निरादरभार ॥
जोंक सूधिमन कुटिलगति षल विपरीत बिचारु ।
अनहित सोनित सोष सो सो हितसोषनहारु ॥
नीच गुड़ी ज्यों जानिबो सुनि लषि तुलसीदास ।
ढीलि दिये गिरि परत महि षैंचत चढ़त अकास ॥
सहबासी काचो गिलहि पुरजन पाकप्रवीन ।
कालछेप केहि मिलि करहि तुलसी खग मृग मीन ॥
साहसही सिष कोप वस किये कठिन परिपाक ।
शठ संकटभाजन भये हठि कुजाति कपि काक ॥
मधुर बचन कटु बोलिबो बिनु श्रम भाग अभाग ।
कुहू कुहू कलकंठरव काका कररत काग ॥
बचन कहे अभिमान के पारथ पेषत सेतु ।
प्रभुतिय लूटत नीच नर जय न मीचु तेहि हेतु ॥
षग मृग मीत पुनीत किय बनहु राम नयपाल ।
कुमति बालिदशकंठघर सुहृद बधु किये काल ॥
रवि हरि दिशि गुनरस नयन मुनि प्रथमादिक बार ।
तिथि सब काज नसावनी होइ कुयोग बिचार ॥
नकुल सुदरशन दरशनी छेमकरी चष चाष ।
दश दिशि देषन शकुन शुभ पूजहि मन अभिलाष ॥
सुधा साधु सुरतरु सुमन सफल सुहावनि बात ।

तुलसी सीतापतिभगति सगुन सुमंगल सात ॥
सहि कुबोल सांसति सकल अंगइ अनट अपमान ।
तुलसी धरम न परिहरिय कहि करि गये सुजान ॥
दोहा चारु बिचारु चलु परिहरि बाद बिवाद ।
सुकृतसींव स्वारथ अवधि परमारथ मरजाद ॥
टूटहिं निज रुचि काज करि रूठहिं काज बिगारि ।
तीय तनय सेवक सषा मन के कंटक चारि ॥
धाय लगै लोहा ललकि षीच लेइ नइ नीचु ।
समरथपापी सो बयर जानि बिसाही मीचु ॥
सोचिय गृही जो मोह वश करै कर्मपथ त्याग ।
सोचिय यती प्रपंचरत बिगत बिवेक बिराग ॥
जोपै मूढ उपदेश को होतो जोग जहान ।
क्यों न सुयोधन बोधि कै आये श्याम सुजान ॥
बहुमुष बहुरुचि बहु बचन बहु अचार ब्यवहार ।
इनको भलो मनाइबो यह अग्यानअपार ॥
अपजसयोग कि जानकी मनि चोरी कब कान्ह ।
तुलसी लोग रिझाइबो कर्षि कातिबो नान्ह ॥
मांगि मधुकरी षात ते सोवत गोड़ पसारि ।
पाप प्रतिष्ठा बढ़ि परी ताते बाढ़ी रारि ॥
लही आँषि कब आँधरे बाँझ पूत कब ल्याय ।
कब कोढ़ी काया लही जग बहराइच जाय ॥
त्रिबिध एक बिधि प्रभु अनुग अवसर करहिं कुठाट ।
सूधे टेढ़े सम बिषम सबमहँ बारह बाट ॥
ब्यालहु ते बिकराल बड़ ब्यालफेनु जिय जानु ।
ओह के षाये मरत है ओह षाये बिनु प्रानु ॥
काल बिलोकत ईशरुष भानु कालअनुहारि ।
रबिहिं राउ राजहि प्रजा बुध ब्यवहरहिं बिचारि ॥
बर्षत हर्षत लोग सब कर्षत लषै न कोइ ।

तुलसी प्रजासुभागते भूप भानु सो होइ ॥
रीझि षीझि गुरु देत शिष सषा सुसाहब साध ।
तोरि षाय फल होइ फल तरु काटे अपराध ॥
चढ़े बधूरे चंग ज्यों ग्यान ज्यों शोक समाज ।
कर्म धर्म सुष सम्पदा त्यों जानिये कुराज ॥
गोली बान सुमत्र शर समुझि उलटि मन देषु ।
उत्तम मध्यम नीच प्रभु बचन विचारि विशेषु ॥
रैयत राज समाज घर तन धन धर्म सभाहु ।
शांत सुसचिवन सौंपि सुष विलसहिं नित नरनाहु ॥
सुधा सुनाज कुनाज फल आम अशन सम जानि ।
सुप्रभु प्रजाहित लेहि कर सामादिक अनुमानि ॥
पाके पकए विटपदल उत्तम मध्यम नीच ।
फल नर लहै नरेश त्यों करि बिचार मन बीच ॥
धरनि धेनु चारित चरित प्रजा सुवद्ध पन्हाइ ।
हाथ कछू नहिं लागिहै किये गोड़ की गाइ ॥
कटक करि करि परत गिरि शाषा सहस षजूरि ।
मरहि कुनृप करि करि कुनप सों कुचाल भवभूरि ॥
मुषिया मुष सो चाहिये षान पान को एक ।
पालै पोषै सकल अंग तुलसी सहित विवेक ॥
साषी शब्दी दोहरा कहि केहनी उपषान ।
भगति निरूपहि भगत कलि निंदहिं बेदपुरान ॥
बीज राम गुनगन नयन, जल, अंकुर पुलकालि ।
सुकृती सुतन सुषेतवर विलसत तुलसी सालि ॥
पुरषारथ स्वारथ सकल परमारथ परिनाम ।
सुलभ सिद्ध सब साहिबी सुमिरत सीताराम ॥

PRINTED BY GANESH PRASAD AT THE RAJPALI PRESS, ALLAHABAD—1923.